RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 47
लखनऊ, शनिवार, 5 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





सुरक्षित वातावरण में शूटिंग कर रही हैं जेनिफर एनिस्टन
विविध-12



www.dailypioneer.com


# कोरोना का टीका पाने के हम बेहद करीबः मोदी

## ● पीएम ने सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते हुए दिलाया भरोसा

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में कोविड-19 का टीका कुछ सप्ताह में तैयार हो सकता है और वैज्ञानिकों की हरी झंडी मिलते ही देश में टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया जाएगा। कोरोना वायरस की स्थिति को लेकर चर्चा के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कोरोना वायरस के मरीजों के इलाज में जुटे स्वास्थ्यकर्मियों, अग्रिम मोर्चे पर डटे अन्य कर्मियों तथा पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बुजुर्ग लोगों को टीकाकरण में प्राथमिकता दी जाएगी। इस डिजिटल बैठक में विपक्षी नेताओं ने भी अपनी राय रखी।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कोरोना वायरस जैसी महामारियों से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है और ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर नीतियां तय करने वालों को इस चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटना चाहिए। आजाद ने इस बात पर जोर दिया कि कोरोना वायरस का टीका किफायती दर पर और जल्द हासिल करने के लिए देश को तैयारी करनी चाहिए। कोरोना वायरस महामारी की शुरुआत के बाद संक्रमण के हालात पर चर्चा करने के लिए सरकार की ओर से आयोजित यह दूसरी सर्वदलीय बैठक थी।बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रस्तुति थी। उसने कहा कि टीका आने के बाद पहले सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में काम करने वाले करीब एक करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों को टीका लगाया जाएगा और फिर अग्रिम मोर्चे पर डटे करीब दो करोड़ कर्मियों को टीका लगाया जाएगा। मोदी ने कहा, कुछ दिन पहले भारत में टीका बनाने का प्रयास कर रहे वैज्ञानिकों के दल से काफी देर तक मेरी सार्थक बातचीत हुई। भारत के वैज्ञानिक अपनी सफलता को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, विशेषज्ञ मानकर चल रहे हैं कि कोविड-19 के टीके के लिए अब बहुत ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा और माना जा रहा है कि यह कुछ सप्ताह में तैयार हो सकता है। मोदी ने बताया कि जैसे ही वैज्ञानिकों की हरी झंडी मिलेगी भारत में कोविड-19 टीकाकरण का अभियान शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, टीकाकरण के पहले चरण में टीका किसे लगाया जाएगा, इसे लेकर भी केंद्र सरकार, राज्य सरकारों से मिले सुझावों के आधार पर काम कर रही है।

इसमें प्राथमिकता कोरोना वायरस के मरीजों के इलाज में जुटे स्वास्थ्यकर्मियों, अग्रिम मोर्चे पर डटे अन्य कर्मियों तथा पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बुजुर्ग लोगों को दी जाएगी। मोदी के मुताबिक, जहां तक कोविड-19 रोधी टीके की कीमत की बात है तो इस बारे में फैसला जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किया जाएगा और राज्य सरकारों की इसमें पूरी सहभागिता होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की नजर कम कीमत वाले सबसे सुरक्षित टीके पर है और यह स्वाभाविक है कि पूरी दुनिया की नजर भारत पर भी है। उन्होंने कहा कि भारत के पास टीका वितरण की विशेषज्ञता और क्षमता भी दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले बहुत बेहतर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास टीकाकरण के लिए दुनिया का बहुत बड़ा और अनुभवी नेटवर्क भी मौजूद है जिसका पूरा लाभ उठाया जाएगा। मोदी ने कहा, आप एक तरह से मानकर चलिए कि सभी कमर कस कर तैयार बैठे हैं। करीब-करीब आठ ऐसे संभावित टीके हैं जो परीक्षण के अलग-अलग चरण में हैं और जिनका उत्पादन भारत में ही होना है। भारत के अपने तीन अलग-अलग टीकों का परीक्षण अलग-अलग चरणों में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई बार अफवाहें फैल जाती हैं जो जनहित और राष्ट्रहित के खिलाफ होती हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी जागरुकता फैलाने की है। मोदी ने विभिन्न दलों के नेताओं को बताया कि भारत ने एक विशेष सॉफ्टवेयर को-विन भी बनाया है जिसमें संबंधित समस्त जानकारी होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने जिस तरह कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई लड़ी है, वह प्रत्एक देशवासी की अदम्य इच्छाशक्ति को दर्शाता है। विकसित देशों, अच्छे स्वास्थ्य देखभाल ढांचे वाले देशों की तुलना में भी भारत ने इस लड़ाई को कहीं बेहतर तरीके से लड़ा है और अपने ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की जान बचाई है। मोदी ने कहा, हम भारतीयों का संयम, हम भारतीयों का साहस, हम भारतीयों का सामर्थ्य, इस पूरी लड़ाई के दौरान अतुलनीय रहा है, अभूतपूर्व रहा है। उन्होंने कहा, भारत आज उन देशों में शामिल है जहां पर प्रतिदिन जांच बहुत ज्यादा हो रही है। भारत आज उन देशों में शामिल है जहां पर संक्रमितों के स्वस्थ होने की दर भी बहुत ज्यादा है। भारत उन देशों में भी शामिल है जहां पर कोरोना वायरस की वजह से होने वाली मृत्यु दर इतनी कम है। मोदी ने कुछ देशों में कोविड-19 के मामलों में हाल ही में हुई वृद्धि की ओर इशारा करते हुए कहा कि कोई नहीं जानता कि भविष्य कैसा होगा।

## सीरम इंस्टीट्यूट व भारत बॉयोटेक को क्लीन चिट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** के शीर्ष दवा नियामक ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने शुक्रवार को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक को क्लीन चिट दे दी, जो क्लिनिकल ट्रायल में गंभीर प्रतिकूल घटनाओं (एसएई) के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

डीसीजीआई वीजी सोमानी ने एक वेबिनार में संवाददाताओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए संकेत दिया कि ट्रायल सही दिशा में चल रहे हैं क्योंकि प्रतिकूल घटनाओं का इन टीकों के ट्रायल से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रायल से संबंधित गंभीर प्रतिकूल घटना होने पर मुआवजा दे दिया जाता है। ट्रायल के दौरान किसी भी तरह की अनचाही चिकित्सा घटना जैसे अस्पताल में भर्ती होने के दौरान स्वयंसेवक की विकलांगता या मृत्यु एसएई श्रेणी में आती है, लेकिन मौत क्लिनिकल ट्रायल से संबंधित है या नहीं, इसेएक विशेषज्ञ समिति द्वारा ही तय किया जाता है। उसके बाद ही मुआवजा भी दिया जा सकता है।

सोमानी ने यह भी कहा कि पिछले तीन साल में ट्रायल के दौरान घायलों और मौत का षिकार लोगों के परिजनों को 12 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है। एसआईआई ने अपनी ओर से भी पहले ही चेन्नई के स्वयंसेवकों द्वारा एसएई के आरोपों को खारिज कर दिया है और दावा किया है कि उसकी वैक्सीन कोविषील्ड सुरक्षित और प्रतिरक्षात्मक है। इसका 40 वर्षीय प्रतिभागी में न्यूरोलॉजिकल गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं होता है।

# विधान परिषद चुनाव में भाजपा का दबदबा

## ● शिक्षक संघों का किला ढहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** उपचुनावों में ऊंची उड़ान भरने के बाद विधान परिषद की ग्यारह सीटों पर हुए चुनाव में भी सीएम योगी का दबदबा दिखा तो शिक्षक गुट का किला बुरी तरह ढह गया। शिक्षक क्षेत्र की छह सीटों में से भाजपा ने तीन पर कब्जा जमाया और दो पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी के खाते में गई है। कांग्रेस को एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली है।

स्नातक सीट पर झांसी के अलावा अन्य सीटों के नतीजे देर रात तक नहीं आ सके थे। झांसी से सपा के डा. मान सिंह ने जीत हासिल कर ली है जबकि लखनऊ से निर्दलीय उम्मीदवार कांति सिंह आगे चल रही हैं। विधान परिषद की 11 सीटों के लिये गुरुवार से शुरु हुई मतगणना शुक्रवार को भी देर रात तक जारी रही। मेरठ से शिक्षक राजनीति के दिग्गज ओम प्रकाश शर्मा को तगड़ा झटका लगा है। मेरठ से आठ बार विधान परिषद सदस्य रहे ओम प्रकाश शर्मा खुद तो चुनाव हारे ही हैं, उनके शर्मा गुट को भी अपेक्षित सफलता नहीं मिली है।

मेरठ में शिक्षक सीट पर भाजपा प्रत्याशी श्रीचंद शर्मा को चुनाव अधिकारी ने जीत का प्रमाण पत्र दे दिया है। श्रीचंद ने आठ बार के विजेता रहे दिग्गज ओमप्रकाश शर्मा को पराजित किया है। मेरठ खंड शिक्षक सीट पर भाजपा प्रत्याशी श्रीचंद शर्मा ने सभी वरीयता के मतों की गणना के बाद सर्वाधिक 8222 मत प्राप्त किए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी आठ बार के विधान परिषद सदस्य ओमप्रकाश शर्मा को महज 3682 वोट मिले। श्रीचंद जीत के लिए निर्धारित 9,070 वोटों का आंकड़ा प्राप्त नहीं कर पाए, लिहाजा तड़के चार बजे सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपर आयुक्त रजनीश राय ने बताया कि चुनाव आयोग से दिशा निर्देश मांगे गए हैं कि क्यों न भाजपा प्रत्याशी को विजयी घोषित कर दिया जाए। समाजवादी पार्टी ने भी शिक्षक और स्नातक पद के लिए प्रत्याशी उतारा। यहां पर सपा के प्रत्याशी धर्मेंद्र को प्रथम चरण में 407, द्वितीय चरण में 345 और आखिरी चरण में 236 वोट मिले। इनको कुल 1088 वोट मिले हैं।

बरेली-मुरादाबाद शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा के हरि सिंह ढिल्लो ने 7963 वोटों से जीत दर्ज की। उन्हें 12827 वोट मिले, जबकि दूसरे स्थान पर रहे सपा प्रत्याशी संजय मिश्रा 4864 वोट ही पा सके। तीसरे चरण में सभी 26803 वोटों की ( शेष पेज 9 )

# निवेश के लिए सबसे बेहतर बन रहा उत्तर प्रदेशः योगी



गोरखपुर में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में गोरक्षपीठाधीश्वर युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ महाराज व राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज के जन्म शताब्दी वर्ष के संस्थापक-सप्ताह समारोह के अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत को प्रतीक चिन्ह भेट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**उत्तर** प्रदेश निवेश के लिए देश में सबसे बेहतर जगह बन रहा है। यहां सरकार इंफ्रास्ट्रक्टचर बढ़ाने के कई काम कर रही है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क सरकार की पहली प्राथमिकता है। वहां सीएम योगी ने नए उद्योग भवन का लोकार्पण किया। अधिकारियों से उद्योगों की राह में सहायक बनने और बेवजह रोड़े न अटकाने का आह्वान करते हुए कहा कि कामयाबी के लिए कभी भी शार्टकट का रास्ता नहीं अपना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कारीगरों को बेहतर माहौल दिया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों में विश्वास बनाने में कामयाब रही है। यहां उद्योगपतियों को सुरक्षा और बेहतर माहौल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लोकल के लिए वोकल हुई ( शेष पेज 9 )

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में भाजपा को झटका

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** में सत्ता में आने के एक साल बाद शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठबंधन को शुक्रवार को विधान परिषद चुनाव में बड़ी सफलता हासिल हुई। गठबंधन ने स्नातक तथा शिक्षक कोटे की विधान परिषद की पांच में से चार सीटें अपनी झोली में डाल लीं। पिछले साल राज्य के विधानसभा चुनाव में हार का स्वाद चखने वाली भाजपा को अपने गढ़ नागपुर में तगड़ा झटका लगा, जहां उसके उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा है। महाराष्ट्र के ऊपरी सदन विधान परिषद के लिए एक दिसंबर को द्वि-वार्षिक चुनाव हुए थे, जिसे शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के लिए अग्नि परीक्षा माना जा रहा था। इस साल जुलाई में पांच विधान पार्षदों का कार्यकाल पूरा हो गया था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के चलते चुनाव नहीं हो पाए थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सतीश चव्हाण ने ( शेष पेज 9 )

# भाजपा ने औवैसी को दी मात, 47 सीटों पर जीती

## ● हैदराबाद नगर निगम चुनाव में टीआरएस सबसे आगे

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

**हाईप्रोफाइल** हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनावों में भाजपा ने एआईएमआईएम को मात देकर दूसरे नंबर पर कब्जा किया है। पहले पायदान पर सत्तारूढ़ पार्टी टीआरएस रही, जिसे 57 सीटें मिलीं। भाजपा को 47 और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी को 43 सीटों पर कामयाबी मिली। इन चुनाव परिणामों में कांग्रेस का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है और वह एक सीट ही जीत पाई है।

इस कारण तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शुरुआत में किसी ने यह कल्पना नहीं की थी कि वर्ष 2016 में चार सीटे जीतने वाली भाजपा यहां इतना अच्छा परिणाम हासिल करेगी, लेकिन डबाक विधानसभा क्षेत्र में पिछले महीने हुए उपचुनाव में मिली जीत से उत्साह बढ़ गया था और उसे कहीं न कहीं उम्मीद नजर आ रही थी, इसलिए पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और चुनाव प्रचार के लिए हाईप्रोफाइल नेताओं को मैदान में उतारा। गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, प्रकाश जावड़ेकर, तेजतर्रार नेता तेजस्वी सूर्या और देवेंद्र फडणवीस ने भी धुआंधार प्रचार किया।

इस बार एक दिसंबर को हुए ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव में मतपत्रों का उपयोग किया गया था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण कम मतदान हुआ। इन चुनावों में कुल 74 लाख से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 34.50 लाख ने अपना वोट डाला। चुनाव में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस), भारतीय जनता पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम पार्टी, टीडीपी और कांग्रेस मैदान में थी। टीआरएस ने सभी 150 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जबकि भाजपा ने 149, कांग्रेस ने 146, टीडीपी ने 106 और एआईएमआईएम ( शेष पेज 9 )


## क्या यह हमारा दोष है ?

**सहारा इंडिया परिवार के विरुद्ध एकमात्र आरोप यह है कि सम्मानित निवेशकों को हमारे द्वारा भुगतान में विलम्ब हो रहा है। निश्चित रूप से हम विलम्बित अवधि के ब्याज का भुगतान भी कर रहे हैं।**

कारण कोई भी नहीं लिख रहा है

कारण यह है कि -

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पिछले 8 वर्षों से लगाये गये प्रतिबन्धों के कारण पूरे समूह (कोऑपरेटिव सहित) की परिसम्पत्तियों को बेचकर, गिरवी रखकर या संयुक्त उद्यम से कोई भी धन जुटाया जाता है तो माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार यह सारा धन सहारा-सेबी खाते में जमा किया जाएगा। हम इसमें से एक रुपये का भी उपयोग संस्थागत कार्य के लिए नहीं कर सकते, यहाँ तक कि सम्मानित निवेशकों के पुनर्भुगतान के लिए भी नहीं।

दूसरी ओर, अब तक, लगभग ₹22,500 करोड़ मय ब्याज के (जो निश्चित रूप से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार हमको वापस मिलेंगे) सहारा-सेबी खाते में जमा किए गए हैं, जबकि पिछले 8 वर्षों में देशभर के 154 समाचार पत्रों में चार बार विज्ञापन देने के बावजूद भी सेबी द्वारा सम्मानित निवेशकों को केवल ₹106.10 करोड़ का ही भुगतान किया गया है (यानी केवल 0.5% ही भुगतान हुआ है) और अब कोई दावेदार नहीं है।

अब तो सहारा को सहारा-सेबी खाते में और रुपये जमा करने की ज़रूरत नहीं होनी चाहिए। अब हमारे ऊपर से प्रतिबंध (एम्बार्गो) हटना चाहिए एवं सत्यापन (वेरिफिकेशन) का आदेश हो जाना चाहिए, मगर यह सारा निर्णय माननीय उच्चतम न्यायालय लेगा। दूसरी ओर कोविड-19 की वजह से पिछले 10 महीनों से हमें माननीय उच्चतम न्यायालय से तारीख नहीं मिल सकी।

आशा करते हैं कि शीघ्र तारीख मिलेगी और सब कुछ अच्छा होगा।

धन के कई स्रोतों पर हम कार्य कर रहे हैं। सबका पैसा पूर्णतः सुरक्षित है। आपको विलम्बित अवधि का ब्याज मिल रहा है।

कृपया थोड़ा धैर्य रखें, हम सभी 31 मार्च 2021 तक विजेता होंगे।

सहारा इंडिया परिवार

CHHAB/2020-12-33/CORP-AI


## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 45,079 | ↑ | 446 | |
| निफ्टी | 13,258 | ↑ | 124 | |
| सोना | 48,813 | ↓ | 136 | /10g |
| चांदी | 63,343 | ↓ | 346 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मोदी सात दिसंबर को आगरा मेट्रो का शिलान्यास करेंगे

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात दिसंबर को आगरा मेट्रो परियोजना का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इस दौरान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आगरा में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पीएसी मैदान में होगा। मैदान में फिलहाल तैयारियां चल रही हैं। एसएसपी बबलू कुमार ने शुक्रवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मोदी करीब आधे घंटे तक नई दिल्ली से ऑनलाइन संवाद भी करेंगे। वही, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी आगरा में मौजूद रहेंगे। इस दौरान, टीडीआई मॉल के सामने ताजमहल के पूर्वी गेट पर मेट्रो परियोजना का ड्रिल मशीन के जरिए शिलान्यास किया जाएगा।

# किसानों ने बढ़ाया दबाव, 8 को भारत बंद का ऐलान

## ● सरकार के साथ आज होने वाली बैठक में राह निकलने की उम्मीद, शुक्रवार को भी बंद रहीं दिल्ली की सीमाएं

**शेखर सिंह।** नई दिल्ली



नई दिल्ली के सिंघू बॉर्डर पर जमे आंदोलनरत किसान। फोटोः रंजन डिमरी

**कृषि** कानूनों का विरोध कर रहे किसानों ने आठ दिसंबर को 'भारत बंद' का आह्वान किया है। भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच शुक्रवार को भी हजारों किसान राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर जमे रहे।

सिंघू, टिकरी, गाजीपुर, झड़ौदा, लामपुर, औचंदी, सफीयाबाद, पियाओ मैनियारी तथा साबोली और चिल्ला बॉर्डर वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहे। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को उम्मीद है कि पांच दिसंबर को सरकार की किसानों से होने वाली पांचवें दौर की बातचीत में उनकी मांगें मान ली जाएंगी और यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखेंगे। शुक्रवार को संगठनों की एक बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में किसानों ने कहा कि 3 दिसंबर को हुई बैठक में उन्होंने सरकार से साफ कर दिया था कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ेगा और इन कानूनों में नौ कमियों से सरकार को अवगत कराया गया था। किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि यदि केंद्र सरकार शनिवार की वार्ता के दौरान उनकी मांगों को स्वीकार नहीं करती है, तो वे नए कृषि कानूनों के खिलाफ अपने आंदोलन को तेज करेंगे।

एक अन्य किसान नेता हरविंदर सिंह लखवाल ने कहा कि आज की हमारी बैठक में, हमने आठ दिसंबर को 'भारत बंद' का आह्वान करने का फैसला किया है, जिस दौरान हम सभी टोल प्लाजा पर भी कब्जा कर लेंगे।' उन्होंने कहा ( शेष पेज 9 )

## केंद्र को गतिरोध जल्द खत्म होने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शनिवार** को पांचवें दौर की बातचीत से पहले केंद्र ने आंदोलनरत किसानों के साथ गतिरोध दूर होने की उम्मीद जताई। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार संशोधन ला सकती है। तोमर ने एक समाचार चैनल से कहा कि एमएसपी के प्रति सरकार की मंशा एकदम साफ है। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि एमएसपी कोई बदलाव नहीं है। दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है और कुछ बिंदुओं पर सहमति हुई है। हम शनिवार को फिर मिल रहे हैं। मुझे भरोसा है कि हम कोई हल ढूंढ़ लेंगे। तोमर ने कहा कि लगातार ( शेष पेज 9 )

# यूपी में आज से शुरू होगा मिशन रोजगार अभियान

## मुख्य सचिव ने शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को जारी किए विस्तृत दिशा निर्देश

● प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष के समाप्ति तक 50 लाख युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार के लिए बनाया जाएगा सक्षम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार के विशेष अवसर सृजन किए जाने के उद्देश्य से 5 दिसम्बर से मिशन रोजगार के नाम से एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को लेकर मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने अध्यक्ष राजस्व परिषद, कृषि उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, समस्त विभागाध्यक्ष, मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं।

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि इस मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, निगमों, परिषदों, बोर्डों तथा प्रदेश सरकार के विभिन्न स्थानीय निकायों जिनमें कि विभिन्न प्राधिकरण विशेषकर विकास प्राधिकरण तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरण भी सम्मिलित है, के माध्यम से एक समन्वित रूप से प्रदेश में युवाओं हेतु रोजगार, स्वरोजगार के सृजन के साथ ही कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से, भूमि आवंटन के माध्यम से, विभिन्न प्रकार के लाइसेन्स व अनुमतियों के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार, स्वरोजगार के अवसरों का सृजन किए जाने का अभियान चलाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि मिशन रोजगार के सम्बन्ध में समस्त डेटा बेस रखने की जिम्मेदारी तथा इस सम्बन्ध में एक एप तथा पोर्टल विकसित किये जाने की जिम्मेदारी निदेशालय, प्रशिक्षण एवं रोजगार की होगी। इस हेतु आवश्यक बजट की व्यवस्था श्रम विभाग द्वारा करायी जायेगी। प्रशासकीय विभागों के अन्तर्गत समस्त निदेशालय निगम, बोर्ड, आयोग इत्यादि अपने विभाग हेतु एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए उसकी प्रविष्टि पोर्टल पर उपलब्ध स्थान पर उल्लिखित करेंगे। रोजगार से संबंधित डाटा की प्रविष्टि प्रत्येक माह की 15 तारीख एवं माह के अन्तिम दिवस पर अद्यतन कराने का दायित्व संबंधित विभागीय नोडल अधिकारी का होगा।

इस अभियान में दिए गए विभिन्न कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों द्वारा विस्तृत कार्य योजना बनायी जायेगी तथा इस कार्य योजना के सम्बन्ध में आंकड़े एकत्रित करते हुये वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित नियुक्तियां, प्रशिक्षण, अनुमतियों, आवंटन इत्यादि के माध्यम से प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से सृजित रोजगार, स्वरोजगार के सम्बन्ध में विस्तृत संख्या सहित कार्य योजना को कार्यमूर्त देकर प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष के समाप्ति तक 50 लाख युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार के लिये सक्षम बनाया जायेगा।

मिशन रोजगार के सम्पूर्ण कार्यक्रम अभियान का संचालन श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत गठित उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के अन्तर्गत किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा आउटसोर्सिंग तथा अन्य किसी प्रकार से भी सेवाओं के माध्यम में सृजित किए गए रोजगार का उल्लेख भी अपने योजना तथा प्राप्तियों में दर्शाया जायेगा। जिला स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगेए जिनमें स्थानीय प्रतिनिधियों, विधायक, सांसद एवं जनपद के प्रभारी मंत्री को आमंत्रित किया जायेगा, जिनमें जनपद स्तर पर लाभार्थियों के चयन, लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देना, लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र देने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। सूचना विभाग द्वारा जनपदों में तथा प्रदेश स्तर पर विभिन्न माध्यमों से मिशन रोजगार के सभी कार्यक्रमों का समुचित प्रचार प्रसार कराया जायेगा। इसके लिए अपर मुख्य सचिव सूचना यह सुनिश्चित करायेंगे कि प्रत्येक जनपद की प्रचार योजना का कार्य मिशन रोजगार प्रारम्भ होते ही शुरू कर दिया जायेगा।

# नवनियुक्त शिक्षकों को सीएम आज सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कल 69000 शिक्षक भर्ती के नवनियुक्त लगभग 37000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सांकेतिक रूप से पांच शिक्षकों को नियुक्त पत्र देंगे और एनआईसी के माध्यम से राज्यस्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर वह नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से संवाद भी करेंगे।

इससे पहले 16 अक्टूबर को 31,277 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे। दूसरे चरण की काउंसिलिंग शुक्रवार तक हुई है। मिशन रोजगार के तहत मुख्यमंत्री ने 23 अक्टूबर को राजकीय इंटर कॉलेज के 3,317 नवचयनित सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र व तैनाती दी है। सरकार ने विभिन्न सरकारी सेवाओं में 3 लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां दी हैं। सभी 75 जिलों में अधिकारी एनआईसी के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। हर जिले में कार्यक्रम के दौरान सांसद, मंत्री या विधायक द्वारा 5-5 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। 69000 में लगभग 67867 अभ्यर्थी ही पहली मेरिट में शामिल किए गए क्योंकि एससी-एसटी वर्ग में मेरिट के मुताबिक अभ्यर्थी न मिलने से 1133 सीटें खाली रह जाएंगी। इन रिक्त पदों को भर्ती पूरी होने के बाद नियमों के मुताबिक भरा जाएगा।

# बीस जिलों के खाद्यान्न घोटाले की जांच करेगी ईओडब्ल्यू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** के बीस जिलों में हुए खाद्यान्न घोटाले की जांच अब आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को शासन ने सौंप दी है। सितंबर 2018 को इस मामले की जांच पहले स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) को दी गई थी। एसटीएफ कुल 34 जिलों में हुए घोटाले की जांच कर रहा है। एसटीएफ कई जिलों में मामले की विवेचना कर आरोप पत्र दाखिल कर चुका है।

गृह विभाग के पत्र में स्पष्ट किया गया है कि उन्हीं जिलों की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी जाएंगी, जहां एसटीएफ की जांच अभी प्राथमिक स्थर पर है। जिन बीस जिलों से जांच ईओडब्ल्यू से करवाने का प्रस्ताव मांगा गया हैं उनमें लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, औरैया, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, बलरामपुर और प्रयागराज जिले शामिल हैं। करीब दो साल पहले तीन दर्जन जिलों में बड़े पैमाने पर अनाज धांधली का मामला प्रकाश में आया था। शासन स्तर पर पड़ताल के दौरान पता चला कि एक एक आधारकार्ड से कई बार अनाज उठान कर दी गई। यही नहीं, महज कुछ ही मिनट में सौ बार तक अनाज निकाल लिया गया। पोल खुली तो अफसर भी हैरान रह गए। इसके बाद दुकान अनुबंधपत्र निलंबन के साथ ही केस भी दर्ज कराया गया। जांच शासन स्तर से एसटीएफको सौंपी गई। अब अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा पत्र जारी कर नए सिरे से पूरा विवरण एकत्र कराया जा रहा है। साथ ही जांच ईओडब्ल्यू को दे दी गई है।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लिये अब तक 2300 करोड़ का ऋण स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गोरखपुर** लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए अधिकतम 2250 करोड़ के ऋण की सीमा निर्धारित की गयी है जिसके सापेक्ष बैंकों से 2300 करोड़ ऋण स्वीकृत हो चुका है। इस कार्य हेतु एक बैंक कन्सोंशियम के गठन करने की मंजूरी कैबिनेट द्वारा प्रदान की गयी है। इस कार्य हेतु आज बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक बृजलाल द्वारा 500 करोड़ राशि का ऋण स्वीकृति पत्र अवनीश अवस्थी को हस्तगत किया गया।

इससे पूर्व पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 750 करोड़, यूको बैंक द्वारा 250 करोड़ए बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा 250 करोड़, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 250 करोड़ और केनरा बैंक द्वारा 300 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया है। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के वित्त पोषण के लिए बनने वाले बैंक कन्सोंशियम का नेतृत्व किया जाएगा। सम्पूर्ण ऋण राशि तीन वर्षां में यूपीडा द्वारा आवश्यकतानुसार समय-समय पर बैंकों से आहरित की जाएगी। ऋण राशि के लिए प्रारम्भिक तौर पर कन्सोंशियम बैंकिंग व्यवस्था के अंर्तगत कार्य किया जाएगा लेकिन यूपीडा की परियोजना के कार्य के लिए धनराशि की तात्कालिक आवश्यकता व अन्य बैकों से अंतिम स्वीकृति में लग रहे समय को ध्यान में रखते हुए पंजाब नेशनल बैंक ने कन्सोंशियम के लीड बैंक की भूमिका स्वीकार करते हुए यह सहमति दी है।

सभी बैंकों द्वारा सामान्य रूप से ली जाने वाली अप फ्रंट फीस एव प्रोसेसिंग फीस यूपीडा के लिए माफ करने की सहमति दी गयी है। इस ऋण का पुर्नभुगतान ऋण की स्वीकृति के दिनांक से 03 वर्ष की मोरेटोरियम अवधि के पश्चात 12 वर्षों में (कुल 15 वर्ष की अवधि में) त्रैमासिक आधार पर 48 किश्तों में किया जाएगा।

# यूपीः 507 प्रवासी भारतीयों को यूपीएनआरआई कार्ड जारी

## एनआरआई आशीष शर्मा ने गोरखपुर में अन्तरराष्ट्रीय स्तर का विवि स्थापित करने में दिखाई रुचि

● एनआरआई की सुविधा के लिए नोडल अधिकारी नामित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के प्रवासी भारतीयों को आवश्यक सुविधाएं सुलभ कराने और निवेश को आकर्षित करने के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लांच की गई वेबसाइट के माध्यम से त्वरित कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसके तहत यूपीएनआरआई कार्ड जारी किये जाने हेतु अब तक प्राप्त 568 प्रार्थना पत्रों के सापेक्ष 507 कार्ड जारी किये जा चुके है। साथ ही वेबसाइट पर निवेश के संबंध में प्रवासी भारतीयों से प्रस्ताव भी प्राप्त हुए और उनकी आशंकाओं का समाधान भी सुनिश्चित किया गया है। यह जानकारी प्रदेश के सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यम तथा एनआरआई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि प्रवासी भारतीयों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिए एनआरआई की सुविधा हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से प्रवासी भारतीयों की जिज्ञासाओं का त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि ओमान में एनआरआई शिशिर सिंह द्वारा फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के संबंध में इच्छा व्यक्त की गई, जिसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के संबंध में जानकारी एवं मागदर्शन देने की अपेक्षा की। इसी प्रकार साउथ अफ्रीका में एनआरआई आशीष शर्मा ने गोरखपुर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का विश्वविद्यालय स्थापित करने की इच्छा प्रकट की और इस संबंध में आवश्यक जानकारियां चाहीं। इनके अलावा कनाडा में एनआरआई प्रशांत पाठक ने अपने मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट रेगराटा को चीन से उत्तर प्रदेश में शिफ्ट करने का प्रस्ताव दिया। जिसमें 750 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इस बारे में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से उद्यम स्थापना संबंधी आवश्यक जानकारी दिये जाने का अनुरोध किया। नोडल अधिकारी द्वारा तत्काल इन सभी उद्यमियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और आवश्यक जानकारियां भी उपलब्ध करा दी गई हैं। एनआरआई मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रवासी भारतीय रत्न पुरस्कार के चयन की कार्यवाही तेजी से चल रही है। पुरस्कार के चयन हेतु 8 लोगों के प्रमाणपत्र परीक्षण की प्रक्रिया के अधीन हैं। इसके अलावा पोर्टल के माध्यम से उत्तर प्रदेश प्रवासी भारतीय के मृत शरीर के पारगमन हेतु उचित कार्यवाही भी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर कुल 9 शिकायती पत्र भी प्राप्त हुएए जिनको संबंधित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एंव जिलाधिकारियों को प्रेषित किया गया। साथ ही नोडल अधिकारी द्वारा लगातार इनका अनुश्रवण कर प्रकरण को निस्तारित भी कराया गया।

## महोबा के क्रेशर व्यापारी की मौत के मामले में मुल्जिमों की जमानत खारिज

**लखनऊ( विसं )।** महोबा के क्रेशर व्यापारी से रंगदारी वसूलने व उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम सुरेश सोनी व ब्रह्म दत्त तिवारी की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज गौरव शर्मा ने प्रथम दृष्टया इनके अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील डीसी यादव ने मुल्जिमों की जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया।

**सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी.एच.एफ.एल. एरिया आफिस शाहनजफ रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर न0 422/एनेक्जर-ई एलआई सी एचएफएल के अन्तर्गत सूचित करता है कि चन्द्र प्रकाश राजवंशी पुत्र श्री घनश्याम लाल राजवंशी के पक्ष मे उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद लखनऊ द्वारा आवण्टन पत्र जारी किया गया था जो भवन सं0-16ए/324 रकबा 40.74 वर्गमीटर स्थित-सेक्टर-16ए, वृन्दावन स्कीम, रायबरेली रोड, लखनऊ के सम्बन्ध मे है, व चन्द्र प्रकाश राजवंशी पुत्र घनश्याम लाल राजवंशी के पक्ष मे उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद लखनऊ द्वारा निष्पादित हायर परचेज एग्रीमेन्ट दिनांक-05.05.2010 जो कार्यालय उपनिबन्धक प्रथम लखनऊ मे बही सं0-1, जिल्द सं0-11505, पृष्ठ सं0-135/156, क्रमांक-9250 पर पंजीकृत है जो भवन सं0-16ए/324 रकबा 40.74 वर्गमीटर स्थित-सेक्टर-16ए, वृन्दावन स्कीम, रायबरेली रोड, लखनऊ के सम्बन्ध मे है वर्तमान स्वामी चन्द्र प्रकाश राजवंशी व श्रीमती विमला देवी मूल आवण्टन पत्र व हायर परचेज एग्रीमेन्ट दिनांक-05.05.2010 का अन्तिम पृष्ठ खो गया है तथा हायर परचेज एग्रीमेन्ट दिनांक-05.05.2010 का अन्तिम पृष्ठ व आवण्टन पत्र उनके अधिपत्य मे नहीं है।

चूंकि जनार्दन राय व ब्रजेश राय द्वारा एलआई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 मे गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल आवण्टन पत्र हायर परचेज एग्रीमेन्ट दिनांक-05.05.2010 को बन्धक किया जाना है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल आवण्टन पत्र व हायर परचेज एग्रीमेन्ट दिनांक-05.05.2010 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनो की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा सम्पत्ति धारकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।

महेन्द्र मोहन मिश्रा(एडवोकेट)
चेम्बर-शॉप नं. 4 व 5, प्रथम तल, कृष्णा टॉवर, निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ, मो. 9415426914, 9559985554

**पायनियर वर्गीकृत**

**सूचना**

मैं निलय संगल पत्नी श्री संजीव संगल निवासी 229 एल्डिको उद्यान-1 रायबरेली रोड, लखनऊ सूचित करती हूँ कि मेरे भूखण्ड संख्या 102 एल्डिको उद्यान-1 रायबरेली रोड, लखनऊ का यूनिट नम्बर चेंज लेटर वास्तव में कही खो गया है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम गुले - यासमीन से बदलकर गुले यासमीन कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। गुले - यासमीन पत्नी अब्दुल इसलाम पता- 131/261 बेगम पुरवा टी0पी0 नगर, कानपुर

**सूचना**

सूचित करना चाहता हूं कि मैंने सी.बी.एस.ई. बोर्ड से वर्ष-2015 अनुक्रमांक 5661677 से कक्षा XII उत्तीर्ण किया है परन्तु मेरे अंकपत्र व प्रमाण-पत्र में मेरी माता का नाम ZUBAIDA अंकित है जो कि गलत है। मेरी माता का वास्तविक नाम ZUBAIDA KHATOON होना चाहिए। MOHD. SHAH-NAWAZ S/o Mr. Mohd. Aftab निवासी-बलुका, ककरा, पोस्ट-हुसैन नगर, जिला गोण्डा (उ0प्र0)- मो. 7678248672

**सूचना**

मैं अजय कुमार सेठ पुत्र श्री रामजी सेठ निवासी म.नं. सी.के. 57/11, मच्छरहट्टा फाटक, नीचीबाग, वाराणसी, म.नं. सी.के. 14/12 के चतुर्थ तल पर स्थित फ्लैट नं. 403 सुपर बिल्डअप रकबा 1364 वर्गफीट अनुपातिक भूभाग 17.72 वर्ग मी. स्थित मो.-नन्दन साहू लेन, वार्ड चौक, शहर वाराणसी को विनोद कुमार सर्राफ पुत्र स्व. मदन लाल सर्राफ, श्रीमती इन्दू देवी सर्राफ पत्नी विनोद कुमार सर्राफ, अमित सर्राफ व सुमित सर्राफ पुत्रगण विनोद कुमार सर्राफ निवासी सी.के. 14/8, नन्दन साहू लेन, चौक, वाराणसी से क्रय कर रहा हूँ जिन्होंने इस संपत्ति को वीरचन्द, दीपचन्द, सेठ गोकुल दास, मूलचन्द ट्रस्ट से क्रय किया है। इसमें किसी को भी कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर सम्पर्क करें। हरिश्चन्द्र राय, एडवोकेट, चैम्बर नं. 110, बनारस बार बिल्डिंग, सिविल कोर्ट, वाराणसी। मो.: 9451525826

# किसानों को भण्डारण शुल्क में दी जा रही 30 प्रतिशत की छूट

● किसानों द्वारा भण्डारित उत्पादों की सुरक्षा वैज्ञानिक ढंग से की जा रहीः मुकुट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** भण्डारण निगम द्वारा किसानों को भण्डारण शुल्क में 30 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाती है, इसके साथ ही निगम अपने भण्डारगृहों पर सहकारी संस्थाओं को भण्डारण शुल्क मे 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाती है।

यह जानकारी सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों के हितो को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। किसानों के भण्डारण में किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को भण्डारण शुल्क में छूट की सुविधा नियमानुसार उपलब्ध करायी जाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। श्री वर्मा ने बताया कि किसानों के द्वारा भण्डरित उत्पाद की सुरक्षा व्यवस्था वैज्ञानिक ढंग से की जा रही है इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, जिससे किसान अपनी वस्तुओं को भण्डारित करें और भण्डारण शुल्क का लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि खाद्यान्नों के भण्डारण के पूर्व एवं भण्डारण के पश्चात सामयिक रूप से गुणवत्ता की परख की जाती है। इसके लिए प्रत्येक भण्डारण गृहों, क्षेत्रीय कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय पर प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न के भण्डारण के समय खाद्यान्नों की तौल डिजिटल धर्मकांटे द्वारा की जाती है तथा यही प्रक्रिया निकासी के समय भी अपनाई जाती है।

# किसान के साथ जनसामान्य भी परेशानियों से गुजर रहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के कुशासन से समाज का हर वर्ग बुरी तरह त्रस्त है। किसान अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। कृषि विरोधी कानूनों के जरिए किसान को अपनी खेती से बेदखल करने और पूंजी घरानों की मर्जी पर उसकी जिंदगी बंधक बनाने की साजिशों का देशव्यापी विरोध हो रहा है। किसान के साथ जनसामान्य भी तमाम परेशानियों से गुजर रहा है। भाजपा चारों तरफ भ्रम फैलाकर अपना स्वार्थ साधन करना चाहती है पर अब लोग उसमें फंसने वाले नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज भी यह स्थिति है कि कर्ज के बोझ तले दबकर किसान आत्महत्या कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब किसान अपनी समस्याओं का तत्काल समाधान और जवाब चाहता है। लोकतंत्र में उनके साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार क्यों किया जा रहा है भाजपा सरकार किसानों से लम्बी वार्ता षडयंत्र के तहत कर रही है। लेकिन इससे वह आंदोलन को कमजोर नहीं कर पाएगी क्योंकि देश किसानों के साथ है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में पेट्रोल डीजल के साथ रसोई गैस के दाम भी बड़ी तेल कम्पनियों की मनमर्जी से जब तब बढ़ा दिए जाते हैं। अभी रसोई गैस के दामों में 50 रूपए की वृद्धि हो गई है। यह गरीब जनता पर एक और आर्थिक अत्याचार है। अपनी तिजोरी भरने में लगी सरकार को गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करने वालों की चिंता नहीं। जब भाजपा सरकार मंहगाई कम नहीं कर सकती तो कम से कम बढ़ाए तो नहीं।

## दिसम्बर अंत से पहले पूरी होगी शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षकों के मध्य सत्र स्थानांतरण की प्रक्रिया पर लगी रोक हाईकोर्ट द्वारा हटाए जाने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग दिसम्बर माह के समाप्त होने के पहले ही सारी प्रक्रिया पूरी कर लेगा। स्थानांतरण की प्रक्रिया में महिलाओं और गम्भीर बीमारी के शिकार शिक्षकों को तरजीह दी जाएगी। वर्तमान में 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती में प्रक्रिया में दूसरे चरण के अंतर्गत 36590 नवनियुक्त शिक्षकों को कल पांच दिसम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंप कर इसकी शुरुआत करेंगे साथ ही कुछ अभ्यर्थियों से संवाद भी करेंगे। 36590 नवनियुक्त शिक्षकों की काउंसलिंग आज समाप्त हो गई है। इस बीच शिक्षकों के मध्य सत्र पर लगी रोक को भी हाईकोर्ट ने हटा ली है। फिलहाल स्थानांतरण को लेकर अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार का कहना है कि नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद तीन दिन में स्थानांतरण की प्रक्रिया के लिए काउंसिलिंग कराई जाएगी। काउंसलिंग में महिलाओं और गम्भीर बीमारी के शिकार शिक्षकों को तरजीह दी जाएगी।

**कार्यालय-नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा, संतकबीरनगर**

पत्रांक-35/न0पं0 | दिनांक-3, दिसम्बर, 2020

**ई-निविदा सूचना**


नवसृजित नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा, संतकबीरनगर को अन्तेष्टी स्थल के विकास कार्य के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से अन्तेष्टि स्थल का निर्माण हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइड htt://etender.up.nic.in निविदा दिनांक 14.12.2020 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। निविदा दिनांक 14.12.2020 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइड htt://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा
संतकबीरनगर

# यूपी में दलितों पर हो रहा सबसे अधिक अत्याचार

● कांग्रेस महासचिव ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित दलित महापंचायत को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो दलितों पर अत्याचार हो रहा हैए वो शायद ही देश में किसी और प्रदेश में इतना अत्याचार हो रहा हो। जहां जहां अत्याचार हो रहा है, वहां कार्यकर्ता पहुंचें, उन लोगों के साथ खड़े रहिये और उनकी आवाज उठाइए। कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि आपके ऊपर ये बहुत बड़ी और ऐतिहासिक जिम्मेदारी है क्योंकि आपने देखा होगा जिन्हें दलित समाज के लिए आवाज उठानी चाहिए वो आजकल ये काम नहीं कर रहे है, तो हमारी जिम्मेदारी दोगुनी हो जाती है।

प्रियंका गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से आयोजित की गई दलित महापंचायत को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहीं थीं। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद की रिहाई के बाद प्रदेश भर में दलितों की आवाज को बुलन्द करने के लिए दलित महापंचायत बुलाई गयी थी। महापंचायत में प्रियंका ने अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सामाजिक न्याय, संविधान व दलित छात्रों की छात्रवृत्ति बचाने एवं दलितों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए प्रत्येक गांव में अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ताओं को बनाना है। उन्होंने मौजूदा दौर में उत्तर प्रदेश में दलितों पर निरन्तर होने वाले अत्याचार, उत्पीड़न की घटनाओं पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने हाथरस की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि योगी सरकार उस घटना के बाद भी कोई सुधार करने के बजाए पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाए पीड़ितों पर अत्याचार करने में जुटी है और उन्हें ही कटघरे में खड़ा कर रही है। उन्होने मंगटा गांव कानपुर, ललितपुर, आजमगढ़ आदि जनपदों में दलितों पर हुए अत्याचार, उत्पीड़न का जिक्र किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपके सामने बड़ी ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। आप लोगों के साथ खड़े होकर अपनी आवाज बुलन्द कीजिए।

# पूरे प्रदेश में 17 जनवरी से 24 तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि आगामी 17 जनवरी से 24 जनवरी तक पूरे प्रदेश में बच्चों को पल्स पोलियो ड्राप पिलाने का अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा इसका दूसरा चरण भी आवश्यक अंतराल के बाद फरवरी में पूरा कर लिया जाये। उन्होंने कहा कोविड वैक्सीन हेतु कोल्ड चेन के दृष्टिगत उपलब्ध कराए जा रहे वैक्सीन स्टोरेज के उपकरणों को लाजेस्टिक प्लान बनाकर वितरण सुनिश्चित किया जाय।

प्रदेश में कोविड.19 वैक्सीन टीकाकरण की तैयारी, नियमित टीकाकरण, विशेष टीकाकरण अभियान एवं पल्स पोलियों के संबंध में स्टेट टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य सचिव ने कहा जिले पर संबंधित अधिकारियों को शत प्रतिशत हेल्थ वर्कर्स का डेटा अपलोड करने का निर्देश दिया जाएए साथ ही उनसे कार्य पूर्ण करने का प्रमाण पत्र भी लिया जाये। उन्होंने वैक्सीनेटर्स को प्रशिक्षण देने की शीघ्र व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में एएनएम बड़े स्तर पर चिकित्सीय सेवाओं को उपलब्ध कराने में सहयोग कर रही है। जो एएनएम आवश्यक अर्हताएं पूर्व कर चुकी हैं, विभाग उनकी प्रोन्नति का प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि आधिकारी भारत सरकार से प्राप्त टीकाकरण संबंधी निर्देशों पर वहां के विशेषज्ञों से अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर प्रदेश में टीकाकरण अभियानों को और अधिक संपुष्ट करें। उन्होंने कहा प्रदेश के हर बच्चे के सम्पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य होना चाहिए।

**कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश**
किसान मण्डी भवन, द्वितीय तल, बी-ब्लाक, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक :- उ0नि0(नि0)लखनऊ/मलिहाबाद मण्डी-एस0टी0पी0 (ई-कोटेशन)/2020-1023, दिनांक-04.12.2020

**अल्पकालीन ई-कोटेशन सूचना**

मण्डी परिषद उ0प्र0 में पंजीकृत ठेकेदारों / अनुभवी फर्मों / अधिकृत संस्थाओं आदि से विशिष्ट नवीन मण्डी स्थल मलिहाबाद जनपद लखनऊ में 100 के0एल0डी0 क्षमता के ग्रीन एस0टी0पी0 के निर्माण/स्थापना हेतु आइटम वाइज रेट के आधार पर दिनांक 28.12.2020 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आनलाइन ई-कोटेशन आमंत्रित किए जाते है जो उसी दिनांक को अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में किसान मण्डी भवन के द्वितीय तल स्थित कार्यालय में खोले जायेंगे। उक्त आनलाइन ई-कोटेशन दिनांक 28.12.2020 को अपरान्ह 2.00 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड/अपलोड किए जा सकते हैं। कार्य की विशिष्टियाँ एवं अन्य विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखे एवं पढे जा सकते है। सशर्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट-2020_RKUMP_535366_1 दिनांक 04.12.2020
वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उपनिदेशक (निर्माण)

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# शिक्षक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने लहराया जीत का परचम

## उमेश द्विवेदी ने 7065 वोट पाकर दर्ज की जीत

## स्नातक चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार व वर्तमान निर्दलीय प्रत्याशी में कड़ी टक्कर, मतगणना जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** परिषद के शिक्षक सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार उमेश द्विवेदी ने जीत दर्ज की। बीजेपी उम्मीदवार को 7065 वोट मिले। बीजेपी उम्मीदवार की बढ़त लगातार बनी रही। निर्दलीय उम्मीदवार को 3818 वोट पाकर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। बीजेपी उम्मीदवार ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. महेन्द्रनाथ राय से 3247 वोटों से जीत हासिल की। वहीं, स्नातक चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार और निर्दलीय व वर्तमान विधायक में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। स्नातक चुनाव की मतगणना जारी है।

शुक्रवार को विधान परिषद की दो सीटों पर हो रही मतगणना में एक के नतीजे आ गए। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार उमेश कुमार द्विवेदी जीत गए हैं। कुल पड़े 17985 वैध मतों की गिनती में उनको 7065 वोट मिले। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. महेन्द्रनाथ राय से 3247 वोटों से जीत हासिल की। इसके पूर्व प्रथम वरीयता वाले मतों की गिनती पूरी होने के बाद दूसरी, तीसरी वरीयता के वोटों की गणना हुई। इसमें कुछ प्रत्याशी जिनके कम वोट थे वो दौड़ से बाहर हो गए। बावजूद इसके अन्य वरीयताओं की गणनाएं होने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी उस जादुई आंकड़े को छू न सके। ऐसे में चुनाव आयोग का निर्देश है कि सर्वाधिक मत पाने वाले को विजेता घोषित किया। चुनाव आयोग से स्वीकृति मिलने के बाद उमेश द्विवेदी को विजयी घोषित किया गया। सुबह रिटर्निंग अफसर कमिश्नर रंजन कुमार ने उनको जीत का प्रमाण पत्र दिया। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमाशंकर को 2238 प्रथम वरीयता मत मिले। निर्दलीय प्रत्याशी डा.आरपी मिश्र को 1975, शाह आलम खान को 1269 और सोहन लाल वर्मा को 986 मत मिले।

**स्नातक चुनाव में बढ़त बनाए हैं कांति सिंह:** तीसरे राउंड में कांति से बीजेपी उम्मीदवार से बढ़त बनाए रखी। कांति सिंह ने बीजेपी उम्मीदवार से 587 वोट मार्जन बनाए रखा। वहीं दूसरे राउंड के फाइनल में कांति सिंह भाजपा के अवनीश कुमार सिंह से 1001 वोट से आगे हुईं। इसे लेकर भाजपा के एजेंटों ने टेबल संख्या तीन में कांति सिंह के वोट निकलने पर आपत्ति की। मतगणना में लगे कर्मचारियों और समर्थकों के बीच कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता देख पुलिस फ़ोर्स ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। भाजपा के समर्थकों ने कर्मचारियों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। कांति सिंह अभी बढ़त बनाए हुए है। 9 राउंड होने हैं, हर राउंड में करीब दो घंटे लगते हैं।

**शिक्षकों के लिए संघर्ष से मिली सफलता:** शिक्षक एमलसी का चुनाव जीतने वाले बीजेपी के उ मीदवार उमेश द्विवेदी ने अपनी जीत का श्रेय अपने साथियों को देते हैं। वर्तमान समय में सरस्वती इंटर कॉलेज अरखा रायबरेली ऊंचाहार के प्रधानाध्यापक उमेश द्विवेदी वर्ष 2008 से वित्तविहीन शिक्षकों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और 2014 में उन्होंने इसी को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा था। उनका मूल निवास प्रतापगढ़ जनपद के लालगंज के अवहारा गांव में है। वह खुद भी एमए व बीएएड हैं तो उनकी पत्नी रीता द्विवेदी प्राथमिक विद्यालय ऊंचाहार में अध्यापक हैं। श्री द्विवेदी बताते हैं उनके सामने तीन प्रमुख चुनौतियां हैं। पहला वित्तविहीन शिक्षकों का विनियमितीकरण कराना, दूसरा सरकार से उन्हें मानदेय दिलाना और वित्तविहीन शिक्षकों के विश्वास को बनाए रखना।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे मेरा कोविड केंद्र एप को लांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की आशंका में टेस्ट सेंटरों की पहचान को लेकर आम जनमानस में आशंका को दूर करने के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा तैयार किये गए मेरा कोविड केंद्र एप को शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लांच करेंगे। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस वर्जन पर उपलब्ध होगा। इस एप को डाउनलोड कर कोई भी व्यक्ति आसानी से जान सकेगा कि उसके घर के आसपास पांच किलोमीटर में कहां कोरोना जांच केंद्र हैं। यही नहीं जिले भर में कहां कहां पर कोविड टेस्टिंग सेंटर हैं, इसके बारे में भी जानकारी मिल सकेगी।

इससे पूर्व करीब दो महीने पहले कोरोना की जांच रिपोर्ट ऑनलाइन जानने के लिए एप लांच किया गया था। अब तक 30 लाख लोग अपनी कोरोना जांच की रिपोर्ट घर बैठे ही ऑनलाइन हासिल कर चुके हैं। अब एक कदम आगे बढ़कर कोविड टेस्टिंग सेंटर के बारे में भी ऑनलाइन जानकारी मिलेगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशालय की वेबसाइट पर मेरा कोविड केंद्र वेब पोर्टल का लिंक दिया गया है। मेरा कोविड केंद्र एप आसपास पांच किमी के दायरे में स्थित कोविड जांच केंद्र के बारे में अपडेट देगा। यहीं नहीं, मेरा कोविड केंद्र कहां पर है, इसका नक्शा भी एप पर प्रस्तुत होगा। मेरा कोविड केंद्र को ऑनलाइन करने को संबंधित स्थल का जियो टैग व स्थल की मैंपिग हो रही है। एप पर संबंधित अस्पताल के मेरा कोविड केंद्र के लैब टेक्नीशियन व केंद्र प्रभारियों के नंबर भी रहेंगे।

# राजधानी में 259, सूबे में मिले कोरोना के 1985 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बरकरार है। शुक्रवार को राजधानी में कोरोना के 259 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1985 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 22665 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3478 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7877 मरीजों की और राजधानी में 1020 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 543, 302 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2247 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 520, 637 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 11191 लोगो के सैम्पल लिये गये है। आज इंदिरा



नगर 21, गोमती नगर 27, रायबरेली रोड 19, चौक 13, आशियाना 11, जानकीपुरम 12,अलीगंज 10, हजरतगंज 14 , आलमबाग 10, महानगर 14 स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 131रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से सभी 131 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया।

### सूबे में अब तक दो करोड़ पहुंची कोरोना की जांच

**लखनऊ।** सूबे में कोरोना संक्रमण को लेकर राज्य सरकार की तरफ से किये जा रहे प्रयास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फोकस टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने के बीच अब तक तकरीबन दो करोड़ के करीब सैम्पल टेस्ट की संख्या पहुंच चुकी है। शुक्रवार को यह जानकारी अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने दी है। प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,71,816 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 1,99,60,393 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि सूबे में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1985 नये मामले आये हैं।

# कूड़ा डालने पर बढ़ा विवाद बीट इंचार्ज पर हमला

## एफआईआर दर्ज कर एक की हुई गिरफ्तारी, फरार अन्य दोषियों की हो रही तालाश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



> बीट इंजार्च पर हमला करने वालों के खिलाफ स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। एक को मौके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा दोषियों की तालाश की जा रही है। जल्दी ही फरार लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। किसी भी सूरत पर कर्मचारियों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
>
> **–अजय कुमार द्विवेदी, नगर आयुक्त, नगर निगम**

**अलीगंज** में सफाई करने के दौरान सफाई बीट इंचार्ज से स्थानीय लोगों से कहासुनी हो गयी। कूड़ा डालने पर आपत्ति करने से उपजा विवाद मारपीट में बदल गया। बीट इंचार्ज पर आधा दर्जन लोग टूट पड़े। मारपीट से नाराज बीट इंचार्ज ने इसकी सूचना नगर निगम अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही दर्जनों कर्मचारी सीधे मौकास्थल पर पहुंच गए। कर्मचारियों ने अलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज करने की तहरीर दे दी है।

शुक्रवार को सफाई करने के दौरान अलीगंज के निराला नगर में बीट इंचार्ज मनोज कुमार द्वारा निरीक्षण किया जा रहा था, जहां पास के पड़ाव घर पर कर्मचारियों ने कूड़ा डाला। कूड़ा डालते ही क्षेत्रीय गोलू, लाला और महबूब ने विरोध करना शुरू कर दिया। चूंकि पहले से ही पड़ाव घर पर कूड़ा डाला जाता रहा है, जिसकी बात सभी को बताई गयी। कर्मचारियो ने सभी के समझाने का लाख प्रयास किया लेकिन इन लोगों ने कर्मियों की एक नहीं सुनीं। देखते ही देखते ही कहासुनी मारपीट में बदल गयी। पड़ोस से अधिक संख्या में लोग आए गए और बीच इंचार्ज से अभद्रता और अपशब्द कहने लगे। बीट इंचार्ज ने इसका कड़ा विरोध किया, जिस पर भड़के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हमला कर दिया। पास में आ जा रहे राहगीरों और काम करने वाले कर्मियों ने बीच बचाव कर बीट इंचार्ज को छुड़ाया। सफाई प्रभारी अपर नगर आयुक्त अर्चना द्विवेदी ने बताया कि दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है, ऐसी घटनाएं बंद हो इसके लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# गोवंश भरा कंटेनर पकड़ा चालक व क्लीनर फरार

**लखनऊ।** राजधानी पुलिस की पीआरवी टीम ने शुक्रवार तड़के गोवंशों से भरा ट्रक पकड़ा है। हालांकि इस दौरान कंटेनर चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए। इसके बाद कमता चौकी इंचार्ज संदीप मिश्रा की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफपशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। साथ ही बरामद कंटेनर नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 3.30 बजे सूचना के आधार पर आलमबाग के बराबिरवा चौराहे के पास से पीआरवी 0237 पर तैनात हेड कांस्टेबल शिवदत्त सिंह और चालक मोहम्मद शाहिद ने एक संदिग्ध कंटेनर यूपी 22 एटी 5567 को रुकने के इशारा किया तो आरोपी चालक भागने की कोशिश करने लगा। इस दौरान पीआरवी टीम ने करीब 23 किलोमीटर तक पीछा किया। और आरोपी चालक को चिनहट थाना क्षेत्र के अयोध्या हाईवे पर मटियारी चौराहे से पहले रोक लिया। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। लेकिन इससे पहले आरोपी चालक और क्लीनर मौके से भागने में कामयाब रहे। इस दौरान कंटेनर में भरे 30 गोवंश बरामद किए गए हैं। साथ ही उन्हें कान्हा उपवन भेज दिया गया है। वही, कमता चौकी इंचार्ज संदीप मिश्रा की तहरीर पर खिलाफपशु क्रूरता अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही कंटेनर नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गाड़ी नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गाड़ी रामपुर निवासी सहीम बाबू के नाम से पंजीकृत है।

### केवाईसी अपडेट करने का झांसा देकर 3.11 लाख ठगे

**लखनऊ।** केवाईसी अपडेट करने का झांसा देकर जालसाजों ने युवक के खाते से तीन बार मे 3,11,798 रुपये उड़ा दिये। ठगी का शिकार पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जानकीपुरम सेक्टर एफनिवासी सैय्यद मो. यहया जाफरी के अनुसार एचडीएफसी बैंक की हजरतगंज शाखा में उसका बचत खाता है। 30 नवम्बर को उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया। फोन कर्ता ने अपने को बैंक कर्मचारी बताते हुए केवाईसी अपडेट करने की बात कही। इसके बाद जालसाज ने ऑनलाइन अपडेट के लिए बैंक का डेबिट कार्ड नम्बर उसका एक्सपायरी डेट सहित डालने को कहा। झांसे में आकर सैय्यद ने डेबिट कार्ड नम्बर तथा कार्ड की एक्सपायरी डेट डाली उसके उपरान्त एक ओटीपी आया। जालसाज के कहने पर पीड़ित ने ओटीपी डाला। कुछ देर बाद पीड़ित के अकाउंट से दो ट्रांजेक्सन होने का मैसेज आया। मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का पता चला। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि जालसाज ने उसके खाते से तीन बार में 3,11,798 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने बैंक व जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### हाईकोर्ट ने पुलस्त तिवारी इनकाउंटर मामले में मांगा जवाब

**लखनऊ।** 25 हजार के इनामी बदमाश पुलस्त तिवारी के कथित इनकाउंटर मामले की सीबीसीआईडी से जांच कराने के मसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश पुलस्त तिवारी की मां की याचिका पर दिया है। याचिका में इस इनकाउंटर को झूठा बताते हुए इस मामले की जांच सीबीसीआईडी से कराने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस कथित इनकाउंटर को झूठा बताते हुए आशियाना थाने में दो मुकदमे दर्ज कराए थे। लिहाजा गुजारिश है कि इन दोनों मुकदमों की विवेचना सीबीसीआईडी से कराने का आदेश दिया जाए। याचिका में लखनऊ पुलिस के दावे का जिक्र करते हुए कहा गया है कि दावा नौ अगस्त 2020 की रात आशियाना थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश पुलस्त तिवारी को गिरफ्तार किया गया। जिसके दाहिने पैर में गोली लगी। जबकि उस शाम करीब साढ़े छह बजे दो पुलिस वाले उनके घर आए और वो पुलस्त तिवारी को अपने साथ ले गए, जिसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी है।

### लविवि के अधिशासी अभियंता व एसडीओ के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ।** एक वृद्ध महिला के मकान पर कब्जा करने की नियत से कूटरचित दस्तावेजों की बिना पर विद्युत कनेक्शन देने के कथित मामले में शुक्रवार को अदालत में मुकदमे की अर्जी दाखिल की गई। इस अर्जी में लखनऊ विश्वविद्यालय के अधिशासी अभियंता सौरभ भारद्वाज व एसडीओ वैभव मिश्रा के साथ ही एक अन्य राजेश कुमार को विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। अर्जी में इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की गई है। सीजेएम शिवानंद ने फिलहाल इस अर्जी पर थाना महानगर से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी। अर्जीकर्ता राजकुमारी सिंह का कहना है कि राजेश कुमार ने लविवि के अधिशासी अभियंता सौरभ भारद्वाज व एसडीओ वैभव मिश्रा से सांठगांठ कर फर्जी दस्तावेजों की बिना पर उनके मकान पर अपना बिजली का कनेक्शन लिया है।

### प्रवेश प्रक्रिया समाप्त, पॉलीटेक्निक में 50 फीसदी सीटें खाली

**लखनऊ।** प्रदेश भर में पालीटेक्निक में दाखिले को लेकर चल रही काउंसिलिंग की प्रक्रिया के समाप्त होने तक अंतिम चरण तक च्वॉइस लॉक करने वाले 6308 स्टूडेंट्स की सूची शुक्रवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की तरफसे जारी कर दी गई। इन स्टूडेंट्स को पांच दिसंबर तक एडमिशन कंफर्म करने के लिए फीस जमा करनी होगी। इसी के साथ ही तीन महीने से चल रही प्रवेश प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। अंतिम चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया के बाद भी 50 फीसदी सीटें खाली रह जायेंगी। कोरोना संक्रमण के बीच हुए पॉलीटेक्निक प्रवेश प्रक्रिया को इस बार काफी झटका लगा है। हर साल अंतिम चरण तक पॉलीटेक्निक के सरकारी व एडेड संस्थाओं की जहां पूरी सीटें भर जाती थीं, तो वहीं सेल्फ फाइनेंस की 80 प्रतिशत से अधिक सीटें भर जाती थी। इस बार ऐसा नहीं हुआ है, 50 प्रतिशत सीटें खाली रह गई हैं।

# अगले सत्र से लविवि के विभागों को मिल सकता है एकेडमिक ऑटोनॉमस का दर्जा

## पीजी की प्रवेश प्रक्रिया से लेकर परीक्षा कराएंगे विभाग

## फाइनेंशियल पॉवर बढ़ाने के लिए वित्त समिति से मामला पास कराने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय अगले सत्र से विभागों को एकेडमिक ऑटोनॉमस के तर्ज पर कार्य करने का मौका दे सकता है। इस दिशा में विवि प्रशासन ने विचार विमर्श शुरू भी कर दिया है। इसके अंतर्गत पढ़ाई से लेकर परीक्षा तक की जिम्मेदारी निर्वहन करने के लिए विभाग स्वतंत्र होंगे। साथ ही अगले सत्र से पीजी की प्रवेश प्रक्रिया विभाग अपने स्तर से करा सकेंगे।

अभी तक विभागों को एकेडमिक व वित्त समिति सम्बन्धी गतिविधियों को शुरू करने के लिए एकेडमिक गाइडलाइंस का पालन करने के साथ ही विवि पर निर्भर रहना पड़ता है। वर्तमान में यूनिवर्सिटी में 45 विभाग संचालित हो रहे हैं। ऐसे विवि स्तर या यूजीसी स्तर पर किसी भी प्रकार की गाइडलाइंस पूरे यूनिवर्सिटी को ध्यान में रख कर तैयार किये जाते हैं। ऐसे कम या अधिक संख्या वाले विभागों पर इसका अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ता है। ऐसे में एकेडमिक लिहाज से विवि का मानना है कि विभागों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने देना चाहिए। इससे विभागों को अपने स्तर पर निर्णय लेने में आसानी होगीए यूनिवर्सिटी वहीं हस्तक्षेप करेगी जहां जरूरत होगी। यही नही विभाग अपने स्तर पर ही पेपर सेटअप कर परीक्षा भी कराएंगे। जहां तक रिजल्ट और डिग्री का काम है तो यह कार्य परीक्षा विभाग पूर्व की तरह सम्पादित कराएगा। फ्लिहालए इस दिशा में विवि प्रशासन ने कार्ययोजना बनाने की दिशा में सोचना शुरू कर दिया है।

इसके साथ विवि प्रशासन विभागों की फाइनेंशियल पॉवर बढ़ाने के समर्थन में है। अभी हर बड़े और छोटे कार्य के लिए विभागों को विवि के वित्त विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं। ऐसे में विवि प्रशासन की कोशिश है कि फाइनेंशियल पॉवर बढ़ने से विभागों को आश्रित नही रहना पड़ेगा। इसके लिए विवि अगली वित्त समिति की बैठक में मामला ले जा सकता है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का कहना है कि एकेडमिक लिहाज से विभागों के ऑटोनॉमस होने से क्वालिटी को लेकर विभाग निर्णय लेने को स्वतंत्र होंगे। अगले सत्र से सेंट्रलाइज्ड एडमिशन की प्रक्रिया से पीजी को बाहर रखा जा सकता है। दूसरे फाइनेंशियल पावर बढ़ाने के लिए वित्त समिति में प्रस्ताव रखा जाएगा।

### केजीएमयू का 114वां स्थापना दिवस 17 को

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का 114वां स्थापना दिवस आगामी 17 दिसम्बर को मनाया जाएगा। पिछले साल कोविड महामारी के चलते विवि की तरफ से स्थापना दिवस का आयोजन नहीं किया जा सका था। विवि के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि इस बार 160 मेडल 93 मेरिटोरियस स्टूडेंट्स को दिए जाएंगे।

### लविवि पुराने पैटर्न पर कराएगा बैक पेपर एग्जाम

**लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी व डिग्री कॉलेजों में यूजी कोर्सेज बीए, बीएससी व बीकॉम की प्रस्तावित बैक पेपर और इम्प्रवमेंट एग्जाम के पैटर्न में इस बार कोई बदलाव नहीं होगा। यूनिवर्सिटी बैक पेपर एग्जाम पुराने पैटर्न पर आयोजित करेगा।

यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बैक व इम्प्रूवमेंट एग्जाम 2020 का आयोजन बीते सालों की तरह ही थ्योरी बेस्ड आयोजित होगा। ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण के बाद बने हालात को देखते हुए लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सभी कोर्सेज के फाइनल इयर के एग्जाम एमक्यूसी प्रणाली पर आयोजित कराया था।

# ओडीओपी में प्रदेश सरकार का मददगार बनेगा लविवि

## प्रधानमंत्री के दिए मशविरे पर लिया निर्णय, तीन सदस्यीय कोर कमेटी का किया गठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**क्षेत्राधिकार** बढ़ने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मशविरे का सन्दर्भ लेते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट ओडीओपी से जुड़ने का निर्णय लिया है। इसके लिए विवि की तरफ से एक तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत शामिल जिलों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए उनके स्किल डेवलपमेंट जैसे कार्यक्रम शुरू करेगी। जिससे वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। विवि की स्थापना के 100वें वर्ष में वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जिन जिलों को आपके शैक्षणिक दायरे में जोड़ा जा रहा है। वहां के लोकल उत्पादों, लोकल विधाओं और उनसे जुड़े कोर्सेज के लिए स्किल डेवलपमेंट जैसे कार्यक्रम शुरू किए जाएं। इसके अलावा वहां के उत्पादों की ब्रांडिंग, मार्केटिंग और मैनेजमेंट से जुड़ी रणनीति आपके कोर्सेज का हिस्सा हो सकती हैं और यूनिवर्सिटी के छात्रों की दिनचर्या का हिस्सा हो सकती हैं। जैसे लखनऊ की चिकनकारी, अलीगढ़ के ताले, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन, भदोही की कालीन ऐसे अनेक उत्पादों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कैसे बनाएं। इसको लेकर नए सिरे से रिसर्च, स्टडी क्यों नहीं कर सकते हैं। इससे सरकार को भी नीति निर्धारण में मदद मिलती है। इसके लिए विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की तरफ से तीन सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया है। इसके दायरे में पांच सब कमेटियां काम करेंगी। कोर कमेटी की अध्यक्ष शिक्षा विभाग की प्रो. अमिता बाजपेई, सांख्यिकी विभाग के प्रो. राजीव पांडे और अंग्रेजी विभाग के प्रो. आरपी सिंह शामिल होंगे।

> ### ओडीओपी से जुड़ने की बात सीएम ने भी की थी
>
> शताब्दी समारोह के शुभारंभ के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि शैक्षिक संस्थानों को जनसरोकार से जुड़ना चाहिए। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया चाहिए, तभी आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को हम साकार कर सकते हैं।

# कर्नल पिता की सौ साल पुरानी डिग्री एलयू को सौंपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपनी** स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर चुके लखनऊ विश्वविद्यालय को अपने दिवंगत कर्नल पिता व सूबे के पहले डीआईजी की 100 साल पुरानी अमूल्य धरोहर के रूप में उनकी डिग्री विवि प्रशासन को शुक्रवार को सौंपी है। पुत्र की तरफ से इस अमूल्य धरोहर के रूप में विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने प्राप्त किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और आजादी के बाद प्रदेश के पहले भारतीय डीआईजी सिराज उद्दीन अहमद के पुत्र कर्नल फसीह अहमद ने आज विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय से मुलाकात की। कर्नल फसीह अहमद ने कुलपति को उनके पिता की इंटरमीडिएट, बैचलर ऑफ साइंस और बैचलर ऑफ लॉ की मूल डिग्रियां विश्वविद्यालय को सौंपी। ये उत्कृष्ट रूप से संरक्षित 100 साल पुरानी पहली डिग्री कर्नल फसीह के पिता को कैनिंग कॉलेज से मिले इंटरमीडिएट की डिग्री है। दूसरी डिग्री कैनिंग कॉलेज से नवंबर 1920 में लखनऊ विश्वविद्यालय बने इस संस्था की पहले स्नातक पाठ्यक्रम की डिग्रियों में से एक है। कर्नल फसीह ने, जो खुद लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र थ, अपने पिता द्वारा परिसर के बारे में बताए गए किस्सों की याद ताजा की और कहा कि कैसे विश्वविद्यालय उनके जीवन में एक प्रारंभिक शक्ति रहा है। अहमद ने 1920 में इंटर पास किया और लखनऊ के नवगठित विश्वविद्यालय में पहले स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में दाखिला लिया था। उन्होंने 1922 में विषयों के रूप में रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और जूलॉजी के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की और 1925 में अपनी व्यावसायिक विधि की डिग्री पूरी की। उसी वर्ष उन्हें इम्पीरियल पुलिस बल के लिए चुना गया और जिस दिन भारत ने स्वतंत्रता हासिल की, वे उत्तर प्रदेश के पहले भारतीय डीआईजी बने । प्रो राय ने बताया कि विवि प्रशासन इनकी डिग्री को संरक्षित करके स्मारिका के तौर रखेगा।

### सात से एलयू में शुरू होगी ऑफलाइन क्लासेज

**लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी सात दिसंबर से ऑफलाइन क्लासेस शुरू होगी। इस दौरान शासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार केवल 50 प्रतिशत स्टूडेंट्स ही कैम्पस में आएंगे। ऐसे में एलयू ने कैम्पस आने वाले सभी स्टूडेंट्स की पहचान के लिए सभी को जिस कोर्स में एडमिशन लिया है, उसकी फीस की रसीद पास में रखने का आदेश जारी किया है। कुलानुशासक डॉ. दिनेश कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ऑफलाइन क्लासेस के लिए कैम्पस आने वाले स्टूडेंट्स को तलाशी के दौरान अपनी पहचान साबित करने के लिए अपनी फीस की रसीद दिखानी होगी। एलयू के अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा सेशन का एडमिशन प्रक्रिया अभी समाप्त नहीं हुआ हैं। ऐसे में स्टूडेंट्स को आईकार्ड नहीं जारी किए गए हैं।

# अर्थ गंगा की अवधारणा को पूरा करने के लिए करें सार्थक प्रयास

## गंगा किनारे स्थित 27 जनपदों के 1038 गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संबंधित विभाग प्राथमिकता पर संचालित करें विकास योजनायें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा किनारे स्थित 27 जनपदों के सभी 1038 राजस्व गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नमामि गंगा मिशन से जुड़े सभी संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को प्राथमिकता पर विकास योजनायें संचालित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा एवं परिकल्पना को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। प्रदेश की एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी को बनाने में माँ गंगा का बहुत बड़ा सहयोग हो सकता है। अर्थ गंगा की अवधारणा को पूरा करने के लिए बनाये गये कार्ययोजना पर तेजी से कार्य हो, इसके लिए सभी विभागों को मिलाकर सार्थक प्रयास करना होगा।

जलशक्ति मंत्री डा महेन्द्र सिंह शुक्रवार को योजना भवन में राष्ट्रीय गंगा परिषद के लिए 25 विभागों को मिलाकर बनाये गये कार्यवृत्त के संबंध में की गयी कार्यवाही को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगा किनारे स्थित सभी गांवों का समुचित एवं आर्थिक विकास हो, इसके लिए निर्धारित कार्ययोजना को तेजी से लागू किया जाय। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा किनारे स्थित 21 नगरीय क्षेत्र, 1641 गांव तथा 1038 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया है। गंगा मिशन कार्ययोजना के तहत इन क्षेत्रों का विकास कर गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकता है। साथ ही लोगों को आर्थिकए सामाजिक एवं धार्मिक जीवन स्तर को भी समृद्ध बनाया जा सकता है। डा महेन्द्र सिंह ने कहा कि गंगा के दोनों किनारों पर पर्यटन की अपार संभावनाओं के दृष्टिगत यहां स्थित धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्थलों एवं गंगा घाटों को विकसित करना है। गंगा किनारे की सभी पंचायतों में गंगा घाटों पर चबूतरा बनवाकर गंगा आरती की व्यवस्था की जानी है। गंगा नदी की भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए भी कार्ययोजना बनायी जाय। गंगा किनारे स्थित तालाबों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया जाय। उन्होंने कहा कि गंगा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए इसके किनारे 5 किमी के दायरे में रासायनिक खाद का बिल्कुल प्रयोग न होने पाये। यहां पर आर्गेनिक खेती, प्राकृतिक खेती तथा बागवानी को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि गंगा को कटान से बचाने के लिए इसके किनारे पीपल, पाकड़, आम, जामुन व बरगद जैसे पौधों को लगाया जाए। गंगा किनारे अधिकतम वृक्षारोपण कराने के लिए प्रत्येक जनपद में गंगा नर्सरी विकसित की जाए। माँ गंगा के दोनों किनारों को वृक्षारोपण से आच्छादित करना है। इसके लिए वन विभाग द्वारा 25 करोड़ पौधों का रोपण किया जाना है। सभी पौधों की जियो टैगिंग भी करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व ग्रामों में महिला समूह गठित किये जायें। इससे अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। गांवों का गन्दा पानी सीधे गंगा में न बहाकर तालाबों में ले जाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास विभाग तथा पंचायतीराज विभाग इसके लिए कमर कस लें कि किसी भी प्रकार का प्रदूषण गंगा में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने गांवों के सॉलिड वेस्ट व कूड़े के निस्तारण का उचित प्रबंध करने तथा पॉलीथीन को पूर्ण प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे निर्मित सभी प्रकार के भवनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप में लागू किया जाए। गांव के नवयुवकों में खेल.कूद की भावना विकसित हो, इसके लिए गंगा किनारे के गांवों में गंगा स्टेडियम बनाये जाएं।

उन्होंने गंगा किनारे के सभी गांवों को शीघ्र बिजली मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे या गंगा पर कहीं भी मृत शरीर को न फेंका जाए। उसके शवदाहगृह बनवाया जाए। गंगा किनारे के गांवों को विकसित करने के लिए उन्होंने सभी विभागों को अपने विभागीय कार्ययोजना के कार्यों की प्रतिमाह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगा किनारे के सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में योजनाओं के प्रचार.प्रसार के लिए सभी विभागों को अपने कार्यक्रमों की होर्डिंग बैनर लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव सिंचाई, टी वेंकटेश, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव के साथ संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# जेम पर एम्बुलेंस सर्विस सहित कई नई महत्वपूर्ण सेवाओं को किया गया शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि जेम पर एम्बुलेंस सर्विस सहित कई नई महत्वपूर्ण सेवाओं को शामिल किया गया है। इसमें फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस, हार्टीकल्चर सर्विस, डिजाइन एजेंसी हायर करना, एअर इन्टरनेशनल लॉजिस्टिक सर्विस, अन्तरराष्ट्रीय समुद्र सेवाएं, कन्सलटेंट सर्विसए, क्लाउड एवं डेटा सर्विस, स्टेशिलिस्ट सेवाएं, प्रोक्योरमेंट ऑफ एसएपी, क्लाउड बेस वीडियों कांफ्रेंसिंग की सेवाएं भी सम्मिलित हैं। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि जेम पोर्टल पर सर्विस क्षेत्र की 173 सेवाएं उपलब्ध हैं। कैब एवं टैक्सी सेवाएं मासिक अथवा अल्प अवधि के लिए जेम से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त कैंटीन एवं कैटरिंग सर्विस, ट्रांसपोर्ट सेवाएं, लाण्ड्री सेवाएं, मानव संसाधन, आउट सोर्सिंग सेवाएं पहले से ही जेम पर उपलब्ध हैं। इसके साथ ही प्रिंटिंगए पेस्ट एवं एनीमल कन्ट्रोलए क्लीनिंग एवं सैनेटाइजेशन तथा सिक्यूरिटी सर्विसेज भी जेम से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि इन सेवा प्रदाताओं को भी प्राथमिकता के आधार पर जेम पर पंजीकृत कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जेम पोर्टल पर पंजीकरण करने अथवा क्रय संबंधी किसी भी कठिनाई के लिए निर्यात भवन लखनऊ में स्थापित जेम सेल से सम्पर्क किया जा सकता है।

# एफएंडबी उद्योग की संरचना और पुनरुत्पादन को लेकर वर्चुअल कांफ्रेंस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएचडी** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने शुक्रवार को खाद्य और पेय पदार्थ (एफएंडबी) उद्योग की संरचना और पुनरुत्पादन के संदर्भ पर एक इंटरैक्टिव वेबिनार सत्र का आयोजन किया।

इस अवसर पर आबकारी मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री ने कहा कि अल्कोहल-मदिरा का उद्योग राज्य के लिए सबसे पुराना उद्योग और विशाल आय का स्रोत है तथा प्रत्येक राज्य सरकार मदिरा व्यवसाय के माध्यम से अधिक से अधिक राजस्व अर्जित करना चाहते है। मादक पेय पदार्थों के संबंध में विभिन्न प्रणालियों जिन पर कार्य किया जा सकता है। मुख्यतया उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग, कराधान प्रणाली और राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय व्यापार है निरंतर प्रयासों और रणनीति से न केवल राज्य को लॉकडाउन के कारण प्रभावित लोगों की मदद करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली, बल्कि राज्य को सुचारू रूप से चलाने में भी सहयोग प्राप्त हुआ है। सबसे चुनौतीपूर्ण और कठिन काम कोविड.19 के प्रसार को रोकना था, सरकार ने लॉकडाउन की अवधि के दौरान बड़े पैमाने पर सैनिटाइजर का उत्पादन करने का काम सौंपा, जो कि एक कठिन कार्य था। जब यह कार्य विभाग को सौंपा गया था तो उत्तर प्रदेश में केवल एक इकाई थी जो सैनिटाइजर का उत्पादन कर रही थी। हमने इस पर विचार किया और कार्य को पूरा करने हेतु आवश्यक कदम उठाये। वर्तमान में सैनिटाइजर का उत्पादन करने वाली 97 इकाइयाँ हैं और 1 लाख 79 हजार लीटर से अधिक सैनिटाइजर का उत्पादन हो चुका है, जिसमें से लगभग 165 लाख लीटर की आपूर्ति राज्य के भीतर और राज्य के बाहर की गई है। बारकोड तकनीक का उपयोग करके उत्पादन से लेकर खुदरा बिक्री तक मदिरा की हर बोतल को ट्रैक करने के लिए ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम लागू किया गया है। इससे वास्तविक बिक्री का विश्लेषण करने और प्रवर्तन अधिकारियों को तस्करी की मदिरा और नकली शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने में मदद मिली है। अतिरिक्त मुख्य सचिव आबकारी विभाग संजय आर भूसरेड्डी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में अलकोहल-मदिरा निर्माण और व्यापार की पूरी क्षमता को विकसित करने के लिए पहल की है और कई बदलाव और नयी प्रौद्योगिकी के प्रयोग किए हैं। सरकार खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग कर इसका उत्तरोत्तर विकास करना चाहती है। हमने विभाग के समग्र कार्यो के कम्प्यूटरीकरण की प्रक्रिया शुरू की है जो मानव हस्तक्षपे को कम करेगा और उद्योगों को एक अच्छा कार्य वातावरण उपलब्ध करायेगा। प्रदीप मुल्तानी सीनियर वाईस प्रेसिडेंट पीएचडी चैम्बर ने मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख क्षेत्र है जो राज्य के जीएसडीपी में 23 प्रतिशत योगदान देता है। उत्तर प्रदेश भारत की जीडीपी में 8 प्रतिशत का योगदान करने वाली तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उत्तर प्रदेश भारत में बागवानी फसलों और खाद्यान्नों के प्रमुख उत्पादकों में से एक है जो खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक आकर्षक आधार के रूप में कार्य करता है।

# बीएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल की कक्षाएं 8 दिसम्बर से

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण के बीच प्रदेश में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्र छात्राओं की ऑफलाइन कक्षाएं निर्धरित की गई तिथियों से शुरू की जाएंगी। इसमें बीएससी नर्सिंग की कक्षाएं तथा पैरामेडिकल डिग्री प्रशिक्षण 8 दिसम्बर से शुरू होंगे जबकि एमएससी नर्सिंग की कक्षाएं एवं पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण फार्मेसी सहित 11 दिसम्बर से शुरू होंगी। वहीं पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की कक्षाएं 14 दिसम्बर से प्रारम्भ होंगी जबकि जीएनएम तथा एएनएम की कक्षाएं 17 दिसम्बर से प्रारम्भ की जाएंगी। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के डिग्री व डिप्लोमा कोर्सों की कक्षाएं शुरू कराने के निर्णय के बाद राज्य सरकार अब एमबीबीएस एवं बीडीएस की कक्षाएं भी शुरू कराने की तैयारी में लग गई है। इसके तहत अगले महीने के पहले सप्ताह से एमबीबीएस व बीडीएस की कक्षाएं कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए शुरू की जाएंगी।

# आठ दिसंबर से दो घंटे का सांकेतिक आंदोलन करने की आईएमए ने दी चेतावनी

- आयुर्वेदिक चिकित्सकों को विशेष प्रशिक्षण के बाद सर्जरी करने की अनुमति देने के सरकार के फैसले पर जताई आपत्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन ने आयुर्वेदिक चिकित्सकों को विशेष प्रशिक्षण के बाद सर्जरी करने की अनुमति देने के सरकार के फैसले पर आपत्ति जताते हुए आगामी 8 दिसंबर को 2 घंटे का देशव्यापी सांकेतिक आंदोलन करने का निर्णय लिया है। साथ ही 11 दिसंबर से इमरजेंसी और कोविड सेवाओं को छोड़कर शेष सभी चिकित्सा व्यवस्था बंद करने का भी ऐलान किया है।

बीती 21 नवम्बर को जारी अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि आयुर्वेद के सर्जरी में पीजी करने वाले छात्रों को आंख, नाक, कान, गले के साथ ही जनरल सर्जरी के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही इन छात्रों को स्तन की गांठों, अल्सर, मूत्रमार्ग के रोगों, पेट से बाहरी तत्वों की निकासी, ग्लुकोमा, मोतियाबिंद हटाने और कई सर्जरी करने का अधिकार होगा। यूपी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक राय और प्रदेश सचिव डॉ जयंत शर्मा ने इस बारे में एक बयान जारी कर कहा है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेडिकल शिक्षा में खिचड़ी तंत्र लाने का पूर्ण विरोध करती है तथा सरकार से अनुरोध करती है कि इस प्रकार की शिक्षा से चिकित्सकों की गुणवत्ता काफी कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आईएमए के सभी चिकित्सक इसके विरोध में किए जा रहे आंदोलन में हिस्सा लेंगे।

# शादी में गया था परिवार घर में हो गई चोरी

**लखनऊ।** मड़ियांव के नौबस्ता स्थित बन्द मकान का ताला तोड़कर चोरो ने नकदी समेत ज्वैलरी पर हाथ साफ कर दिया। यहां मनोज सिंह परिवार के साथ रहकर प्राइवेट जॉब करते हैं। मनोज के अनुसार मंगलवार को वह परिवार के साथ बाबागंज रिस्तेदार की शादी में गए हुए थे। बुधवार की सुबह उनके साले लक्ष्मी नारायण सिंह पत्नी के साथ घर पहुंचे तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो अलमारी व कमरों के लॉक टूटे थे। मनोज के अनुसार अलमारी के लाकर में प्लाट खरीदने के लिए रखे करीब ढाई लाख रुपये व 8 लाख रुपये की ज्वैलरी समेत अन्य सामान चोर चुरा ले गए। वहीं मड़ियांव के त्रिकाल फैक्ट्री के समीप हरिशंकर तिवारी परिवार संग रहते हैं। वो कचेहरी में मुंशी हैं। पीड़ित ने बताया कि बीती 29 नवम्बर को सपरिवार शादी समारोह में शामिल होने बलिया गये थे। जहां से सुबह वापस लौटे तो घर के सभी कमरों के ताले टूटे थे और दस हजार की नकदी व लाखों रुपये के गहने गायब थे।

### बाइक की टक्कर से जख्मी युवक की मौत

मोहनलालगंज। बाइक की टक्कर से जख्मी युवक की शुक्रवार को मोहनलालगंज के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजने के बाद एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक रायबरेली के हिड़इन खेड़ा निवासी पप्पू अपनी पत्नी सज्जो को लेकर ससुराल मोहनलालगंज के भैदुवा आया था।

# एमएसएमई साथी एप पर प्राप्त 2706 शिकायतों का हुआ निस्तारणः सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा नवनीत सहगल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसे देखते हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और निर्यात संवर्धन विभाग ने हालही में एमएसएमई साथी मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है। इस ऐप के माध्यम से उद्यमी अपनी औद्योगिक इकाइयों के संचालन और गतिविधियों से संबंधित समस्याओं और सुझावों को सरकार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एमएसएमई साथी ऐप पर अब तक प्राप्त 3361 शिकायतों के सापेक्ष 2706 का निस्तारण कराया जा चुका है। शेष शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जा रहा है। डा. सहगल ने बताया कि इस एप्लिकेशन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के उद्यमियों की सहायता करना और राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देना है। साथ ही एमएसएमई को सक्षम बना कर उन्हें ऋण प्राप्ति हेतु तैयार करने में सहयोग प्रदान करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि व्यापार से संबंधित इनसाइट्स एवं अन्य एमएसएमई संसाधनों जैसे ऋण हेतु आवेदन, क्रेडिट ट्रेंड्स आदि की उपलब्धता, सरकार द्वारा एमएसएमई हेतु आरम्भ की गई योजनाओं से संबंधित हेल्प सेंटर एवं अन्य सामान्य जानकारियों की उपलब्धता इसकी विशेषाएं है। इसके अतिरिक्त पोर्टल के माध्यम से एमएसएमई की वित्त, कच्चे माल, श्रम, अनुमति आदि में मदद भी की जा रही है।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि एमएसएमई साथी ऐप पर अब तक एमएसएमई से जुड़ी फाइनेंस एवं वित्त से संबंधित 232 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है, जिनमें से 63 का निस्तारण हो चुका है। शेष प्रक्रिया के अधीन है। इसी प्रकार एक्सपोर्ट प्रमोशन से संबंधित 2191 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 2005 निस्तारित हो चुके है।

उन्होंने बताया उद्यमियों ने विद्युत से संबंधित 97 प्रार्थना पत्र भेजे, जिनमें से 82 का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हुआ है। इसके अतिरिक्त 29 प्रकरण एसजीएसटी तथा कामर्शियल टैक्स के प्राप्त हुए, जिनमें से 20 को निस्तारित कराया जा चुका है, जबकि 160 मामले श्रम विभाग से जुड़े थे पोर्टल पर प्राप्त हुए, उनका भी समाधान सुनिश्चित कराया गया। इसी प्रकार अर्बन डवलेपमेंट, पंचायतीराज, पीडब्ल्यूडी, एग्रीकल्चर, उर्जा, ग्राउंड वाटर, हाउसिंग, रूरल डेवलपमेंट, यूपी जल निगम, इन्वायरमेंट विभाग से संबंधित प्रकरण को निस्तारित कराने में उद्यमियों की मदद की गई।

# जांच पूरी, नशे की दवाओं को लेकर हुई थी मारपीट

**लखनऊ।** जिला जेल में रुपये न देने पर बन्दी को रॉड से पीटने के प्रकरण की जांच डीआईजी ने पूरी कर ली है। उनकी जांच रिपोर्ट की मानें तो पीड़ित बन्दी के पास कुछ नींद व नशे के दवायें थी। जिसको लेकर मारपीट हुई। साथ ही डॉक्टर द्वारा इंजरी रजिस्ट पर दर्ज बन्दी की चोटें स्पष्ट नही हैं। सूत्रों की माने तो जेल डॉक्टर और प्रत्यक्ष मारपीट के दौरान मौजूद बन्दी जांच से संतुष्ट नही हैं। इनका आरोप है एकतरफा जांच हुई है। बीते दिनों जेल अस्पताल में दबंग बन्दी सईद ने दूसरे बन्दी अंशुमान पांडे को रुपये न देने पर ग्लूकोज चढ़ाने वाली रॉड से हमला कर दिया था। जिसमें वह चोटिल हो गया था। जेल के डॉक्टर ने कई चोट इंजरी रजिस्टर पर दर्ज की थी और जेल से बाहर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अधिकारियों से कहा था लेकिन जेल प्रशासन ने उसे जेल में ही रखा। बन्दी अंशुमान पांडेय की माँ का आरोप है उसके बेटे का इलाज लोहिया अस्पताल के मानसिक रोग विभाग के डॉक्टर यहां चल रहा है। वही दवायें जेल में उसके पास थी। जेल प्रशासन ने बाहर से नशीली दवाएं लाकर बेटे के पास दिखा दी हैं। डीआईजी कारागार संजीव त्रिपाठी ने बताया कि नशे की गोलियों को लेकर बन्दियों के बींच मारपीट हुई है। बन्दी पास भारी मात्रा में दवाएं बरामद हुई हैं। आगे की काररवाई की जा रही है।


## कार्यालय उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.

नवीन मण्डी स्थल नौबस्ता हमीरपुर रोड, कानपुर

E-mail-ddcknpngr@gmail.com, 0512-2626031

पत्रांक : नि0ख0का0(ई–टेण्डर) / 2020–2779 — दिनांक : 04.12.2020

### निविदा सूचना (ई-टेण्डर)

निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा दिनांक 26.12.2020 को मण्डी परिषद में पंजीकृत, वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 26.12.2020 के अपरान्ह 01.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन भर कर अपलोड की जायेगी तथा दिनांक 26.12.2020 को अपरान्ह 03.00 बजे ई–टेण्डर के माध्यम से आनलाईन प्राप्त निविदायें उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, कानपुर के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाता द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किये गये समस्त बिड डाक्यूमेन्ट एवं पंजीकरण से सम्बन्धित आवश्यक प्रपत्र मूल रूप में दिनांक 26.12.2020 को अपरान्हः 2.00 बजे तक कार्यालय में जमा करना होगा। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :

| क्र0 सं0 | मण्डी का नाम | कार्य का नाम | निविदा शुल्क (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छिबरामऊ | नवीन मण्डी स्थल छिबरामऊ में पूर्व की दिशा में टूटी चहारदीवारी आदि का निर्माण कार्य। Tender ID-2020_RKUMP_535184_1 | 590.00 | 6.60 | 0.66 | 2 माह | 'द' |

शर्ते : 1. ई–निविदा के साथ निविदा मूल्य उपनिदेशक(निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, कानपुर के नाम भारतीय स्टेट बैंक नौबस्ता में संचालित अधिष्ठान खाता संख्या 30394511570, IFSC code SBIN0002586 में तथा धरोहर धनराशि जमानत खाता संख्या 30394511831, IFSC code SBIN0002586 में जमा कर रसीद निविदा के साथ लोड की जायेगी तथा मूल प्रति हार्ड कापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2. शेष नियम व शर्ते कार्यालय एवं बेवसाइट पर देखी जा सकती हैं। तदानुसार आवश्यक प्रपत्र निविदा के साथ वेबसाइट अपलोड करने होंगे।

उपनिदेशक(निर्माण)



## KANPUR MUNICIPAL CORPORATION

MOTIJHEEL, KANPUR
Phone : 2551416, 2531215, Fax-2531662,
E Mail: kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Website : kmc.up.nic.in

### E-TENDER NOTICE FOR THE

Kanpur Municipal Corporation invites "REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF PROJECT MANAGEMENT CONSULTANT (PMC) TO DESIGN, DEVELOP MANAGE AND IMPLEMENT INTEGRATED SOLID WASTE MANAGEMENT PROJECT OF KANPUR MUNICIPAL CORPORATION" upto 03:00 PM on 15/12/2020. The details for submission of e-bids will be available in the RFP document on the U.P. Govt's e-procurement website i.e. https://etender.up.nic.in from 05/12/2020 to 15/12/2020. Bidder must have proven experience, high repute, sound technical and financial capabilities for the work specified as below :

| Sl. No. | Name of Work | Tender Processing Fee (Rs) | Bid Security (Rs. in Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1 | SELECTION OF PROJECT MANAGEMENT CONSULTANT (PMC) TO DESIGN, DEVELOP, MANAGE AND IMPLEMENT INTEGRATED SOLID WASTE MANAGEMENT PROJECT OF KANPUR MUNICIPAL CORPORATION. | 5900.00 | 1,00,000.00 |

❖ An any further communication regarding this Tender will remain available on http://kmc.up.nic.in

(Kailash Singh)
Chief Engineer
Nagar Nigam Kanpur

(Akshay Tripathi)
Municipal Commissioner
Nagar Nigam Kanpur


# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती पर पांच विभूतियां सम्मानित

- अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी सेवा न्यास का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देश** के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। प्रेस क्लब में अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी सेवा न्यास की ओर से आयोजित श्रद्धार्पण समारोह में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गयी तथा विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पांच विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा राजेन्द्र प्रसाद की परिजन डा इन्दू रायजादे ने उनसे जुड़ी स्मृतियां साझा कीं। वरिष्ठ साहित्यकार दयानंद पांडेय ने राजेन्द्र बाबू को युगपुरुष बताते हुए उनके व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया। न्यास के अध्यक्ष परमानंद पांडेय ने भोजपुरी भाषा के प्रति उनके अगाध प्रेम की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन न्यास के महासचिव एसके गोपाल ने किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी सेवा न्यास द्वारा साहित्य की दीर्घकालीन सेवा के लिए वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकुमार पांडेय को रामधारी पांडेय स्मृति साहित्यकार सम्मान, वरिष्ठ लोक गायिका आरती पांडेय को प्रभावती देवी स्मृति लोक संगीत मनीषी सम्मान, डा नरेन्द्र त्रिपाठी को जेपी लम्बोदर स्मृति लोक साहित्य मनीषी सम्मान, वीरेन्द्र कुमार सिंह को पं. शिवगुलाम मिश्र स्मृति श्रमिक हितैषी सम्मान तथा राजकुमार को हीरा महतो स्मृति लोक चिन्तक सम्मान प्रदान किया गया।

# कृषि कानून वापस लेने की मांग कर किसानों ने किया दिल्ली कूच

**मोहनलालगंज।** कृषि क्षेत्र के तीनों कानून वापस लेने की मांग कर रहे भारतीय किसान यूनियन (धर्मेन्द्र) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह की अगुवाई में सैकड़ों किसान शुक्रवार को मोहनलालगंज ब्लाक परिसर में धरना-प्रदर्शन के बाद दिल्ली कूच कर गए। पुलिस अधिकारियों की तमाम कोशिशों के बावजूद भी प्रदर्शन कर रहे किसानों ने दिल्ली कूच करने से पूर्व ब्लाक से लेकर मोहनलालगंज कस्बे तक पैदल मार्च निकालकर कृषि कानूनों का पुरजोर विरोध जताया। इस दौरान जिला प्रभारी कुलदीप यादव समेत अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

# ट्रामा सेंटर के बाहर खड़ी 14 अवैध एंबुलेंस सीज

**लखनऊ।** केजीएमयू के ट्रामा सेंटर के बाहर अवैध रूप से खड़ी एम्बुलेंस के खिलाफचौक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ट्रामा सेंटर के बाहर खड़ी 14 एम्बुलेंस को मौके से पकड़कर सीज किया है जबकि चालक व क्लीनर भागने में कामयाब रहे। चौक एसीपी आईपी सिंह के मुताबिक ट्रामा सेंटर के बाहर अवैध रूप से खड़ी एम्बुलेंस से यातायात बाधित होता है। इस बावत कई बार चेतावनी के साथ ही आसपास के अतिक्रमण को हटाया भी गया है। बावजूद इसके एम्बुलेंस खड़ी की जा रही थी। इतना ही नहीं मरीजों से अवैध वसूली के साथ ही दूसरे अस्पताल में साठगांठ कर भर्ती कराये जाने की भी शिकायत मिली थी। इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को ट्रामा सेंटर के बाहर एम्बुलेंस से यातायात बाधित होने की सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए सड़क के दोनों ओर खड़ी 14 एम्बुलेंस वाहनों को सीज किया गया है। वाहन चालक मौके से भाग निकले।

# युवक ने गमछे से लगाई फांसी

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के मलौली गांव निवासी रोशन कुमार रैदास ने शुक्रवार की देर रात घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता राजेन्द्र प्रसाद की सूचना पर मौके पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेंद्र कुशवाहा के मुताबिक वह गुरुवार की शाम ससुराल से वापस आया था पत्नी ने साथ आने से मना कर दिया था। देर रात उसने अपने कमरे में गमछे के सहारे पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक प्राइवेट गाड़ी चालक है।

# वन्डरकिड प्रतियोगिता में कात्यायनी पाण्डेय को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की कक्षा-4 की मेधावी छात्रा कात्यायनी पाण्डेय ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में ऑनलाइन आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 1500 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सीएमएस अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि सीएमएस अपने छात्रों को देश-विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है।

# सड़क पार कर रहे मजदूर को वाहन ने रौंदा, मौत

**लखनऊ।** मड़ियांव इलाके में सड़क क्रॉस कर रहे मजदूर को एक वाहन ने रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और वाहन और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि मुस्लिम नगर में 35 वर्षीय सलाउद्दीन मजदूरी कर जीवन यापन करता था। भाई गुड्डू के मुताबिक गुरुवार की रात करीब 10.30 बजे सलाउद्दीन घर के बाहर रास्ता पार कर रहा था तभी उसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# पिकप-डीसीएम भिड़ीं, चालक गंभीर

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज रफ्तार पिकप डाला सामने से आ रही डीसीएम से भिड़ गया। इस सड़क हादसे में डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल डीसीएम चालक को इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उधर बीच सड़क पर खड़े इन दोनो वाहनों के चलते सड़क दोनो ओर वाहनों की लम्बी-लम्बी लाइनें लग गई। जिससे रोड पर जाम लग गया। कानपुर के जोरावत गांव में रहने वाला दीपक अपनी पिकप में भाड़ा लादकर मोहान की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बनी-मोहान रोड स्थित बरियार खेड़ा गांव के सामने उसकी पिकप सामने से आ रही डीसीएम से भिड़ गई। इस हादसे में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# तहसील में महिलाओं को स्वच्छ शौचालय मुहैया कराने की मांग

**मोहनलालगंज।** तहसील में महिलाओं को स्वच्छ शौचालय मुहैया कराने के बजाए प्लाईबोर्ड लगाकर प्रसाधन को बन्द करा देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नाराज लोग मोहनलालगंज प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाकर सोशल मीडिया के जरिए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग उठा रहे हैं। उधर तहसील बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष ने भी मसले में जिलाधिकारी से वादकारियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की है। मोहनलालगंज तहसील में आमजन विशेषकर महिलाओं के लिए स्वच्छ शौचालय की सुविधा उपलब्ध नही है। तहसील भवन के भूतल से लेकर दूसरे तल तक के शौचालय कर्मचारियों ने अपने लिए आरक्षित कर रखे हैं। जबकि तहसील परिसर के पिछले हिस्से और नई जेल रोड की ओर बने शौचालय उपयोग लायक स्थिति में नही हैं। वहीं बार भवन के निकट बने प्रसाधन का टैंक चोंक होने के बाद उसकी सफाई कराने के बजाए तहसील प्रशासन ने प्लाईबोर्ड लगाकर उसे बन्द करा दिया है। लिहाला तहसील आने वाले आमजन विशेषकर महिलाओं को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसे लेकर मीडिया में खबरें छपने के बाद क्षेत्रीय जागरुक लोग अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहे हैं। मिशन शक्ति और स्वच्छता अभियान चला रही सरकार में इस तरह की लापरवाही को लेकर नाराज लोग जिला प्रशासन की चुप्पी टूटने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं तहसील बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने वादकारियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में हो रही लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी से तुरन्त हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की।

# आह्वानः सकारात्मक सोच के साथ बढ़ें लक्ष्य की ओर

● महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का 88 वां संस्थापक सप्ताह समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**महाराणा** प्रताप शिक्षा परिषद के 88 वें संस्थापक सप्ताह समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ ने छात्रों-नौजवानों का आह्वान किया कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। उन्होंने कहा कि नकारात्मक सोच वाला व्यक्ति कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता। कोई व्यक्ति एक दिन में बड़ा नहीं होता बल्कि उसके लिए एक आदर्श सामने रख कर स्वयं को सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर करना पड़ना है।

इस समारोह के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत पहली बार गोरखपुर पहुंचे हैं। उनके सम्मान में कल शाम सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में रात्रि भोज दिया था। सीडीएस से हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि सीमा पर तैनात हमारे जवान अनवरत सकारात्मक उर्जा और सोच के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। सीएम ने कहा कि कोरोना काल में भी यह लगन देखने को मिली है। आज विद्यार्थी और शिक्षक सहित हर व्यक्ति तकनीक सीख रहा है। ऑनलाइन कक्षाएं चल रही हैं। छोटे-छोटे बच्चे आज वर्चुअल क्लास अटैण्ड कर अपने पाठ्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं। अब बच्चे पूछते है कि स्कूल कब खुलेंगे? उन्होंने कहा कि गूगल और ऑनलाइन ही पढ़ाई नहीं हो सकती। आज बच्चे नई ललक के साथ स्कूल जाना चाहते हैं।



### इंसेफेलाइटिस से जीते, कोरोना को हराएंगे

**सीएम** ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश ने 1977 से 2017 तक इंसेफेलाइटिस से बड़ी लड़ाई लड़ी है। कोई वर्ष ऐसा नहीं जब 600 से 1500 मौतें तीन माह में नहीं होती थी। पिछले तीन वर्षों के अंदर विभागों के बीच समन्वय, स्वच्छ भारत मिशन और जनसमुदाय को अभियान से जोड़ कर सरकार ने इंसेफेलाइटिस के मामलों को न्यूनतम स्तर पर लाने में सफलता प्राप्त कर ली। मौत के आंकड़ों पर 95 प्रतिशत नियंत्रण कर लिया गया। कोविड 19 को लेकर भी पब्लिक अवेरनेस सिस्टम लगाया है। इस अभियान से भी सभी एकजुट होंगे तो कोविड 19 की जंग भी जीत जाएंगे। उन्होंने कहा कि ब्रहमलीन महंत द्विविजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सपना भी पूर्ण हुआ।

### राष्ट्रीय जीवन की भूमिका के लिए खुद को तैयार

**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि यह वर्ष महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 88वां संस्थापक समारोह है। 2031-32 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा। उस वक्त व्यक्तिगत, सामाजिक, राष्ट्रीय जीवन में आप सब की क्या भूमिका होगी, इसके लिए तैयार करना होगा। उन्होने कहा कि आज का अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि नवीन मंच के साथ महाराणा प्रताप, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, पूज्य गुरुदेव के शिक्षा, सेवा एवं स्वास्थ्य के इस प्रकल्प को अपनी सेवा की साधना का हिस्सा मानने वाले महंत अवेद्यनाथ महराज की प्रतिमाएं भी मंच पर स्थापित हुई हैं। यह प्रतिमाएं केवल प्रतिमाएं नहीं बल्कि हमारी प्रेरणा हैं जिनके व्यक्तित्व और कृतित्व से एक नई प्रेरणा हासिल होती है।

## समूह की महिलाएं दृढ़ता से आगे बढ़ेंः मुख्य विकास अधिकारी

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**मुख्य विकास** अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन गरीब परिवारों की आजीविका के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है जिसके अंतर्गत गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा तथा बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय प्रबंधक ए.के.पांडेय के द्वारा 72 स्वयं सहायता समूहों को 4 करोड़ 32 लाख के बैंक क्रेडिट लिंकेज का अधिकार पत्र चेक के माध्यम से सौंपा गया ।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि जनपद में कुल 2500 गठित स्वयं सहायता समूहों का बचत खुलवा दिया जाए जिससे सभी समूहों को रिवाल्विंग फंड दिया जा सके बैंक ऑफ बड़ौदा के अलावा अन्य बैंक शाखाओं से समन्वय करे बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक ने आश्वासन दिया कि सरकारी योजनाओं में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में बढ़-चढ़कर योगदान दिया जा रहा है । मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वह पूर्ण दृढ़ता से आगे बढ़े, विकास विभाग तथा सभी बैंक उनके साथ हैं ।उनकी समस्त समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा ।कार्यक्रम का संचालन आर. बी.यादव उपायुक्त (स्वत: रोजगार) द्वारा किया गया जिसमें समस्त जिला मिशन प्रबंधक उपस्थित थे।

# शिक्षण संस्थाओं को संस्कृति से जोड़ने की जरूरतः रक्षा प्रमुख



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**उत्तर प्रदेश** के गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने किया। इस मौके पर सीडीएस बिपिन रावत ने शिक्षण संस्थाओं को संस्कृति से जोड़ने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत के बगैर किसी को सफलता नहीं मिल सकती। स्वामी विवेकानंद को कोट करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में मुश्किल हालात पेश आते हैं। उनसे उबरकर आगे बढ़ना होता है। जरूरी है कि हम अपनी ताकत की पहचान करें। हम सभी में कुछ गुण और कुछ अवगुण होते हैं। हमें अपने गुणों को आगे बढ़ाना है, अवगुणों पर काबू पाना है। जीवन में कई बार असफलता भी मिलती है लेकिन असफलता से कभी निराश नहीं होना चाहिए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने कहा कि पिछले कई सौ सालों तक हमारे देश पर विदेशियों का कब्जा रहा जिससे विचारधारा में बदलाव आए हैं। शिक्षण संस्थाओं को संस्कृति से जोड़ कर रखने की जरूरत है। ऐसे संस्थानों में हम आपसी मेल-जोल के साथ अपनी शिक्षा प्रणाली को आगे रखते हैं।

### सीएम ने अखंड ज्योति को किया रवाना

**इसके** पहले उद्घाटन समारोह में निकलने वाली शोभायात्रा के लिए मंदिर परिसर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखंड ज्योति को रवाना किया। रथ पर सवार होकर निकली इस ज्योति को कार्यक्रम स्थल पर ज्ञान ज्योति के रूप में प्रतिष्ठित किया गया। इसके साथ ही महाराणा प्रताप इंटर कालेज के प्रांगण पर 88वां साप्ताहिक स्थापना समारोह शुरू हो गया। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**इसके** पहले एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सीडीए बिपिन रावत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में महाराणा प्रताप, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की आदमकद प्रतिमाओं का लोकार्पण किया। इसके पहले उन्होंने ध्वजारोहण किया।

### जीवन में शिक्षक का बड़ा महत्व

**सीडीएस** रावत ने कहा कि शिक्षक का जीवन में बड़ा महत्व होता है। आज भारत नए रूप में उभर कर सामने आना वाला है। आर्थिक गतिविधियां, शिक्षा प्रणाली, सामाजिक उन्नति, शहरीकरण और तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल से देश उज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है। लेकिन इसके साथ ही आपकी प्रगति भी जरूरी है। देश आप पर निर्भर है। आप प्रगति करेंगे तो देश भी प्रगति करेगा। देश का भविष्य आप के हाथों में है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी सोच को हमेशा ऊंचा रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि आप तारों तक पहुंचने की सोच रखेंगे तभी चांद पर पहुंचेंगे। कड़ी मेहनत के बिना कोई सफलता नहीं मिलेगी। स्वामी विवेकानंनद कहा था कि रोज की दिनचर्या में कोई मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ता तो आप आगे नहीं बढ़ेंगे। मुश्किल हालात से उबरकर आगे बढ़ना होगा। जनरल रावत ने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि आप सूरज जैसी चमक चाहते हैं तो सूरज जैसा जलना भी होगा। कड़ा परिश्रम कर पसीना बहाना होगा। स्कूली जीवन में किसी को अपना आईकान बनाएं तो ध्यान रखें कि वह सही रास्ते पर चलने वाला हो। जब भी कुछ करें तो टीम वर्क की भावना से करें। मैं शब्द को अपने शब्दकोश से निकाल दें, हम शब्द का इस्तेमाल करें।

## रानोपाली चौकी क्षेत्र में चोरों ने बुलट को उड़ाकर पुलिस को दिखाया ठेंगा

**अयोध्या।** अयोध्या कोतवाली के रानोपाली चौकी क्षेत्र में गुरूवार की देररात्रि में घर के सामने से ही बाईक चोरों ने एक व्यक्ति की नई बुलट पार कर दी। सुबह उठने के बाद बुलट मालिक को गाड़ी न होने पर इसका एहसास हुआ। जानकारी होने पर पीड़ित के घर लोगों का जमावड़ा हो गया। वही घर पर खड़ी बुलट जिसका नम्बर यूपी 42बीए-7071 अभी पिछले 6 माह की खरीदी बतायी जा रही है। गाड़ी मालिक दिनेश सिंह ने तहरीर पुलिस चौकी को दे दी है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने निकट के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमें चोरी करने वाले आरोपी नकाब में नजर आ रहे है। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज पवन सिंह राठौर ने सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुये बताया कि आरोपी बहुत जल्द ही हमारी पकड़ में होंगे। वैसे घटनास्थल पर मौजूद लोगों द्वारा चीता मोबाइल का इस गांव में कभी कभी आना बताया जा रहा है।

## किसान स्वाभिमान यात्रा गोंडा से चलकर सात को पहुंचेगी अयोध्या

**अयोध्या।** मसौधा बाजार में किसान कांग्रेस अध्यक्ष हरिपाल वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक की गई बैठक में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तरूण पटेल प्रदेश के समस्त जनपदो में किसानो के दुख दर्द को जानने के लिए किसान स्वाभिमान यात्रा पर निकले है। यह यात्रा 7 दिसम्बर को गोण्डा से चलकर अयोध्या जनपद नया घाट पर सुबह 11 बजे पहुच रही है। बैठक में किसान यात्रा के रूप रेखा व तैयारी के सम्बन्ध में किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दिनेश शुक्ला व अनिल तिवारी तथा प्रदेश सचिव राकेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता कर्मराज यादव सम्मिलित हुए यात्रा नया घाट से चलकर इलाहाबाद बाई पास होते हुए मसोधा बाजार गन्ना मिल के पास किसानो को सम्बोधित करेगी वहॉ से निकलकर विकास नगर चैराहा पहुचेगी वहॉ किसानो से मुलाकात कर उनके दुख दर्द को सुनेगी तदोपरान्त नऊवां कुआं होते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव लाल मोहम्मद द्वारा सोहावल में स्वागत किया जायेगा वहॉ से संजयगंज होते हुए सुरवारी ग्राम सभा पहुचेगी वहॉ पर किसानो से मुलाकात करेगी। सुरवारी से निकल कर ड्योढ़ी बाजार पहुचेगी वहॉ पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश कोरी के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया जायेगा वहॉ से मुबारकगंज में किसान स्वाभिमान यात्रा का शिव कुमार वर्मा व विमल गुप्ता के नेतृत्व में स्वाभिमान यात्रा का स्वागत किया जायेगा। स्वाभिमान यात्रा बड़ा गॉव होते हुए रानीमऊ रूदौली एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला के आवास पर किसान चौपाल को सम्बोधित कर रात्रि विश्राम करेगी। 8 दिसम्बर को यात्रा बाराबंकी जनपद में प्रवेश करेगी बैठक में कांग्रेस पार्टी के सोहावल ब्लाक अध्यक्षए मसोधा ब्लाक अध्यक्ष व अन्य कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## जिले में दो स्थानों पर बड़ा सड़क हादसा

**अम्बेडकरनगर।** जिले में दो स्थानों पर हुए सड़क हादसे में कोई हताहत तो नही हुआ लेकिन दुर्घटना में वाहनों की हालत देखने के बाद लोगों की रूह कांप गई। दोनों दुर्घटनाएं अलीगंज थाना क्षेत्र में हुई। इसके अलावां आलापुर थाना क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह टाण्डा कलवारी पुल पर बड़ा हादसा हुआ। यहां पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बोलेरो पुल की रेंलिंग को तोड़कर हवा में उछल गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई। हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत नही हुआ। दूसरी दुर्घटना अकबरपुर-टाण्डा मार्ग पर महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज के पास हुई। यहां गिट्टी लदे ट्रक व पिकप में हुई टक्कर में जहां पिकप क्षतिग्रस्त हो गई वहीं ट्रक खांई में पलट गया। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रक का टायर फट गया था जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर दूध लेने जा रही पिकप से टकरा गया।

## 'ध्रुव तारा' की तरह टीके हैं ध्रुव, जीत की लगाई हैट्रिक

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**उत्तर प्रदेश** विधानपरिषद की शिक्षक निर्वाचन गोरखपुर-फैजाबाद क्षेत्र से शर्मा गुट के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने 1935 वोटों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अजय सिंह को हरा दिया है। उन्हें कुल 11154 मत मिले जबकि अजय सिंह को 9219 मत प्राप्त हुए। ध्रुव त्रिपाठी की जीत दूसरी वरीयता के मतों से हुई। 16 में से 14 प्रत्याशी परिणाम की दौड़ से बाहर होते गए। पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर चुनाव लड़ने वाले निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव ने 4529 मत हासिल करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। चौथे स्थान पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश कुमार यादव रहे, उन्हें 2667 वोट मिले। मंडलायुक्त/ रिटर्निंग आफिसर जयंत नार्लिकर ने विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन की मतगणना गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में शुरू हुई। देर रात तक चली मतगणना में मुख्य मुकाबला ध्रुव कुमार त्रिपाठी और अजय कुमार सिंह के बीच सिमटा दिखा। दोनों के बीच काटे की टक्कर दिखी। पहली वरीयता की गिनती में ध्रुव कुमार 854 वोटों से आगे रहे। प्रथम वरीयता के वोटों की गिनती शाम पांच बजे पूरी हुई। प्रथम वरीयता की गिनती में परिणाम न आने से शाम सात बजे आरओ टेबल पर द्वितीय वरीयता के मतों की गिनती शुरू हुई। प्रथम वरीयता के मतों की गिनती के बाद सर्वाधिक 8730 वोट जहां ध्रुव कुमार त्रिपाठी को मिला वहीं सबसे कम 58 वोट अनिल कुमार गौतम को मिला। 7876 वोट पाकर अजय सिंह जहां दूसरे नम्बर पर रहे वहीं राजीव यादव 3614 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। कुल 28802 वोटों की गिनती हुई। गिनती में 1277 अवैध वोट मिले। मतगणना स्थल पर डीएम गोरखपुर के. विजयेंद्र पांडियन, डीएम देवरिया अमित किशोर, अपर आयुक्त प्रशासन गोरखपुर अजय कांत सैनी, एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार सिंह तथा बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद हैं।



### प्रथम वरीयता के मतों की गिनती के बाद रोकी गई मतगणना

**प्रथम वरीयता** के मतों की गिनती के बाद कर्मचारियों ने कुछ देर के लिए मतगणना रोक दी। करीब सात बजे द्वितीय वरीयता के मतों की गणना शुरू हो गई। दूसरी वरीयता के वोटों की गिनती में भी कांटे की टक्कर दिख रही थी। ठिठुरन भरी रात में भी दोनों प्रत्याशियों के समर्थक डटे रहे। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रथम चरण के मतों की गिनती पूरी होने के बाद दूसरी वरीयता के मतों की गिनती शुरू हुई। तब तक 11 प्रत्याशी अनिल कुमार गौतम, अनिल कुमार श्रीवास्तव, नागेंद्र दत्त त्रिपाठी, देशबंधु शुक्ला, लाल बहादुर यादव, अरुण सिंह, रमेश कुमार विमल, नागेंद्र प्रताप सिंह, विभ्राट चंद कौशिक,राम प्रताप राम व राम जन्म सिंह एलिमिनेट हो चुके थे। ध्रुव त्रिपाठी और अजय सिंह के बीच कांटे की टक्कर जारी थी।

### यह शिक्षकों की जीत हैः ध्रुव कुमार त्रिपाठी

**जीत** के बाद ध्रुव कुमार त्रिपाठी के समर्थकों ने खुशी मनाई। इस मौके पर ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह शिक्षकों की जीत है। शिक्षक विरोधी ताकतें परास्त हुई हैं। शिक्षक समुदाय पूरे प्रदेश में रणनीति बनाकर शिक्षकों के हित में काम करेगा। वित्तवहीन शिक्षकों और नई पेंशन योजना के तहत नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों को साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी शिक्षकों को समान काम का समान वेतन और पुरानी पेंशन दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। सभी शिक्षकों को मेडिकल सुविधा दिलाने की लड़ाई भी लड़ी जाएगी।

## एक किलो 400 ग्राम गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**अयोध्या।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के पूराबाजार चौकी क्षेत्र में अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस संदर्भ में पूराबाजार चौकी इंचार्ज अश्वनी प्रताप सिंह ने बताया कि रात्रि में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध गांजा बेचने के फिराक में बाजार में ही बैठा है। सूचना के तुरन्त बाद हम अपने हमराही बिन्द्रेश कुमार, अमित कुमार व सर्वेश कुमार यादव के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर जब कड़ाई से पूछतांछ की तब इसने अपनी पहचान मृत्युंजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र राज नारायण सिंह निवासी पूराबाजार के रूप में बतायी। इसने बताया कि यह काफी दिन से गांजे का अवैध कारोबार करता है। जामा तलासी में इसके पास एक किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर इसके खिलाफ धारा एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## युवती के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अम्बेडकरनगर।** एक पखवाड़े पूर्व कंप्यूटर क्लास के लिए निकली युवती का अपहरण करने वाले आरोपी युवक को बसखारी पुलिस ने गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र की निवासिनी युवती बीते 17 नवंबर को घर से कंप्यूटर क्लास करने पास में ही स्थित एक कंम्पयूटर सेंटर गयी थी। शाम तक युवती के घर न पहुंचने पर परिजनों ने कंप्यूटर सेंटर पर पूछताछ की। तो युवती के सहेलियों ने जलालपुर थाना क्षेत्र के गोलपुर निवासी मोहिबुल हक पुत्र अब्दुल रब के साथ जाने की बात बतायी। मामले की जानकारी होने पर युवती के पिता ने बसखारी थाने पर आरोपी के खिलाफ नामजद प्रार्थना पत्र देकर अपहरण के आरोप में मुकदमा पंजीकृत करवाया था। इस दौरान अपहृता ने बीते 30 नवंबर को नाटकीय तरीके से आरोपी के चंगुल से छूटकर थाने पर पहुंच गयी तथा आरोपी के खिलाफ डरा धमकाकर दुराचार करने का आरोप लगाया।

## विवाद के चलते धान क्रय केंद्र पर खरीद ठप

● क्रय केन्द्र पर हंगामा करते हैं गल्ला व्यवसायी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी** द्वारा धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण प्रतिदिन किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद वहां पर समस्याएं कम नही हो रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा पहले आओ पहले पाओ की नीति लागू कर दिये जाने के बाद क्रय केन्द्रों पर आये दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। पहले तौल कराने के लिए क्रय केन्द्र प्रभारियों व तथा कथित किसानों से जगह-जगह विवाद हो रहा है। जिला मुख्यालय के इल्तिफतगंज मार्ग पर स्थित सोसाइटी में बने पीसीएफके धान क्रय केन्द्र पर इसी प्रकार के विवाद के चलते शुक्रवार को धान का क्रय नही किया गया। इस क्रय केन्द्र पर आस-पास के कुछ चुनिंदा गल्ला व्यवसायी किसानों का कागज लेकर धान की बिक्री करने के लिए पंहुच रहे हैं। कुछ दिन पूर्व गौसपुर गांव के एक गल्ला व्यवसायी द्वारा इसी केन्द्र पर विवाद किये जाने के बाद नायब तहसीलदार को पंहुच कर हस्तक्षेप करना पड़ा था। जानकारी के अनुसार इस क्रय केन्द्र पर गल्ला व्यवसायी रात में ही ट्राली लेकर पंहुच जाते हैं तथा पहले तौल करने के लिए क्रय केन्द्र प्रभारी पर दबाव बनाते हैं। उसके इनकार करने पर यह लोग विवाद पर उतारू हो जाते हैं। जिसके कारण वास्तविक किसानों का धान क्रय किये जाने में परेशानी आ रही है। उच्चाधिकारियों से शिकायत के बावजूद भी इसका कोई समाधान नही निकल पा रहा है। विवाद को देखते हुए क्रय केन्द्र प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को सूचना देते हुए शुक्रवार को धान की खरीद रोक दिया ।प्रभारी का कहना है कि क्रय केन्द्र पर जब तक समुचित व्यवस्था नही की जाती वह खरीद नही करा पायेंगे।



जिला मुख्यालय पर स्थित धान क्रय केन्द्र पर ठप पड़ी खरीद पायनियर

## क्विक न्यूज

### सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 73 जोड़े

**गोरखपुर।** चरगावां विकास खण्ड के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम खुशहाल प्रसाद कन्या इंटरमीडिएट कालेज सरैया में सभी धर्मों के रीति रिवाजों के साथ 73 जोड़ी विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लेकर दाम्पत्य सूत्र में बंधे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बतौर मुख्य अतिथि बांसगांव लोकसभा के सांसद कमलेश पासवान, विशिष्ट अतिथि पिपराईच विधानसभा के विधायक महेंद्रपाल सिंह व उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के सभापति संतराज यादव ने सभी को आशीर्वाद देकर सुखमय और खुशहाल जीवन जीने की मंगल कामना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चरगावां विकास खण्ड के ब्लाक प्रमुख सुनील पासवान ने किया। आचार्य बृज बिहारी मिश्र, पंडित कमलेश शास्त्री व आंनद मिश्रा और मौलवी मोहम्मद हदीश ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार और कलमा पढ़कर विवाह संपन्न कराया। बांसगांव सांसद कमलेश पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समाज हित में एक सोच और बहुत ही सराहनीय कदम है। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर एनडीआरएफके सहायक कमांडेंट पंकज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अलख निरंजन मिश्र, एडीओ समाज कल्याण भास्कर मिश्रा, भटहट ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार, खण्ड विकास अधिकारी चरगावां कृतिका अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य हनुमान बेलदार, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालजी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी संतोष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें।

### जानलेवा टूटी पाइप पर कब पड़ेगी साहब की नजर!

**अम्बेडकरनगर।** सावधान, यदि आप अकबरपुर तहसील में प्रवेश कर रहे हैं तो संभल कर जायें। प्रवेश द्वार पर ही जमीन पर लगाई गई लोहे की टूटी पाइप आपके लिए कभी भी खतरे की घंटी साबित हो सकती है। लगभग छ: माह से टूटी हुई इसी पाइप से होकर जनपद व तहसील स्तरीय अधिकारी तहसील में प्रवेश करते हैं लेकिन इस पर किसी की भी नजर नही पड़ रही है। यह पाइप पूर्वी किनारे से टूटकर लगभग एक फिट ऊपर उठी हुई है जिसे कुछ दिन पूर्व तार से बांधकर खतरा कम करने का प्रयास किया गया था लेकिन बाद में यह तार भी निष्प्रयोज्य हो गया। देखना यह है कि तहसील प्रशासन की नजर इस पर कब पड़ती है।

### गन्ना तोड़ने पर युवक की पीट-पीट कर हत्या

**अम्बेडकरनगर।** बीते बृहस्पतिवार की देर शाम गन्ना तोड़ने को लेकर हुए विवाद को लेकर हुई युवक की हत्या के मामले में बसखारी पुलिस ने मृतक युवक के परिजन की तहरीर पर 4 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कर उनकी सरगर्मी से तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रायडीह सराय चककटैया गांव के निवासी बबलू पुत्र लालजी व सौरभ पुत्र प्रदीप बीते गुरुवार शाम को नाऊनगर बाजार गए थे। वहां से लौटते समय दोनों लोग संदहा डड़वापुर के पास एक गन्ने के खेत से गन्ना तोड़ लिया। आरोप है कि उसी समय मौके पर संदहा डड़वापुर निवासी दिलीप पुत्र पुनवासी व रामपूजन पुत्र वीरधारी मौके पर पहुंच कर गन्ना तोड़ने के लिए वाद-विवाद करने लगे। वाद विवाद के दौरान दिलीप के चाचा राममूरत पुत्र बीरे व राकेश पुत्र राममगन भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी लोगों ने मिलकर गाली गलौज देते हुए लात घूसों तथा गन्ने से बब्लू के सिर पर वार कर दिया। जिससे बबलू मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल घायल अवस्था में बब्लू को सीएचसी बसखारी पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों समेत पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बसखारी थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही पुलिस मृतक युवक के परिजन की तहरीर पर उपरोक्त चारों लोगों के विरुद्ध हत्या व दलित उत्पीड़न से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में बसखारी पुलिस तीन संदिग्धों को भी उठा कर इस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ हत्या व दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे है।

### आयुष विवि. खोले जाने का आइएमए ने किया विरोध

**गोरखपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) आयुष विश्वविद्यालय को खिचड़ी मेडिकल शिक्षा मानता है। इसलिए विरोध कर रहा है। आइएमए के आह्वान पर खिचड़ी मेडिकल शिक्षा के खिलाफ शहर के सभी डाक्टर 11 दिसंबर को सामान्य मरीज नहीं देखेंगे। इमरजेंसी मरीजों के लिए अस्पतालों का द्वार खुला रहेगा। इसके पूर्व सांकेतिक आंदोलन की शुरुआत आठ दिसंबर को ही 20 डाक्टर दो घंटे ओपीडी बंद करके कर देंगे। ये डाक्टर सीतापुर आइ हास्पिटल स्थित आइएमए कार्यालय पर दोपहर 12 से दो बजे तक प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के पूर्व सचिव डा. राजेश गुप्ता ने दी।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश
### थानों आदि में लगें सीसीटीवी

**सर्वोच्च** न्यायालय ने आदेश दिया है कि हिरासत में होने वाले अत्याचारों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस थानों व एजेंसियों के पूछताछ कक्षों तथा जेलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा उनका रिकार्ड सुरक्षित रखा जाए। इस प्रकार पुलिस को कभी-कभी हिरासत में होने वाले अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराने की प्रक्रिया शुरू हुई है। सुप्रीम कोर्ट के इस उल्लेखनीय फैसले में थानों के साथ केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई, राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए व प्रवर्तन निदेशालय-ईडी को शामिल किया गया है। अदालत ने पूछताछ कक्षों, लाकअप, प्रवेश व निकास, लाबियों, इंस्पेक्टर व सबइंस्पेक्टर कार्यालयों तथा वाशरूमों के बाहर ऐसी व्यवस्था करने को कहा है। वीडियो व आडियो रिकार्डिंग 18 महीने तक सुरक्षित रखी जाएगी तथा एक स्वतंत्र समिति मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में उनका मूल्यांकन करेगी। इस फैसले से निसंदेह पुलिस के लिए जानकारी जुटाने के लिए बर्बर तरीके अपनाना कठिन हो जाएगा। तमिलनाडु में पुलिस हिरासत में दो लोगों की मौत के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला आया है। तुत्तीकोरिन में एक पिता पुत्र से लंबे समय तक बर्बरतापूर्वक पूछताछ की गई थी तथा पुलिस हिरासत में उत्पीड़न व यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। पचास वर्षीय पी.जयराज व उनके बेटे 31 वर्षीय जे. फीनिक्स को आईपीसी की धारा 188, 383 व 506 में हिरासत में लिया गया था। हालांकि, धारा 188-अधिकारी द्वारा निर्धारित समयसीमा का उल्लंघन इतनी गंभीर नहीं थी कि उसके लिए हिरासत में



रात भर पूछताछ की जरूरत होती। इसके साथ ही धारा 383-धमकी देकर पैसा वसूलने व धारा 506-आपराधिक धमकी के कोई गवाह नहीं थे। पुलिस थाने से आधा किलोमीटर दूर रहने वाले कई गवाहों ने हिरासत में लिए लोगों के रात में चीखने-चिल्लाने व सहायता मांगने की आवाजें सुनी थीं। अगले दिन हिरासत से छोड़ने के समय उनके कपड़े फटे थे तथा उनके गुप्तांगों से काफी खून निकल रहा था। इससे उनको कुछ ही घंटों में 10-12 बार कपड़े बदलने पड़े थे। इसके बावजूद ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर ने उनका स्वास्थ्य ठीक बताया था क्योंकि शायद वह इंस्पेक्टर का गुस्सा नहीं मोल लेना चाहता था। इसके बाद कुछ ही घंटे में दोनों की मौत हो गई। इस घटना से हिरासत में होने वाली मौतों की भयावहता स्पष्ट हुई थी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग-एनएचआरसी आंकड़ों के अनुसार मार्च, 2020 तक एक दशक में न्यायिक व पुलिस हिरासत में 17,146 लोगों की मौत हुई। इस वर्ष काफी समय लाकडाउन के बावजूद हिरासत में 914 मौतें हुई हैं जिनमें से 53 सीधे पुलिस की निगरानी में हुईं। इसके साथ ही उच्च जातियों के अत्याचारों के शिकार अनेक दलितों, गरीबों व हाशियाकृत लोगों ने पुलिस के अत्याचारों की शिकायत की है। 2005 के बाद अत्याचार करने वाले किसी पुलिस अधिकारी को सजा नहीं मिली है। हिरासत में अत्याचारों के लिए सजा होना कठिन है क्योंकि सरकारी अधिकारियों के खिलाफअभियोजन के लिए सरकारी अनुमति की जरूरत होती है। इसके साथ ही हिरासत में अत्याचार पर कोई कानून अभी नहीं है। पुलिस सुधारों के अभाव के कारण भी पुलिस बलों को ज्यादा आधुनिक व डिजिटल-सहायता वाली पूछताछ विधियों का प्रशिक्षण नहीं मिलता है और वे परंपरागत तरीकों पर निर्भर रहते हैं। अधिकांश मौतों का कारण हिरासत की लंबी अवधि भी है। एनएचआरसी आंकड़ों के अनुसार 92 प्रतिशत मौतें न्यायिक हिरासत में हुई थीं जिसकी अवधि 60 से 90 दिन तक हो सकती है। पुलिस हिरासत में किसी व्यक्ति को 24 घंटे के लिए रखा जाता है, लेकिन मजिस्ट्रेट के आदेश से यह अवधि 15 दिन की जा सकती है। मुंबई में 80 के दशक में व इसके बाद भी 'इन्काउंटर स्पेशलिस्टों' को त्वरित न्याय देने के कारण नायक जैसा सम्मान मिलता था और सभ्य समाज भी इसे स्वीकार करता था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय का आदेश पुलिस पर आवश्यक लगाम लगाएगा।

# इजरायली रणनीति पर सवाल

संभवत: नेतन्याहू जैसे राजनेताओं का राजनीतिक आकर्षण शांति की स्थिति में कमजोर होता है। इसके उलट उकसावे, तनाव व हिंसा से उनकी छवि निखरती है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू-'बीबी' एक ऐसे इजरायली नेता हैं जिन्होंने इजरायली रक्षा बलों-आईडीएफ में सेवा दी है। वे एक सैनिक परिवार से हैं। उनके बड़े भाई योनाटन नेतन्याहू साहसी आपरेशन इंटेबे में शामिल इस्राइल के एकमात्र शहीद थे। बेंजामिन भी सईरेट मटकल-विशेष बल इकाई में टीम लीडर थे जिसने सीरिया में अनेक गोपनीय आपरेशन गिफ्ट व आपरेशन आइसोटोप जैसी कार्रवाइयों को अंजाम दिया था। अपहरण-विरोधी आपरेशन में उनके कंधे में गोली लगी थी। लेकिन आज बेंजामिन नेतनयाहू राजनीति में अपना सिक्का जमाने वाले नेता तथा सबसे लंबे समय से इजरायली प्रधानमंत्री हैं। वे 1966-1999 व 2009 से आज तक प्रधानमंत्री हैं। वे अनेक कठिनाइयों से उबरने में सफल रहे हैं। इनमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों बिल क्लिंटन व बराक ओबामा के कार्यकाल रहे हैं जो अपनी नीतियों में कट्टरपंथी नहीं थे। वे सेक्स टेपों, नाराज सहयोगियों, मीडिया से छेड़छाड़ तथा धोखाधड़ी व रिश्वत के आरोंपों से पीछा छुड़ाने में सफल रहे हैं। वर्तमान समय में निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में उनको संभवत: जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।

लेकिन इस्राइल के एक और युद्ध नायक व सईरेट मटकल में नेतनयाहू के सहयोगी एहुड बराक ने इस राजनेता के बारे में महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। बराक स्वयं पूर्व इजरायली चीफ आफ जनरल स्टाफ तथा इजरायली इतिहास के सर्वाधिक पुरस्कृत सैनिक हैं। 1999 में उन्होंने प्रधानमंत्री पद पर नेतनयाहू का स्थान लिया था। सेना और नीसेट में नेतनयाहू के साथ काम कर चुके बराक का दावा है कि 'नेतनयाहू ने दिखाया है कि उनकी किसी विधिक नियमन में दिलचस्पी नहीं है'। कानूनी दांवपेंचों में फंसने के बाद उनको लगता है कि 'वे इससे कहीं नहीं पहुंचेंगे तथा उनकी प्राथमिकता सुनवाई से बाहर रहना है।' बराक ने अनुमान लगाया है कि एक परेशान, अनैतिक व क्रूर नेतनयाहू ऐसी आंतरिक व बाहरी परिस्थितियां पैदा कर सकते हैं जिनमें उनकी राजनीतिक लोकप्रियता मजबूत हो और उनको अपरिहार्य मान लिया जाए। बराक के साथ 300 से अधिक इजरायली सेना, पुलिस, शिनबेट सुरक्षा सेवा तथा मोसाद के लोग व अन्य आईडीएफ प्रमुख हैं जिनमें गैबी अश्केनाजी, मोशे यालोन व बेनी गांट्ज़ शामिल हैं। सालों पहले विपक्षी नेता के रूप में नेतनयाहू ने तत्कालीन प्रधानमंत्री यिटजिक राबिन के खिलाफ ओस्लो शांति संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद विरोध प्रदर्शन किए थे।

इसमें एक नकली अंतिम यात्रा निकाली गई थी जिसमें काले ताबूत के साथ 'राबिन की मौत' के नारे लगाए गए थे। कुछ दिनों के बाद यिटजिक राबिन की एक इजरायली ने हत्या कर दी थी जो शांति समझौते का विरोधी था। इसके बाद अतिवादी कट्टरपंथियों की वापसी हुई थी जिनमें नेतनयाहू सर्वाधिक उल्लेखनीय हैं।

अब नेतनयाहू डोनाल्ड ट्रंप के बाद अमेरिकी प्रशासन से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। विदेश सचिव के रूप में एंथोनी ब्लिंकेन के नामांकन ने उनकी चिन्ता बढ़ा दी है। ब्लिंकेन ईरान के साथ शांति स्थापना के स्पष्ट समर्थक हैं तथा उन्होंने तेलअबीब से अमेरिकी दूतावास को येरूशलेम स्थानान्तरित करने के विवादास्पद निर्णय की आलोचना की है। नेतनयाहू समझते हैं कि ट्रंप की विदाई के कुछ सप्ताह पहले राजनीति में इस प्रकार के परिवर्तनों से व्हाइट हाउस में उनके लिए स्पेस कम हुआ है। मध्य पूर्व में स्थिति के बारे में परोक्ष रूप से गतिविधियां बहुत तेज हैं। सऊदी राजकुमार मुहम्मद बिन सलमान से नेतनयाहू की बैठक अब कोई गोपनीय बात नहीं रह गई है। सार्वजनिक बयानों, राजनीतिक दृष्टिकोण तथा अधिकारिक रूप से इनकार के बावजूद रियाद व तेलअबीब पहले के किसी अन्य समय की तुलना में आज रणनीतिक रूप से एक-दूसरे के निकट हैं। उनके बीच इस एकता का कारण ईरान है। ईरानी सैनिक रूप से सऊदी अरब तथा यमन में उनके मुहरे हौती विद्रोहियों को चुनौती दे रहे हैं। वे सीरिया-ईराक इलाकों में सऊदी-समर्थित सुन्नी मिलिशिया का विरोध कर रहे हैं। पश्चिमी किनारे में ईरान समर्थित हमास व लेबेनान में शिया हिजबुल्ला इस्राइल से मुकाबला कर रहे हैं। इस प्रकार ईरान दोनों का समान रूप से शत्रु है अत: उसके खिलाफआरोप लगाए जा रहे हैं तथा बदले की परोक्ष व गोपनीय कार्रवाइयां जारी हैं।

2018 में रक्षा मंत्रालय में एक प्रेस सम्मेलन में नेतनयाहू ने ईरानी वैज्ञानिक मोहसिन फखरीजादे के चित्र के सामने खड़े होकर एक बयान दिया था। उन्होंने उनके चित्र की ओर उंगली उठा कर कहा था, 'इस नाम को याद रखें फखरीजादे'। पिछले सप्ताह फखरीजादे की एक अज्ञात बंदूकधारी ने हत्या कर दी। ईराने ने स्पष्ट रूप से 'आक्रामक यहूदीवादी सरकार के हत्यारों' पर आरोप लगा कर नेतनयाहू की सरकार की ओर इशारा किया है। इस हत्या का समय खासतौर से चुना गया है। ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर संभावित परिवर्तन की ओर संकेत करते हुए कहा था, 'दुश्मनों को तनाव से भरे सप्ताहों का सामना करना पड़ रहा है।'

अंतरराष्ट्रीय निगरानी एजेंसी इंटरनेशनल एटामिक इनर्जी एजेंसी-आईएईए ने स्वीकार किया था कि वास्तव में फखरीजादे ईरानी नाभिकीय कार्यक्रम के प्रमुख थे। लेकिन उसने अमेरिका के एकपक्षीय रूप से ईरान नाभिकीय समझौते से अलग होने के बावजूद खतरे के कोई संकेत नहीं दिए थे। विधिक रूप से अब ईरान अमेरिका द्वारा संधि से हटने के बाद नाभिकीय कार्यक्रम से बाध्य नहीं है, हालांकि उसने आईएईए को आश्वासन दिए हैं कि ईरान सभी प्रतिबद्धताओं का पूरी तरह पालन कर रहा है। ट्रंप-नेतनयाहू को ईरान के खिलाफ उकसावे वाली गतिविधियों से बचना चाहिए था जिनमें जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या भी शामिल है। सुलेमानी ने आईएसआईएल व ईराक-सीरिया खलीफत जैसे खतरनाक संगठनों को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

फखरीजादे की हत्या से ईरानी नाभिकीय तैयारी पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि वह किसी व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। अत: इसके पीछे शुद्ध राजनीतिक उद्देश्य है। इस कृत्य का उद्देश्य जानबूझ कर रिश्ते खराब करना है ताकि ईरान को जवाबी कार्रवाई पर मजबूर किया जा सके। इससे बाइडेन प्रशासन द्वारा संभावित शांति प्रयासों में बाधा आ सकती है। राष्ट्रपति चुनाव के ठीक पहले ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ सैनिक कार्रवाई पर विचार चर्चा का विषय रहा है। इसी राजनीतिक दृष्टिकोण से तेलअबीब व तेहरान के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ने से काफी सीमा तक हाशिए पर धकेले जा चुके नेतनाहू के पक्ष में राष्ट्रवादी भावनाओं का उभार हो सकता है।

उनके जैसे राजनेता के लिए शांति से छवि खराब होती है, जबकि उकसावे, तनाव व हिंसा से आकर्षण बढ़ता है।

# कृत्रिम बुद्धि तकनीक बनाम निजता के सरोकार

**मेखला पाण्डेय**
(लेखिका पेशे से अधिवक्ता हैं)



जॉर्ज ओरवेल ने, 1984 में अपनी कृति 'डायस्टोपियन मास्टरपीस' में एक ऐसे समाज की परिकल्पना की थी जो तकनीकी रूप से प्रगतिशील होता है। लेकिन व्यक्ति, निरंतर पर्यवेक्षित होते हुए व अल्प निजता के साथ एक वृहद् यद्यपि उन्नत मशीन के पहिए में पुर्जा बनकर रह जाता है। अपनी पत्रिका में, ओरवेल ने 'टेलीस्क्रीन' नामक एक ऐसे उपकरण की अवधारणा पेश की थी जो घरों व सार्वजनिक स्थानों पर स्थित होता है, और लोगों की पहचान कर सकता है तथा उनके भौतिक एवं चेहरे की अभिव्यक्तियों की निगरानी व विश्लेषण कर सकता है। ये उपकरण रहस्यमय ढंग से आज के दौर की कृत्रिम बुद्धि की संकल्पना एवं प्रगति को प्रतिबिम्बित करता है, खासकर चेहरा पहचानने की तकनीक (एफआरटी) को। यह एक बायोमेट्रिक तकनीक है जो लोगों को पहचानने के लिए चेहरे के अद्वितीय लक्षणों का इस्तेमाल करता है, जिसकी रीडिंग की अस्तित्वमान डाटाबेस से तुलना की जाती है। केंद्र ने राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अंतर्गत अपराधी पहचान एवं पुलिस संगठनों में पुष्टीकरण के लिए एक राष्ट्रीय स्वचालितता आधारित चेहरा पहचान प्रणाली (एएफआरएस) गठित किए जाने को मंजूरी दे दी है। इस प्रकार, समय की मांग है एफआरटी के लिए विधि के शासन के आधार पर निजी आंकड़ों के विश्लेषण एवं संग्रहण को प्रशासित एवं विनियमित करना। फिलहाल, देश में ऐसा कोई कानून अथवा विनियमन नहीं है जो ऐसे आंकड़ों के भंडारण एवं विश्लेषण पर नियंत्रण रखता हो। भारत में जनसंख्या के आकार को ध्यान में रखते हुए एवं वाणिज्य, हवाई अड्डों, पहचान एवं पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में एफआरटी के प्रस्तावित प्रयोग को देखते हुए यह खतरनाक है। उदाहरण के लिए, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण ने दिसंबर के अंत से 'दिगी यात्रा' अथवा चेहरा पहचान बायोमेट्रिक आधारित हवाई यात्राएं प्रारम्भ करने की योजना बनाई है। ये व्यवधानकारी तकनीक दो प्रमुख चिंताओं को प्रकाश में लाती है : पहली, क्या एफआरटी की परिशुद्धता बढ़ाने के प्रयास के तहत संग्रहीत किए गए आंकड़े सुरक्षित होते हैं? दूसरा, क्या ऐसे समाज में व्यक्ति की निजता के अधिकार को दरकिनार किया जाएगा जहां बड़े पैमाने पर निगरानी एफआरटी के अंतर्गत निहित होती है?

सर्वोच्च न्यायालय ने, केएस पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ वाद के अंतर्गत, निजता के अधिकार को दृढ़ता के साथ अभिपुष्ट किया और कहा कि यह सार्वजनिक स्थानों तक विस्तारित होता है, और नागरिकों को उनके निजी आंकड़ों के गैर कानूनी संग्रहण अथवा दोहन का विषय नहीं बनाया जा सकता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि निजता के अधिकार का किसी भी प्रकार से उल्लंघन, यथा कानून क्रियान्वयन के उद्देश्य से निजी आंकड़ों का संग्रहण, आनुपातिक मानक को ध्यान में रखकर किया जाए, जो बताता है कि किसी भी प्रकार से आंकड़ों का संग्रहण व विश्लेषण वैधानिक उद्देश्य ये किया जाए, जो अनिवार्य तथा समानुपातिक हो। भारत के निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक, 2019 में शामिल है 'चेहरे की छवि' बायोमेट्रिक आंकड़ों के तौर पर। क्लॉज-3(7) और ऐसे बायोमेट्रिक आंकड़ों को क्लॉज-3(36) में संवेदनशील निजी आकड़ों के तौर पर श्रेणीबद्ध किया गया है। क्लॉज 11 के अनुसार निजी आंकड़ों को आंकड़ा सिद्धांत की मंजूरी के बगैर प्रसंस्कृत नहीं किया जा सकता। विधेयक में निजता के कुछ सरोकारों को संबोधित किया गया है और सराहनीय प्रावधान समाहित किए गए हैं जैसे कि बायोमेट्रिक आंकड़ों (एफआरटी) का उचित सहमति के बगैर संग्रहण के मामले में अथवा ऐसे आंकड़ों के सही न होने की स्थिति में संशुद्धि एवं विलोपन का अधिकार (क्लॉज 18 और 58)। आगे, 2019 के विधेयक के क्लॉज-9 में आंकड़ा संग्रहण के जिम्मेदार व्यक्तियों को उद्देश्य पूर्ण होने की अवधि से परे जाकर निजी आंकड़ों को सग्रहीत रखने की अनुमति नहीं दी गई है जिसके तहत उद्देश्य पूर्ण होने पर प्रसंस्कृत आंकड़ों को मिटाने की आवश्यकता होती है।

आंकड़ा सुरक्षा एवं एफआरटी आकड़ों की निजता से संबंधित देश में बने विनियमनों को निर्धारित करते समय, यूरोपीय संघ के सामान्य आंकड़ा संरक्षण विनियमन को ध्यान में रखा जा सकता है जबकि एफआरटी के लिए बायोमेट्रिक आंकड़ों के प्रसंस्करण में विशिष्ट रूप से मंजूरी लेनी होती है। जीडीपीआर के अंतर्गत यूरोपीय आंकड़ा संरक्षण बोर्ड ने वीडियो उपकरणों के द्वारा निजी आंकड़ों के प्रसंस्करण पर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा निर्देशों में जीडीपीआर के अनुच्छेद-13 को समाहित किया जाता है और वीडियो निगरानी को उद्देश्य विशेष से जोड़ा गया है न कि रोमिंग कार्य के तौर पर जिससे लोगों आंकड़ों से संबंधित अधिकारों का अतिक्रमण होता है। जिनके आंकड़ों संग्रहण किया जाता है उन्हें इस तथ्य से परिचित किया जाना चाहिए कि वीडियो निगरानी चल रही है और इसके लिए निगरानी उपकरणों पर चेतावनियां अंकित की जानी चाहिए।

इस प्रकार अपने आंकड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए, भारत भी जीडीपीआर की ऐसी पारदर्शी एवं पूर्ण विमर्श पद्धतियां तथा अपनी खुद का एफआरटी विनियमन प्रणाली बोर्ड स्थापित करने पर विचार कर सकता है। वैश्विक स्तर पर, देश एफआरटी का इस्तेमाल करने के मामले में सजग होते जा रहे हैं। यूके के सूचना आयुक्त ने एफआरटी के प्रयोग को उचित ठहराने के लिए पुलिस को निर्देश जारी किए हैं और सरकार से गतिविधि संबंधी एक सांविधिक बाइंडिंग संहिता लाने का आह्वान किया है। अमेरिका में, सैन फ्रांसिस्को, बार्केले, पोर्टलैंड, बोस्टन ने सरकारी पदाधिकारियों व निजी बिजनेसों द्वारा एफआरटी के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, वाशिंगटन ने बीच का रास्ता अपनाया है और ऐसा कानून पारित किया है जो सार्थक मानवीय पुनरीक्षण के द्वारा एफआरटी को विनियमित करता है। कृत्रिम बुद्धि तकनीक को मानवीय पुनरीक्षण का विषय बनाया गया है जिससे कि मशीन द्वारा की गई किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा त्रुटियों को सुधारा जा सके। ऐलॉगरिथम्स को इस प्रकार उद्विकसित किया गया है कि विधिक कार्यतंत्र एवं विनियमन तैनाती संबंधी नीतियां निर्धारित करते समय मशीन की परिशुद्धि को ध्यान में रखें। इस प्रकार, इसकी तुलना डिजिटल इंटरकनेक्शनों के सतत प्रवाह पर विनियामक बांध बनाने से की जा सकती है। तकनीक के ऐसे अतिक्रमणकारी उद्विकास को रोकने के लिए, एक विनियन प्रेरित कानून किसी ऐसे निकाय के पर्यवेक्षण में रहना चाहिए जो यूरोपियन आंकड़ा संरक्षण बोर्ड के समकक्ष हो।

व्यक्ति के आंकड़ों के संरक्षण तथा सहमति के परिप्रेक्ष्य में ऐसे आंकड़ों के वैधानिक प्रसंस्करण के उनके मूल विचार को केंद्र में रखकर। इन विनियमनों में निरंतर पुनरीक्षण एवं उच्चीकरण की गुंजाइश रखनी चाहिए। कृत्रिम बुद्धि का प्रयोग हो रहा है। समाज तथा व्यक्तियों को कृत्रिम बुद्धि का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए तकनीक को अन्य कुछ नहीं बल्कि मानवीय आवश्यकताओं के साध्य की पूर्ति का साधन बनाना होगा, नागरिकों व उपभोक्ताओं को किसी साध्य की पूर्ति का साधन न बनाया जाए।

## आप की बात

### जनता की उपेक्षा

**लोगों** की समस्याओं का समाधान नही होता। जिसकी शिकायतें मुख्यमंत्री तक पहुचती हैं। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनता के पास जाकर फीडबैक और विकास कार्यों को देखने का निर्देश दिया। उन्होंने समय पर उपस्थित होकर जनता की समस्याओं को निस्तारित करने और अधिकारियों को भृमण करने को कहा। सूबे के प्रत्येक जिले के जिलाअधिकारी को समस्याओं के निस्तारण की नियमित समीक्षा करें। सत्ता सम्भालते ही योगी जी ने अधिकारियों को भृमण का आदेश प्रत्येक अधिकारी को दिया था। लेकिन चिन्तनीय है मैंने खण्डविकास अधिकारी को भी जनता से गांवो में मिलते नही देखा। जनता की समस्याओं का समाधान नही होता। जो भी रिपोर्ट विभाग द्वारा लगाकर भेज दी जाती है। अधिकारियों के पास उसको देखने का समय नही। जबकि अधिकारी गण केवल प्रार्थना पत्रों पर जांच कर आख्या दी जाए, लिखकर फारवर्ड कर देते है जिसकी जांच निम्न कर्मियों द्वारा करके भेज दी जाती है। जो भी शिकायतें आती हैं उनकी जांच जिले के अधिकारी गण करने जाएं और उनकी जवाबदेही तय की जाये।

– **कुलदीप मोहन**, जरगांव, उन्नाव

### गिरता लोकतंत्र

**हमारे** देश ने संवैधानिक तरीके से 26 जनवरी 1950 में आजादी का स्वाद चखा। लिखित दस्तावेजों के माध्यम से लोगों पर शासन की जा रही है। उस दिन ही हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश के रूप में सम्पूर्ण विश्व के सामने उभरकर सामने आया, पर आज सही मायने में बात करेंगे कि जिस संविधान ने हमलोगों को बोलने की आज़ादी दी है,अपने व्यक्तित्व को लोगो के सामने उजागर करने की आजादी दी है, वो हमलोगों को आज के समय में मिल नही रही है। इन राजनीतिक पार्टियों ने संविधान को ही बदलकर रख दिया है। लोगों से अप्रत्यक्ष रूप में उनका अधिकार छिनने को प्रताड़ित की जा रही है। आज हम सरकार के गलत नीतियों पर उनके खिलाफ डर से कुछ बोल नही पा रहे हैं कि कहीं सलाखों के पीछे न भेज दे। आज सरकार जो भी कानून बना रही है लोगों से कोई फीडबैक नही ले रही,की हमलोग क्या चाहते है। हमें हमारी लोकतांत्रिक शक्ति का उपयोग करने से रोका जा रहा है। आज देश में इतनी भ्रष्टाचार बढ़ गई है कि केंद्र से जब सौ रुपया चलता है लोगों के लिए तो हमारे पास मात्र दस रुपये आते है, बाकी नब्बे का कोई हिसाब ही नहीं। सरकार अपने वोट बैंक के लालच में सिर्फ चुनाव चुनाव पे ही आती है, बाकी कोई मतलब नहीं।

– **सचिन आनंद**, खगड़िया, बिहार


### कोरोनाजनित बदलाव

**कोरोनावायरस** के चलते समाज में युद्ध स्तर पर आमूल चूल परिवर्तन हुआ है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि जहां शादी विवाह आदि आदि कार्यों में बेहिसाब पानी की तरह जो पैसा बहा कर आनाब सनाब खर्चा किया जाता था उस खर्चे पर रोक लग गई। हम आज भी सतर्कता और सावधानी के साथ रहकर जीवन को मर्यादित बना रहे हैं। साथ ही हमने आयुर्वेदिक दवाइयों को भी प्राथमिकता के साथ में उपयोग किया है। कोरोनावायरस की महामारी में हम यह भी सीख गई कि संकट के समय गरीब असहाय, लाचार , बेसहारों मजदूरों आदि आदि की मदद करने में पीछे नहीं हटे। संकट की इस घड़ी में देश के प्रत्येक नागरिक एकता और अखंडता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो गए थे। इसका सबसे अच्छा उदाहरण यही हो सकता है कि जब से कोरोनावायरस ने हमारे देश में दस्तक दी उनके ठीक कुछ ही दिनों बाद इसकी वैक्सीन , दवाई , टीका आदि आदि बचाओ के लिए उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुओं का निर्माण तेजी से होने लगा है यही जीवन के महत्वपूर्ण बदलाव है।

– **प्रकाश हेमावत**, टाटा नगर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** उद्योगपतियों व बिजनेस करने वालों को प्रदेश में अपने बिजनेस स्थापित करने के लिए सुरक्षा, सम्मान तथा अनुकूल वातावरण देंगे।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**उत्तर** प्रदेश में ऐसा कभी नहीं देखा गया कि एक मुख्यमंत्री राज्य के प्रति अपनी दायित्वों को अनदेखा करते हुए अन्य राज्यों में जाकर चुनाव प्रचार करने में व्यस्त हो।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष



**मैं** तत्काल प्रभाव से कोई कदम नहीं उठाऊंगा। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा चीन से आयातों पर लगाए टैरिफ हटाए नहीं जाएंगे।

– **जो बाइडेन**
भावी अमेरिकी राष्ट्रपति

# एमएलसी वाराणसी खंड शिक्षक से लालबिहारी ने प्रमोद को दी शिकस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

- पहली बार सपा के अधिकृत प्रत्याशी के रूप लालबिहारी यादव की हुई जीत

**एमएलसी** वाराणसी खंड शिक्षक कोटे की सीट पर सपा के लाल बिहारी यादव विजयी रहे। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी शिक्षक नेता ओम प्रकाश शर्मा गुट के डा प्रमोद कुमार मिश्र को 936 वोट से शिकस्त दी। लाल बिहारी को 7248 वोट तो वहीं मिश्र को 6830 वोट मिले। अंतिम में मिश्र के वोट अंतरण करने पर सपा के लाल बिहारी के वोट 518 और बढ़ गए। इस तरह वह अपने प्रतिद्वंद्वी से 918 वोट अधिक हासिल कर चुनाव जीत गए हैं। हालांकि जीत का कोटा पूरा न करने व प्रमोद मिश्रा की आपत्ति के कारण अभी परिणाम घोषित नहीं हुआ है। आयोग से अनुमति मांगी गई है। हालांकि महज औपचारिकता ही बताया जा रहा है। शिक्षक सीट पर पिछले 10 साल से काबिज निवर्तमान विधायक चेतनारायण सिंह मतगणना के प्रारंभ से अंत तक तीसरे स्थान पर ही बने रहे । वह मात्र 4858 मत ही पा सके। स्नातक सीट पर भी सपा बढ़त बनाए हुए है। चौथे चरण की मतगणना में आशुतोष सिन्हा को 15035 मत व केदारनाथ सिंह को 13208 मत मिले। आशुतोष सिन्हा 1827 मतों की बढ़त बनाए हुए हैं। शिक्षक प्रत्याशियों के वोट लाल बिहारी यादव 7766, प्रमोद मिश्रा 6830, चेतनारायण सिंह 4858, कृष्ण मोहन यादव 1621,डा.जितेंद्र कुमार सिंह पटेल 783, धर्मेंद्र कुमार 191, डा. फरीद अंसारी 169, डा.



बृजेश 530, रजनी 527, रमेश सिंह 1973, राजेन्द्र प्रताप सिंह 1444, संजय कुमार सिंह 100। स्नातक सीट पर भी सपा बढ़त बनाए हुए है। सपा के आशुतोष सिन्हा 11510 वोट पाकर भाजपा के केदार सिंह से 2140 वोट से आगे हैं। केदार सिंह को 9370 वोट मिले हैं। पहड़िया मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच पिछले 25 घंटे से वोटो की गिनती जारी है। अभी शाम तक चलने की उम्मीद है। स्नातक सीट पर 22 प्रत्याशी मैदान में हैं। 82 हजार 498 वोट पड़े हैं। जीत के लिए कोटा निर्धारित कर दिया गया है। गिनती जारी है।शिक्षक सीट पर पिछले 10 साल से काबिज निवर्तमान विधायक चेतनारायण सिंह मतगणना के प्रारंभ से अंत तक तीसरे स्थान पर ही बने रहे । वहीं स्नातक सीट पर भी सपा बढ़त बनाए हुए है। सपा के आशुतोष सिन्हा 11510 वोट पाकर भाजपा के केदार सिंह से 2140 वोट से आगे हैं। केदार सिंह को 9370 वोट मिले हैं। पहड़िया मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच पिछले 25 घंटे से वोटो की गिनती जारी है। अभी शाम तक चलने की उम्मीद है। स्नातक सीट पर कुल 22 प्रत्याशी मैदान में हैं। 82 हजार 498 वोट पड़े हैं। जीत के लिए कोटा निर्धारित कर दिया गया है। गिनती जारी है।

## पहड़िया में मतगणना के दौरान आब्जर्वर की हालत बिगड़ी, भर्ती कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

- पत्नी हेलीकाप्टर से वाराणसी पहुंचीं, आब्जर्वर को दिल्ली ले जाया जाएगा
- कमिश्नर, आईजी, डीएम एसएसपी सहित कई आला अफसर मौके पर पहुंचे

**एमएलसी** शिक्षक निर्वाचन एवं स्नातक चुनाव के पहड़िया में मतगणना की ड्यूटी कर रहे आब्जर्वर अजय सिंह (आईएएस)अधिकारी की भोर में अचानक हार्टअटैक होने पर उनको तत्काल खजुरी स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहॉ उनकी हालत नाजुक बतायी गई है। आब्जर्वर अजय सिंह की अचानक हालत खराब की सूचना मिलते ही कमिश्नर दीपक अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक विजय सिंह मीणा एवं एसएसपी अमित पाठक सहित दर्जनों अधिकारी अस्पताल पहुॅचे। वहीं सूचना है कि आईएएस अधिकारी अजय सिंह की पत्नी हेलीकाप्टर से वाराणसी पहुॅची है।श्री सिंह को एयर एम्बुलेंस से दिल्ली ले जाने की तैयारी है।

विदित हो कि एमएलसी शिक्षक निर्वाचन व स्नातक चुनाव की मतगणना 03 दिसम्बर से पहड़िया मंडी के सभागार में किया रहा है। चुनाव मतगणना की देखरेख दिल्ली से आए आईएएस अधिकारी अजय सिंह कर रहे थे। मतगणना के दौरान ही शुक्रवार को उनको अचानक भोर में सीने में दर्द हुआ जिससे वे बेहोश हो गया। चुनाव में लगे अधिकारियों ने आब्जर्वर श्री सिंह को तत्काल खजुरी स्थित हार्ट हास्पिटल में भर्ती कराया गया है जहॉ उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की खबर मिलते ही कमिश्नर, डीएम, आईजी, एसएसपी सहित अनेक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुॅचे और आब्जर्वर की तबीयत की खबर सूबे के गृह सचिव अवनीश अवस्थी एवं मुख्यमंत्री को भी दे दिया गया है।

## अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकरण को गैर जमानती वारंट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकरण और अन्य के खिलाफगैर जमानती वारंट जारी किया है और 16 दिसम्बर को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। इन पर कोर्ट आदेश की अवहेलना करने का आरोप है। नोटिस मिलने के बावजूद कोई जवाब नहीं आया और न ही इनकी तरफसे वकील ही आये। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्र ने राज बली सिंह की अवमानना याचिका पर दिया है। कोर्ट ने विपक्षियों को याची को पेंशन आदि का भुगतान पर दो माह में सुप्रीम कोर्ट के प्रेम सिंह केस के निर्देशों का पालन करते हुए निर्णय लेने का निर्देश दिया था जिसका पालन नहीं किया गया तो यह अवमानना याचिका दायर की गयी है।

## पीड़ितों व वंचितों की सेवा ही संगठन का लक्ष्य

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के स्टेशन रोड पर स्थित एक विद्यालय में सामाजिक संगठन लक्ष्य फाउंडेशन की जिला इकाई की बैठक हुई। बैठक में लक्ष्य फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय हलचल ने नगर के प्रमुख समाजसेवी व भाजपा नेता नीरज गुप्ता को संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जितेंद्र हलचल ने कहा कि लक्ष्य फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है। जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर जीवन यापन कर रहे बंधु- बांधव की सेवा, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे, पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन, बाल श्रम तथा युवा बने एक जिम्मेदार नागरिक के साथ विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा के माध्यम से समाज सेवा करना है। नव मनोनीत जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा कि आज समय की मांग है कि हम सभी जन सेवी संगठित होकर गरीबों की सेवा करें। जिससे गरीबो मजलूमों और बेसहारों को सहारा मिल सके।उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से जनपद के गरीब बच्चो, अनाथों,विधवाओं, वृद्धजनों की निरूस्वार्थ भाव से सेवा का अवसर मिला है। वह इस दायित्व को पूरी तन्मयता के साथ निभायेंगे।

## अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, दूसरा घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवखरी के निकट लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां के चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक घायल की मौत हो गई। बुलंदशहर के थाना छतारी अंतर्गत ग्राम चाऊ डेरा निवासी राजपाल 40 व बाल किशन 35 दोनों बाइक से लखनऊ शहर जा रहे थे। रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवखरी के निकट बाइक अनियंत्रित हो गयी और डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## टैम्पो पलटने से बच्चे की मौत

**पाटन।** बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाटन पुरवा मार्ग पर टेंपो पलट जाने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। टेंपो में बैठी अन्य सवारियों को मामूली चोट आई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पाटन पुरवा मार्ग पर पनहन के पास शुक्रवार दोपहर यह दुर्घटना हुई। अपनी नानी के साथ ननिहाल पकरा बुजुर्ग से अपने घर असोहा थाना क्षेत्र के शाहपुर जा रही अंजलि 12 पुत्री नेपाल की टेंपो में दबने से मौत हो गई। घटना के समय साथ रही नानी कलावती ने बताया कि पनहन से चलने वाले टेंपो में वह व अन्य सवारियां बैठी थी। टेंपो चालक ने जैसे ही टेंपो स्टार्ट करने के लिए रस्सा खींचा टेंपो अचानक चल पड़ा। बिना चालक के दौड़ रहा टैम्पो अचलेश्वर मंदिर के पास खंती में पलट गया। दुर्घटना के समय अंजलि टेंपो के नीचे दब गई जिससे उसकी मौत हो गई।

## विद्यापीठ की छात्राओं ने किया योगाभ्यास



**वाराणसी ।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शुक्रवार प्रातः योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं को योगाभ्यास तथा कसरत के द्वारा फिट रहने की सलाह दी गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ केके सिंह ने छात्राओं को फिट रहने के लिए शारीरिक प्रशिक्षण की आवश्यकता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आज के परिवेश में जहां इतनी व्यस्तता है, वहां स्वयं में फिट रहना आवश्यक है। आज के व्यस्त तथा भागदौड़ से भरी जीवनशैली में दिन की शुरुआत शारीरिक योगाभ्यास से करते हैं तो हमारा संपूर्ण दिन अच्छा व स्वस्थ होता है। योग से कार्यक्षमता का विकास होता है उक्त शिविर में करीब 50 की संख्या में छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यापीठ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ उर्जस्विता सिंह ने किया।

## बीएचयू राजभाषा कार्यांवयन समिति की बैठक संपन्न

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक शुक्रवार अपराह्न केन्द्रीय कार्यालय के समिति कक्ष में हुई। सभा की अध्यक्षता बीएचयू कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए हिंदी अधिकारी डॉ. विचित्रसेन गुप्त हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट, वार्षिक कार्यक्रम, केंद्रीय ग्रंथालय में राजभाषा विंग आदि विषयों की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने कहा कि विश्वविद्यालय में हिंदी के कामकाज में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। राजभाषा विभाग निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयास कर रही है। बैठक में कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी, छात्र अधिष्ठाता प्रो. एमके सिंह, वित्ताधिकारी अभय कुमार ठाकुर, पुस्तकालयाध्यक्ष डीके सिंह, प्रो. एसके दूबे, प्रो. रमेश चंद, प्रो. एके रघुवंशी, प्रो. इनु मेहता, प्रो. श्रीराम सिंह, जन संपर्क अधिकारी डॉ. राजेश सिंह, संयुक्त कुलसचिव डॉ. संजय कुमार, उपकुलसचिव वेणु गोपाल, डॉ. रश्मि रंजन, आनंद विक्रम सिंह इत्यादि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय की रैंकिंग बढ़ाने को हर सम्भव प्रयास करें शिक्षकः कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

- कहा, समय से विश्वविद्यालय आएं शिक्षक और लें ऑनलाइन कक्षाएं
- कैरियर एडवांसमेंट संबंधित सेलेक्शन कमेटी शीघ्र, होगी शिक्षकों की प्रोन्नति



कार्यक्रम में बोलतीं कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव।

**सीनेट हॉल** सभागार में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को सम्बोधित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों से विश्वविद्यालय के पुराने गौरव को वापस लाने के लिए समेकित प्रयास करने की दिशा पर कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हम सभी एक ही नौका में सवार हैं। जो विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए अग्रसर है।

शिक्षकों की कमी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शीघ्र ही न्युक्ति प्रक्रिया आरम्भ की जायेगी। उन्होंने शिक्षक छात्र अनुपात के निरंतर बढ़ते जाने पर चिन्ता व्यक्त की। अपेक्षा की है कि न केवल विश्वविद्यालय को शिक्षकों की संख्या से धनी बनाना है अपितु हमें विश्वविद्यालय को संसाधनयुक्त करना है। उन्होंने कहा कि मिलकर विश्वविद्यालय की रैंकिंग को सुधारना है। उन्होंने शिक्षकों को व्यवस्थित कक्ष उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मिलने वाले अधिकांश शिक्षकों ने विश्वविद्यालय की रैंकिंग को लेकर अपनी तरफ से हर सम्भव सहयोग देने एवं प्रयास करने के लिए उन्हें आश्वस्त किया है।

कुलपति ने सभी शिक्षकों से समय पर विश्वविद्यालय आने और अपने विभाग में रहकर ऑनलाइन कक्षाएं लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिन विभागों को आवश्यकता होगी उन्हें इस कार्य के लिए कम्प्यूटर आदि भी उपलब्ध कराये जायेंगे। नयी शिक्षा नीति के बारे में उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा अपने विभागों में ब्रेन स्टॉरमिंग सत्रों का आयोजन करें।।अपने संकायाध्यक्षों के माध्यम से इस नीति को कार्यान्वित करने की कार्ययोजना तैयार करें। पाठ्यक्रमों को इस प्रकार से बनाया जाए कि वह रोजगार परक हो तथा छात्रों का बहुआयामी विकास भी हो। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को बहुभाषा भाषी बनाने के लिए विभिन्न भाषाओं का शिक्षण आरम्भ करने की बात कही। संस्कृत भाषा के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत हमें अपनी संस्कृति के करीब ले जाती है। उन्होंने छात्रों में स्किल डेवेलपमेंट के लिए वोकेशनल कोर्सेस प्रारम्भ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शोध प्रबन्ध के विषयों को समाजोपयोगी बनाने की चर्चा की और कहा कि आगे आने वाले समय में यूजीसी इस विषय पर अधिक बल देने वाली है। शिक्षकों से सम्बन्धित विषयों की चर्चा करते हुए कुलपति ने कहा कि वरीयता सूची को शीघ्र ही घोषित किया जायेगा। जिन शिक्षकों की प्रोन्नति किसी कारण वश नहीं हो सकी है उसके लिए कैरियर एडवांसमेंट से सम्बन्धित सेलेक्शन कमेटी शीघ्र आहूत की जायेगी। शिक्षकों के बिल भुगतान प्रोजेक्ट से सम्बन्धित भुगतान आदि की प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने के लिए वित्त विभाग को अधिक गतिशील करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डा सुनील कान्त मिश्र ने शिक्षकों को अनेक प्रक्रियागत बिन्दुओं से अवगत कराया। जिससे कि भुगतान में सुविधा हो। कार्यक्रम के आरम्भ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो एन के शुक्ल ने कुलपति का स्वागत किया। इस अवसर पर डा सोनल शंकर ने पुष्पगुच्छ देकर कुलपति का स्वागत किया। यह जानकारी पीआरओ डा शैलेन्द्र मिश्र ने दी।

# किसान आंदोलन के समर्थन में आये नागेपुर के ग्रामीण

- आक्रोशित किसानों ने बिल की प्रतियां जलाकर किया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**किसान आंदोलन** का समर्थन में शुक्रवार को आदर्श ग्राम नागेपुर के किसानों प्रदर्शन किया। किसानों की मांगों को लेकर लोगों ने गाँव के नंदघर के सामने धरना-प्रदर्शन किया। दिया। आक्रोशित किसानों ने नये कृषि कानून की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। आंदोलित किसानों ने नए कृषि कानून को निरस्त करने की मांग उठाई। साथ ही चेतावनी दिया कि यदि कृषि कानून निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र होगा। किसानों ने कहा कि अगर सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो वे पुरी ताकत से किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री से किसानों की समस्या पर जल्द कार्यवाही करने की मांग उठाई। किसान के समर्थन में आए लोक समिति के संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा है कि लोक समिति के कार्यकर्ता केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों किसान विरोधी कानूनों का विरोध करते हैं। केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली जा रहे किसानों पर की गई कार्रवाई निंदनीय है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार दिया गया है, लेकिन लगता है कि सरकार संविधान में विश्वास नहीं रखती। कड़ाके की ठंड में किसान सड़कों पर हैं, लेकिन केंद्र सरकार के कान पर जूं तक नही रेंग रही है। किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार किसानों से छल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि किसानों को एमएसपी रेट मिलें। इसके चलते ही किसान सड़क पर आंदोलन करने को मजबूर है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से नंदलाल मास्टर, श्यामसुन्दर, अमित, शिवकुमार आदि शामिल रहे।

रोहनिया-वाराणसी जिला किसान सभा के सदस्यों ने जुलूस निकाल कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। आंदोलन का नेतृत्व जिलामंत्री रामजी सिंह तथा संयुक्त मंत्री डॉक्टर शिव शंकर शास्त्री व उप समिति के सदस्य लालमणि वर्मा ने किया। 6 सूत्रीय किसानों का मांग पत्र के माध्यम से किसानों ने राष्ट्रपति से कृषि उपज वाणिज्य और व्यापार कानून 2020 को वापस लेने की मांग उठाइ है। जुलूस में जिला किसान सभा के महामंत्री रामजी सिंह, डॉ. शिव शंकर शास्त्री, राम पाल, रमाशंकर सिंह, डॉ हौसला प्रसाद, कमला प्रसाद, बेचन प्रसाद, लालमणि वर्मा आदि शामिल रहे।

# विलक्षण प्रतिभा के धनी थे मुंशी काली प्रसादः चौधरी जितेंद्र नाथ

- कायस्थ पाठशाला का संस्थापक दिवस समारोह सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**कायस्थ** पाठशाला में संस्थापक दिवस समारोह का आयोजन हुआ। संस्थापक मुंशी काली प्रसाद की जयन्ती पर कायस्थ पाठशाला प्रधान कार्यालय में के पी ट्रस्ट के अध्यक्ष एवम पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने मुंशी काली प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर पुरोहितों द्वारा मंत्र के उच्चारण के साथ हवन पूजन मुख्य जजमान चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह द्वारा किया गया। कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि मुंशी काली प्रसाद विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। सात बच्चों से प्रारम्भ किया गया कायस्थ पाठशाला एक वटवृक्ष का रूप ले चुका है। कायस्थ पाठशाला का आज 149 वां वर्ष है। इसके विकास में आप सभी का सहयोग रहा है। जितने भी अध्यक्ष हुए सभी ने इसकी उन्नति के लिए कार्य किया।इस समय कायस्थ पाठशाला में 26 हजार लड़के लड़कियां शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जो किसी भी संस्था के लिए गौरव का विषय है। अगले वर्ष कायस्थ पाठशाला का 150 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। ऐसे में पूरे वर्ष कार्यक्रम हो और स्कूल कॉलेज एक कमेटी का गठन करें जो हर कॉलेज में तैयारी करें। चौधरी जितेंद्र ने कहा कि दान की संस्था है। जिसके माध्यम से हम समाज की मदद करते हैं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री एस डी कौटिल्य ने किया। संस्थापक दिवस के अवसर पर गिरीश चंद्र श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव अनिल कुमार श्रीवास्तव अशोक खरे रमेश चन्द्र श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव नवीन सिन्हा कुलदीप नारायण श्रीवास्तव नवीन श्रीवास्तव विमल श्रीवास्तव आनंद मोहन अमिता श्रीवास्तव अनिता श्रीवास्तव राकेश खरे अंजना सिन्हा अन्नो श्रीवास्तव डा बृजेश कुमार अजय श्रीवास्तव श्रीवास्तव अजीत सिन्हा अर्चना श्रीवास्तव पवन पचौरी सी एल चौबे मनीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## मनाई गई प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**प्रयागराज।** पूर्व राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद की जयंती उनकी प्रतिमा स्थल कुलभास्कर आश्रम डिग्री कॉलेज में मनाई गई। जिसमें कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष एवम पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। अध्यक्षता कर रहे चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि डा राजेन्द्र प्रसाद छात्रावास उन्हीं के नाम पर है। प्रथम राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वह शिक्षाविद के साथ साथ एक अच्छे एडवोकेट भी थे। 1947 में जब संविधान निर्मात्री सभा का निर्माण किया गया। 1950 में वह उस कमेटी के अध्यक्ष थे। 12 सालों तक आपने राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया। भारत के गौरव को बढ़ाया कुछ दिनों बाद उनकी मृत्यु हो गयी। प्राचार्य अर्चना सिन्हा ने चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह का स्वागत किया। डा पवन पचौरी ने जयन्ती समारोह का संचालन किया। इस मौके पर महामंत्री एस डी कौटिल्य अनिल कुमार श्रीवास्तव आदि रहे।

# दिव्यांगों के लिए संविधान में हैं ढेरों अधिनियमः एडीजे

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**अलकौसर** सोसाइटी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर अशोक नगर स्थित राजकीय कौशल विकास केंद्र और जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीजे एवम नोडल अधिकारी निशा झा ने की। एडीजे निशा झा ने कहा कि यदि कहीं दिव्यांगों का शोषण हो रहा है वह उस संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में विचारण सुचारू किया जा सकता है। दोषी व्यक्ति को छह में कम से कम छह माह की सजा वह अर्थ दंड का भी प्रावधान है। अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर जिला विकलांग अधिकारी नंद किशोर ने दिव्यांगजनों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। समाजसेविका एवं अलकौसर सोसाइटी की अध्यक्ष नाजिया नफीस ने कहा कि दिव्यांगों के लिए ढेरों अधिनियम संविधान की शोभा बढ़ा रहे हैं। जरूरी है कि दिव्यांगजनों को शिक्षा स्वास्थ्य और संसाधन के साथ ही समान अवसर और अपनत्व भरा वातावरण मिले तो वह इतिहास रच देंगे और रचते आए भी हैं। नाजिया ने कहा कि विदेशों में दिव्यांगों के लिए बीमा की व्यवस्था है। भाजपा सरकार को भी इस दिशा में विचार करना चाहिए। सिविल जज जूनियर डिवीजन हिना कौसर ने कहा कि दिव्यांगों के अधिकारों के बारे में लोगों को जागरुक और समाज में समान रूप से देखे जाने के लिए और उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर गौर देने के लिए मनाया जाता है।अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रत्यूष आनंद मिश्रा ने कहा कि समाज में दिव्यांगों की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाने उन्हें बराबरी का मौका दिलाने उनके स्वास्थ्य शिक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा पर ध्यान केंद्रित करने जैसे उद्देश्यों को केंद्र में रखकर इस दिवस को मनाया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव चंद्रमणि ने दिव्यांगों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया। दिव्यांग जनों के परिवार के लोगों की यदि मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन चल रहे हैं और उनको कोई धन के अभाव में अधिवक्ता नहीं मिल पा रहा है तो उन्हें अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर एडीजे निशा झा और समाजसेविका नाजिया नफीस ने बच्चों को विभाग की ओर से कृत्रिम अंग प्रदान किया। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपिस्ट डा राजेंद्र कुमार और आर्थिक डॉक्टर धनेश्वर डे नगीना सिंह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी नितिन श्रीवास्तव आदि रहे।

# पूरे देश व विश्व के लिए अनुकरणीय होगा यूपी का विकास मॉडल : सुनील बंसल

- भगवती चरण वर्मा की मूर्ति का किया गया अनावरण



**सफीपुर उन्नाव।** मैं अपने जीवन में पहली बार साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की मूर्ति का अनावरण कर रहा हूं। जब मैंने इनके उपन्यासों को पढ़ा था तब मुझको यह नहीं पता था कि मैं इतने महान साहित्यकार की जन्म स्थली के भी दर्शन कर सकूंगा। उक्त विचार भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने पदम श्री से सम्मानित महान साहित्यकार पूर्व राज्यसभा सदस्य बाबू भगवती चरण वर्मा की स्मृति में अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्य मंत्री मोहसिन रजा की निधि द्वारा कराए गए सौंदर्यीकरण, मूर्ति स्थापना के भव्य लोकार्पण समारोह में उपस्थित जनों के बीच व्यक्त किये। उन्होंने कहा की माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दिशा निर्देशन में देश व योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। अब वह समय दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश के विकास का मॉडल पूरे देश व विश्व के लिए अनुकरणीय होगा। कोविड-19 वैश्विक महामारी में माननीय योगी जी के कुशल नेतृत्व ने देश को एक नई दिशा दी है। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसने आपके जिले के साधारण कार्यकर्ता को विधायक बनाया है। जिसमें आप सब का प्यार एवं समर्थन भी पूर्णरूपेण भागीदार है। भारतीय जनता पार्टी की नीतियां व उसकी सोच को अब पढ़े-लिखे वर्ग का भी समर्थन प्राप्त हो रहा है। जिसका उदाहरण शिक्षक विधान परिषद क्षेत्र की लड़ी गई 4 सीटों में अभी तक तीन पर विजय प्राप्त करना है साथ ही साथ स्नातक विधान परिषद क्षेत्र में भी पार्टी का परचम लहराएगा। जो यह दर्शाता है कि अब पूरे देश में मोदी जी की नीतियों को स्वीकारता प्राप्त हो रही है।

लोकार्पण समारोह के विशिष्ट अतिथि एवं प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्यमंत्री मोहसिन रजा ने अपने संबोधन में कहा कि यह मेरा गृह नगर है और यही के महान साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की स्मृति में हमारे वरिष्ठों द्वारा पूर्व में स्थापित किया गया पार्क बदहाल व दयनीय स्थिति में था। 40 वर्षों के शासनकाल में किसी भी सरकार ने देश के महान साहित्यकार की स्मृति में स्थापित पार्क की बदहाली को दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया। मैंने अपनी निधि से नगर की नई पीढ़ी में बाबू भगवती चरण वर्मा को जीवंत करने के लिए इस पार्क का जीर्णोद्धार व उनकी मूर्ति की स्थापना का प्रयास किया है ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियां हमारे उन्नाव जनपद के गौरवान्वित इतिहास से अवगत होते रहे। लोकार्पण समारोह में राज्यमंत्री श्री रजा द्वारा संगठन मंत्री को चांदी का मुकुट, अंग वस्त्र तथा बाबू भगवती चरण वर्मा की स्मृति से जुड़ी यादों का एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। लोकार्पण समारोह में पहुंचे बंसल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मूर्ति का अनावरण किया एवं विगत कई दशकों से पाक के रखरखाव के लिए अर्चना परिषद के सुरेंद्र नाथ पांडे, दिवाकर द्विवेदी, प्रकाश चंद्र गुप्ता समेत सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया। इसी क्रम में राज्यमंत्री श्री रजा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष नसीम अहमद ने आए हुए अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया तथा कहा कि सफीपुर नगर के लिए गौरवशाली क्षण है, जब माननीय प्रदेश संगठन मंत्री द्वारा महान साहित्यकार की मूर्ति का लोकार्पण किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी डॉ अनुपम सिंह ने नगर पंचायत के इतिहास से मुख्य अतिथि को परिचित कराते हुए कहा कि 147 वर्ष पुरानी नगर पंचायत के निवासियों के लिए भी गौरव का क्षण है कि वह जनपद की सबसे पुरानी नगर पंचायत के निवासी हैं। और महान साहित्यकार भी नगर के निवासी थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष राजकिशोर रावत, सदर विधायक पंकज गुप्ता, सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर, सिंह, ब्रजेश रावत विधायक, श्रीकांत कटियार विधायक इजहार खां गुड्डू, नईमुद्दीन अंसारी, रामनरेश कुशवाहा, दिलीप लश्करी, हयात रसूल, समेत नगर निकाय के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दूरदर्शन की उद्घोषिका शिखा द्विवेदी द्वारा किया गया।

# गठबंधन की ताकत आंकने में नाकाम रही भाजपाः फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्यों (एमएलसी) के लिए हुए चुनावों में भाजपा को लगे झटके को लेकर पार्टी नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी महा विकास अघाडी के सहयोगियों की संयुक्त ताकत का आकलन करने में असफल रही। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव के नतीजों का विश्लेषण करेगी और अगले चुनाव के लिए बेहतर तैयारी करेगी। विपक्षी भाजपा को झटका देते हुए गठबंधन उम्मीदवारों ने अब तक पांच निर्वाचन क्षेत्रों में से तीन में जीत दर्ज कर ली है। इन सीटों में से तीन स्नातक सीट हैं जबकि दो शिक्षक सीटें हैं। इन पांच सीटों के अलावा स्थानीय निकायों की एक सीट के लिए एक दिसंबर को चुनाव हुए थे। धुले-नंदुरबार स्थानीय निकाय सीट से भाजपा के अमरीश पटेल विजई हुए हैं।

फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, हम इन चुनावों में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की संयुक्त ताकत का अंदाजा नहीं लगा पाए। अब हमें पता है कि वे एक साथ मिलकर कितनी बड़ी टक्कर दे सकते हैं। हम अगले चुनावों के लिए बेहतर तैयारी करेंगे। हम छह में से सिर्फ एक सीट ही जीत सके। हम नतीजों का विश्लेषण करेंगे और अगली चुनौती के लिए योजना बनाएंगे। हम उम्मीदवारों के चयन के मुद्दे पर भी चर्चा करेंगे। हालांकि पहली नजर में मुझे लगता है कि वे उपयुक्त थे। इस बार, राज्य प्रशासन ने एमएलसी चुनावों के लिए मतदाताओं का पंजीकरण कराया। मेरे परिवार के कुछ सदस्यों के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के परिवार के सदस्यों के नाम भी समय पर फॉर्म जमा कराने के बावजूद मतदाता सूची में नहीं पाए गए।

भाजपा नेता ने कहा, आम तौर पर इस तरह के चुनावों में मतदाताओं का पंजीकरण राजनीतिक दलों द्वारा किया जाता है, इस बार प्रशासन ने यह जिम्मेदारी ली थी। उन्होंने शिवसेना पर भी निशाना साधते हुए कहा, शिवसेना के पास मुख्यमंत्री का पद है, वह केवल एक सीट ही जीत सकी। वास्तव में, चुनाव में कांग्रेस और राकांपा को शिवसेना से ज्यादा फायदा हुआ। पार्टी को इस बारे में सोचना चाहिए। एक अन्य भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, हम इन चुनावों में पार्टी को मिली नाकामी का आत्मविश्लेषण करेंगे। मुझे लगता है कि हम इस चुनाव में बहुत गंभीर नहीं थे। हमने पहले के ज्यादातर चुनाव जीते थे, जिसके कारण संभव है कि भाजपा नेताओं में आत्मसंतोष का भाव आ गया हो। लेकिन चुनाव में जो हुआ, हम तुरंत उसका विश्लेषण नहीं कर सकते। हम पार्टी नेताओं के साथ बैठकर विचार करेंगे।

## रजनीकांत राजनीति में सफल नहीं हो पाएंगे : कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली

**बेंगलुरू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम वीरप्पा मोइली ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिल फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत दक्षिणी राज्य की राजनीति में सफल नहीं हो पाएंगे और वहां द्रविड़ संस्कृति के लोकाचार हमेशा आगे रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस का तमिलनाडु में ै स्वतंत्र अस्तित्वै नहीं हो सका और उसने हमेशा अन्नाद्रमुक या द्रमुक के साथ गठबंधन किया। मोइली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि रजनीकांत राजनीति में सफल हो पाएंगे क्योंकि द्रविड़ संस्कृति का लोकाचार तमिलनाडु की राजनीति में हमेशा आगे रहा है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री मोइली ने तमिलनाडु में कोई भी राजनीतिक पार्टी किसी तमिल पार्टी, क्षेत्रीय पार्टी से जुड़े बिना नहीं टिक सकती। मोइली ने कहा कि रजनीकांत ने पहले ही ऐसी धारणा दी है कि वह कमोबेश भाजपा के आदर्शों के साथ जुड़े हैं।



जम्मू में भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी डीडीसी चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लोगों को जागरूक करती हुईं।

# राकांपा नेताओं ने एमएलसी चुनाव में एमवीए के प्रदर्शन की सराहना की

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र विधान परिषद के चुनाव में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों की जीत गठबंधन के घटक दलों के बीच एकता का प्रतीक है। यह राज्य के लोगों का सरकार के प्रति विश्वास को दिखाता है। विधान परिषद के औरंगाबाद और पुणे स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में शुक्रवार को राकांपा के चुनाव जीतने के बाद पवार का यह बयान आया है। अभी तीन अन्य सीटों के नतीजे घोषित नहीं हुए हैं लेकिन दो सीटों पर एमवीए के उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं।

विधान परिषद की छह सीटों में से तीन सीटें स्नातक और दो शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से हैं जबकि एक सीट स्थानीय निकाय के लिए है। ए चुनाव एक दिसंबर को हुए थे। भाजपा को सिर्फ धुले-नंदूरबार स्थानीय निकाय सीट पर जीत मिली है। पवार ने एक बयान में एमवीए उम्मीदवारों को अपना समर्थन देने के लिए मतदाताओं का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा, एमवीए उम्मीदवारों की जीत गठबंधन के घटक दलों के बीच एकता का प्रतीक है और यह लोगों का सरकार के प्रति भरोसा भी दिखाता है।

महाराष्ट्र में मंत्री और प्रदेश राकांपा प्रमुख जयंत पाटिल ने कहा कि चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि किसानों, कामगारों और मध्यम वर्ग के अलावा बेहद पढ़े-लिखे मतदाताओं ने भी एमवीए सरकार को समर्थन दिया है। राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने भी मतदाताओं का शुक्रिया अदा करते हुए ट्वीट किया, हम लोग जनता के कल भी आभारी थे, आज भी हैं और हमेशा आभारी रहेंगे। महा विकास अघाडी के उम्मीदवारों को बधाई। राकांपा की सांसद सुप्रिया सुले ने भी मतदाताओं का आभार जताया और एमवीए उम्मीदवारों की जीत के लिए कड़ी मेहनत करने वालों को बधाई दी।

## मुठभेड़ में नक्सली कमांडर ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में नक्सली कमांडर को मार गिराया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हकवा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने मिलिशिया प्लाटून कमांडर अर्जुन को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और डीआरजी के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि दल जब हकवा गांव के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। नक्सली हमले के बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलबारी के बाद नक्सली वहां से भाग गए। बाद में सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से गंगालूर एरिया कमेटी के मिलिशिया प्लाटून कमांडर अर्जुन का शव, एक हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया।

# भारतीय नौसेना एक उत्कृष्ट बलः रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना को बधाई दी और उसे एक उत्कृष्ट बल बताया। सिंह ने ट्वीट कर भारतीय नौसेना के पेशेवर व्यवहार की प्रशंसा की और भारत के समुद्री क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए उसके प्रयासों का विशेषतौर पर उल्लेख किया। सिंह ने कहा, भारतीय नौसेना दिवस 2020 के अवसर पर इस उत्कृष्ट बल के सभी कर्मियों को मेरी शुभकामनाएं। समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करके हमारे समुद्र को सुरक्षित रखने में भारतीय नौसेना सबसे आगे हैं। मैं उनकी वीरता, साहस और पेशेवर रवैए को सलाम करता हूं।

सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे, नौसेना प्रमुख करमबीर सिंह और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने भी नौसेना दिवस पर राष्ट्रीय समर स्मारक पर देश के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना द्वारा कराची बंदरगाह पर किए गए हमले की याद में प्रत्एक वर्ष चार दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है। एक संदेश में एडमिरल सिंह ने भारत की समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को सुनिश्चित करने में नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर में चीनी नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए क्षेत्र में अपनी गतिविधि बढ़ा दी है। एडमिरल सिंह ने कहा, नौसेना दिवस 2020 के अवसर पर देश की समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के वास्ते हम राष्ट्र की सेवा के लिए भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। नौसेना दिवस के अवसर पर कई केंद्रीय मंत्रियों, राजनयिकों और प्रमुख हस्तियों ने भारतीय नौसेना को बधाई दी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट किया कि विदेशों में भारत के हितों को सुनिश्चित करने में उनका मंत्रालय नौसेना का करीबी सहयोगी रहा है और दोनों पक्षों ने मिलकर मानवीय सहायता प्रदान की है तथा आपदा के समय राहत मुहैया कराई है जिसने देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा, इस भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए आशान्वित हूं। अमेरिकी राजदूत केन जस्टर ने भी भारतीय नौसेना को बधाई दी और पिछले महीने हुए सफल मालाबार नौसेना अभ्यास का जिक्र किया। उन्होंने ट्वीट किया, भारत में अमेरिकी दूतावास की ओर से नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना को बहुत बहुत बधाई। इस साल के सफल मालाबार नौसेना अभ्यास में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करने के लिए शुक्रिया। आशा करता हूं कि भारत-अमेरिका रक्षा भागीदारी में लगातार वृद्धि होती रहेगी।

भारत ने क्वाड सदस्य देशों को मालाबार नौसेना अभ्यास के लिए आमंत्रित किया था। क्वाड देशों में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। इसका लक्ष्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त नौवहन सुनिश्चित करना है। हाल के वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का दखल बढ़ गया है। बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में एडमिरल सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## क्विक न्यूज

### मुंबई में तीन करोड़ की हेरोइन जब्त की

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तंजानिया से नवी मुंबई लाई गई नकली बालो की खेप से तीन करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खेप में तस्करी कर लाए जा रहे प्रतिबंधित पदार्थ के बारे में गुप्त सूचना मिलने के बाद डीआरआई की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने उस पार्सल का निरीक्षण किया जिसमें कृत्रिम बाल लाए गए थे। उन्होंने कहा कि डीआरआई अधिकारियों ने खेप में छिपाकर रखे गए भूरे रंगे के लिफाफे बरामद किए, जिनमें उनमें भूरे रंग का 1,007 ग्राम पदार्थ मिला। बाद में पता चला कि वह हेरोइन है। अधिकारी ने कहा कि तीन करोड़ रुपए के मूल्य के इस प्रतिबंधित पदार्थ को राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के संबंधित प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया। उन्होंने कहा कि बीते तीन सप्ताह के दौरान डीआरआई मुंबई ने पांचवी बार मादक पदार्थ (कोकीन तथा हेरोइन) जब्त की है।

### नगरोटा मुठभेड़ मामले की जांच करेगी एनआईए

**नई दिल्ली।** जांच एजेंसी एनआईए हाल में जम्मू के नगरोटा में हुई एक मुठभेड़ की जांच करेगी। इस मुठभेड़ में पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार आतंकवादियों को पुलिस ने मार गिराया था। केंद्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के बाद राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस मामले की जांच को संभाल लिया है। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा क्षेत्र में पुलिस ने 19 नवंबर को तत्परता से अभियान चलाया था, जिसमें आतंकवादी मारे गए थे। एनआईए जैश के इन आतंकवादियों के षड्यंत्र और मंशा का पता लगाने के लिए जांच करेगी और इनके संपर्क मे रहने वाले लोगो का भी पता लगाएगी। एनआईए की टीम ने 19 नवंबर को बन टोल प्लाजा मे मुठभेड़ स्थल का भी दौरा किया था। वही एनएआई इस साल 31 जनवरी को हुई एक मुठभेड़ की भी जांच कर रही है जिसमें जेईएम के तीन आतंकवादी मारे गए थे।

### आंध्र प्रदेश विधानसभा से तेदेपा के 10 विधायक निलंबित

**अमरावती।** आंध्रप्रदेश विधानसभा के शीत सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही मे अवरोध डालने पर तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के 10 विधायको को निलंबित कर दिया गया। विधायको पर लगातार पांचवे दिन यह कार्वाई की गई। विधायकों के निलंबन के विरोध में तेदेपा के नेता एन चंद्रबाबू नायडू समेत पार्टी के दूसरे सदस्यों ने विधानसभा से बहिर्गमन किया। तेदेपा ने एमजीएनआरईजीपी के तहत लंबित भुगतान के मामले मे कार्य स्थगन प्रस्ताव के लिए एक नोटिस दिया और तुरंत चर्चा कराने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष टी सीताराम ने प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया। तेदेपा सदस्यों ने एनआरईजीपी के मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए जोर दिया क्योंकि लाखो कामगारो को पिछले एक साल से ज्यादा समय से वेतन का भगुतान नही किया गया है। सदस्य आसन के पास जाकर नारेबाजी करने लगे। अध्यक्ष ने कहा, आप हर दिन सदन की कार्यवाही बाधित कर रहे है। मुझे आपको निलंबित करते हुए दुख हो रहा है, लेकिन मेरे पास और कोई विकल्प नही है। इसके बाद सूचना मंत्री पेरनी वेंकटरमैया ने विपक्षी सदस्यो के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया और इसे ध्वनि मत से मंजूर कर लिया गया।

### ईडी ने इकबाल मिर्ची के परिवार को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई की एक अदालत का रूख कर माफिया इकबाल मिर्ची के परिवार के तीन सदस्यो को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने का अनुरोध किया है। एजेंसी ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। इकबाल मिर्ची की 2013 में मौत हो गई थी। एजेंसी ने कहा कि भगोड़ा आर्थिक अपराधी कानून की धारा 12 के साथ धारा चार के तहत अदालत मे एक याचिका दायर की गई है। याचिका में जुनैद इकबाल मेमन, आसिफ इकबाल मेमन (मिर्ची के बेटे) और हजरा मेमन को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने का अनुरोध किया गया है। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कानून के तहत उनकी संपत्ति जब्त करने की अनुमति देने का भी अनुरोध किया गया है। ईडी ने कहा, पहले चरण में (मुंबई में) सीजे हाउस की तीसरी मंजिल और चौथी मंजिल समेत भारत में 15 संपत्तियों और छह बैंक खातो मे जमा 1.9 करोड़ रुपए की रकम को जब्त करने की इजाजत देने का अनुरोध किया है। बयान मे कहा गया, ईडी को भगोड़ा आर्थिक अपराध कानून के तहत पूरक अर्जी दाखिल करने की अनुमति देने का भी अनुरोध किया गया है। ईडी धन शोधन रोकथाम कानून की विभिन्न धाराओ के तहत मिर्ची, उसके परिवार तथा अन्य के खिलाफ जांच कर रही है और इस मामले में अब तक 798 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। ईडी द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद मिर्ची के परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ मुंबई में विशेष पीएमएलए अदालत ने गैर जमानती वारंट भी जारी किया है।



मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राज्य पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे और मुंबई के मेयर किशोरी पेडनेकर ने 26 नई विद्युत चालित बसों का किया उद्घाटन।

# भाजपा कृषि कानूनों के जरिए किसानों के अधिकारों को कॉर्पोरेट घरानों को बेच रहीः तृणमूल

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को क्रूर कृषि कानूनों पर अपना क्षोभ प्रकट करते हुए आरोप लगाया कि संबंधित पक्षों से मशविरा किए बिना पारित किए गए इन कानूनों के जरिए भाजपा किसानों के अधिकारों को कॉर्पोरेट घरानों को बेच रही है। तृणमूल के राज्य सभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने हरियाणा में प्रदर्शन कर रहे किसानों से दोपहर में मुलाकात की। पार्टी ने एक बयान में बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फोन पर किसानों से बातचीत की और प्रदर्शनकारियों के प्रति एकजुटता प्रकट की। मुख्यमंत्री ने दिन में किसानों के समर्थन में ट्वीट किया था। ट्वीट में कहा 14 साल पहले चार दिसंबर 2004 को मैने कृषि भूमि के जबरन अधिग्रहण के खिलाफ कोलकाता में अपनी भूख हड़ताल शुरू की थी जो 26 दिनों तक चली थी। केंद्र द्वारा बिना मशविरा लिए पारित किए गए क्रूर कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के प्रति मैं समर्थन व्यक्त करती हूं।

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी 2004 में पश्चिम बंगाल में विपक्ष की नेता थीं। उस वक्त राज्य में वाम मोर्चा की सरकार थी। बनर्जी ने बृहस्पतिवार को धमकी दी थी कि अगर नए किसान विरोधी कानून वापस नहीं लिए जाते हैं तो देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री ने किसानों से बातचीत की। हरियाणा और पंजाब के विभिन्न समूहों से फोन पर बातचीत की गई। किसानों ने अपनी मांगों के बारे में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से बातचीत की और एकजुटता के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। पूर्व में भी किसानों और जमीन से जुड़े आंदोलनों में उनके सहयोग के लिए किसानों ने आभार प्रकट किया।

बनर्जी ने कहा कि नए कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर वह किसानों के साथ हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने आरोप लगाया कि नए कृषि कानून असंवैधानिक हैं।

# मालेगांव विस्फोट मामले में सुनवाई फिर हुई शुरू

भाषा। मुंबई

**मालेगांव विस्फोट** मामले में शुक्रवार को सुनवाई फिर से शुरू हुई और बचाव पक्ष के वकीलों ने उन गवाहों से जिरह की जो पंचनामे के समय मौके पर मौजूद थे और जिन्होंने वहां से बरामद दो मोटरसाइकिलों तथा पांच साइकिलों की पहचान की थी। उन्होंने पिछले साल जुलाई में विशेष अदालत के समक्ष अपनी गवाही दर्ज की थी और तब से उनकी जिरह लंबित थी।

उत्तरी महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के निकट एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटकों में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार मौके से बरामद बाइकों में से एक भोपाल से भाजपा सांसद एवं आरोपी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के नाम पंजीकृत थी। ठाकुर इस समय जमानत पर हैं।

शुक्रवार को सुनवाई शुरू होने पर ठाकुर और रमेश उपाध्याय के वकीलों ने गवाहों से जिरह की। मामले में 400 गवाहों में से लगभग 140 की गवाही हो चुकी है। मामले की अगली सुनवाई की तिथि सात दिसम्बर तय की गई।

कोरोना वायरस महामारी के कारण मार्च में इस मामले की सुनवाई को रोक दिया गया था। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), भारतीय दंड संहिता और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत ठाकुर समेत सात आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

## गोवा में आप के पूर्व संयोजक एल्विस गोम्स ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**पणजी।** गोवा में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संयोजक एल्विस गोम्स ने शुक्रवार को यह आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया कि स्थानीय इकाई का नियंत्रण दिल्ली में बैठे लोग करते हैं। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गोम्स ने कहा कि दिल्ली की इकाई ने जब गोवा के मामले पर नियंत्रण रखना शुरू किया तो उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देने का मन बना लिया। उन्होंने कहा कि गोवा इकाई को पिछले कई वर्षों से स्थानीय नेताओं ने मेहनत से खड़ा किया था। पूर्व नौकरशाह गोम्स राज्य में 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा थे। उन्होंने कहा कि पार्टी हाल के समय में अपनी विचारधारा से दूर चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी गोवा के लोगों के हित के लिए काम नहीं कर रही है और यहां के फैसले दिल्ली में बैठे हुए लोग लेते हैं। उन्होंने कहा कि वे नहीं चाहते हैं कि उन पर दिल्ली से नियंत्रण हो।

# कोरोना जैसी महामारियों से आंतरिक सुरक्षा के लिए पैदा हो सकता है खतराः आजाद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस जैसी महामारियों से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है और ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर नीतियां तय करने वालों को इस चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटना चाहिए। कोरोना संक्रमण से संबंधित हालात पर चर्चा के लिए सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में आजाद ने यह भी कहा कि किफायती दर पर और जल्द कोरोना वायरस का टीका हासिल करने के लिए देश को तैयारी करनी चाहिए।

पीएम की अध्यक्षता वाली इस बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, कोविड जैसी महामारियां देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकती हैं। राष्ट्रीय स्तर के नीति निर्माताओं को भविष्य में बाहरी खतरों और किसी आंतरिक अतिवाद के साथ ही कोरोना जैसी महामारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों में शामिल करना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने इस बात का आह्वान भी किया कि कोरोना संबंधित टीकाकरण के किसी भी दीर्घकालीन प्रतिकूल असर का पता करने के लिए निगरानी की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस के टीके को प्राथमिकता पर रखने और वितरण के लिए वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और नेताओं को साथ आना चाहिए। सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री परेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों को कोविड-19 का टीका विकसित करने में सफलता का पूरा भरोसा है और यह कुछ सप्ताह में तैयार हो सकता है। मोदी ने कोरोना वायरस पर सर्वदलीय बैठक में यह भी कहा कि पहले यह टीका स्वास्थ्य कर्मियों को दिया जाएगा, उसके बाद अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे अन्य कर्मियों को दिया जाएगा। कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद संक्रमण के हालात पर चर्चा करने के लिए सरकार की ओर से आयोजित यह दूसरी सर्वदलीय बैठक थी।



बेंगलुरू में बीबीएमपी के कार्यकर्ता कोविड-19 के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गाड़ी पर पोस्टर चिपकाते हुए।

## हेलीकाप्टर घोटाला

# ईडी की याचिका खारिज करने के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगा दी जिसमे अगस्तावेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकाप्टर घोटाले में कारोबारी राजीव सक्सेना का सरकारी गवाह का दर्जा खत्म करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय की याचिका खारिज कर दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने उच्च न्यायालय के जून के फैसले के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की अपील पर सक्सेना को नोटिस जारी किया।

पीठ ने अपने आदेश में कहा, नोटिस जारी किया जाए। इस बीच, चुनौती दिए गए आदेश पर रोक लगी रहेगी। दुबई स्थित कारोबारी राजीव सक्सेना को अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकाप्टर खरीदने के लिए 3600 करोड़ रूपए के इस कथित घोटाले में पिछले साल 31 जनवरी को भारत प्रत्यर्पित किया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की ओर से अतिरिक्त सालिसीटर जनरल अमल लेखी ने कहा कि उच्च न्यायालय का यह निष्कर्ष स्पष्ट रूप से गलत था कि गवाही देने के बाद ही उसकी माफी खत्म की जा सकती है। पीठ ने कहा, दंड प्रक्रिया संहिता में यह प्रावधान है कि अगर गवाह कोई भी साक्ष्य पेश करने में विफल रहता है तो उसे दी गई माफी वापस ली जा सकती है।



उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि राजीव सक्सेना का सरकारी गवाह बनने का दर्जा खत्म करने के लिए निचली अदालत में दिया गया आवेदन विचारणीय नहीं है क्योंकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 306 (4) के तहत उसका बयान दर्ज नहीं किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने उच्च न्यायालय से राजीव सक्सेना को सरकारी गवाह बनने का दर्ज खत्म करने का अनुरोध किया था, क्योंकि उसने सारे तथ्यों की जानकारी देने का वायदा किया था लेकिन अब वह ऐसा नहीं कर रहा है। निदेशालय ने सक्सेना का सरकारी गवाह का दर्जा खत्म करने से इंकार करने के निचली अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।



बजरंग दल कार्यकर्ता पर हमले के बाद शिवमोग्गा में शुक्रवार को धारा 144 लागू होने पर बैरिकेडिंग के पास तैनात पुलिस दल।

## गुणवत्तापूर्ण कानूनी शिक्षा इस समय की बड़ी आवश्यकताः मिश्र

भाषा। जयपुर



**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुणवत्तापूर्ण कानूनी शिक्षा को इस समय की बड़ी आवश्यकता बताते हुए नागरिकों में विधिक चेतना के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने पर जोर दिया है। मिश्र शुक्रवार को बीकानेर के महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में विधि एवं सामाजिक विज्ञान भवन के ऑनलाइन लोकार्पण समारोह में संबोधित कर रहे थे। विधि शिक्षा के विकास के लिए सैद्धान्तिकी के साथ व्यावहारिकी ज्ञान को भी जरूरी करार देते हुए उन्होंने कहा कि विधि शिक्षा में विधि शिक्षकों के साथ न्यायाधीशों, विज्ञ वकीलों और न्याय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की भी आग्रह कर सेवाएं ली जानी चाहिए। राज्यपाल ने नवीन शिक्षा नीति की मंशा को समझते हुए विश्वविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच पर आधारित लोकल फोर वोकल तथा आत्मनिर्भर भारत के लिए भी विश्वविद्यालय में वातावरण निर्माण किया जाए। मिश्र ने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के साथ आधुनिकरण के प्रयास जरूरी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में आईआईटी, एम्स, विधि विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना की चर्चा करते हुए कहा कि इन शिक्षण संस्थाओं से राजस्थान उच्च शिक्षा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां एक साथ अल्प अवधि में 87 महाविद्यालय खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में राज्य में 40 और 2021 मे 47 कॉलेज प्रदेश में खोले गए।

## देश में कोरोना के 36,595 नए मामले संक्रमितों की संख्या 95.71 लाख हुई

भाषा। नई दिल्ली

**देश** में कोविड-19 के 36,595 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या शुक्रवार को 95.71 लाख के पार चली गई। इनमें से 90 लाख से ज्यादा लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही संक्रमितों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 94.20 फीसदी हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण के 36,595 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 95,71,559 हो गई है। वहीं 540 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर1,39,188 हो गई है। देश में अब तक 90,16,289 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 94.20 फीसदी हो गई। वहीं मृत्यु दर 1.45 फीसदी है। आंकड़ों के अनुसार देश में इस समय 4,16,082 मरीजों का



इलाज चल रहा है जो कि कुल मामलों का 4.35 फीसदी है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बताया कि अब तक 14,47,27,749 नमूनों की जांच हो चुकी है, जिनमें से बृहस्पतिवार को 11,70,102 नमूनों का परीक्षण किया गया। पिछले 24 घंटे में 540 मरीजों की मौत हुई है। इनमें से 115 मरीजों की मौत महाराष्ट्र में, दिल्ली में 82, पश्चिम बंगाल में 49, हरियाणा में 32, केरल और उत्तर प्रदेश में 31-31, छत्तीसगढ़ में 22 और पंजाब तथा राजस्थान में 20-20 लोगों की मौत हुई है। देश में अब तक1,39,188 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से महाराष्ट्र में 47,472, कर्नाटक में 11,821, तमिलनाडु में 11,747, दिल्ली में 9,424, पश्चिम बंगाल में 8,576, उत्तर प्रदेश में 7,848, आंध्र प्रदेश में 7,014, पंजाब में 4,862, गुजरात में 4,031, मध्य प्रदेश में 3,300 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि मृतकों में से 70 फीसदी से ज्यादा लोग पहले से ही अन्य बीमारियों के शिकार थे। मंत्रालय ने बताया, हमारे आंकड़ों का मिलान भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के आंकड़ों से किया जा रहा है और राज्यवार आंकड़ें पुष्टि और मिलान का विषय हैं।

## सीबीआई ने 1800 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में तीन स्थानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में 1800 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी के मामले में जय पॉलीकेम लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद शुक्रवार को तीन स्थानों पर छापेमारी की। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भारतीय स्टेट बैंक से शिकायत मिली थी कि दिल्ली के लाजपत नगर की कंपनी और उसके प्रवर्तकों तथा निदेशकों ने एसबीआई के नेतृत्व वाले समूह के साथ 1800.72 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की। अर्नस्ट एंड यंग द्वारा फॉरेंसिक ऑडिट में पता लगा कि रकम का इस्तेमाल कहीं और हुआ तथा जाली लेन-देन, जालसाजी करते हुए रकम गबन कर बैंक के साथ धोखाधड़ी की गई। इसके बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। सीबीआई के प्रवक्ता आर के गौड़ ने बताया, दिल्ली में कर्जदार कंपनी और अन्य आरोपियों के कार्यालय और रिहायशी परिसरों समेत तीन स्थानों पर पर शुक्रवार को छापेमारी की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा के जंगल से 70 लाख रुपये मूल्य की चंदन की लकड़ी जब्त, तीन गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक जिले मे 70 लाख रुपए मूल्य की चंदन की अवैध लकड़ी जब्त की गई और तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने बृहस्पतिवार की शाम तांगी पुलिस थाना क्षेत्र के डलाजोडी जंगल से लगभग 4.60 क्विंटल चंदन की लकड़ी जब्त की।पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले मे तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। उन्होने बताया कि उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई हैं।

### फ्रांस में विजय माल्या की 14 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति जब्तः प्रवर्तन निदेशालय

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि धन शोधन रोधी कानून के तहत फ्रांस मे व्यवसाई विजय माल्या की 14 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति को जब्त किया गया है। ईडी ने कहा कि फ्रांसीसी अधिकारियो द्वारा प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर कार्वाई की गई और संपत्ति फ्रांस में 32 एवेन्यू एफओसीएच में स्थित है। केन्द्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान में बताया कि जब्त की गई संपत्ति का मूल्य लगभग 14 करोड़ रुपए है। इसमे कहा गया है कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच मे खुलासा हुआ था कि संपत्ति के निर्माण के लिए किंगफिशर एयरलाइंस लिमिटेड (केएएल) के बैक खाते से एक बड़ी राशि विदेश भेजी गई थी। माल्या 9,000 करोड़ रुपए के बैक कर्ज चूक मामले मे आरोपी है और वह मार्च 2016 से ही ब्रिटेन मे है। वह 18 अप्रैल, 2017 को स्कॉटलैड यार्ड द्वारा तीन साल पहले निष्पादित प्रत्यर्पण वारंट पर जमानत पर है।

### मालेगांव विस्फोट मामले में सुनवाई फिर शुरू

**मुंबई।** मालेगांव विस्फोट मामले मे शुक्रवार को सुनवाई फिर से शुरू हुई और बचाव पक्ष के वकीलो ने उन गवाहो से जिरह की जो पंचनामे के समय मौके पर मौजूद थे और जिन्होने वहां से बरामद दो मोटरसाइकिलो तथा पांच साइकिलो की पहचान की थी।उन्होने पिछले साल जुलाई मे विशेष अदालत के समक्ष अपनी गवाही दर्ज की थी और तब से उनकी जिरह लंबित थी। उत्तरी महाराष्ट्र के मालेगांव मे 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के निकट एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटको मे विस्फोट होने से छह लोगो की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार मौके से बरामद बाइको मे से एक भोपाल से भाजपा सांसद एवं आरोपी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के नाम पंजीकृत थी। ठाकुर इस समय जमानत पर है। शुक्रवार को सुनवाई शुरू होने पर ठाकुर और रमेश उपाध्याय के वकीलो ने गवाहो से जिरह की। मामले मे 400 गवाहो मे से लगभग 140 की गवाही हो चुकी है। मामले की अगली सुनवाई की तिथि सात दिसम्बर तय की गई। कोरोना वायरस महामारी के कारण मार्च मे इस मामले की सुनवाई को रोक दिया गया था। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), भारतीय दंड संहिता और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के संबंधित प्रावधानो के तहत ठाकुर समेत सात आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे है।

### कोरोना वायरस के टीके के ट्रायल के लिए मप्र के गृह मंत्री अनुपयुक्त पाए गए

**भोपाल।** भोपाल के पीपुल्स मेडिकल कॉलेज मे भारत बायोटेक की कोरोना वायरस टीके का स्वयं पर परीक्षण कराने शुक्रवार को पहुंचे मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को इसके लिए अनुपयुक्त बताया गया क्योकि मिश्रा के परिवार के निकट सदस्य कोरोना संक्रमित हुए थे। भोपाल के पीपुल्स कॉलेज आफ मेडिकल सांइस एंड रिसर्च सेंटर के कुलसचिव डा अनिल कुमार दीक्षित ने पीटीआई भाषा को बताया, मिश्रा को वैक्सीन परीक्षण के लिए अनुपयुक्त पाया गया क्योकि उनके परिवार के कुछ सदस्यो को कोविड-19 का संक्रमण हो चुका है। दीक्षित ने बताया कि भोपाल मे पीपुल्स मेडिकल कॉलेज मे 27 नवंबर से टीके का क्लिनिकल ट्रायल किया जा रहा है और अब तक 18 वर्ष से अधिक आयु के 56 लोगो को इसकी खुराक दी जा चुकी है। कॉलेज से बाहर संवाददाताओ से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि वह भारत बायोटेक के टीके के परीक्षण के लिए वॉलीटियर के तौर पर पेश हुए थे और वह समाज के लिए कुछ करना चाहते थे। मिश्रा ने कहा, लेकिन मै इसके लिए फिट नही पाया गया क्योकि मेरी पत्नी और बच्चे कोरोना संक्रमित हो चुके हैं।

## कृषि कानूनों के विरोध में पटना में प्रदर्शन करेगा राजद

**पटना।** बिहार में विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने शुक्रवार को कहा कि कृषि कानूनों के विरोध में शनिवार को वह यहां प्रदर्शन करेगा। इन कानूनों के खिलाफ देश के उत्तरी इलाकों में बड़े प्रदर्शन जारी हैं।पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख जगदानंद सिंह ने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की मौजूदगी में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना आयोजित किया जाएगा, जिनके दृष्टिकोण प्रस्तावित कानून के कारण खतरे में है। इस कानून का मकसद कृषि क्षेत्र में बड़ी कंपनियों को छूट देना है।

## अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए न्यास में सरकारी प्रतिनिधि नामित करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन में राज्य और केन्द्र सरकार के प्रतिनिधियों को नामित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन की अगुवाई वाली पीठ ने दो अधिवक्ताओं की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में कहा गया था कि कोष के सही प्रबंधन के लिए निजी लोगों और राज्य सुन्नी बोर्ड के सदस्यों के अलावा केन्द्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों की मौजूदगी जरूरी है। याचिका के अनुसार सुन्नी वक्फ बोर्ड ने मस्जिद बनाने के लिए दी गई पांच एकड़ जमीन में एक मस्जिद, सांस्कृतिक एवं अनुसंधान केन्द्र, सामुदायिक रसोई, एक अस्पताल और एक पुस्तकालय सहित जन उपयोगी केन्द्र के निर्माण के वास्ते इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन नाम से एक न्यास बनाने की घोषणा 29 जुलाई 2020 को की थी। याचिका में कहा गया कि इसमें सरकार के किसी अधिकारी को नामित करने का कोई प्रावधान नहीं है, जैसा केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए न्यास में होता है।

## किसान आंदोलन पर टिप्पणी को लेकर भारत ने कनाडा को चेताया

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** ने शुक्रवार को कनाडा के उच्चायुक्त नादिर पटेल को तलब कर उनसे कहा कि किसानों के आंदोलन के संबंध में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के कुछ अन्य नेताओं की टिप्पणी देश के आंतरिक मामलों में एक 'अस्वीकार्य हस्तक्षेप' के समान है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडाई राजनयिक से यह भी कहा गया गया कि ऐसी गतिविधि अगर जारी रही तो इससे द्विपक्षीय संबंधों को गंभीर क्षति पहुंचेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडाई उच्चायुक्त को आज विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और सूचित किया गया कि भारतीय किसानों से संबंधित मुद्दों पर कनाडाई प्रधानमंत्री, कुछ कैबिनेट मंत्रियों और सांसदों की टिप्पणी हमारे आंतरिक मामलों में अस्वीकार्य हस्तक्षेप के समान है। इसके साथ ही कनाडाई राजनयिक को आपत्ति पत्र (डिमार्श) भी सौंपा गया।

ट्रूडो ने भारत में आंदोलन कर रहे किसानों का समर्थन करते हुए कहा था कि शांतिपूर्ण विरोध के अधिकारों की रक्षा के लिए कनाडा हमेशा साथ रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने स्थिति पर चिंता जताई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि किसानों के मुददे पर कनाडा के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणी की वजह से कनाडा में हमारे मिशन के सामने भीड़ जमा हुई जिससे सुरक्षा का मुद्दा खड़ा होता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि कनाडाई सरकार भारतीय राजनयिकों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। इससे पहले मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने कनाडाई नेताओं के बयानों पर कड़ी टिप्पणी की थी।

मंत्रालय ने कहा था, हमने कनाडाई नेताओं द्वारा भारत में किसानों से संबंधित कुछ ऐसी टिप्पणियों को देखा है जो भ्रामक सूचनाओं पर आधारित हैं। इस तरह की टिप्पणियां अनुचित हैं, खासकर जब वे एक लोकतांत्रिक देश के आंतरिक मामलों से संबंधित हों।

# पेज 1 का शेष

## विधान परिषद...

प्रथम वरीयता की गिनती हो गई। इनमें 1250 निरस्त हुए। कांग्रेस के प्रत्याशी मेहंदी हसन को महज 276 वोट मिले जबकि निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. राजेन्द्र गंगवार को 1162 और राम बाबू शास्त्री ने 2016 मत हासिल किए। लखनऊ में शिक्षक सीट पर भाजपा के उमेश कुमार द्विवेदी को कुल 7065 मत मिले। इन्होंने डॉ महेंद्रनाथ राय को 3247 वोट से हराया। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए तड़के तक चली मतगणना में भाजपा प्रत्याशी उमेश कुमार द्विवेदी ने जीत दर्ज की। यहां कुल पड़े 17985 मतों में से 17077 वैध मतों की गिनती में गिनती में उमेश द्विवेदी को 7065 वोट मिले। आगरा में शिक्षक सीट एमएलसी चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल ने जीत दर्ज की है। डॉ आकाश अग्रवाल ने भाजपा के भाजपा प्रत्याशी डॉ दिनेश कुमार वशिष्ठ को शिकस्त दी। वहीं गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक सीट पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के ध्रुव त्रिपाठी ने लगातार तीसरा चुनाव जीता है। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय सिंह को 1935 मतों से दी शिकस्त। निर्दल राजीव यादव को तीसरा स्थान मिला। यहां समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश यादव चौथे स्थान पर रहे। ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जीत की हैट्रिक लगाई है। इस सीट पर लगातार तीन बार जीतने वाले वह पहले प्रत्याशी बन गए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय सिंह को 1935 मतों से पराजित किया। एमएलसी वाराणसी खंड शिक्षक कोटे की सीट पर समाजवादी पार्टी के लाल बिहारी यादव विजयी रहे। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी शिक्षक नेता ओम प्रकाश शर्मा गुट के डा. प्रमोद कुमार मिश्र को शिकस्त दी। लाल बिहारी को 7248 वोट तो वहीं मिश्र को 6830 वोट मिले। शिक्षक सीट पर पिछले 10 साल से काबिज निवर्तमान विधायक चेतनारायण सिंह मतगणना के प्रारंभ से अंत तक तीसरे स्थान पर ही बने रहे। वहीं स्नातक सीट पर भी सपा बढ़त बनाए हुए है। सपा के आशुतोष सिन्हा 11510 वोट पाकर भाजपा के केदार सिंह से 2140 वोट से आगे हैं। केदार सिंह को 9370 वोट मिले हैं। स्नातक सीट पर कुल 22 प्रत्याशी मैदान में हैं। 82 हजार 498 वोट पड़े हैं। जीत के लिए कोटा निर्धारित कर दिया गया है। गिनती जारी है। आगरा स्नातक सीट के लिए प्रथम वरीयता की मतगणना पूरी हो गई है, लेकिन किसी को पचास फीसद वोट नहीं मिलने की वजह से हार जीत पर फैसला नहीं हो सका है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी मानवेंद्र सिंह इस वरीयता में 4969 वोटों से आगे हैं। मानवेंद्र शुरुआत में भले ही पिछड़ रहे हों, उन्होंने चौथे चरण के बाद तेजी से बढ़त बनाना शुरू कर दी। प्रथम वरीयता की अंतिम व नौंवे राउंड में मानवेंद्र सिंह को 37927 वोट मिले हैं जबकि दूसरे स्थान पर सपा प्रत्याशी डा. असीम यादव हैं। एमएलसी डा. असीम को 32958 वोट मिले हैं। तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी हरि किशोर तिवारी हैं। हरि किशोर को 22742 वोट मिले हैं। स्नातक में 22 प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले और दूसरे राउंड में सपा प्रत्याशी आगे थे जबकि तीसरे राउंड में निर्दलीय प्रत्याशी हरिकिशोर ने बढ़त बना ली। कुल नौ राउंड की मतगणना होगी जिसमें आठ राउंड पूरे हो चुके हैं। 1.17 लाख में 1.1लाख वोटों की गिनती हो चुकी है। अब दूसरी वरीयता की मतगणना शुरू होगी। शनिवार सुबह तक परिणाम आने की संभावना है। मेरठ खंड की स्नातक सीट पर भी भाजपा ने बढ़त बना ली है। मतगणना के दूसरे दिन रात आठ बजे तक कुल आठ चक्र की मतगणना हुई। लगभग 56 हजार वोटों की गिनती में भाजपा प्रत्याशी दिनेश गोयल ने चार बार से विजयी निर्दलीय प्रत्याशी और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष हेम सिंह पुंडीर से 13,082 वोटों की बढ़त बना ली थी। दिनेश गोयल को 19,994 वोट मिले जबकि हेम सिंह पुंडीर को 6,912 वोट मिले। स्नातक सीट पर कुल तीस प्रत्याशी मैदान में है। इस सीट के चुनाव में कुल 1,23,935 वोट डले थे। वोटों की गिनती के लिए 19 राउंड में होनी है। अधिकारियों की मानें तो परिणाम शनिवार दोपहर बाद तक आ पाएंगे। वाराणसी स्नातक सीट के वोटों की गिनती अभी जारी है और सपा प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा बढ़त बनाए हुए हैं। लखनऊ स्नातक सीट पर तीसरा राउंड पूरा होने के बाद निर्दलीय कांति सिंह भाजपा के अविनीश कुमार सिंह से 657 वोटों से आगे है। पिछले राउंड में 1001 की बढ़त थी, बढ़त कम होने से कांति सिंह के समर्थकों में मायूसी है तो भाजपा अविनीश कुमार सिंह के समर्थकों में उत्साह है। नौ राउंड पूरा होने के बाद दूसरी वरीयता की काउंटिंग शुरू होगी। कल शाम तक परिणाम आने की संभावना है।

## निवेश के...

है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि गोरखपुर में टेराकोटा की शुरुआत एक गांव से हुई थी लेकिन आज इसका विस्तार हो रहा है। हाल में लखनऊ में आयोजित प्रदर्शनी में गोरखपुर के टेराकोटा शिल्पकारों ने काफी अच्छा मुनाफा कमाया। इसके पहले गीडा पहुंचे सीएम ने गोरखपुर के उद्योगपतियों से मुलाकात की। उन्होंने उद्योगपतियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यूपी में कोरोना काल में बैंकों से उद्यमियों को ऋण दिलाया गया। कोरोना काल में 20 लाख लोगों को बैंकों से लोन दिलाया गया। कारीगरों को नए अवसर मिले। गोरखपुर की कनेक्टिविटी बढ़ी है। कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू करने जा रहे हैं। जेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। एक्सप्रेस वे का जाल प्रदेश में बिछाया जा रहा है। यह अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने जा रहा है।

## महाराष्ट्र विधान...

औरंगाबाद संभाग के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार शिरीष बोरलकर को मात दी। राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि चव्हाण को1,16,638 और बोरलकर को 58,743 वोट मिले। नागपुर संभाग की स्नातक सीट पर कांग्रेस के अभिजीत वंजारी ने भाजपा के संदीप जोशी को हराया। अतीत में भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी इस सीट से विधान पार्षद रह चुके हैं। वहीं पुणे संभाग के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में राकांपा के अरुण लाड ने भाजपा उम्मीदवार संग्राम देशमुख को 48,824 मतों से मात दी। लाड को1,22,145 मत और देशमुख को 73,321 मत मिले। पुणे संभाग के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के जयंत असगांवकर ने मौजूदा विधान पार्षद तथा निर्दलीय उम्मीदवार दत्तात्रेय सावंत को हराया। अमरावती संभाग के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय किरन सरनाइक ने मौजूदा निर्दलीय एमएलसी तथा शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले श्रीकांत देशपांडे को हराया। भाजपा को केवल धुले-नंदूरबार सीट पर जीत हासिल हुई है, जहां पार्टी उम्मीदवार अमरीश पटेल विजई हुए। यह सीट भाजपा के निवर्तमान विधान परिषद सदस्य अंबरीश पटेल के कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के चलते रिक्त हुई थी। चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा, यह चुनाव नतीजे एक साल पुरानी एमवीए सरकार के कामकाज का फल हैं। भाजपा नेता देवेन्द्र फड़णवीस ने कहा कि उनकी पार्टी एमवीए गठबंधन की ताकत का अंदाजा लगाने में नाकाम रही। एक और भाजपा नेता सुधीर मुनगंतीवार ने कहा, हम इन चुनावों में पार्टी को मिली हार पर आत्ममंथन करेंगे। मुझे लगता है कि हम इस चुनाव में चूक गए। महाराष्ट्र विधान परिषद में कुल 78 सीटें हैं। इनमें राज्यपाल कोटे की 12 सीटें शामिल हैं, जो अभी रिक्त हैं। एमवीए ने इन सीटों के लिए अपनी ओर से 12 नामों की सूची राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी को सौंप दी है। ऊपरी सदन में फिलहाल भाजपा के 22, शिवसेना के 14, राकांपा के नौ, कांग्रेस के आठ, आरएसपी, पीडब्लयूपी तथा लोक भारती पार्टी का एक-एक और चार निर्दलीय सदस्य हैं।

## भाजपा ने...

ने 51 सीटों पर किस्मत आजमाई। भाजपा को मिली षानदार सफलता ने आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से उम्मीद जगा दी है। दूसरे नंबर पर काबिज भाजपा ने इस तरह जष्न मनाया जैसे बहुमत उन्हें ही मिला है। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने ट्वीट कर कहा कि वे चार से 40 पार पहुंच गए है। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव परिणाम में कांग्रेस का कुछ खास प्रदर्शन नहीं रहा है। 150 सीटों में कांग्रेस ने सिर्फ दो ही सीटों पर जीत दर्ज की है। इसी के चलते तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एन उत्तम कुमार रेड्डी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस की चुनावी लड़ाई का नेतृत्व उसके प्रदेश अध्यक्ष एन उत्तम कुमार रेड्डी और कार्यकारी अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी (दोनों सांसद) और अन्य वरिष्ठ नेता कर रहे थे। के. चंद्रशेखर राव की अगुवाई वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति यानी टीआरएस ने चार साल पहले 150 वार्डों में से 99 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार भले सीटों की संख्या घट गई, लेकिन सत्ता पर वही काबिज रहेगी। टीआरएस ने हालांकि एआईएमआईएम के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार किया। टीआरएस के प्रचार अभियान का नेतृत्व पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के नगर प्रशासन मंत्री केटी रामाराव ने किया, जबकि पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने शहर में प्रचार के लिए कई राज्य मंत्रियों और विधायकों को उतारा। भाजपा जहां टीआरएस और असदुद्दीन ओवैसी दोनों पर आक्रामक रूप् से हमलावर रही वहीं, कभी राज्य में प्रमुख ताकत रही टीडीपी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में किए विकास को याद दिलाया। भाजपा के तेलंगाना के अध्यक्ष और सांसद बंदी संजय कुमार ने पुराने षहर हैदराबाद में सर्जिकल स्ट्राइक जैसी अपनी टिप्पणियों से माहौल को गर्मा दिया था। इसके बाद जिन्ना की भी एंट्री हुई और भगवा पार्टी ने रोहिंग्याओं और पाकिस्तानियों को वापस भेजने को मुद्दा बनाया।

## किसानों ने...

कि यदि इन कृषि कानूनों को वापस नहीं लिया गया तो हमने आने वाले दिनों में दिल्ली की शेष सड़कों को अवरूद्ध करने की योजना बनाई है। राजस्थान से आए रंजीत सिंह राजू ने कहा कि हमने फैसला किया है कि यदि हमारी मांगे जल्द नहीं मानी गई तो दिल्ली से जुड़ने वाली सभी सड़कों को हम बंद कर देंगे। कल की बैठक में हमारा मुख्य एजेंडा यह जानना होगा कि सरकार कानून को वापस ले रही या नहीं। कानून के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन चल रहा है। यहां तक कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी और यह विरोध प्रदर्शन केवल उत्तरी राज्यों तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे देश में चल रहा है। गुरुनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि यदि सरकार हमारे मांगों से सहमत नहीं होती है कि आगे की कार्रवाई का फैसला कल किया जाएगा और हम अपने विरोध प्रदर्शन को और तेज कर देंगे।' दिल्ली के बॉर्डर बिंदुओं पर पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों के किसानों का प्रदर्शन लगातार नौ दिनों से जारी है।

## केंद्र को...

बातचीत चल रही है, कुछ मुद्दों पर दोनों पक्षों में सहमति बनी है। भारत सरकार किसान संगठनों से बातचीत कर रही है और बैठक सकारात्मक माहौल में हो रही है। उन्होंने राजनीतिक दलों से पूरे आंदोलन का राजनीतीकरण न करने का अनुरोध किया। गुरुवार को किसानों के साथ बैठक के बाद तोमर ने कहा कि सरकार का कोई अहम नहीं है और वह किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर खुले दिमाग से चर्चा कर रही है। सरकार के सुर से लगता है कि वह कृषि कानूनों में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने के मुद्दे पर विचार कर रही है।

### पॉजिटिव पाए जाने के बाद दक्षिण अफ्रीका–इंग्लैंड के बीच मैच स्थगित

**केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका)।** दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच पहला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच स्थगित कर दिया गया क्योंकि घरेलू टीम के बायो-बबल मे एक और खिलाड़ी को कोरोना वायरस की जांच मे पॉजिटिव पाया गया। दोनों क्रिकेट टीमों के महासंघों ने कहा कि पहला मैच रविवार के लिए स्थगित कर दिया गया। दोनों टीमों के बीच तीन वनडे खेले जाने है।

### पहलवान नरसिंह यादव विश्व कप के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** पहलवान नरसिंह यादव की शुक्रवार को कोरोना वायरस जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है जिससे उनकी सर्बिया मे आगामी विश्व कप मे भागीदारी की पुष्टि हो गई। चार साल के प्रतिबंध के बाद प्रतिस्पर्धी कुश्ती मे वापसी कर रहे नरसिंह ने भारतीय टीम मे 74 किग्रा मे जितेंदर किन्हा की जगह ली थी लेकिन कोरोना वायरस पॉजिटिव आने के बाद उनके भाग लेने पर संदेह बन गया था। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने पुष्टि की कि वह 14 दिसंबर को पुरूष फ्रीस्टाइल टीम के साथ बेलग्रेड जाएंगे।

### आशीष मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद की दौड़ में

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता आशीष शेलार ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन भरा है जो 18 दिसंबर को होने वाले चुनाव मे निवर्तमान अजय सिंह को चुनौती देंगे। उन्होंने बुधवार को नामांकन भरा और उनका नाम बीएफआई मतदाताओं की सूची में शामिल कर लिया गया। बीएफआई चुनाव सितंबर मे ही होने थे लेकिन कोरोना महामारी के कारण टालने पड़े। अब गुरूग्राम मे होने वाली एजीएम मे चुनाव कराए जाएंगे।

### वासन डीडीसीए क्रिकेट सलाहकार समिति के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय खिलाड़ी अतुल वासन को आगामी सत्र के लिए अपनी क्रिकेट सलाहकार समिति का अध्यक्ष बनाया। तीन सदस्ईय समिति मे पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर परविंदर अवाना और रॉबिन सिंह जूनियर भी हैं। डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली द्वारा लिया गया यह पहला क्रिकेट संबंधी नीतिगत फैसला है।

### टोटेनहम, मिलान यूरोपा लीग के नॉकआउट चरण में

**लंदन।** एसी मिलान ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेल्टिक को 4-2 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल के नॉकआउट चरण मे प्रवेश कर लिया जबकि टोटेनहम ने भी ड्रॉ के बावजूद अगले दौर मे जगह बनाई। जेरेथ बेल के यूरोपा लीग मे पहले गोल के बाद टोटेनहम ने आस्ट्रिया के एलएएसके से 3-3 से ड्रॉ खेला। ब्रागा, लिली, विलारीयाल, रॉयल एंटवर्प, डिनामो जगरेब, रेड स्टार बेलग्रेड, लीवरकुसेन, स्लाविया प्राग, रेंजर्स, बेनफिका, ग्रेनाडा और पीएसवी ईंडोवन ने भी नॉकआउट मे जगह बना ली।

# पहले टी20 में भारत ने दिखाई ताकत

- आस्ट्रेलिया को 11 रनों से हराया
- जडेजा के कनकशन विकल्प के तौर पर आए चहल बने मैच विजेता



भाषा। कैनबरा

आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच में रविंद्र जडेजा को हेलमेट पर गेंद लगने के बाद उनके कनकशन (सिर पर चोट लगना) विकल्प के तौर पर युजवेंद्र चहल उतरे और दोनों ही खिलाड़ियों ने मैच जीतने के लिए अहम योगदान दिए।

जडेजा को भारतीय पारी के आखिरी ओवर में मिशेल स्टार्क की बाउंसर से चोट लगी। वह विकेट के बीच दौड़ते हुए दर्द से कराहते दिखे। जडेजा ने 23 गेंद पर 44 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को सात विकेट पर 161 रन तक पहुंचाया जो भारत की 11 रन की जीत के लिए अच्छा स्कोर साबित हुआ। चहल ने अपने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट हासिल किए और उनके प्रदर्शन ने इस जीत में अहम भूमिका अदा की जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, रविंद्र जडेजा को पहले टी20 मैच में पहली पारी के आखिरी ओवर में हेलमेट पर गेंद लगी। भारत के क्षेत्ररक्षण के दौरान युजवेंद्र चहल मैदान पर उतरे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम जडेजा की हालत पर नजर रखे हुए है। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर मैच रैफरी डेविड बून से इशारों में बात करते नजर आए लेकिन यह पता नहीं चल सका है कि क्या वे चहल को उतारे जाने के बारे में बात कर रहे थे। आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान आरोन फिंच ने मैच के बाद कहा, उनके डॉक्टर ने जडेजा को कनकशन के कारण बाहर किया। आप एक मेडिकल विशेषज्ञ की राय को चुनौती नहीं दे सकते। उनके साथी और हरफनमौला मोइजेस हेनरिक्स टीम को हुई हताशा को जाहिर करने से खुद को रोक नहीं सके। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, खिलाड़ी के कनकशन का फैसला लिया गया और हमें इससे कोई परेशानी नहीं है। लेकिन इसमें विकल्प का खिलाड़ी भी उन्हीं की तरह होना चाहिए था? जडेजा हरफनमौला हैं और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी कर ली थी। चहल एक गेंदबाज हैं। हेलमेट में गेंद लगने के बाद जडेजा ठीक दिखे और ड्रेसिंग रूम में लौट गए जिससे कमेंटेटरों के बीच उनकी चोट की गंभीरता को लेकर कुछ बातचीत भी हुई।पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी अब कोच और कमेंटेटर हैं, उन्होंने कहा, मुझे जडेजा के विकल्प के तौर पर चहल के आने से कोई परेशानी नहीं हैं लेकिन मुझे परेशानी इस बात से है कि जब जडेजा के हेलमेट में गेंद लगी थी तो डाक्टर और फिजियो वहां मौजूद नहीं थे जो मुझे लगता है कि यह अब प्रोटोकॉल है? पिछले साल जुलाई में ही आईसीसी ने किसी खिलाड़ी को सिर में चोट लगने पर उसके विकल्प को उतारने की अनुमति दी थी।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** राहुल का एबोट बो हेनरिक्स 51,धवन बो स्टार्का, कोहली का और बो स्वेपसन 9, सैमसन का स्वेपसन बो हेनरिक्स 23, पांडे का हेजलवुड बो जाम्पा 2,पंड्या का स्मिथ बो हेनरिक्स 16,जडेजा नाबाद 44, सुंदर का एबोट बो स्टार्क 7,दीपक चाहर नाबाद 0 ,**अतिरिक्त** : आठ रन,**कुल योग** : 20 ओवर में सात विकेट पर 161 रन, **विकेट पतन** :1-11, 2-48, 3-86, 4-90, 5-92, 6-114, 7-152, **गेंदबाजी** : स्टार्क 4- 0-34-2,हेजलवुड 4- 0-39- 0,जाम्पा 4 -0-20 -1,एबोट 2 - 0-23- 0, स्वेपसप 2-0-21-1, हेनरिक्स 4-0-22-3

**आस्ट्रेलिया पारी :** शॉर्ट का पंड्या बो नटराजन 34, फिंच का पंड्या बो चहल 35,स्मिथ का सैमसन बो चहल 12,मैक्सवेल पगबाधा बो नटराजन 2, हेनरिक्स पगबाधा बो चाहर 30, वेड का कोहली बो चहल 7, एबोट नाबाद 12, स्टार्क बो नटराजन 1, स्वेपसन नाबाद 12, अतिरिक्त : पांच रन, योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 150 रन, विकेट पतन :1-56, 2-72, 3-75, 4-113, 5-122, 6 -126, 7-127,गेंदबाजी : चाहर 4- 0-29-1, सुंदर 4-0-16-0,शमी 4-0-46-0, नटराजन 4-0-30-3, चहल 4- 0-25-3

## जडेजा ने ड्रेसिंग रूम में आन के बाद चक्कर की शिकायत की: संजू सैमसन



**कैनबरा।** भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन ने शुक्रवार को कहा कि रविंद्र जडेजा भारतीय पारी पूरी करने के बाद चक्कर महसूस कर रहे थे जिसके बाद उनके विकल्प के तौर पर उतारे गए युजवेंद्र चहल ने सभी को दिखाया कि किसी भी समय मिले मौके के लिए कैसे तैयार रहना चाहिए। चहल टीम में शामिल नहीं थे, वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में रविंद्र जडेजा के कनकशन विकल्प के तौर पर आए और उन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाकर मैच जीतने में अहम भूमिका निभाई। सैमसन ने मैच के बाद वर्चुअल मीडिया कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा, उनके हेलमेट में अंतिम ओवर (मिशेल स्टार्क के) में गेंद लगी और जब वह ड्रेसिंग रूम में आए थे तो फिजियो (नितिन पटेल) ने उनसे पूछा कि उन्हें कैसा लग रहा है। उन्होंने (जडेजा ने) कहा कि वह थोड़े चक्कर महसूस कर रहे हैं। टीम के डॉक्टर (अभिजीत साल्वी) की सलाह के अनुसार उन पर नजर रखी जा रही है। सैमसन हालांकि जडेजा की हैमस्ट्रिंग पर कोई अपडेट नहीं दे सके जो उन्हें 19वें ओवर में जोश हेजलवुड की गेंदबाजी के दौरान हुई थी जिसके लिए पट्टी बांधी गई थी।

### भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में पदार्पण को लेकर बनी हाइप से रोमांचित है पुकोवस्की

**सिडनी।** भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में पदार्पण को लेकर बनी हाइप से विल पुकोवस्की काफी रोमांचित है और आस्ट्रेलिया का यह उभरता बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना करने का बेताबी से इंतजार कर रहा है। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में मोहम्मद शमी, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज और नवदीप सैनी है। वहीं स्पिन की कमान रविंद्र जडेजा, आर अश्विन, कुलदीप यादव के हाथ में होगी। पुकोवस्की ने कहा, इन गेंदबाजों ने पूरी दुनिया में धूम मचा रखी है। मैंने सोचा भी नहीं था कि एक दिन इनका सामना करूंगा लेकिन अब यह सच होने जा रहा है। मैं मानसिक रूप से पूरी तरह से तैयार हूं। मौका मिलने पर मैं अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करूंगा। यह पूछने पर कि सीनियर टीम में खिलाड़ियों के चोटिल होने से क्या भारत ए के खिलाफ आस्ट्रेलिया ए के लिए उतरते समय कम दबाव होगा, उन्होंने कहा कि सीनियर टीम में जगह पाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा।

## आठ सदस्य पॉजिटिव आने के बाद पाकिस्तान को न्यूजीलैंड में अभ्यास की अनुमति नही

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड दौरे पर आई पाकिस्तान क्रिकेट टीम के आठ सदस्यों के कोरोना जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद टीम को अभ्यास की अनुमति नहीं मिल सकी है। यहां दौरा कर रही खेल टीमों को मिली रियायत के तहत पाकिस्तान की 53 सदस्ईय टीम को 14 दिन के पृथकवास के तीसरे दिन से क्राइस्टचर्च में होटल के भीतर छोटे समूहों में अभ्यास की अनुमति मिल सकती थी। लेकिन आठ सदस्यों के पॉजिटिव पाए जाने और पहले ही दिन पृथकवास प्रोटोकॉल तोड़ने के बाद न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने वह रियायत वापिस ले ली। न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर एशले ब्लूमफील्ड ने कहा कि पाकिस्तानी टीम को यह रियायत नहीं दी जाएगी।

## स्विच हिट पर नजर रखना मैदानी अंपायरों के लिए संभव नहीं : टोफेल




**सिडनी।** साइमन टोफेल का मानना है कि स्विच हिट शॉट को अवैध करार देना अव्यवहारिक है क्योंकि मैदानी अंपायरों के लिए बल्लेबाज की ग्रिप या स्टांस में बदलाव पर नजर रखना संभव नहीं है। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने कहा था कि आईसीसी को स्विच हिट शॉट पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए क्योंकि यह गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षण कर रही टीम के लिए अनुचति है। क्रिकेट का खेल विज्ञान नहीं, कला है। हम परफेक्ट नहीं हैं। अगर हम कहते हैं कि इस तरह के शॉट पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए तो अंपायर उस पर नजर कैसे रखेंगे। लगातार पांच बार आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ अंपायर रहे टोफेल ने कहा, अंपायरों को कई फैसले लेने होते हैं। फ्रंट फुट, बैक फुट, सुरक्षित क्षेत्र और गेंद कहां पड़ी है। एक अंपायर के लिए ग्रिप या स्टांस पर नजर रखना संभव नहीं है। ऐसा कानून बनाने का क्या फायदा जो लागू ही नहीं हो सके। स्विच हिट में गेंदबाज के हाथ से गेंद छूटते ही बल्लेबाज हाथ बदल लेता है यानी दाहिने हाथ का बल्लेबाज बाएं हाथ में बल्ला थाम लेता है।

# चहल को खिलाने की कोई योजना नहीं थी

- लेकिन कनकशन विकल्प हमारे लिए कारगर रहा: कोहली

भाषा। कैनबरा



भारतीय कप्तान विराट कोहली इस बात से खुश थे कि कनकशन विकल्प नियम उनकी टीम के लिए फायदेमंद रहा जबकि युजवेंद्र चहल को खिलाने की कोई योजना नहीं थी जो यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर उतरने के बाद मैच विजेता साबित हुए। चोटिल जडेजा ने बल्ले से अपनी भूमिका निभा दी थी और उनके विकल्प के तौर पर चहल भारत की 11 रन की जीत में अहम साबित हुए। जडेजा ने 23 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत को सात विकेट पर 161 रन बनाने में मदद की लेकिन उनके सिर में लगी चोट के कारण चहल को उतारना पड़ा जिन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, युजी (चहल) को मैच में खिलाने की कोई योजना नहीं थी। जड्डू (जडेजा) को सिर में एक गेंद लगी और उन्हें चक्कर आ रहा था और अब भी आ रहे हैं। कनकशन विकल्प अजीब चीज है, आज यह हमारे लिए कारगर रहा। लेकिन हो सकता है कि अगली बार ऐसा नहीं हो। कोहली ने अपने सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा की लेकिन जडेजा और चहल के प्रयासों की सबसे ज्यादा तारीफ की। वह (चहल) आया और उसने सचमुच काफी अच्छी गेंदबाजी की। पिच ने भी उसका साथ दिया। युजी ने प्रतिद्वंद्वियों को रोकने में शानदार जज्बा दिखाया। मुझे लगा कि उन्होंने अच्छी शुरूआत की। बल्लेबाजों ने हमें कुछ विकेट पेश कर दिए। यही टी20 क्रिकेट है। आस्ट्रेलिया में, आपको अंत तक मजबूत बने रहना होता है। उसने (जडेजा) पिछले मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी। नटराजन में दिखता है कि वह काफी सुधार कर सकता है। दीपक चाहर ने भी हमारे लिए अच्छी गेंदबाजी की। चहल ने हमें मैच में वापसी कराई। हार्दिक का कैच लपकना भी मैच का रूख बदलने वाला रहा। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर मैच रैफरी डेविड बून से इशारों में बात करते नजर आए लेकिन यह पता नहीं चल सका है कि क्या वे चहल को उतारे जाने के बारे में बात कर रहे थे। आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान आरोन फिंच ने मैच के बाद कहा, उनके डॉक्टर ने जडेजा को कनकशन के कारण बाहर किया।

## विलियमसन के दोहरे शतक से न्यूजीलैंड का विशाल स्कोर



**हैमिल्टन।** कप्तान केन विलियमसन के कैरियर के सर्वोच्च स्कोर 251 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी सात विकेट पर 519 के स्कोर पर घोषित की। विलियमसन का यह तीसरा दोहरा शतक है। उन्होंने हरफनमौला काइल जैमीसन का अर्धशतक पूरा होते ही पारी घोषित कर दी।उस समय दिन के 26 ओवर बाकी थे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने बिना किसी नुकसान के 49 रन बना लिए थे। बल्लेबाज डेरेन ब्रावो और विकेटकीपर शेन डोरिच को मामूली चोटें आई है। सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट (20) और जॉन कैंपबेल (22) विकेट पर टिके हुए हैं। दूसरे दिन का खेल विलियमसन के नाम रहा जिन्होंने साढे दस घंटे क्रीज पर डटकर अपनी पारी में 34 चौके और दो छक्के लगाए। इससे पहले उनका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर 242 रन था जो उन्होंने 2015 में श्रीलंका के खिलाफ वेलिंगटन में बनाया था। टेस्ट क्रिकेट में तीन दोहरे शतक जमाने वाले वह ब्रेंडन मैकुलम और स्टीफन फ्लेमिंग के बाद न्यूजीलैंड के तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने नाबाद 97 रन से आगे खेलना शुरू किया था और 224 गेंदों में अपना 22वां शतक पूरा किया। इसके बाद 200 रन 369 गेंदों में पूरे किए। उन्हें 221 के स्कोर पर जीवनदान मिला जब रोच की गेंद पर विकेट के पीछे शामार ब्रूक्स ने उनका कैच लपका। डीआरएस के बाद फैसला बदल दिया गया क्योंकि वह नोबॉल थी और रोच गेंद डालते समय क्रीज से बाहर निकल गए थे। जैमसन ने 62 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे।

## सेबी का एस्पेन इंडस्ट्रीज, चार अन्य के बैंक, डीमैट खाते कुर्क करने का आदेश



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एस्पेन इंडस्ट्रीज और चार अन्य से 2.84 करोड़ रुपए की वसूली के लिए के उनके बैंक एवं डीमैट खाते कुर्क करने का आदेश दिया है। बाजार नियामक सेबी ने जुलाई 2017 में कंपनी को निवेशकों का पैसा लौटाने का आदेश दिया था। कंपनी के इसमें विफल रहने पर कुर्की का यह आदेश दिया गया है। कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम नियमों का पालन किए बगैर गैर–परिवर्तनीय बांड जारी कर यह निवेश जुटाया था। सेबी के बृहस्पतिवार को जारी कुर्की आदेश के मुताबिक चूककर्ताओं को निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए पर्याप्त समय दिया गया। उन्होंने नियामक के निर्देशों का पालन करने की कोई इच्छा नहीं दिखाई।

### नीतिगत दरें अपरिवर्तित रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय का रियल्टी कंपनियों ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनियों ने नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय तथा आर्थिक पुनरुद्धार में सुधार के अनुमान का शुक्रवार को स्वागत किया। कंपनियों ने कहा कि महंगाई के दबाव के बावजूद नीतिगत दर और नीतिगत रूख को नरम बरकरार रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय से आवास ऋण पर निम्न ब्याज का लाभ बना रहेगा और आवास मांग को तेजी मिलेगी।रिजर्व बैंक ने लगातार तीसरी बार मौद्रिक नारेडको के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने कहा, आवास ऋण आकर्षक दरों पर बना रहेगा। घर खरीदने के लिए भी यह अच्छ्ह्यह्यह्या होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के अनुमान से आवास की मांग को बढ़ावा मिलेगा।सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (भारत, दक्षिण पूर्वी एशिया, पश्चिमी एशिया एवं अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा, मुद्रास्फीति के स्तर को देखते हुए रिजर्व बैंक का रेपो दर अपरिवर्तित रखना अनुमान के अनुकूल निर्णय है।

### पीएमसी बैंक के समाधान की दिशा में शुरुआती प्रतिक्रिया सकारात्मक दिखी है : रिजर्व बैंक



**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि संकट से जूझ रहे पंजाब एण्ड महाराष्ट्र सहकारी बैंक (पीएमसी) बैंक के पुनरूद्धार के लिए संभावित निवेशकों की ओर से मिली प्रतिक्रिया अब तक सकारात्मक रही है। धोखाधड़ी का शिकार हुए इस बहु–राज्यीय शहरी सहकारी बैंक ने पिछले महीने पुनरूद्धार के लिए संभावित निवेशकों से उसमें निवेश और इक्विटी भागीदारी के लिए रुचि पत्र आमंत्रित किए हैं। इसके लिए सूचना ज्ञापन जारी करने की समयसीमा 20 नवंबर और बोली पूर्व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए 30 नवंबर की तिथि तय की गई थी। आरबीआई की द्वैमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करने के बाद गवर्नर दास ने संवाददाताओं से कहा, अब तक जो प्रतिक्रिया दिखी है वह सकारात्मक रही है।

# आरबीआई ने नीतिगत दर पूर्व-स्तपर ही रखा

- चालू तिमाही में आर्थिक वृद्धि दिखने की उम्मीद जाताई

भाषा। मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पेश द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में मुद्रास्फीति के उच्च स्तर को देखते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो को चार प्रतिशत पर बरकरार रखा। केंद्रीय बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था तेजी से सुधर रही है और चालू तिमाही में फिर वृद्धि की राह पर लौट सकती है। छह सदस्ईय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपनी मानक ब्याज दर रेपो को चार प्रतिशत पर बनाए रखने का एकमत से फैसला किया। अगस्त में मुद्रास्फीति की चिंता के मद्देनजर रेपो दर में कटौती रोकने से पहले रिजर्व बैंक जनवरी के बाद से इसमें 1.15 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक ने रिवर्स रेपो दर को भी 3.35 प्रतिशत पर यथावत बनाए रखा। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिसके आधार पर रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को एक दिन के लिए धन उधार देता है। केंद्रीय बैंक के पास रखे गए पैसों के लिए बैंकों को रिवर्स रेपो दर के आधार पर ब्याज मिलता है। रेपो दर में किसी तरह का बदलाव नहीं होने से लोगों के आवास, वाहन समेत अन्य खुदरा कर्ज पर ब्याज दरें यथावत रह सकती हैं। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति के मामले में उदार रुख बरकरार रखा है। इसका मतलब है कि आने वाले महीनों में जरूरत पड़ने पर वह नीतिगत दर में कटौती कर सकता है। रिजर्व बैंक ने समीक्षा में यह भी कहा है कि तीसरी तिमाही से अर्थव्यवस्था की गति सकारात्मक दायरे में आ जाएगी। बैंक ने आर्थिक गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में आ रहे सुधार को देखते हुए तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 0.1 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 0.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।

### अगले साल का बजट सावधानीभरा, आर्थिक वृद्धि बढ़ाने वाला रहने की उम्मीद : दास

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2021-22 का आम बजट बनाने की कवायद के बीच भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि अगला बजट सावधानीभरा और वृद्धि को गति देने वाला रहने की उम्मीद है। दास वित्त मंत्रालय मे विभिन्न पदो पर काम कर चुके है और लगभग 10 आम बजट बनाने मे उनकी सीधी भागीदारी रही है। इसमे से एक बजट वैश्विक वित्तीय संकट के बाद का था। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से उपजी अभूतपूर्व परिस्थितियों और अर्थव्यवस्था पर पड़े इसके असर के बावजूद सरकार ने राजकोषीय मितव्ययता को बनाए रखा है। इसके साथ ही संकट से निपटने के लिए भी कदम उठाए है। मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद मीडिया से बातचीत मे दास ने कहा, स्वाभाविक तौर पर जब भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी से हुए भारी नुकसान से उबर रही है, अगले बजट को वृद्धि को समर्थन देने वाला होना चाहिए।

### चौबीसों घंटे काम करने लगेगी आरटीजीएस प्रणाली: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने व्यवसायों के अनुकूल एक कदम की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि बड़े लेन-देन के लिए प्रयोग मे आने वाली आरटीजीएस प्रणाली अगले कुछ दिनों मे चौबीसो घंटे काम करने लगेगी। रिजर्व बैंक ने दिसंबर 2019 मे नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (एनईएफटी) प्रणाली को चौबीसों घंटे के लिए उपलब्ध बनाया था।

सभी रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) प्रणाली हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छोड़ सप्ताह के सभी कार्य दिवसों मे सुबह के सात बजे से शाम के छह बजे तक काम करती है। आरटीजीएस प्रणाली अगले कुछ दिनो मे चौबीसो घंटे काम करने लगेगी। ऐसा होने से पहले की तुलना मे पांच दिन के बजाय अब सातों दिन एईपीएस, आईएमपीएस, एनईटीसी, एनएफएस, रुपे, यूपीआई लेन-देन के निपटान के क्रियान्वयन से स्वाभाविक जोखिम व दबाव कम होने का अनुमान है। यह भुगतान की पारिस्थितिकी को अधिक दक्ष बनाएगा।

### निजी इक्विटी निवेश पर बाजार का अध्ययन करेगा प्रतिस्पर्धा आयोग

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग जल्द ही देश मे निजी इक्विटी (पीई) निवेश को लेकर अध्ययन करेगा। इस अध्ययन का मकसद कंपनियों मे निजी इक्विटी निवेशकों के निर्णय लेने के अधिकार से बाजार प्रतिस्पर्धा की स्थिति पर प्रभाव समेत विभिन्न पहलुओं का पता करना है। आयोग के चेयरपर्सन अशोक कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को इस प्रस्तावित अध्ययन की जानकारी दी। उन्होने कहा कि कोविड-19 महामारी के चलते मौजूदा साल मे देश मे पीई निवेश रणनीतिक निवेश के स्तर को पार कर गया है। वह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीसीआई) के एक वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम प्रतिस्पर्धा कानून और प्रक्रियाओं के विषय पर आयोजित किया गया था।

### एडीबी ने 19 करोड़ डालर का कर्ज मंजूर किया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरू की विद्युत वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए 19 करोड़ डालर (1,400 करोड़ रुपए से अधिक) का कर्ज मंजूर किया है। एडीबी की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति मे कहा गया है, भारत मे कर्नाटक राज्य की राजधानी बेंगलूरू की विद्युत वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए एडीबी ने सावरेन और गैर- सरकारी कुल मिलाकर 19 करोड़ डालर का कर्ज मंजूर किया है।

### सोने में 136 रुपए और चांदी में 346 रुपए की गिरावट


**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारो मे बहुमूल्य धातुओं की कीमतो मे अनिश्चिता के और रुपए मे मजबूती के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार मे शुक्रवार को सोना 136 रुपए की गिरावट के साथ 48,813 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र मे सोना 48,949 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को आरंभिक सत्र मे डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे की तेजी के साथ 73.77 रुपए प्रति डॉलर तक पहुंच गया था।

### डॉलर की नरमी, रुपया 73.80 प्रति डॉलर पर 13 पैसे मजबूत

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर को लगातार तीसरी बार पहले के स्तर पर बनाए रखने के फैसले के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपए में लगातार दो दिनों से जारी गिरावट थम गई और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे सुधरकर 73.80 पर बंद हुआ। अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया प्रति डालर 73.81 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 73.70 से 73.81 के बीख बढ़–घट के बाद अंत में 13 पैसे की तेजी के साथ 73.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के समय विनिमय दर 73.93 रुपए प्रति डॉलर थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति बने रहने के बीच लगातार तीसरी सीमीक्षा में रेपो दर शुक्रवार अपरिवर्तित रखा। रिजर्व बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था सुधार के रास्ते पर अग्रसर है और चालू तिमाही में यह वृद्धि की राह लौट सकती है।

# सेंसेक्स पहली बार 45,000 अंक के पार

भाषा। मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक के लगातार तीसरी बार नीतिगत ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने के बीच शुक्रवार को शेयर बाजारों में जबरदस्त लिवाली का रुख रहा। सेंसेक्स 447 अंक की बढ़त के साथ पहली बार 45,000 अंक के पार और निफ्टी 13,250 अंक से ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 45,148.28 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बाद में 446.90 अंक यानी एक प्रतिशत की बढ़त के साथ 45,079.55 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 125.65 अंक यानी 0.95 प्रतिशत बढ़कर 13,258.55 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने भी 13,280.05 अंक के उच्च स्तर को छुआ। मुद्रास्फीति में तेजी बने रहने के बीच आरबीआई ने द्विमासिक मौद्रिक नीति जारी की। इसमें नीतिगत दरों को यथावत रखा गया। वहीं आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने जब तक जरूरी हो तब तक मौद्रिक नीति के लिए नरम रुख रखने का निर्णय किया है। इससे लगाता है कि केंद्रीय बैंक का यह रुख कम से कम चालू वित्त वर्ष और बहुत हद तक अगले साल भी जारी रह सकता है। हालांकि केंद्रीय बैंक ने कहा कि चालू तिमाही में अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर पुन: लौट सकती है और देश की अर्थव्यवस्था महामारी के बाद तेजी से सुधार की राह पर है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश की अर्थव्यवस्था में 7.5 प्रतिशत की गिरावट रहने का अनुमान जताया है। यह उसके अक्टूबर के 9.5 प्रतिशत की गिरावट के अनुमान से कम है। सेंसेक्स में शामिल आईसीआईसीआई बैंक सबसे अधिक लाभ में रहा। इसका शेयर करीब चार प्रतिशत चढ़ा। वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान युनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक भी लाभ में रहे। हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनजर्व, एचसीएल और एचडीएफसी में गिरावट रही।

### खुफिया निदेशक ने कहा-

# 'अमेरिका के लिए चीन बड़ा खतरा'

- द वॉल स्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित अपने लेख में रेटक्लिफ ने रखे अपने विचार
- बाइडन पर बेजिंग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का होगा दबाव



एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के निवर्तमान राष्ट्रीय खुफिया निदेशक जॉन रेटक्लिफ ने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से चीन अमेरिका और बाकी अन्य मुक्त देशों के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा है।

रेटक्लिफ का यह बयान बृहस्पतिवार को ऐसे समय आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन पर बीजिंग के खिलाफ कड़ा रुख बनाने रखने के लिहाज से चीन विरोधी बयान दे रहे हैं।

द वॉल स्ट्रीय जर्नल में बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक स्तंभ में रेटक्लिफ ने लिखा, खुफिया विभाग स्पष्ट है कि बीजिंग का इरादा अमेरिका और बाकी दुनिया पर आर्थिक, सैन्य और तकनीक के लिहाज से दबदबा बनाने का है।

उन्होंने कहा कि चीन के कई बड़े पहल और कई बड़ी कंपनियां सिर्फ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की गतिविधियों का छद्म रूप है और वह इस तरह के बर्ताव को जासूसी और डकैती करार देते हैं। उन्होंने कहा कि चीन ने अमेरिका की कंपनियों की बौद्धिक संपदाएं चुराई हैं, उनके तकनीक की प्रतिकृतियां तैयार कीं और फिर वैश्विक बाजार में अमेरिकी कंपनियों की जगह ले ली।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारी चीन विरोधी बातें कई महीनों से कर रहे हैं और खास करके राष्ट्रपति चुनाव के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई बार कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार के लिए भी चीन को जिम्मेदार ठहराया था और कहा था कि बाइडन चीन के मामले में नरमी बरत सकते हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन इस बात से सहमत हैं कि चीन अंतरराष्ट्रीय कारोबार नियमों का पालन नहीं कर रहा है।



शोधकर्ताओं से बातचीत करते फ्रांस के राष्ट्रपति

### बाइडन कार्यभार संभालने पर

# लोगों से सौ दिनों तक मास्क पहनने की अपील करेंगे



एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रपति का कार्यभार संभालने के बाद वह सबसे पहले अमेरिकी नागरिकों से 100 दिनों तक मास्क पहनने की अपील करेंगे।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के इस कदम को उल्लेखनीय माना जा रहा है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए मास्क पहनने के उपाय को कभी कारगर नहीं माना।कई लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मास्क पहनना इस महामारी पर काबू पाने का बेहद कारगर तरीका है। संक्रमण से अमेरिका में 2,75,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

बाइडन मास्क पहनने के मुखर समर्थक रहे हैं और उन्होंने इसे देशभक्ति जताने का एक तरीका बताया है। चुनाव प्रचार के दौरान भी बाइडन ने इसका बढ़-चढ़ कर समर्थन किया। सीएनएन के जैक टैपर से बात करते हुए बाइडन ने कहा कि वह अगले साल 20 जनवरी को पद संभालने के समय अमेरिका के लोगों से 100 दिनों तक मास्क पहनने की अपील करेंगे।उन्होंने कहा, कार्यभार संभालने के पहले दिन मैं लोगों से अपील करूंगा कि वे 100 दिनों तक मास्क पहनें। संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुझे लगता है कि इस पर जोर देना जरूरी है। बाइडन ने कहा कि वह अपने प्रशासन में डॉ. फॉसी को भी पद पर बने रहने के लिए कहेंगे। फॉसी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शस डिजीजेज के निदेशक हैं।

### भारतीय मूल के अमेरिकी विवेक मूर्ति को सर्जन जनरल नियुक्त किया : मीडिया रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कोविड19 पर अपने प्रमुख सलाहकार एवं भारतीय मूल के अमेरिकी डा. विवेक मूर्ति को अगला सर्जन जनरल नियुक्त किया है। बहरहाल, इसकी औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। मीडिया में आई खबर में इसकी जानकारी दी गई है।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मूर्ति को ओबामा प्रशासन में भी यही भूमिका दी गई थी। ट्रम्प प्रशासन के दौरान उन्हें अचानक पद से हटना पड़ा था। बाइडन के तीन सदस्ईय कोविड19 सलाहकार बोर्ड में 43 साल के भारतीय मूल के डॉक्टर मूर्ति शामिल हैं।

इस निर्णय में शामिल रहने वाले एक व्यक्ति के हवाले से गुरूवार को वाशिंगटन पोस्ट की खबरों में कहा गया है कि अमेरिका के पूर्व सर्जन जनरल विवेक एच मूर्ति को पुरानी भूमिका अदा करने के लिए कहा गया है।

इस बारे में औपचारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी। अमेरिका में सर्जन जनरल का कार्यकाल चार साल का होता है और वह सार्वजनिक स्वास्थ्य के मामलों में सरकार का शीर्ष अधिकारी होता है। मौजूदा कार्यकाल में इस पद पर जेरोम एडम्स नियुक्त हैं।

सीनेट में 5143 मतों की मंजूरी के बाद मूर्ति को को 15 दिसंबर 2014 को सर्जन जनरल के पद पर नियुक्त किया गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने 21 अप्रैल 2017 को उन्हें पदमुक्त कर दिया था। डॉक्टर्स फॉर अमेरिका के सह संस्थापक डा मूर्ति ने कई अस्पतालों में काम किया है।

### फाउची मुख्य चिकित्सा सलाहकार होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि डॉ. एंथनी फाउची मुख्य चिकित्सा सलाहकार रहेंगे और उनकी कोविड-19 परामर्श टीम के सदस्य होंगे।सीएनएन के जेक टैपर को बृहस्पतिवार को दिए एक साक्षात्कार में बाइडन ने यह बयान दिया। बाइडन ने कहा कि उन्होंने फाउची से कोविड-19 के किसी भी टीके पर विश्वास का वातावरण बनाने और वायरस से निपटने के लिए आर्थिक गतिविधियों को बंद नहीं करने की जरूरत पर बात की है।

बाइडन ने कहा कि वह टीके के सुरक्षित होने की बात साबित करने के लिए उसे सार्वजनिक रूप से पेश करने को लेकर खुश होंगे।

# यमन में मौजूद आतंकी संगठनों से निपटने की सख्त जरूरत: भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने कहा है कि यमन के कुछ हिस्सों में आईएसआईएस और अलकायदा जैसे आतंकवादी तत्वों की मौजूदगी तथा लोगों पर उनके लगातार हमलों से निपटने की जरूरत है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद से वैश्विक स्तर पर लड़ने में तथा इन आतंकी संगठनों का समर्थन करने एवं पनाह देने वालों को जवाबदेह ठहराने के लिए अवश्य ही एकजुट होने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र स्थित भारतीय मिशन में राजदूत एवं भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि के. नागराज नायडू ने कहा कि यमन में मानवाधिकार गंभीर संकट में है। उन्होंने बृहस्पतिवार को यमन पर एक बैठक में इस बात पर जोर दिया कि इसका समाधान राजनीतिक है, जिसे एक व्यापक एवं समावेशी राजनीतिक प्रक्रिया के जरिए ही हासिल किया जा सकता है। यमन की राजधानी सना पर विद्रोहियों के कब्जा करने के कुछ महीनों बाद से सऊदी अरब नीत एक गठबंधन हूती विद्रोहियों से संघर्ष कर रहा है।

नायडू ने कहा, यमन में व्यापक राजनीतिक संघर्ष पर चर्चा करने के दौरान देश के कुछ हिस्सों में आईएसआईएस और अलकायदा जैसे आतंकवादी तत्वों की मौजूदगी तथा लोगों पर उनके लगातार हमलों से निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए एक खतरा है और आतंकवादी मानवाधिकारों के सबसे बड़े हननकर्ता हैं। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सभी पक्षों को हिंसा छोड़ देना चाहिए और यथाशीघ्र संयुक्त घोषणापत्र को अंतिम रूप देने के लिए विशेष दूत के साथ सहयोग करना चाहिए। इसके अंत में हम 2018 के स्टॉकहोम समझौता और 2019 के रियाद समझौता को लागू करने की अपील करेंगे। आखिरकार राजनीतिक वार्ता के जरिए शांति एवं सुरक्षा कायम करना ही यमन में एकमात्र रास्ता है।

उल्लेखनीय है कि स्टॉकहोम समझौता, यमन में संघर्ष में शामिल विभिन्न पक्षों के बीच एक स्वैच्छिक समझौता है। नायडू ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा की सख्त निंदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यमनी महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों ने इस संघर्ष में बड़ी कीमत चुकाई है। उन्होंने कहा, इसे फौरन खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने यमन में अकाल के खतरे को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि देश के लोग अत्यधिक खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। बच्चों में कुपोषण अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, पांच साल से कम उम्र के करीब 98,000 बच्चों को जान का खतरा है।



पेरिस में प्रदर्शन के दौरान एक गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया, मौके पर मौजूद अग्निशमनकर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए

# ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने युद्ध अपराध से जुड़े कथित ट्वीट को बेवजह तवज्जो दी: चीनी अधिकारी

- विवादित तस्वीर ट्विट करने के लिए चीन माफी मांगे

एपी। कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया** में चीन के एक वरिष्ठ राजनयिक ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने सोशल मीडिया पर कथित युद्ध अपराध की पोस्ट को जरूरत से ज्यादा तवज्जो दी।

मॉरिसन ने गत सोमवार को चीन सरकार से कहा था कि वह उस विवादित तस्वीर को ट्वीट करने के लिए माफी मांगे, जिसमें एक ऑस्ट्रेलियाई सैनिक कथित तौर पर एक बच्चे की हत्या करता दिख रहा है।इस ट्वीट के बाद चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच तनाव पैदा हो गया। चीन के उप राजदूत, वैंग शीनिंग ने शुक्रवार को कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह मामला इस तरह से बढ़ा कि मुद्दे से ही भटक गया और अब चीन में ब्रेरेटन रिपोर्ट कुछ अधिक ही लोकप्रिय हो गई है।

उन्होंने कहा, अधिकतर लोगों को पता है कि अफगानिस्तान में क्या हुआ। लोग हैरत में हैं कि एक राष्ट्र के नेता ने चीन के एक आम युवा कलाकार के काम पर ऐसी प्रतिक्रिया दी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने पिछले दिनों एक ग्राफिक तस्वीर ट्वीट की, जिसमें एक ऑस्ट्रेलियाई सैनिक एक बच्चे के गले पर चाकू रखा हुआ था। बच्चे की गोद में एक मेमना भी था।

झाओ ने तस्वीर के साथ लिखा, ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों द्वारा अफगानिस्तान के नागरिकों और कैदियों की हत्या से हर कोई स्तब्ध हैं। हम इस कृत्य की निंदा करते हैं और इसके लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग करते हैं। मॉरिसन ने कहा था कि झाओ द्वारा ट्वीट की गई तस्वीर झूठी , अपमानजनक और संदर्भ से परे है।

उन्होंने कहा था, चीन की सरकार को इस पोस्ट के लिए शर्मिंदा होना चाहिए। इसने दुनिया की नजरों में उसे गिरा दिया है। अमेरिका, न्यूजीलैंड और कनाडा के अधिकारियों ने भी चीन के इस ट्वीट की आलोचना की है।

यह पूरा मामला युद्ध अपराधों को लेकर एक सैन्य रिपोर्ट से जुड़ा है, जिसमें दावा किया गया था इस बात की विश्वसनीय जानकारी है कि ऑस्ट्रेलियाई विशेष बलों के मौजूदा एवं सेवानिवृत्त कम से कम 19 सैनिकों ने कथित तौर पर 39 अफगानों की गैरकानूनी तरीके से हत्या की थी।

# इजरायल ने की अपने नागरिकों से अपील

एपी। यरूशलम

**इज़राइल** सरकार ने ईरान की ओर से होने वाले हमलों की आशंका को देखते हुए अपने नागरिकों से संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन की यात्रा से बचने को कहा है।

ईरान ने अपने शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक की हत्या के बाद इज़राइल के ठिकानों पर हमला करने की धमकी दी थी जिसके बाद इज़राइल ने यह यात्रा परामर्श जारी किया है। ईरान ने वैज्ञानिक की हत्या के पीछे इज़राइल का हाथ होने का आरोप लगाया है।

हालांकि इज़राइल ने आरोपों पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इज़राइल ने हाल में संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद इस महीने हजारों इज़राइली पर्यटक खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे।

# अमेरिका ने गांधी, मार्टिन लूथर किंग जूनियर के विचारों को बढ़ावा देने वाला कानून पारित किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी** संसद की प्रतिनिधि सभा ने बृहस्पतिवार को एक कानून पारित किया जो महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर के कार्यों एवं उनके विचारों पर अध्ययन के लिए भारत तथा अमेरिका के बीच द्विपक्षीय आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ावा देगा।

इस कानून के मसौदे को मानवाधिकार कार्यकर्ता और पूर्व सांसद जॉन लेविस ने तैयार किया था, जिनका इस साल निधन हो गया। भारतवंशी सांसद डॉ. एमी बेरा ने इस विधेयक का समर्थन किया था।

इस कानून के जरिए अमेरिका-भारत पब्लिक प्राइवेट डेवलपमेंट फाउंडेशन की स्थापना होगी और महात्मा गांधी तथा मार्टिन लूथर किंग जूनियर के अहिंसक विरोध के सिद्धांतों पर अध्ययन एवं द्विपक्षीय आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा।

सदन की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष एलियट इंगेल ने कहा, इस कानून के बाद दोनों देश गांधी और किंग के सिद्धांतों पर अध्ययन करेंगे तथा जलवायु परिवर्तन, शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य समेत कई अन्य मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। बेरा ने कहा, दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों के रूप में, अमेरिका और भारत में साझा मूल्यों को बनाए रखने की लंबी परंपरा है, जिसे गांधी, किंग और अमेरिकी सांसद लेविस जैसी महान शख्सियतों ने बढ़ावा दिया।

उन्होंने कहा, यह कानून उनके विचारों और मूल्यों को सुनिश्चित करेगा और उनके नक्शेकदम पर चलने की याद दिलाता रहेगा। कानून में प्रावधान किया गया है कि अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी प्रशासक विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर भारत सरकार के सहयोग से अमेरिका-भारत गांधी-किंग डेवलपमेंट फाउंडेशन की स्थापना की जाएगी। कानून में यह भी प्रावधान है कि विदेश मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से गांधी-किंग स्कॉलर्ली एक्सचेंज इनिशिएटिव कार्यक्रम की शुरुआत करेगा, जो अमेरिका और भारत से शोधार्थियों के लिए वार्षिक शैक्षणिक मंच मुहैया कराएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक न्याय एवं मानवता तथा नागरिक अधिकारों पर महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर के विचारों पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। इस कानून के बाद एक पेशेवर विकास प्रशिक्षण पहल गांधी-किंग ग्लोबल एकेडमी के लिए यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ पीस के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्त की जाएगी। गांधी-किंग स्कॉलर्ली एक्सचेंज इनिशिएटिव के तहत 2025 तक प्रतिवर्ष 10 लाख अमेरिकी डॉलर के अनुदान का प्रावधान है। लेविस ने 2009 में भारत की यात्रा की थी और वहां मार्टिन लूथर किंग जूनियर की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

# बांग्लादेश ने रोहिंग्याओं को स्थानांतरित करना शुरू किया

**ढाका।** बांग्लादेश प्रशासन ने शुक्रवार को।,500 से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थियों के पहले समूह को एक दूरदराज के द्वीप पर भेजना शुरू कर दिया। हालांकि मानवाधिकार समूह बार-बार इस प्रक्रिया को रोकने की मांग कर चुके हैं। एक अधिकारी ने बताया कि।,642 शरणार्थी भाषण चार द्वीप पर जाने के लिए चटगांव बंदरगाह से सात पोतों में सवार हुए। स्थानीय नियम के अनुसार इस अधिकारी का नाम जाहिर नहीं किया जा सकता है। यह द्वीप मानसून के महीने में नियमित तौर पर डूब जाता था लेकिन यहां अब बाढ़ सुरक्षा तटबंध, घर, अस्पताल और मस्जिदों का निर्माण 11.2 करोड़ डॉलर की लागत से बांग्लादेश की नौसेना ने किया है। संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि शरणार्थियों को स्वतंत्र तरीके से यह फैसला लेने की अनुमति दी जाए कि वे बंगाल की खाड़ी के द्वीप पर जाना चाहते हैं या नहीं।



वेनेजुएला के राष्ट्रपति व उनकी पत्नी चुनाव अभियान की समाप्ति पर समर्थकों के साथ

# ‘स्वच्छ वायु और खिली धूप आपकी रचनाशीलता को सक्रिय कर देती है’

**गायक और गीतकार रोहन सोलोमन ने पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना से एक विशेष बातचीत में बताया कि दिल्ली में किस प्रकार से पश्चिमी संगीत परिदृश्य में बदलाव आ रहा है, कैसे केवल 13 साल की वय में उन्होंने अपना पहला गाना लिखा था और उन्हें किस प्रकार के संगीत से प्रेरणा मिलती है-**



■ **संगीत में आपकी रुचि किस प्रकार से जागृत हुई?**

मैं बचपन से ही संगीत से प्यार करता रहा हूं। मुझे लगता है कि मेरा पहला प्रिय गाना था मासूम फिल्म का ‘लकड़ी की काठी...’। मेरे माता-पिता और भाई के पास कैसेट-टेप और एलपी रिकॉर्ड थे जिसमें माइकल जैक्शन, जैक्शन5 तथा बीटल्स संगीत भी हुआ करता था। मैं हर समय उन्हें ही सुना करता था। फिर मैंने पियानो तथा गिटार बजाना सीखा। गीतलेखन के बारे में जानने के बाद मुझे अपने विचार तथा अनुभव साझा करने के लिए एक मंच भी मिल गया। एक दिन स्कूल में मेरा हाउस ड्यूटी पर था और जिस लड़के को गाना प्रस्तुत करना था वो बीमार पड़ गया। मैंने स्टेज पर आकर गाना प्रस्तुत किया और लोगों ने खड़े होकर तालिया बजाईं। उसी दिन के बाद से मुझे पता चल गया था कि संगीत मेरे लिए केवल एक हॉबी न होकर कुछ अधिक होने वाला है। ये मेरी साधना और मेरा जीवन बनने वाला था।

■ **जब आपने अपना पहला गाना लिखा, उस समय आप कितने साल के थे?**

वो मेरे 13वें जन्मदिन के कुछ बाद की ही बात थी। ये गाना मैंने कक्षा की एक लड़की पर ही लिखा था जिसपर मेरा दिल आ गया था। ये वास्तव में एक अच्छा गाना है जो यदि मैं बजाऊं तो आज भी अच्छा लग सकता है। बोल देखें तो इसमें कुछ किशोरों वाली बात दिखेगी लेकिन संगीत की दृष्टि से देखूं तो ये वयस्कों को भी अच्छा लगेगा। इसी गाने से मेरा गीतलेखन प्रारंभ हुआ था और मुझे इसपर गर्व है। मुझे नहीं लगता कि मैं इसे किसी दिन स्टेज पर लाइव प्रस्तुत करूंगा लेकिन अकेला होने पर मैं आज भी इसे बजाता हूं। सोशल मीडिया पर मैंने इसे एक बार लाइव बजाया भी था।

■ **कई कलाकार गायक, गीतकार तथा संगीतकार बन रहे हैं, क्या एक साथ इतने काम करने के पीछे कोई कारण है?**

कई संगीतकारों के लिए ये ऐसे ही होता चला गया। इंडस्ट्री में बहुकौशल-प्राप्त होना एक सफल बिजनेस मॉडल भी बनता जा रहा है। मैं औरों की बात नहीं कर सकता लेकिन अपने बारे में कहूं तो मैंने गायन और गीत लेखन को कभी दो अलग कार्य नहीं माना। इसका कारण है कि मैंने एक ही समय पर इन दोनों को करना प्रारंभ किया था। सच कहूं तो बहुकौशल का होना कोई बुरी बात नहीं होती। यदि आप दोनों का आनंद लेते हैं तो आपको ये काम लगेंगे ही नहीं।

■ **‘द बिग बीट’ के साथ आपका जुड़ाव कैसे हुआ?**

‘द बिग बीट’ की संस्थापक माल्विका नंदा जी को मैं काफी लंबे समय से जानता हूं। जब मैं भारत वापस आया था तो मालविका जी ने मुझे हर प्रकार का मार्गदर्शन दिया और मेरी बहुत सहायता की। हमनें जो तीन सिंगल्स किये थे वे सफल रहे थे। मैंने उन्हें ये भी बताया कि मैं कुछ नए गाने लिख रहा हूं जो एकल कलाकार के लिए होंगे और ये कि हमें अपना काम करते रहना चाहिये।

■ **इस साल आपका ये तीसरा सिंगल है। क्या महामारी के कारण लागू प्रतिबंधों के चलते काम करना कठिन हो गया है?**

पहले कठिन लगता था क्योंकि इससे मैं अच्छे स्टूडियो जहां अधिक उपकरण हों, नहीं जा पाया। लेकिन मैंने अनुभव किया कि मेरा घर का स्टूडियो भी अच्छा साबित हो सकता था। अच्छे रिकॉर्ड बनाने के लिए मेरे पास आवश्यकता के उपकरण उपलब्ध थे। ऑडियो प्लग-इन्स तथा दूसरी तकनीक के कारण घर से ही संगीत निर्माण बहुत सरल हो गया है।

केवल तभी समस्या आती थी जब मैं दूसरे कलाकारों के लिए निर्माण कर रहा होता था। क्योंकि वे स्टूडियो आ ही नहीं सकते थे। अब हम वीडियो चैट तथा स्क्रीन शेयरिंग के माध्यम से ही हर काम कर रहे हैं। ये एक प्रकार से समझौता ही था लेकिन अब हम लय पकड़ चुके हैं।

■ **दिल्ली में पश्चिमी संगीत परिदृश्य कैसा चल रहा है?**

महामारी फैलने से पहले मैं नियमित रूप से कॉलेजों की संगीत प्रतियोगिताओं को भी जज करता था और मुझे कई अद्भुत युवा कलाकारों के बारे में पता था जो अद्भुत काम कर रहे हैं और पश्चिमी अंदाज में गाने भी लिख रहे हैं। यहां मेरे विचार से एक या दो स्थान हैं जहां जाकर आप पश्चिमी संगीत लाइव देख सकते हैं। इसके अलावा तो डीजे तथा इलेक्ट्रॉनिक संगीत ही चलता है। मैं इसे लेकर संतुष्ट नहीं हूं। मुझे आशा है कि अधिक से अधिक स्थानों पर ऐसा संगीत सुनाई दे और लाइव बैंड्स को अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये। कई जॉनर के कलाकार एक साथ क्यों साथ-साथ नहीं रह सकते।

■ **आपको किस प्रकार के संगीत से प्रेरणा मिलती है?**

विगत वर्षों के दौरान मेरी संगीत अभिरुचि में परिवर्तन आया है। मैं पहले रॉक और मेटल ज़ोन, फंक ज़ोन तथा ब्रॉडवे संगीत में हुआ करता था। लेकिन आजकल मैं गायक-गीतकार तथा पॉप संगीत में रुचि रखता हूं। आजकल मैं सारा बेयरेल्स, चार्ली पुठ, कीथ अर्बन जैसे कलाकारों में रुचि रखता हूं। मुझे टेलर स्विफ्ट के फोक अलबम में भी रुचि है। मुझे सिंफनी ऑर्केस्ट्रा भी पसंद है। इससे मुझे नए गाने लिखने की भी प्रेरणा मिलती है।

■ **भविष्य के लिए आपकी क्या तैयारी है?**


आपको मुझे और अधिक संगीत रचना की अपेक्षा तो रखनी ही चाहिये। मैं अब अनवरत लिख सकता हूं। ऐसा इसलिये भी है क्योंकि अभी मैं पहाड़ों में हूं और स्वच्छ वायु तथा खिली धूप आपकी रचनाशीलता को सक्रिय कर देती है। मैं नए गाने लिखने की प्रक्रिया का पूरा आनंद उठा रहा हूं। मुझे पुराने गाने दुबारा सुनना भी प्रिय है।

## राधिका आप्टे अभिनीत फिल्म ‘अ कॉल टु स्पाइ’ भारत में होगी रिलीज़



**‘अ कॉल टु स्पाइ’** द्वितीय विश्वयुद्ध के दो जासूसों पर आधारित एक वैश्विक प्रस्तुति है। राधिका आप्टे इस फिल्म, जो अब भारत में ओटीटी पर रिलीज़ के लिए पूरी तरह से तैयार है, में एक ब्रिटिश जासूस नूर इनायत खान का चरित्र कर रही हैं और वो द्वितीय विश्वयुद्ध में एक ब्रिटिश स्पेशल ऑपरेशन एक्ज़ीक्यूटिव होती है। मैं इस वैश्विक फिल्म में काम करने का अवसर पाकर बहुत प्रसन्न और संतुष्ट अनुभव कर रही हूं। फिल्म में दुनिया भर के बड़े कलाकार हैं। भारत में इसकी रिलीज़ के बारे में जानकर मैं बहुत प्रसन्न तथा उत्साहित हूं।’ राधिका ने बताया, ‘वैसे फिल्म तो वैश्विक स्तर पर रिलीज़ की जा चुकी है लेकिन मैं भारतीय दर्शकों तक इस जासूसी थ्रिलर के पहुंचने की प्रतीक्षा कर रही थी। मेरा मानना है कि भारतीय दर्शक भी फिल्म को अपना प्यार और आशीर्वाद प्रदान करेंगे।’

## ज़रीन ने पहल कर प्राप्त की फिल्म ‘हम भी अकेले, तुम भी अकेले’



**बॉलिवुड** अभिनेत्री ज़रीन खान का कहना है कि ‘फिल्म ‘हम भी अकेले तुम भी अकेले’ के निर्मातागणों ने इसके लिए मुझसे संपर्क नहीं किया था बल्कि मैंने उनसे संपर्क किया लेकिन वे मुझे मेरी पिछली फिल्मों में निभाए चरित्रों के कारण ग्लैमर गर्ल समझते थे। मुझे उन्हें एक अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करने में बहुत परिश्रम करना पड़ा। मैंने ऐसा इसलिये किया क्योंकि फिल्म की कहानी अद्भुत है और मैं इसका हिस्सा बनना चाहती थी।’

## जॉन अब्राहम को ‘पर्सन ऑफ द इयर 2020’ पेटा पुरस्कार



**अभिनेता** जॉन अब्राहम को पीपल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनीमल्स, पेटा, ने ‘पर्सन ऑफद इयर 2020’ का पुरस्कार प्रदान किया है। जॉन अब्राहम ने क्किर नामक ईरिटेलर को जीवित पषुओं का व्यापार न करने के लिए चिट्ठी लिखी थी। इसके अलावा पेटा इंडिया से मिलकर वो सालों से एनिमल सर्कस पर प्रतिबंध लगाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

इसके अलावा उन्होंने एक कुत्ते ‘बैले’ को भी अंगीकृत किया है। इसके अलावा गोआ में अधिकारियों से सुअरों की अवैध कटान रोकने का भी आग्रह किया था। उन्होंने इसके अलावा अपनी एक जर्सी को भी नीलामी के लिए प्रदान किया था ताकि पशु संगठनों को उनके कामों में कुछ मदद मिल सके।

## सुरक्षित वातावरण में शूटिंग कर रही हैं जेनिफर एनिस्टन



**हॉलिवुड** अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन अपनी हिट सीरीज़ ‘द मॉर्निंग शो’ के दूसरे सीज़न की शूटिंग के लिए सेट पर वापस आ चुकी हैं। शूटिंग के दौरान वो कोविड-19 से संक्रमित होने से बचने के लिए अत्यधिक सावधानी बरत रही हैं। सेट पर से उन्होंने अपना एक फोटा इंस्टाग्राम पर शेयर किया जिसमें वो परिधान धारण कर कैमरा फेस करने के लिए तत्पर हैं। इसमें वो एक पारदर्शी प्लास्टिक शील्ड भी पहने दिख रही हैं। एनिस्टन इसमें ग्रे रंग की शर्ट तथा स्लैक्स पहने हैं और दृष्य के लिए बिलकुल तैयार हैं। प्लास्टिक शील्ड के नीचे वो बड़े से बॉक्स चश्मा भी पहने दिखाई दे रही हैं। इसमें उनके नाम की सफेद पट्टिका भी दिख रही है।

अपनी पोस्ट का शीर्षक देते हुए उन्होंने लिखा, ‘बैक टु वर्क’

# रुद्र सोनी एण्डटीवी के अगले शो ‘येशु’ में बनेंगे ‘किंग एंटिपस’



**बॉ**लीवुड और टेलीविजन के मशहूर बाल.कलाकार रुद्र सोनी जल्द ही एण्डटीवी के शो ‘येशु’ में मुख्य नकारात्मक भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इससे पहले वह बड़े बजट वाली फिल्मों और प्रसिद्ध टेलीविजन शोज में नजर आ चुके हैं। इस नये शो में रुद्र किंग एंटिपस की भूमिका अदा करते नजर आएंगेए जो राजा हेरोड का बेटा है। रुद्र सोनी ने कहा कि शायद बहुत ही कम लोग इस सच्चाई से परिचित हैं कि किंग एंटिपस अपने पिता राजा हेरोड की तुलना में अधिक ईर्ष्यालु और कट्टरपंथी था। यह किरदार निश्चित रूप से बहुत ही चुनौतीपूर्ण है लेकिन उतना ही दिलचस्प भी है। मैंने इस किरदार की बारीकियों को समझने के लिए उनके बारे में पढ़ना शुरू कर दिया है। हमने शूटिंग शुरू कर दी हैए और मैं मुझे शो ऑन.एयर जाने का बेसब्री से इंतजार है। एण्ड टीवी पहली बार हिंदी के सामान्य मनोरंजन चैनल पर ‘येशु’ की एक अनकही, अनसुनी कहानी लेकर आ रहा है। इसके निर्माता है अरविंद बब्बल प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड। येशु विशेष रूप से एक परोपकारी बच्चे की कहानी है जो सिर्फ अच्छाई करना चाहता है और अपने आसपास खुशियां फैलाता है। सभी के लिए उसका प्यार और करुणा उन बुरीए शैतानी शक्तियों के लिये बिल्कुल विपरीत हैं, जो उनके जन्म और बचपन के दौरान मौजूद थीं। अपने परिवार और समाज पर होने वाले अत्याचारों ने उन्हें काफी प्रभावित किया। दूसरों की मदद करने और उनके दर्द को कम करने की कोशिश अक्सर उन्हें उस राह पर ले जाती थी जहां वह निश्चित रूप से आहत होते थे और न सिर्फ उत्पीड़कों बल्कि एक बड़ी संख्या में लोगो द्वारा भी उनकी निंदा की जाती थी। लेकिन आखिरकार ये चीजें भी उन्हें उनके रास्ते पर चलने से नहीं रोक पाईं। येशु की कहानी अच्छाई बनाम बुराई के बीच की सिर्फ एक आदर्श कहानी ही नहीं हैए बल्कि यह येशु और उनकी समर्थक एवं मार्गदर्शक बनीं उनकी मां के बीच के खूबसूरत रिश्ते को भी दर्शाता है।

# ज्ञान सिर्फ बांटने की चीज

## महाराष्ट्र के शिक्षक ने ग्लोबल टीचर प्राइज जीतने पर कहा

भाषा। पुणे

**दस** लाख डॉलर की इनामी राशि वाला ग्लोबल टीचर प्राइज-2020 जीतने वाले महाराष्ट्र के सोलापुर के प्राथमिक शिक्षक रंजीत सिंह दिसाले ने कहा कि ज्ञान सिर्फ बांटने की चीज है। साथ ही सिंह ने कहा कि वह सरहदों से परे जाकर छात्रों के लिए काम करना चाहते हैं, क्योंकि वह पूरी दुनिया को अपनी कक्षा के तौर पर देखते हैं। उन्होंने कहा कि वह पुरस्कार राशि में से 20 फीसदी राशि अपनी लेट्स क्रॉस द बॉर्डर्स परियोजना के लिए प्रदान करेंगे। इस परियोजना का लक्ष्य संघर्ष प्रभावित देशों भारत, पाकिस्तान, फलस्तीन, इजराइल, ईरान, इराक और उत्तर कोरिया के विद्यार्थियों और युवाओं के बीच अमन कायम करना है। दिसाले सोलापुर के परितेवादी स्थित जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाते हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं देश में त्वरित कार्वाई (क्यूआर) कोड वाली पाठ्यपुस्तक क्रांति में महती प्रयास के लिए उन्हें 10 लाख डॉलर के वार्षिक ग्लोबल टीचर प्राइज, 2020 का विजेता चुना गया। पुरस्कार जीतने के बाद उन्होंने घोषणा की कि वे 50 फीसदी पुरस्कार राशि अपने प्रतिभागियों में समान रूप से वितरित करेंगे। एक मराठी चैनल से बात करते हुए 32 वर्षीय दिसाले ने कहा, एक शिक्षक हमेशा अपने ज्ञान और जानकारियों को विद्यार्थियों के साथ साझा करता है। मुझे यह पुरस्कार शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा के लिए किए गए कामों की वजह से मिला है। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने पुरस्कार राशि इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल अन्य प्रतिभागियों के साथ साझा करने का निर्णय क्यों लिया तो उन्होंने कहा, अगर मैं पुरस्कार की 50 फीसदी राशि अन्य प्रतिभागी शिक्षकों के साथ साझा करता हूं तो इससे उन्हें वह करने में मदद मिलेगी, जो वह अपने देश में करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर मैं भारत में विद्यार्थियों के लिए काम करना चाहता हूं, लेकिन इसी तरह से मैं सरहदों के पार के विद्यार्थियों के लिए भी काम करना चाहता हूं, क्योंकि मैं पूरी दुनिया को अपनी कक्षा मानता हूं। दिसाले ने कहा कि वह पुरस्कार राशि में से 30 फीसदी धनराशि शिक्षक नवाचार निधि के लिए आवंटित करना चाहते हैं। वह इसकी स्थापना को लेकर योजना बना रहे हैं। दिसाले ने कहा कि उन्होंने खुद को एक पेशेवर शिक्षक के तौर पर तैयार करने का निश्चय किया है। उन्होंने कहा विदेशों मे शिक्षक अधिक पेशेवर हैं। वे अपनी आय का एक हिस्सा खुद के विकास पर खर्च करते हैं। एक शिक्षक के तौर पर जब मैं उनके संपर्क में आया तो मैने यह फर्क जाना। गौरतलब है कि वर्ष 2009 में दिसाले जब सोलापुर के पारितवादी के जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय पहुंचे थे तब वहां स्कूल भवन जर्जर दशा में था तथा ऐसा लग रहा था कि वह मवेशियों की रहने की जगह और स्टोररूम के बीच का स्थान है।

### पंजाबी गायकों ने दिया दोसांझ का साथ

# कंगना पड़ीं कानूनी दांवपेच में

भाषा। मुंबई

**अभिनेत्री** कंगना रनौत और गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के बीच ट्विटर पर छिड़ी बहस में कई पंजाबी कलाकारों ने दोसांझ का समर्थन किया है। इसके साथ ही दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने किसानों के प्रदर्शन में शामिल एक महिला किसान के खिलाफ कंगना द्वारा की गई आपत्तिजनक ट्वीट के लिए कंगना के खिलाफ कानूनी नोटिस जारी कर महिला किसान तथा दोसांझ से उन्हें माफी मांगने को कहा। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मनिंदर सिरसा ने कहा कि रनौत के ट्वीट ने किसानों के प्रदर्शन को राष्ट्रविरोधी के रूप में पेश करने की कोशिश की और एक किसान की उम्रदराज मां के खिलाफ अपमानजनक बाते कहीं। अभिनेत्री के खिलाफ यह दूसरा कानूनी नोटिस है। इससे पहले ही पंजाब के जीरकपुर शहर के एक वकील ने रनौत के ट्वीट को लेकर दो दिसंबर को कानूनी नोटिस भेजा था। इस बीच मीका सिंह, एम्मी विर्क और जस्सी बी सहित पंजाब के प्रमुख गायकों और कलाकारों ने भी रनौत के साथ बहस में दोसांझ का समर्थन करते हुए रनौत की आलोचना की। दोनों के बीच यह बहस कंगना के एक ट्वीट को लेकर शुरु हुई जिसमें कंगना ने किसान आंदोलन की एक बुजुर्ग महिला को शाहीन बाग आंदोलन से चर्चित हुई दादी बिल्किस बानो बताया। उन्होंने फिर रिट्वीट करते हुए दोनों बुजुर्ग महिलाओं की तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा कि यह शाहीन बाग वाली दादी हैं जो 100 रुपए में प्रदर्शन करने के लिए उपलब्ध हैं। लोगों के सवाल उठाने पर कंगना ने कथित तौर पर अपना ट्वीट हटा दिया।इसके बाद दोसांझ ने बीबीसी द्वारा किसान आंदोलन वाली बुजुर्ग महिला के साक्षात्कार की एक क्लिप साझा करते हुए कंगना को टैग कर लिखा, सबूत के साथ यह सुनो कंगना। गायक मीका सिंह ने कहा कि उन्हें कंगना के बंगले के ध्वस्त होने के मामले में कंगना का समर्थन करने का पछतावा है और रनौत को एक बुजुर्ग पंजाबी महिला के खिलाफ अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए।उन्होंने ट्वीट किया, मैं कंगना का बहुत सम्मान करता था और जब उनका बंगला गिराया गया तो मैं भी कंगना के समर्थन में था। अब मुझे लगता है कि मैं गलत था। कंगना एक महिला होने के नाते आपको बुजुर्ग महिला के प्रति कुछ सम्मान दिखाना चाहिए। यदि आपके पास कोई शिष्टाचार है तो माफी मांगें। आपको शर्म आनी चाहिए। जस्सी बी के नाम से मशहूर गायक जसविंदर सिंह बैंस ने भी रनौत की टिप्पणी की आलोचना की। उन्होंने ट्वीट किया, वह गोदी मीडिया की एक कठपुतली है,जिसे पता नहीं है कि पंजाबी हमेशा तैयार रहते हैं। कंगना आपको शर्म आनी चाहिए। जैज डी के नाम से मशहूर गायक जसविंदर सिंह धामी ने कंगना को खराब सोच वाली बताया। उसके बाद कंगना ने दोसांझ को करण जौहर का पालतू , चाटुकार कहते हुए पूछा कि दिल्ली दंगे कराने वाले किसी इंसान का बचाव करते हुए उन्हें शर्म नहीं आती क्या? उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी बिल्किस बानो के लिए थी ना कि किसान आंदोलन वाली महिंदर कौर के लिए। इस मामले में बॉलीवुड से जुड़े कई अन्य लोगों ने भी दोसांझ का समर्थन किया।

## किसानों के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट पर डीएसजीएमसी ने रनौत को भेजा नोटिस

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंध समिति (डीएसजीएमसी) ने अभिनेत्री कंगना रनौत को कानूनी नोटिस जारी कर, उन्हें केन्द्र के कृषि कानूनों के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे किसानों के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट पर बिना किसी शर्त माफी मांगने को कहा है और अभिनेत्री से उन ट्वीट को हटाने को भी कहा गया है। डीएसजीएमसी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने ट्वीट किया, हमने कंगना रनौत को एक किसान की बुजुर्ग मां के 100 रुपए में उपलब्ध होने संबंधी टिप्पणी वाले आपत्तिजनक ट्वीट पर उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। उनके ट्वीट किसानों के प्रदर्शन को राष्ट्र विरोधी दिखाते हैं। हम किसानों के विरोध पर उनकी संवेदनहीन टिप्पणी के लिए उनसे बिना शर्त माफी मांगने को कहते हैं। कंगना ने इस हफ्ते की शुरुआत में किसान आंदोलन में शामिल एक बुजुर्ग महिला को शाहीन बाग आंदोलन से प्रसिद्ध हुईं दादी बिल्किस बानो बताया था। उन्होंने रीट्वीट करते हुए दोनों बुजुर्ग महिलाओं की तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा कि यह शाहीन बाग वाली दादी हैं जो 100 रुपए में प्रदर्शन करने के लिए उपलब्ध हैं। लोगों के सवाल उठाने पर कंगना ने कथित तौर पर अपना ट्वीट हटा दिया। केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ हजारों किसान दिल्ली से लगी सीमाओं पर पिछले एक सप्ताह से डटे हैं। किसानों को आशंका है कि इन कानूनों के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की प्रणाली समाप्त हो जाएगी। सरकार और प्रदर्शन कर रहे किसानों के बीच मामले के समाधान को लेकर बातचीत भी जारी है।



जेसीबी देख अफसरों के सामने गश खाकर गिरी महिला...

# नोटिस के सदमे से स्वर्ग सिधार गई बुजुर्ग कुसुमा

● नहीं पसीजा दिल, मकान ध्वस्तीकरण में जुटी रही मशीनरी

संवाददाता। सीतापुर



**उनके बाबा-परबाबा** ने इसी मकान में अपनी पूरी जिंदगी बिता दी, उनके देहांत के बाद यह मकान उनकी सास कुसुमा के नाम आया। 25 बरस पहले यहां वो खुद ब्याह कर आई थीं, तब से वो इसी मकान में गुजर-बसर कर रही थीं। पिछले शनिवार को मकान को अवैध करार देकर उन्हें मकान तोड़ने की नोटिस थमा दी। नोटिस देख सदमे में आई 70 वर्षीय सास को न सिर्फ अटैक पड़ा, बल्कि वो स्वर्ग भी सिधार गई। उनकी चिंता भी ठंडी नहीं पड़ी थी, कि शुक्रवार को पालिका बुलडोजर लेकर उनका घर तोड़ने पहुंच गई। जेसीबी सामने खड़ी देख वो खुद भी गश खाकर गिर पड़ीं, परिवारीजनों ने उन्हें फौरन अस्पताल में पहुंचाया, फिर भी सरकारी मशीनरी का दिल नहीं पसीजा, मकान ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलती रही। ये दास्तां शहर के बट्सगंज मोहल्ला के रहने वाले राज किशोर शुक्ला की पत्नी दीपा शुक्ला ने बयां की। दरअसल, सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, एसडीएम सदर अमित भट्ट एवं नगर पालिका परिषद के अध्घिशासी अधिकारी गुरु प्रसाद पांडेय की अगुवाई में पालिका का अतिघ्क्रमण विरोधी दस्ता शुक्रवार को शहर के मोहल्ला बट्सगंज पहुंचा था। दस्ते को देख उनका परिवार सहम गया। अफसरों से उनका कहना है कि इस मकान को बनवाने में परिवारीजनों ने कर्जा भी लिया। कर्ज से उन्होंने मकान खड़ा दिया। वह कहती हैं कि बट्सगंज मोहल्ला की जमीन जब अवैध थी, तो प्रशासन ने यहां पर अघलीघ्शान इमारतें कैसे खड़ी करने दी। यहां के मकानों में देखते-देखते अपनी पूरी जिंदगी बिता दी, तब प्रशासन को होश आया कि ये सरकारी जमीन है, और यहां पर बने मकान अवैध हैं, अगर सभी मकान अवैध थे, तो पालिका प्रशासन उनसे टैक्स कैसे ले रहा था। उसने कार्रवाई क्यों नहीं की। उनका मकान टूट जाएगा, तो वो अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कहां जाएंगी और कैसे गुजर-बसर करेंगी। शहर के बट्सगंज मोहल्ले के राज किशोर शुक्ला का कहना है कि यह उनका पुश्तैनी मकान है, यहां पर उनके बाबा भी यहां पर रहते थे, उनके निधन के बाद यह मकान उनके पिता विजय शंकर के नाम आया था, मौत के बाद मां कुसुमा देवी के नाम पालिका में चढ़ा। लगातार पालिका में हाउस, गृहकर टैक्स भी अदायगी की जा रही है। उनका यह भी कहना है कि अगर प्रशासन उनका मकान ध्वस्त करता है, तो उसे व उसके परिवार को रहने के लिए हजार, बारह सौ स्क्वायर फिट जमीन व मकान बनाने के लिए एक करोड़ रुपये दिए जाएं। जिससे कि उनका परिवार गुजर-बसर कर सके।

---

### ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां कोतवाली के गांव कबिलाबाद निवासी राधा वर्मा पुत्री सत्यनारायण ने कोतवाली में तहरीर देकर ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगया है। राधा का कहना है कि पति व सास, जेठ, नन्द और ननदोई उसे दहेज के लिए परेशान करते हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली इंदजीत सिंह चौहान ने बताया भुक्तभोगी की तहरीर पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजि.त कर लिया गया है।

### पूरी हुई उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के चुनाव की तैयारी

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने चुनाव की तैयारी पूरी कर ली है। संघ के महामंत्री रणविजय सिंह यादवन ने बताया कि 10 से 24 दिसम्बर के बीच क्षेत्रवार अधिवेशन होंगे। इसमें संघ की ब्लॉक कार्यकारणी का गठन किया जाएगा।

### गन्ना लदे ट्रक के नीचे आया किशोर, जख्मी

**सकरन सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के अरूवा गांव में 12 वर्षीय बालक महफूज का गन्ना लदे ट्रक के नीचे आ गया। हादसे में उसका पैर गंभीर जख्मी हो गया। गंभीर हालत देखते हुए सीएचसी संडा से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### तीन जिला बदर समेत चार वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह के फरमान पर चलाए गए अभियान में जिले की चार थानों की पुलिस ने तीन जिला बदर समेत चार वारंटियों को गिरतार करने में सफलता अर्जित की है। महमूदाबाद, मछरेहटा, पिसावां व शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा है। मछरेहटा पुलिस ने इटौरा मजरा लालपुर के आरोपी रमेश को गिरतार भी किया।

### प्रधानपति हत्या कांड के पांच आरोपियों पर हुई रासुका की कार्रवाई

**सीतापुर।** शहर कोतवाली इलाके के गंगापुर में हुए प्रधान पति हत्या कांड के पांच आरोपियों पर पुलिस ने रासुका की कार्रवाई की है। आरोपियों ने करीब पांच महीने पहले प्रधानपति की हत्या कर दी थी। अरोपी जमानत कराके जेल से बाहर आने की फिराक में थे।

### लापता मासूम सकुशल बरामद

**रामकोट सीतापुर।** रामकोट पुलिस ने लापता चौदह वर्षीय मासूम बालक को पुलिस ने राजधानी के कैसरबाग बस अड्डे से चौबीस घंटे में सकुशल बरामद कर लिया है। इलाके के सत्यमनगर निवासी राजेश कुमार मिश्र का चौदह वर्षीय अनुराग कुमार मिश्र गुरुवार को अचानक घर से बिना बताए गायब हो गया था, घर वापस न लौटने पर परिवारीजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने बच्चे को 24 घंटे के अंदर तलाश लिया।

### बढ़ी बीएससी, बीए व बीकाम की प्रवेश तिथि

**सीतापुर।** कानपुर विश्वविद्यालय में बीएससी, बीए व बीकाम के प्रवेश तिथि बढ़ा दी गई है। श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट के जनसम्पर्क अधिकारी आशोक प्रजापति ने बताया कि अब विद्यार्थी 15 दिसम्बर तक प्रवेश ले सकेंगे। पहले यह तिथि 30 नवम्बर थी।

### सीतापुर में कोरोना बेलगाम, 24 घंटे में मिले 4 नए मरीज

**सीतापुर।** लोगों की सजगता के चलते सीतापुर में कोरोना बेलगाम नहीं है। पिछले 24 घंटे में 4 नए मरीजों की पहचान की गई है। शहर और महमदूबाद में 2-2 मरीज मिले हैं। इसी के साथ जिले में कुल पॉजिटिव केस 6376 हो गए हैं। अब तक 70 की मौत हो चुकी है।

### बिसवां पहुंची किसान स्वाभिमान यात्रा

**सीतापुर।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती से निकली गई कांग्रेस की किसान स्वाभिमान यात्रा शुक्रवार को बिसवां पहुंची। मध्य जोन कांग्रेस पार्टी के किसान प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष करीम अंसारी आदि ने किसानों के मुद्दों पर मंथन किया। इस मौके पर अब्दुल मुजीब खान, हारिश, काशीराम भार्गव, गयासुद्दीन, आमिर, हाफिज, मो. तालिब आदि मौजूद रहे।

### प्राइमरी विद्यालय अनवरपुर में बच्चों को बांटे गए स्वेटर

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली के प्राइमरी विद्यालय अनवरपुर में बच्चों को स्वेटर बांटे गए। स्वेटर पाकर बच्चे खुश हो गए। प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र तिवारी, सहायक अध्यापिका हिना नासिर, पूनम शुक्ला, प्रियंका अग्निहोत्री व रामकेशन ने कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए स्वेटर बांटे। इस मौके पर पीयूष सिंह राठौर, प्रवीर आर्या आदि मौजूद थे।

### नैमिष पहुंची दंडवत यात्रा

**खैराबाद सीतापुर।** खैराबाद के मुसेपुर गांव की राजकुमारी 15 दिनों कड़ी दंड़वत यात्रा कर नैमिष पहुंच गई हैं। यहां राजकुमारी मां ललिता देवी का दर्शन करेंगी। राजकुमारी ने बताया कि उन्हें यात्रा में किसी तरह विघ्न नहीं आया, सकुशल नैमिष तक पहुंच गईं।

### महोली तिराहे पर उमड़ा किसानों का हुजूम

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव थाना के महोली तिराहे पर किसानों का हुजूम उमड़ा। यहां किसान संघर्ष मंच के बैनर किसानों ने प्रदर्शन कर किसान आंदोलन का समर्थन किया। तहसीलदार सदर ज्ञापन लेने कस्बे के चौराहा पहुंचे। किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया। इस मौके पर पपिंदर सिंह, केवल सिंह, विजय कुमार राज, हीरालाल यादव, इंद्रजीत वर्मा, श्याम किशोर सिंह,चरन सिंह, बलविंदर सिंह आदि मौजूद थे।

### शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी की जीत पर मनाया गया जश्न

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर कस्बे में शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी की जीत पर जश्न मनाया गया। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को मुंह मीठा कराया। इस विधायक सुनील वर्मा, शिक्षक एमएलसी चुनाव के जिला संयोजक सुधाकर शुक्ला, विधानसभा संयोजक अरुण सिंह आचार्य, ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, जिला पंचायत के सदस्य उमाशंकर वर्मा, प्रधानाचार्य नवल किशोर मिश्र, अवधेश कुमार अवस्थी, पूर्व प्राचार्य प्रताप नारायण तिवारी, सविता शुक्ला दिव्य कृष्ण मिश्र, डॉक्टर सोमेश प्रताप तिवारी, डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### टैम्पो में ट्रक ने मारी टक्कर, पांच घायल

**रामकोट सीतापुर।** कोहरे के चलते रामकोट थाना क्षेत्र में दो मार्ग दुर्घटनाएं हो गईं। हरदोई मार्ग पर टैम्पो में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक गंभीर और 5 व्यक्तियों को मामूली चोटिलें भी आईं। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस घायलों को जिला अस्पताल लेकर गई और इलाज कराया। उधर, अर्थाना रोड पर कार ट्रैक्टर से टकरा गई। गनीमत रही कोई हताहत नहीं हुआ। ड्राइवर को आंशिक चोट आई।

---

69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में...

## जिले की प्रभारी मंत्री अभ्यर्थियों को आज देंगी खुशियों भरा नियुक्ति पत्र

● दूसरी लिस्ट में चयनित 2014 अभ्यर्थियों में से 1880 ने करायी काउंसिलिंग

● प्रभारी मंत्री स्वाति सिंह एनआईसी व राजकीय इण्टर कालेज में अभ्यर्थियों को बांटेंगी नियुक्ति पत्र, भाजपा जिलाध्यक्ष, सांसद व विधायक भी रहेंगे मौजूद

संवाददाता। सीतापुर

**शनिवार का** दिन प्राथमिक शिक्षक बनने जा रहे अभ्यर्थियों के जीवन में एक नया सवेरा लेकर आयेगा। 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत दूसरी लिस्ट अभ्यर्थियों को योगी सरकार शनिवार को नियुक्ति पत्र देगी। यह नियुक्ति पत्र वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अपने हाथों से अभ्यर्थियों को देकर शुभारम्भ करेंगे बाद में जिला स्तर पर अभ्यर्थियों को प्रभारी मंत्री/जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। बीते मंगलवार को उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा जारी की गयी दूसरी लिस्ट में प्रदेश के 36 हजार 590 अभ्यर्थियों का चयन हुआ जिसमें सीतापुर के लिए 2 हजार 14 अभ्यर्थी चयनित हुए थे। इन अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 2, 3 व 4 दिसम्बर को डायट खैराबाद पर सम्पन्न हुई। काउंसिलिंग में कुल 1 हजार 880 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए जबकि 134 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इन अभ्यर्थियों में से 5 को जिले की प्रभारी मंत्री स्वाति सिंह पहले एनआईसी में पूर्वान्ह 11 बजे नियुक्ति पत्र देंगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे राजकीय इण्टर कालेज मैदान पर शेष अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगी। इस अवसर पर जिले की प्रभारी मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सांसद, विधायक व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि इस शिक्षक भर्ती में सीतापुर जिले के लिए 2500 सीटें हैं जिनमें पहली लिस्ट के आधार पर 405 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर उनको विद्यालय भी आवंटित किये जा चुके हैं जबकि 10 अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटियां होने के चलते अभी नियुक्ति पत्र नहीं दिये गये हैं। मौजूदा वक्त जिले में 205 सीटें रिक्त है। यह शिक्षक भर्ती पिछले करीब 2 वर्षों से लटकी पड़ी थी और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अन्ततः भर्ती प्रक्रिया में दूसरी लिस्ट के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलेंगे। इस भर्ती के पूर्ण होने से जहां बीएड व बीटीसी अभ्यर्थियों में खुशी है वहीं शिक्षामित्रों में मायूसी है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षामित्रों की 40 व 45 कटऑफ वाली याचिका को खारिज करते हुए भर्ती प्रक्रिया को 60 व 65 कटऑफ से पूर्ण करने के आदेश प्रदेश सरकार को दिए थे। इस प्रकार शिक्षामित्रों के पास प्राथमिक शिक्षक बनने का एक मौका बचा है।

---

## विद्युत पोल में उतरे करंट से किशोर की मौत, दो मवेशी जले

संवाददाता। महमूदाबाद, सीतापुर

**घर से** भैंस चराने गये किशोर की विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। किशोर के साथ दो मवेशी भी जल गये। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुँचे और अधिकारियों को सूचना दी। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर घटनास्थल पर हंगामा किया। मौके पर एसडीएम सहित पुलिस के अधिकारियों ने पहुँचकर ग्रामीणों को समझाया और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमद्वारी मजरे सिहारूखेड़ा निवासी तेज प्रकाश (16) पुत्र रामनाथ वर्मा शुक्रवार पांच मवेशियों को लेकर चराने के लिए निकला था। गांव से बाहर शारदा नहर के पास लोहे के दो विद्युत पोल लगे हैं। इन विद्युत पोलों के सहारे हाईटेंशन लाइन गुजरती है। बताया जाता है शाम करीब साढ़े चार बजे तेजप्रकाश की भैंस लोहे के विद्युत पोलों के पास पहुंच गई। भैंस खंभे में छूते ही झुलसने लगी। भैंस को जिंदा झुलसता देख तेज प्रकाश दौड़कर भैंस को बचाने का प्रयास करने लगा और इसी प्रयास में वह खुद करंट की चपेट में आ गया। विद्युत करंट की चपेट से झुलसकर तेज प्रकाश की मौके पर मौत हो गई। घटना में भैंस व उसके बच्चे की भी झुलसने से मौत हो गई। एसडीएम पीएल मौर्य, कोतवाल अनिल पाण्डेय आदि ने पहुँचकर ग्रामीणों को समझाया और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**विद्युत विभाग पर ग्रामीणों ने लगाया आरोप:** घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आये दिन यहां हादसे होते हैं। इससे पूर्व बकरी की भी मौत हो चुकी है। शिकायत के बाद भी विद्युत अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि तार टूटने, स्पार्किंग आदि घटना होने पर विद्युत अधिकारी या कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं। बच्चे की मौत के बाद भी विद्युत अधिकारियों को फोन किया गया लेकिन फोन नहीं उठाया गया। एसडीएम पीएल मौर्य ने सभी आरोपों पर उचित कार्यवाही की आश्वासन दिया।

**मातम में बदली शादी की खुशियां:** मृतक तेजप्रकाश के चचेरे भाई अभय पुत्र राजाराम का विवाह 6 दिसम्बर को होना है। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। मृतक की मां शोभा देवी अपने बेटे के शव का देखकर रो रही थी। घर की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। पूरे गांव में सन्नाटा देखा जा रहा था। गांव की महिलाएँ मृतक की मां को संभालने में जुटी रहीं।

---

## जन्म प्रमाण पत्र को लेकर महिलाएं लगा रहीं ब्लॉक के चक्कर

संवाददाता। सीतापुर

**मछरेहटा सीतापुर** विकासखंड मछरेहटा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आदिलपुर में पांडेखेरा गांव से काफी संख्या में महिलाएं जन्म प्रमाण पत्र बच्चों के बनवाने के लिए कई दिनों से ग्राम पंचायत अधिकारी की तलाश में ब्लॉक परिसर आकर चक्कर लगाती रहती हैं लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी के ऑफिस में ताला लटकता रहता है यदि कोई ऑफिस में मिला तो आज नहीं कल कहकर मामले को टाल देते हैं लज्जावती पत्नी अनिल कुमार निवासी आदिलपुर बताती हैं की वर्ल्ड विजन में बच्चों के मांगे गए जन्म प्रमाण पत्र को लेकर आज 3 दिन से बराबर चक्कर लगा रही हूं लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी नहीं मिले एक बार मिले भी लेकिन आज नहीं कल देने की बात कह कर टाल दिया वही रामरति पत्नी पतेसे निवासी आदिलपुर जूली पत्नी चंद्र कुमार पांडेखेरा फूल कली पत्नी चौधरी निवासी पांडेखेरा मामूनी पत्नी छोटकन्न निवासी आदिल पुर यह सभी महिलाएं जानकारी देते हुए बताया कि पिछले सप्ताह शुक्रवार को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी श्री राम गुप्ता को फार्म दिया था लेकिन आजकल कहकर डालते रहे लगभग 7 किलोमीटर दूरी से हम सभी महिलाएं ब्लॉक सुबह से शाम तक बैठी रहती हैं लेकिन यहां पर कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं।

---

### समाजसेवी शिवदास गुप्त के निधन पर शोक

**महमूदाबाद सीतापुर।** नगर के वरिश्ठ समाजसेवी पूर्व चेयरमैन 85 वर्शीय शिवदास गुप्त का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पाकर नगर व क्षेत्र के बड़ी संख्या में समाजसेवियों राजनैतिक कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी। शिवदास गुप्त भाजपा नेता शिवकुमार गुप्त के चाचा थे। वह महमूदाबाद टाउन एरिया के समय चेयरमैन बने और लगातार समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते रहे। उनके निधन की सूचना पाकर क्षेत्रीय विधायक पूर्व काबीना मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा व मधु गुप्त, कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेयी, सुरेश वर्मा, .श्ण कुमार गुप्त, गोपी चन्द्र रस्तोगी, चन्द्र कांत रस्तोगी, मोहन बारी, मनोज जैन आदि ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी।

---

लखनऊ खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव...

## उमेश द्विवेदी के सिर पर बंधा जीत का सेहरा

संवाददाता। सीतापुर

**लखनऊ** खंड के शिक्षक एमएलसी चुनाव में एक बार फिर मौजूदा निर्दल एमएलसी, भाजपा प्रत्याशी उमेश द्विवेदी के सिर पर जीत का सेहरा बंधा। उन्हें यह विजयश्री 3247 मतों से मिली है। उनकी यह जीत कोई अप्रत्याशित नहीं, बल्कि इसे पूर्व सुनियोजित माना जा रहा है, क्योंकि वो सदैव शिक्षक हितों के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। इस लिहाज से उन्हें विजयश्री मिलना पहले से ही घ्सुनिश्चित था, हालांकि भाजपा उन्हें बतौर पार्टी उम्मीदवार उतारकर बहुत सावधानी पूर्वक रूप चुनाव लड़ रही थी। प्रदेश में रिक्त 11 शिक्षक-स्नातक एमएलसी का कार्यकाल छह मई 2020 को समाप्त हो गया था। नए गठन के लिए आयोग ने चुनावी प्रक्रिया शुरू की, लेकिन कोरोना वायरस के चलते आयोग को इसे बीच में रोकना पड़ा। कोरोना महामारी थमने के बाद चुनाव आयोग ने दोबारा चुनावी प्रक्रिया शुरू की। नवंबर माह में लखनऊ मुख्यालय पर नामांकन प्रक्रिया अपनाई गई। नाम वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शिक्षक एमएलसी चुनाव में 11 उम्मीदवार चुनावी समर में थे। इनमें, सपा से उमा शंकर चौधरी उर्फ पटेल, मौजूदा एमएलसी, भाजपा प्रत्याशी उमेश द्विवेदी, उमाशंकर चौधरी, वीएन खरे, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. महेंद्र नाथ राय, डॉ. आरपी मिश्रा, शाह आलम खान, सोहन लाल वर्मा, हवलदार सिंह यादव शामिल हैं। एक दिसंबर को मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। इस चुनाव में 71 फीसदी ज्यादा वोट डाले गए। तीन दिसंबर को राजधानी के रमाबाई मैदान पर वोटों घ्की गिनती शुरू की। लखनऊ खंड के शिक्षक पद पर मौजूदा एमएलसी, घ्भाजपा उम्मीदवार उमेश घ्घ्द्विवेदी ने शुरूआत से अपनी बढ़त बना ली थी और आखिरी तक वो अपनी बढ़त को बनाए भी रखा। शुक्रवार को अलसुबह चार बजे तक चुनाव अधिकारी ने अधिकृत तौर पर भाजपा के उमेश द्विवेदी की जीत का एलान किया। घोषित नतीजे के अनुसार प्रथम व द्वितीय वरीयता में भाजपा के उमेश द्विवेदी को 7065 मत हासिल हुए। उन्होंने यह जीत 3247 मत पाकर हासिल की। माध्यमिक शिक्षक चंदेल गुट के प्रत्याशी महेंद्र नाथ राय दूसरे पायदान पर रहे। राय को 3818 मत मिले। उमा शंकर चौधरी उर्फ पटेल को 2440 मत मिले। डॉ. आरपी मिश्र को 2157 मत हासिल हुए। शाह आलम खान को 1396 मत हासिल प्राप्त हुए। दोबारा शिक्षक एमएलसी बने उमेश द्विवेदी की बात की जाए तो द्विवेदी वित्त विहीन शिक्षक महासभा के प्रदेशाध्यक्ष भी हैं। उनकी वित्त विहीन शिक्षकों में अच्छी पकड़ है। मजबूत पकड़ को देख भाजपा ने लखनऊ खंड के शिक्षक चुनाव में इस बार उमेश द्विवेदी पर दांव खेला और चुनाव को गंभीरता से लेकर आगे भी बढ़ रही थी। अब उसका नतीजा सबके सामने है।

---

## क्विक न्यूज

### भाजपा सरकार कर रही धार्मिक तुष्टीकरण: तरुण पटेल

**सीतापुर।** कांग्रेस पार्टी की किसान स्वाभिमान यात्रा में शामिल प्रदेश के मध्य जोन प्रभारी तरूण पटेल ने बातचीत में भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार धार्मिक तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं कर रही है, इसका जीता जागता उदाहरण किसान आंदोलन है। यात्रा के सदस्यों ने गुरुवार रात लहरपुर में बिताई। इस दौरान इस मौके पर जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, कन्हैया जी मेहरोत्रा, सुधाकर मिश्र, अजय शुक्ला, बिजेंद्र शुक्ला, हाजी सिराज, राकेश पांडे, आलोक वर्मा आजाद, सुरेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

### बट्सगंज मोहल्ले में एक बार फिर खड़ा हुआ अवैध निर्माण का जिन्न

**सीतापुर।** बट्सगंज मोहल्ले में अवैध निर्माण का जिन्न एक बार फिर खड़ा हो गया है। शुक्रवार यहां एसडीएम सदर अमित भट्ट की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मकानों पर प्रशासन की जसीबी चली। मोहल्ले के लोगों ने कार्रवाई को प्रशासन की मनमानी करार दिया। उनका कहना है कि वह वर्षों से रह रहे हैं, जब जमीन नजूल की थी तो पहले मकान बनवाने से क्यों नहीं रोका गया।

### प्रा.वि. रमवापुर के शिक्षक पेश कर रहे अनोखी मिशाल

**परसेण्डी सीतापुर।** कोरोना काल में परसेंडी के प्राथमिक विद्यालय रमवापुर के शिक्षक अनोखी मिशाल पेश कर रहे है। प्रधानाध्यापक नवीन श्रीवास्तव और सहायक अध्यापिका रेखा, मंजुला, दुर्गा पटेल अध्यापक हिमांशु व लवलेश कुमार बच्चों के द्वार पर कक्षाएं लगा रहे हैं। शिक्षक बच्चों को पढ़ाने की तकनीक भी सिखा रहे हैं, जिससे बच्चे एक दूसरे की मदद करके अध्ययन कर सकें।

### 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी एक मुश्त समाधान योजना

**सीतापुर।** जिन उद्यमियों पर खादी ग्रामोद्योग का कर्ज है, उनके लिए अच्छी खबर है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरके श्रीवास्तव ने बताया कि उद्यमियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना चल रही है, इसके तहत ब्याज माफी का लाभ भी दिया जायेगा, योजना 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी।

### बेटे की पुण्यतिथि पर सांसद ने शुरू किया नशा मुक्ति अभियान

**सीतापुर।** मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर ने अपने दिवंगत बेटे की पुण्यतिथि पर लखनऊ के गांधी सभागार से नशा मुक्ति अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अटरिया क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भी हिस्सा लेकर नाशामुक्त रहने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्तिकेय सिंह, प्रांजल सिंह, हिमांशु कश्यप, आयुष, अभिषेक पूरी, कुलदीप, अमन, रामकरन रावत, सुभाष गिरी आदि मौजूद रहे।

### चोरों ने पार की चार हजार की नगदी व 30 पेटी शराब

**अटरिया सीतापुर।** अटरिया थाना के भगौतीपुर चौराहे पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर गुरूवार रात चोरों ने धावा बोला। चोरों ने 4 हजार की नगदी समेत 30 पेटी शराब पर हाथ साफकर दिया। ठेकेदार अनुराग सिंह ने पुलिस को तहरीर दे दी है। थानाप्रभारी ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि चोरी का जल्द खुलासा किया जाए।

### बेहमा में खुला पीके लैब एवं पॉली क्लीनिक

**रामपुर कलां सीतापुर।** सीतापुर के रामपुर कलां क्षेत्र के लोगों को अब जांच कराने के लिए दौड़ नहीं करनी पडेगी। क्षेत्र के बेहमा में पीके लैब एवं पॉली क्लीनिक खुल गई है। समाजवादी पार्टी के विधानसभा सिधौली उपाध्यक्ष संजय सिंह और रामकुमार सिंह ने फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया। लैब टेक्नीशियन सचिन सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, सत्यम, विष्णु कुमार, उमाकांत दीक्षित, सुखदेव सिंह, रोहित सिंह, जरावल सिंह, सुशील सिंह आदि मौजूद थे।

### योगेश शुक्ला बने पत्रकार संघ मछरेहटा के अध्यक्ष

**मछरेहटा सीतापुर।** योगेश शुक्ला लगातार दूसरी बार पत्रकार संघ मछरेहटा के अध्यक्ष बन गए हैं। उन्होंने पत्रकारों के हितों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया है। आशुतोष त्रिपाठी, अश्वनी कुमार, सुशील शुक्ला, आदेश मिश्र, मणिकांत त्रिपाठी, आदित्य बाजपेयी, धीरेन्द्र श्रीवास्तव आदि ने योगेश को बधाई दी है।

### आईएमए करेगा आठ को सांकेतिक प्रदर्शन व 11 को विरोध प्रदर्शन

**सीतापुर।** सरकार चिकित्सा पद्धति में बदलाव करने जा रही है। आईएमए बदलाव के विरोध में आ गई है। चेयरपर्सन सालू कपूर और सचिव सैफल गोयल ने प्रेस रिलीज करके कहा कि सरकार सर्जरी को मिक्सोपैथी नाम देना चाहती है जो कि गलत है, इसके विरोध में आईएमए 8 दिसम्बर को दोपहर 12 से 2 बजे सांकेतिक और 11 दिसम्बर पूरे दिन विरोध करेगा।

### पढ़ाया गया यातायात नियमों का पाठ

**सीतापुर।** सीतापुर के जय नारायण द्विवेदी इंटर कॉलेज परसदा में यातायात नियमों पाठ पढ़ाया गया। यहां सामाजिक संगठन राजेश्वरी शिक्षा समिति की ओर से पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को नियमों की जानकारी दी। वीरेंद्र बाजपेई, अनुज वर्मा, भानुप्रताप आदि मौजूद रहे।

### तालाब में मिला विक्षिप्त का शव

**रामपुर मथुरा सीतापुर।** थाना रामपुर मथुरा के गांव बरीजगतपुर मानसिक रूप से विक्षिप्त 34 वर्षीय सुरेंद्र का शव गांव के ही तालाब में मिला है। परिवारीजनों के मुताबिक सुरेंद्र गुरूवार शाम घर से निकला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**सीतापुर।** आरएमपी डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर एलआईयू अपाला सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर किया। उन्होंने समाज में स्त्रियों को सुरक्षित, सम्मानित व स्वावलम्बित स्थान दिलाने का अभिया नही मिशन शक्ति है। कार्यक्रम को प्राचार्य डा. जयवीर सिंह, डॉ शालिनी साहनी, डॉ. रजनीकांत आदि ने भी सम्बोधित किया। प्रिया, प्रीति, काजल, उन्नति, आचल, नैन्सी, नेहा आदि ने नुक्कड़ नाटिका का मंचन किया।

### मिश्रिख के मोहम्मद नगर में एक पेड़ पर दिखे तीन विलुप्त गिद्ध

**सीतापुर।** एक जमाना था कि गिद्धों को प्राकृतिक सफाई कर्मी को जाना-पहचाना जाता था, उस वक्त ये प्रातः मतृ और सड़ रहे पशुओं के शव को भोजन के तौर पर खाते थे, इससे मतृ शवों की सफाई करने के साथ ही संक्रामक बीमारियों को रोकते थे, लेकिन शहरीकरण से उनके आशियाने तो ध्वस्त हो गए और उनका आहार भी दूषित हो गया। ऐसे में वो भी यहां से विलुप्त हो गए थे। अब अरसे बाद एक फिर सीतापुर मिश्रिख के मोहम्मदनगर में एक पेड़ पर विलुप्त तीन गिद्ध दिखाई दिए। इससे ग्रामीणों में कौतूहल मच गया। उन्हें देखने के लिए ग्रामीणों में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों की मानें तो करीब दो-तीन दशक पहले यहां पर झुंडों में गिद्ध नजर आते थे, लेकिन उसके बाद वो ऐसा विलुप्त हुए, कि उनके दर्शन भी दुर्लभ हो गए। तब आज यहां के एक पेड़ पर तीन गिद्ध दिखाई देते हैं। इनके देखे जाने के बाद अब ग्रामीणों में आस जगी कि इनके आने के बाद ये गिद्ध यहां मतृ व सड़ रहे पशुओं को अपना आहार बनाकर सफाई तो करेंगे ही, साथ ही संक्रामक बीमारियों को भी फैलने से रोकेंगे। उधर, वन्य जीव-जंतु प्रेमी, लोककलाकार ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक कहते हैं कि सीता का पता लगाने वाले जटायु के वंश गिद्ध समाज के लिए काफी मददगार साबित होते थे, लेकिन इनके विलुप्तता से समाज पर असर पड़ रहा था। उनका यह भी कहना है कि जिस इलाके में पेड़ पर ये गिद्ध दिखाई दिए हैं, वन विभाग को चाहिए कि वो उस स्थान को संरक्षित करें, साथ ही उनके आशियाने के साथ ही वहां पर प्रजनन भी व्यवस्था करनी चाहिए।

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**महमूदाबाद सीतापुर।** कोतवाली पुलिस ने कई मुकदमों में जिला बदर आरोपी को उसके घर से गिरतार कर जेल भेजा है। पुलिस युवक की कई दिनों से तलाश कर रही थी। कोतवाल अनिल पांडेय ने बताया पुलिस द्वारा जिला बदर आरोपियों की जांच पड़ताल का अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली के एसआई एजाज अहमद, आरक्षी अमित वर्मा ने कोतवाली के हरबसपुर छंगापुर निवासी जिलाबदर आरोपी कल्लू पुत्र असगर को उसके दरवाजे से शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे गिरतार किया। पकड़े गए युवक पर महमूदाबाद कोतवाली में घर में घुसकर मारपीट करने सहित संगीन धाराओं में तीन केस दर्ज हैं, जिनमें वह नामजद है। युवक वर्तमान में महमूदाबाद कोतवाली से जिलाबदर आरोपी घोषित है। जिलाबदर होने के बाद भी वह लगातार अपने घर पर रह रहा था।

### एसडीएम व भूमि संरक्षण अधिकारी ने खाद व बीज की दुकानों पर छापा मारा

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली कस्बे में खाद व बीज की दुकानों पर छापा मारा गया। भूमि संरक्षण अधिकारी सीतापुर और उपजिलाधिकारी सिधौली ने किसान एग्रो एजेंसी, सुलभ बीज भंडार, कनौडिया बीज भंडार और बालाजी बीज भंडार का निरीक्षण किया। दुकानों पर रेटबोर्ड, स्टाक रजिस्टर आदि में अनियमितताएं मिलीं। टीम ने कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को आख्या भेजी है।

# करोड़ों डकारने वाली चिटफंड कंपनी पर एफआईआर दर्ज

- कई गुना रकम मिलने का वादा कर जमा कराए थे रुपए
- न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**निवेशकों का** करोड़ों रुपया लेकर फरार चिटफंड कंपनी सक्सेज व्यू मल्टी सर्विसेज लि. के सीएमडी मृत्युंजय साहू, एमडी स्नेहाशीष भट्टाचार्या सहित कई लोगों के विरूद्ध अपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात आदि सहित कई गंभीर धाराओं में न्यायालय के आदेश पर शिकायतकर्ता बच्चू लाल द्विवेदी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में जांच शुरू कर दी है।

वर्ष 2011 में शिकायतकर्ता के घर एक महिला सहित पांच लोगों ने आकर अपने को कोलकाता की कंपनी सक्सेज व्यू मल्टी सर्विसेज लि. व सक्सेज कैपिटल मार्केटिंग लि. के सीएमडी मृत्युंजय साहू, एमडी स्नेहाशीष भट्टाचार्य, डायरेक्टर उमा खानू, तन्मय पंडित और रीजनल मैनेजर बरेली ब्रांच श्रीकांत बेरा निवासी वेस्ट बंगाल का होना बताया। कहा कि उनकी कंपनी फिक्स जमा योजना में 5 वर्ष में 2 गुना, 16 वर्ष में 11 गुना, 20 वर्ष 11 माह में 12 गुना एवं 30 वर्ष में जमा धन का 70 गुना तथा प्रापर्टी में पैसा इन्वेस्ट कर निवेशकों को अच्छा लाभ देती है। कंपनी से जोड़कर बेरोजगारों को रोजगार भी देती है। उनकी कंपनी भारत सरकार व मिनिस्ट्री आफ कारपोरेट आदि संस्थाओं से मान्यता प्राप्त है तथा विधि पूर्ण कार्य करती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कंपनी के दस्तावेजों के साथ सक्सेस उद्योग नाम की एक पुस्तक दी जिसमें फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री तपन सिकदर तत्कालीन राज्य लोक निर्माण मंत्री क्षिति गोस्वामी परिवहन मंत्री रंजीत कुंडू व फिल्म निर्देशक हरनाथ चक्रवर्ती सहित देश के कई विशिष्ट लोग कंपनी की प्रशंसा करते दिखाए गए थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसलिए उन्होंने उक्त व्यक्तियों के विश्वास में आकर उनकी कंपनी ज्वाइन कर ली। इस प्रकार हजारों लोग कंपनी से जुड़कर निवेशकों से लाखों रुपए जमा कराने लगे और भुगतान के समय से पूर्व अगस्त 2018 में उक्त लोग प्रदेश के सभी आफिस बंद कर फरार हो गए। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## नपा बोर्ड की बैठक आज

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर पालिका परिषद गोला की बोर्ड की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष के निर्देशानुसार दिन के साढ़े ग्यारह बजे आयोजित की गई। बैठक में पठन-पाठन एवं पुष्टि, मूल अर्थ बजट वर्ष 2019-20 व 2020-21 स्वीकृतार्थ, पंद्रहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त बजट से कार्य प्रस्ताव स्वीकृतार्थ व अन्य आवश्यक विषय अध्यक्ष की अनुमति से स्वीकृतार्थ के लिए चर्चा होगी। बैठक में सभासद् अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करते हुए नगर के विकास को गति प्रदान करेगें। उक्त जानकारी अधिशाषी अधिकारी प्रदीप नरायण दीक्षित ने दी।

## एसडीएम की अध्यक्षता में चला पैमाइश अभियान



**लखीमपुर-खीरी।** एसडीएम अरुण कुमार की अध्यक्षता में मेन रोड से लेकर संकटा देवी चौराहे तक पैमाइश अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध निर्माण कराने वाले करीब 60 से 70 लोगों को चिह्नित किया गया। इन्हें अवैध निर्माण हटाने की नोटिस देने की कार्रवाई शुरू की जा रही है। यदि नोटिस पर कोई अमल नहीं किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। पालिका क्षेत्र में कई जगहों पर अवैध निर्माण की आ रही शिकायतों पर एसडीएम सदर अरुण कुमार ने नगर पालिका व तहसील प्रशासन के सहयोग से पैमाइश अभियान चलाया। बड़े चौराहे स्थिति मदन भूषण भंडार के प्रतिष्ठान से लेकर संकटा देवी चौराहे तक पैमाइश की गई। पालिका सर्वेयर अमित कुमार सोनी ने बताया कि करीब 60 से 70 लोगों को चिह्नित किया गया है। इन्हें नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं तहसीलदार सदर ने बताया कि अवैध निर्माण करने वालों को चिह्नित कर लिया गया है। इन्हें नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने को कहा जाएगा। यदि इनके द्वारा नोटिस पर अमल नहीं किया गया तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम सदर अरुण कुमार ने बताया कि यह पैमाइश लगातार जारी रहेगा। अवैध निर्माण करने वालों को चिह्नित कर नोटिस दी जाएगी। वहीं कृत्य की पुनरावृत्ति न करने की भी चेतावनी दी गई है। यदि नोटिस के आधार पर कार्रवाई न हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। पैमाइश अभियान के दौरान एसडीएम अरुण कुमार, ईओ नगर पालिका आरआर अम्बेश, नगर पालिका के सर्वेयर अमित सोनी, तहसील प्रशासन से राजस्व निरीक्षक राम टहल वर्मा, लेखपाल राजेश शुक्ला व विनियमित क्षेत्र के जेई प्रदीप कुमार द्विवेदी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## क्विक न्यूज

### बस को आग लगाने के मामले में सभासद सहित चार गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** बस द्वारा छात्र की कुचलकर हुई मौत के बाद बस को आग लगाये जाने के मामले में लेकर पुलिस ने शुक्रवार को एक सभासद सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसआई कोतवाली शिव प्रकाश पांडे ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व बस से कुचलकर हुई छात्र की मौत के बाद बस जलाने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने लगभग 50 अज्ञात लोगों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के उपरांत पुलिस जांच में जुट गई थी। पुलिस ने क्षेत्र के सभासद बृजेश पाल पुत्र जगन्नाथए सहित राहुल गुप्ताए सलमानए निवासीगण गोकुलपुरी व आशुतोष कुमार निवासी सरनापुरम को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बस में आग लगाने की बात को स्वीकार कर लिया है। जिसके बाद सभी अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। आपको यह भी बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी रोड निवासी धीरू को लखनऊ से आई एक बारात की बस ने टक्कर मार दी थी। जिससे धीरू की मौत हो गई थी। इसके बाद भीड़ आक्रोशित हो गई थी और बस को आग लगाने की घटना को अंजाम दिया गया था।

### लाल्हौआ पशु आश्रय केंद्र का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**मितौली-खीरी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी मितौली तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. नरेंद्र सिंह ने लालहौआ पशु आश्रय केंद्र का मौका मुआयना कर गौशाला से संबंधित आवश्यकताओं को अतिशीघ्र पूरा किये जाने पर विचार विमर्श किया। जिला पंचायत की देखरेख में विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत लालहौआ के मजरा बटाऊ में संचालित निराश्रित पशु आश्रय केंद्र में गोवंशी पशुओं का संरक्षण व रखरखाव किया जा रहा है। जिलाधिकारी खीरी शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर मितौली बीडीओ चंदन देव पांडेए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉण् नरेंद्र सिंहए ग्राम पंचायत अधिकारी वीरेंद्र सिंहए एपीओ सुमित कुमार पाल तथा जेई ने गौशाला केंद्र परिसर में साफसफाई सुंदरीकरण पशुओं के रखरखाव पानीए चाराए प्रकाशए छाया आदि व्यवस्थाओं को देखकर अन्य आवश्यकताओं के बारे में भी विचार विमर्श करते हुए उन्हें शीघ्र ही पूरा कराने का संकल्प लिया।

### मांगों को लेकर पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार सिद्धार्थ के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि एससी/एसटी एक्ट और प्रतिनिधित्व के प्राविधानों में बराबर न्यायपालिका द्वारा जो परिवर्तन किया जा रहा है जिससे भ्रम व न्याय की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही संसद द्वारा बराबर संशोधन के बाद भी जातिवादी और सामाजिक न्याय विरोधी मानसिकता उजागर हो रही है। जातिमुक्त भारत बनाने और जाति आधारित नाम हटाने का आज तक कोई निर्णय पारित नहीं हुआ है। परन्तु एससी/एसटी एक्ट के खिलाफहर माह इस तरह के निर्णय आ रहेए जैसे जाति खत्म हो गयी और अत्याचार खत्म हो गये हों। ज्ञापन में मांग की गयी कि संसद यह प्राविधान संसोधन करे कि न्यायपालिका इन गंभीर विषयों पर अपनी मनमानी न कर सके और संसद के बनाये इस एससी/एसटी एक्ट और प्रतिनिधित्व के साथ छेड़छाड़ न करे तथा प्रोन्नति में प्रतिनिधित्व तत्काल लागू करें। साथ ही प्रत्येक संविधान पीठ में कम से कम एक एसटी, दो एससी, चार ओबीसी, एक अल्पसंख्यक, एक सामान्य, दो महिला जज हो, न्यायपालिका की नियुक्तियों में सभी समुदायों की प्रतिनिधित्व मिल सके।

### दवा लेकर लौट रही महिला और उसके बेटे की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** दवा लेकर लौट रही एक महिला और उसके बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मां बेटे के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजें।फतेहगंज पूर्वी थाना इलाके में कल शाम हुई सड़क दुर्घटना में शाहजहांपुर के खुदागंज थाने के गांव कंधरापुर निवासी 26 वर्षीय कल्पना उसके 5 माह के बेटे केशव की मौत हो गई। जबकि कल्पना का पति प्रदीप घायल हो गया। प्राथमिक विद्यालय में प्राइवेट तौर पर पढ़ाने वाले प्रदीप के परिजनों ने बताया कि वह कल अपनी पत्नी कल्पना और बेटे केशव को मोटरसाइकिल पर लेकर बरेली में पटेल चौक स्थित सीतापुर अस्पताल से पत्नी की दवा लेने के लिए आया था। जहां से शाम को वापस मोटरसाइकिल पर अपने घर लौट रहे थे ।लेकिन फतेहगंज पूर्वी पहुंचने पर पीछे से आए किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े। कल्पना और उसका बेटा टक्कर मारने वाले वाहन की चपेट में आ गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई ।दुर्घटना के बाद वाहन फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। जो मौके पर पहुंची और घटना के शिकार तीनों लोगों को जिला अस्पताल भेजा। जहां कल्पना और केशव को मृत घोषित कर दिया गया सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे घर वालों ने लाश की शिनाख्त कर ली। जिन्हे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### साइकिल सवार मजदूर की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** मजदूरी करने के बाद घर वापस लौट रहे साइकिल सवार मजदूर को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया में नंदकिशोर के मकान में किराए पर रहने वाले पीलीभीत जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव पुरेना निवासी 38 वर्षीय रामचंद्र पुत्र गोविंद राम की कल शाम लगभग 6रू30 बजे इज्जत नगर में खजुरिया गांव के पास हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि रामचंद्र की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। पत्नी की मौत के बाद वह अपने एकमात्र बेटे आयुष के साथ किराए के कमरे में रहकर मजदूरी करके गुजारा चलाता था। कल सुबह वह रोजाना की तरह साइकिल से मजदूरी करने के लिए घर से निकला था। शाम को मजदूरी करके वह घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। उसके पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी गई। जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से छात्र की मौत

**बिन्दकी (फतेहपुर)।** तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से छात्र की मौके पर कुचलकर मौत हो गई। जिसके बाद हड़कंप मचा रहा। परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बकेवर कस्बे के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से कक्षा नौ के छात्र रोहित पासवान 14 वर्ष पुत्र रामसेवक पासवान निवासी पिपरी कोतवाली बिंदकी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। छात्र की मौत होते ही हड़कंप मच गया हालांकि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतक छात्र के पिता रामसेवक पासवान ने बताया कि उनका पुत्र रोहित पासवान बकेवर कस्बे के जानकी इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र था।

### शिवराजपुर कथा में पहुंचे कारागार राज्यमंत्री जैकी



**फतेहपुर।** मलवा ब्लाक के आदिगुरु शंकराचार्य आश्रम शिवराजपुर दुर्गा मंदिर मे आयोजित नवदिवसीय शतचंडी यज्ञ व श्रीमदभागवत कथा के आठवें दिन कथाव्यास यदुनाथ अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण का मथुरा प्रस्थान, कंस वध,उधव-गोपी संवाद, द्वारकानगरी की स्थापना, श्रीकृष्ण के संग रुक्मिणी का विवाह की कथा सुनाई। इस दौरान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह की मनोहारी झाकी सजाई गई। कथा मे पहुंचे कारागार राज्यमंत्री जयकुमार सिंह जैकी ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर कथा श्रवण किया। आचार्य यदुनाथ अवस्थी ने कहा रुक्मिणी विवाह कथा भगवान द्वारा हरण करने की कला नहीं अपितु आत्मा और परमात्मा के एकाकार होने की कला है। लोग खुद को शरीर मानते हैं और शरीर से जुड़े सांसारिक सुख, सुविधाएं चाहते हैं। जबकि शरीर नश्वर है और आत्मा अमर। रुक्मणी विवाह पर भक्ती गीतो पर श्रद्धालु जमकर थिरके। कार्यक्रम मे स्वामी सत्यानंद जी महाराज, स्वामी नारदानंद, शिवा मिश्रा, मनीष बाजपेई आदि रहे।

### टॉप टेन अपराधी को गोली मारने वाला शूटर हुआ गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** टॉप टेन अपराधी इमरान डेबिट को गोली मारकर घायल करने वाला उसका मित्र पुलिस मुठभेड़ में आज गिरफ्तार कर लिया गया। उसके साथ उसके अन्य साथी भी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज रही है। बीते 2 दिसंबर की रात थाना सदर बाजार क्षेत्र के लोहार वाले चौराहे पर एक वियर की दुकान पर वियर पीने को लेकर दो दोस्त आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते एक दोस्त ने दूसरे हिस्ट्रीशीटर दोस्त के गोली मार दी। गोली लगते ही टॉप टेन अपराधी इमरान डेविड लहूलुहान हो गया। गोली लगने की सूचना पर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। आनन फानन में सूचना मिलनें के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल हिस्ट्रीशीटर बदमाश इमरान डेविड को तत्काल इलाज के लिए भेजा। जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आज पुलिस ने इमरान को गोली मारने वाले आरोपी अंकित वर्मा को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ उसके 4 साथी भी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गैंगस्टर के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## उमेश द्विवेदी की जीत पर मनाई गई खुशी



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के पुन: विजई होने पर विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के प्रांतीय महामंत्री एवं विधान सभा चुनाव संयोजक शैलेंद्र सक्सेना ने अपनी पूरी टीम को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। शिक्षकों की लड़ाई के लिए सदैव विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति विधायक उमेश द्विवेदी एवं भाजपा मिलकर शिक्षकों को उनका हक दिलाने के लिए कार्य करेगी। समिति के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला सह संयोजक विजय शुक्ला उर्फ रिंकू ने कहा कि आज शिक्षक वर्ग का मत भाजपा को मिलने से यह स्पष्ट हो गया है कि समाज का बुद्धिजीवी वर्ग आज भी भाजपा पर निष्ठा रखता है तथा समस्त शिक्षकों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जीत की इस खुशी पर नगर अध्यक्ष संजय तिवारी, आलोक तिवारी, महेंद्र वर्मा, डीपी श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, नीरज दीक्षित, संजीव दीक्षित, सुधीर अवस्थी, अमित शर्मा, रविंद्र कटियार, अनुज वर्मा, कुलदीप वर्मा, अभिषेक पटेल, ऋषभ सक्सेना, आशीष वर्मा व शत्रुघ्न मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज से शुरू होगा सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ

संवाददाता। मितौली-खीरी

**विकासखंड** मितौली के ग्राम बख्तियारपुर में धार्मिक जागृति आध्यात्मिक चेतना एवं विश्व शांति हेतु तेरवां श्री विष्णु महायज्ञ एवं वेदांत संत सम्मेलन आगामी पांच दिसंबर से 11 दिसंबर आयोजित किया जाएगा। ग्राम बख्तियारपुर में तेरवां विष्णु महायज्ञ एवं वेदांत संत सम्मेलन का आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रथम दिन पांच दिसंबर को जल यात्रा बख्तियारपुर से मैगलगंज होते लिए मढ़िया घाट पहुंचेगी। विधि.विधान से पूजन के साथ कलशों में जल भर कर लाया जाएगाए उस जल से मंडप स्थल पवित्र कर यज्ञ कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। छह दिसंबर को वेदी रचना, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन विधि-विधान से की जाएगी।

## एचआईवी या उसके लक्षण होने पर टीआई परियोजना से होगी काउंसलिंग

संवाददाता। फतेहपुर

**जन** कल्याण महासमिति द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना की एडवोकेसी बैठक महिला थाना जनपद में थाना प्रभारी नमिता सिंह चौहान की अध्यक्षता में एवं विशिष्ट अतिथि परियोजना निदेशक बीपी पांडेय की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें बीपी पांडेय द्वारा बताया गया कि एडवोकेसी का उद्देश्य पुलिस को एचआरजी की संवेदनाओं के प्रति प्रेरित करना है। परियोजना प्रबंधक ओपी तिवारी के द्वारा लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें परियोजना द्वारा उच्च जोखिम समूह एमएसएम, एफएसडब्ल्यू एवं आईडी यूज के बारे में बताया गया।

एडवोकेसी में उपस्थित महिला शक्ति केंद्र की महिला कल्याण अधिकारी पूनम तिवारी एवं वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी मोहिनी साहू द्वारा पैरवी को लेकर के बताया गया कि हम लोग महिलाओं एवं पीड़ित परिवारों के बीच में कार्य करते हैं और यदि ऐसे केस जिनमें एचआईवी या उनके लक्षण नजर आते हैं उन्हें काउंसलिंग के लिए टीआई परियोजना में भेजा जाएगा। विधि सह परिवीक्षा अधिकारी धीरेंद्र अवस्थी द्वारा गांव और शहर में अधिकतर परिवारों में विखंडन का कारण नशा एवं घरेलू हिंसा को जाता है। चाइल्डलाइन के जिला समन्वयक अजय सिंह चौहान के द्वारा बताया गया कि लक्षित हस्तक्षेप परियोजना एवं महिला कल्याण एवं बाल कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं को एक मंच पर लाकर एचआईवी और उससे बचाव हेतु पैरवी के लिए जो मंच उपलब्ध कराया गया है।

## विभागों से मिलकर करेंगे गांवो का विकास

**फतेहपुर।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति प्रदेश शासन के सदस्य रवि शंकर का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम जनपद में हुआ। इस दौरे में उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रवास के दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा कहा कि योगी सरकार में राज्य सलाहकार समितियों की कमान दलितों के हाथों में सौंप दी गई है तथा अनुसूचित जाति बाहुल्य जनपद के प्रत्येक बीस गांव की तस्वीर बदलेगी। चिन्हित किए गए ग्रामों में बिजली, पानी, सड़क, सफाई, स्वास्थ, शिक्षा, शौचालय सहित अन्य सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। नोडल बनाकर अन्य 15 विभागों के साथ मिलकर गांव में सालाना पचीस लाख रुपए से विकास कार्य कराए जाएंगे। प्रधानमंत्री की अति महत्वाकांक्षी एवं दूरगामी इस योजना के माध्यम से विकास के क्षेत्र में पिछड़े गांव को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाएगा।

## युवक की तालाब में डूब कर मौत

**जहानाबाद ( फतेहपुर )।** थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर में शौचक्रिया के लिए गये युवक की तालाब के दलदल में फंसने से डूब कर मौत हो गयी। चंदागली निवासी स्व0 रामबालक मिश्रा उर्फइम्मी मिश्रा का इकलौता पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ रिंकू देर रात किसी कार्यक्रम में शामिल होने गया था कार्यक्रम से वापस घर आ रहा था। घर के समीप ही अंबेडकर नगर स्थित तालाब पर शौच क्रिया के लिए उतरा तो उसका पैर फिसल गया। तालाब से निकलने के प्रयास में वह गहरे दलदल में निकलने के प्रयास में तालाब के किनारे तक आ गया किंतु अत्यधिक दलदल होने के चलते वह तालाब के बाहर नहीं निकल सका और शायद ठंड के कारण उसकी मृत्यु हो गई। सुबह जब स्थानीय निवासी तालाब के किनारे कूड़ा डालने गए तो देखा एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा था। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संजय संधू दल बल के साथ पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब के बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## जीत के नजदीक पहुंचने पर सपाइयों ने मनाया जश्न

संवाददाता। फतेहपुर



**प्रयागराज-झांसी स्नातक** निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ0 मान सिंह यादव की जीत के करीब पहुंचने पर आज यहां जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में सपाइयों ने मिष्ठान वितरण करके एक दूसरे को बधाई दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरीके से पार्टी के प्रत्याशी ने स्नातक निर्वाचन में लगभग विजय हासिल कर ली है, यह तो अभी शुरूआत है। अगर इसी तरीके से बैलेट पेपर से मतदान होता रहा तो आने वाले समय में सपा के प्रत्याशी ही जीत का रास्ता तय करेंगे। कहा कि लगातार पार्टी आने वाले विधानसभा चुनाव में भी यह मांग करती है कि ईवीएम से नहीं बैलेट पेपर से मतदान होना चाहिए। इस अवसर मंजर यार, रविंद्र यादव, उदय प्रताप सिंह, हेमू, बृजेंद्र यादव, फैजान अहमद, अरशद, मो0 साबिर, पिंटू सिंह, आशिर, जीशान, सोनू यादव, जियाउद्दीन आदि मौजूद रहे।

उधर इसी कड़ी में नगर अध्यक्ष कलीम शेख के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कस्बा स्थित चौक चौराहे में खुशी का इजहार करते हुए मिठाई बांटी तथा एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले 2022 में सपा की सरकार बनने जा रही है और कार्यकर्ता अपने तन मन धन से इसी तरह कार्य करते रहेंगे तथा अपने मुखिया के हाथों को मजबूत करेंगे। इन्होंने कहा कि अभी तो इस जीत को लेकर समस्त कार्यकर्ता एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर खुशियों को इजहार कर रहे हैं और एक ऐसा समय आने वाला है जिनकी मेहनत का रंग अब खिलने लगा है।

इस मौके पर परवेज आलम निवर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छात्र सभा, ओम चंद मिश्रा जिलाध्यक्ष प्रबुद्ध सभा, अशरफ फारुकी, शिव सिंह यादव पूर्व नगर अध्यक्ष खागा, अंशु यादव जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, अंकित यादव छात्र सभा, अखिलेश मौर्य पूर्व प्रत्याशी नगर खागा, रमेश पासी, मुकेश पटेल नगर सचिव, आरिफ कुरैशी नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, अलबक्श सौदागर, नगर अध्यक्ष युवजन सभा नितिन अग्निहोत्री, अकरम सौदागर,मुकीम खान नगर सचिव, मिठाई लाल, विष्णु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग बरेली में लुमनाई सीरीज का शुभारम्भ



**बरेली।** श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, बरेली में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा लुमनाई सीरीज के प्रथम वेबिनार का आयोजन किया गया । जिसका विषय इनसाइट ऑफ़ कंपोजिट्स फॉर नेसेसिटी इन लाइफ था।वेबिनार का शुभारंभ विभागाध्यक्ष, डॉ. रविंद्र कुमार के द्वारा मुख्य वक्ता, सभी शि6ाकों और प्रतिभागियों के स्वागत से हुआ। वेबिनार के उद्घाटन के दौरान डॉ प्रभाकर गप्ता, डीन ,केडमिक्स ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उसके उपरांत डॉ. अनंत ने विषय के महत्व तथा विषय के बारे में बताया। वेबिनार को संबोधित करते हु, मुख्य वक्ता ड.स्वाति गगवार, असिस्टेंट प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग ,मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ,गोरखपुर, ने कंपोजिट्स मटेरियल के ऊपर व्याख्यान दिया। व्याख्यान के दौरान डॉ.स्वाति ने विद्यार्थियों को कंपोजिट्स ,उनके प्रकारों से अवगत कराया। साथ ही केस स्टडी के माध्यम से कंपोजिट्स मटेरियल के सम्बन्ध में प्रयुक्त हो रही नवीन शोध तकनीको के बारे में भी विस्तार से बतया। डॉ.स्वाति ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट के साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट के महत्त्व पर अपने विचार व्यक्त कि। वेबिनार के समापन पर डॉ अभिषेक प्रताप सिंह ने मुख्य वक्ता तथा प्रतिभागियों का वेबिनार के सफल आयोजन के लि, आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयाग की कामना की। वेबिनार को सफल बनाने में डॉ प्रभाकर गुप्ता,डीन ,केडमिक्स, श्रीमान आशीष कुमार (डी-,स-डब्लू), डॉ. अनंत तथा डॉ अभिषेक प्रताप सिंह का विषेष योगदान रहा।

## पुलिस अधीक्षक ने बैटिंग कर टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**शाहजहांपुर।** जीएफकॉलेज क्रिकेट ग्राउंड पर अंडर 14 क्रिकेट चौंपियनशिप का सात दिवसीय टूर्नामेंट का आगाज जनपद के पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने जीएफकॉलेज क्रिकेट ग्राउंड पर हिमांशु गुप्ता गोदाम प्रभारी भावल खेड़ा की बॉलिंग पर बैटिंग करते हुए शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के आयोजन करता चौधरी क्रिकेट एकेडमी पुवायां द्वारा विभिन्न टीमों को आमंत्रित कर सात दिवसीय अंडर 14 क्रिकेट चौंपियनशिप का आयोजन जनपद के उभरते हुए खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर किया गया है। क्रिकेट चौंपियनशिप में आज का मैच चौधरी क्रिकेट एकेडमी एवं आरके क्रिकेट एकेडमी शाहजहाँपुर के बीच खेला गया।टूर्नामेंट में प्रतिदिन मैन ऑफ द मैच के साथ-साथ विनर एवं रनर प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा अंत में टूर्नामेंट की रनर एवं विनर टीम को भी नकद धनराशि एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा। क्रिकेट चौंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर सुरेंद्र कुमार उप जिलाधिकारी सदर पवन किशोर चतुर्वेदी जिला प्रबंधक एसएफसी जितेंद्र कुमार भगत जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ नसीम प्राचार्य जीएफ कॉलेज आनंद पाठक सचिव शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन आदि अतिथि गणों को अमित चौधरी लेवल वन क्रिकेट अकादमी पुवायां हिमांशु गुप्ता गोदाम प्रभारी एसएफसी शाहजहाँपुर द्वारा स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर गिरफ्तार, माल बरामद

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों की धर पकड़ के अभियान के तहत पुलिस ने भूरा पुत्र रामफूल निवासी जिला कासगंज को मुठभेड़ मे एक चोरी का ट्रैक्टर महिन्द्रा व तंमचा साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को इंट्रोगेशन में अपराधी ने बताया ट्रैक्टर साथियों के साथ मिलकर जनपद कासगंज से चुराया था। जिसे बेचने के फिराक मे आया था। अभियुक्त भूरा के ऊपर विभिन्न जनपदों में आपराधिक मुकदमे पंजीकृत है तथा वर्तमान मे अभियुक्त भूरा थाना सुनगढी जनपद कासगंज से दिनांक 31.08.2020 से 06 माह के लिये जिला बदर चल रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि.जयपाल सिंह, क्रान्तिवीर सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल, का. अजय कुमार, सर्विलांस सेल, मोहित कुमार, सत्यवीर सिंह, अक्षय कुमार, आशीष पंवार मौजूद रहे।

## नगर निगम का पौधरोपण कार्यक्रम से आमजन को जोड़ने का प्रयास

- अपनों की याद में जैव विविधता पार्क में पौधा लगायेः संतोष शर्मा

संवाददाता। शाहजहांपुर

**नगर निगम** की ओर से नगर निगम के अन्तर्गत ग्राम ककरा काकर कुण्ड स्थित जैव विविधता पार्क में उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत नगरवासियो द्वारा अपने जन्मदिन, सालगिराह एवं अपने की याद में जैव विविधता पार्क में पौधे रोपित किये जा रहे है। नगर के नागरिको द्वारा नगर निगम के इस कार्य में बढ़चढ़-कर प्रतिभाग किया जा रहा है एवं नगर निगम के इस कार्य की जनसामान्य द्वारा प्रंशसा व्यक्त की जा रही है। उपहार उपवन योजना के तहत गुरूवार को जैव विविधता पार्क में अनय कुमार शर्मा पुत्र अजय कुमार शर्मा ने अपने परिवार के साथ अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर आम का पौधा रोपित किया। इस मौके पर उपस्थित नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने इस कार्य की प्रंशसा करते हुये समस्त नगर वासियो से अपील की कि अपने जन्मदिन सालगिराह एवं अपनो की याद में जैव विविधता पार्क में पौधा लगाये, जिससे नगर को स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित एवं लोक भारती के व्यवस्थापक आलोक मिश्रा उपस्थित रहे।



## लोक अदालत में वादों का सुलह समझौते के आधार पर निपटारा होगा: जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया है कि 12.12. को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम प्री लिटिगेषन वादों, बैंक वसूली वादों, पारिवारिक वादों एवं मोटर दुर्घटना प्रतिकर से सम्बन्धित वादों, का सूलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में निरस्तारण किया जायेगा। उपरोक्त तिथि को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक निर्णीक होने वाले वादों, की सूची दो-दो प्रतियों मे तैयार कराकर समय से प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहांपुर को दिनांक 10.12.2020 से पूर्व अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें, साथ ही तहसीलदार/ चकबन्दी अधिकारी अपने अधीनस्थ समस्त नायब तहसीलदार/ सहायक चकबन्दी अधिकारियों के न्यायालय में निर्णीत होने वाले वादों की सूची दो-दो प्रतियों में तैयार कराकर अपने न्यायालय की सूची के साथ संलग्नल कर भेजने का कष्ट करें।

# आखिरकार कैमरे में कैद हुआ चीता

● **लखनऊ व कानपुर से पकड़ने आएंगी टीमें**

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**राजेपुर** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उदयपुर में तेंदुये के दिखने के कयास लगाये जा रहे थे। लेकिन कैमरों की नजर में एक चीता देखने को मिला है। चीता को देखते ही वन विभाग एंव पुलिस टीम व ग्राम वासियों में अफ्रा.तफ्री का माहौल बना हुआ है। चीता को पकड़ने के लिए कानपुर व लखनऊ की टीमें बुलाई जाएंगी।

राजेपुर क्षेत्र में एक तेंदुआ की चहलकदमी से वांशिदों में खौफ का महौल बना हुआ था। लेकिन आज वन विभाग द्वारा गांव में लगाये गये ट्रेस कैमरे की नजर में एक चीता नजर आया जिसकी फोटो आज उदयपुर में तालाब के पास कैमरें में कैद हो गई। आपकों बता दें कि चीता द्वारा गायें समेत कई मवेशियों की अधखही लाशें पड़ी हुई मिली थी। जिससे राजेपुर क्षेत्र के उदयपुर ग्राम वाशियों की रातों की नींदें उड़ी हुई चल रही है। वन निरीक्षक उदय प्रताप ने श्आवाज न्यूजश् को बताया कि चीता को पकड़ने के लिए कानुपर व लखनऊ की टीमें आयेंगी। इस मौके पर वन विभाग की टीम के डीएफ्ओ पीके उपाध्याय, रेंजर उदय प्रताप सिंह, एसआई राजाराम,राजेपुर थाने के एसआई संजय मौर्य आदि पुलिस बल के अलावा पूर्व प्रधान संजू सिंह सोमवंशी व ग्रामीण भी साथ में रहे।

## फर्रुखाबाद में मिले नौ कोरोना मरीज, संख्या 4374 पहुंची

**फर्रुखाबाद।** जिले में 9 कोरोना मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिससे जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 4374 पर पहुंच गई है। कोविड रोकथाम हेतु डीएम व एसपी अभियान चलाकर आमजनामानस को लगातार जागरुक कर रहे हैं जिससे आम जनमानस कोरोना जैसी महामारी से बच सकें। जिला मुख्यालय पर आई रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 9 कोरोना मरीज मिले हैं जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसमें निशी पुत्री मुकेश सुभाष नगर बजरियाएअभिषेक पुत्र अभय कुमार बेबर रोड भोलेपुरएशारदा देवी पत्नी स्व राम कृष्ण यादव हाथी खाना फ्तेहगढ़,राम सेवक लोहिया कैम्पस फर्रुखाबाद,शिवम अग्रवाल पुत्र अशोक कुमार नुनहाई,अशोक कुमार पुत्र किशन चन्द्र नुनहाइ,राकेश पुत्र सुखवीर सिंह लक्षमन नगला,प्रिंस पुत्र रोहित संकिसा,पुसे राजेपुर सहित 9 कोरोना मरीज मिले है इसमें 139 मरीज एक्टिव है जिनका इलाज चल रहा है। वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4160 हो गई है। सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया है वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# दो नेताओं सहित सोलह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

संवाददाता। इटावा

**प्रधानमंत्री** मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ द्वारा कई बार अपने पार्टी तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं से कड़े रुख में यह कहा गया कि वह किसी भी पत्रकार या उनके साथियों के साथ अभद्र व्यवहार न करें ।अगर कोई भी पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तो पुलिस द्वारा उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। जिस बात को लेकर वह कई बार उच्च अधिकारियों से बात भी करते रहते हैं । सत्ता की हनक में भाजपा नेता विमल भदौरिया और उनकी सहयोगी साथियों द्वारा एक निजी टीवी चैनल के रिपोर्टर के साथ अभद्र व्यवहार किया कथा मारपीट भी की ।

ज्ञात कर आते चले कि खंड शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन चुनाव के दौरान बढ़पुरा और भरथना क्षेत्र में हुई मारपीट हंगामे की घटनाओं में दो भाजपा नेताओं सहित 16 लोगों के खिलाफ नामजद और 25 से अधिक अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश शर्मा द्वारा किया गया है बढ़पुरा और भरथना थाना क्षेत्र में हुई घटना का संज्ञान लेते हुए एसएसपी आकाश तोमर में मुकदमे के निर्देश दिए जा चुके हैं। मतदान के अगले दिन भरथना व बढ़पुरा थाना में भाजपा नेता विमल भदौरियाए विकास उर्फ बिहारीएदेव प्रतापएडिंपल चौहान तथा 20 से 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा चुका है एक न्यूज़ चैनल के पत्रकार अनुराग सक्सेना निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी द्वारा मुकदमा दर्ज कराया है उनके मुताबिक 1 दिसंबर को स्नातक शिक्षक एमएलसी निर्वाचन के दौरान बढ़पुरा विकास खंड कार्यालय पर कवरेज करने के दौरान आरोपियों ने उनके साथ पोलिंग बूथ के बाहर अभद्रता की विरोध करने पर मारपीट की जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गई। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर से पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पर मिलने पहुंचे जहां उन्होंने अनुराग सक्सेना के साथ हुई मारपीट और अभद्र व्यवहार को लेकर कप्तान से घटनाक्रम की सही से जहाज तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कप्तान से मिलने के लिए अमित मिश्राए भूपेंद्र सिंह एआशुतोष दुबे एमनोज कुमार एचंचल दुबे एअशरफ अंसारीए विकास दिवाकर एप्रवीण आदि पत्रकार साथ में थे।

## पुलिया से टकराया वाहन चालक की हुई मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** जनपद एटा थाना व कस्बा राजा का रामपुर का निवासी पवनेश पुत्र अजय कुमार किसी शादी समारोह से वापस लौट रहा था। असंतुलित वाहन चंदुइया कायमगंज मार्ग पर स्थित गांव झब्बू पुर के पास पुलिया से टकरा गया । दुर्घटना में पवनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया । डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए शव लेकर चले गए।

## अलग-अलग स्थानों पर दो ने खाया जहर

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** घरेलू कलह से खिन्न होकर एक महिला तथा एक पुरुष ने अलग.अलग स्थानों पर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर घबराए परिजन उन्हें उपचार के लिए कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। मिली जानकारी के अनुसार कायमगंज क्षेत्र के गांव रानीपुर गौर निवासी जगदीश की 22 वर्षीय पत्नी रीता ने वही कस्बा व थाना कंपिल निवासी 28 वर्षीय प्रमोद पुत्र हुकुम सिंह ने जहर का सेवन कर लिया । सीएचसी कायमगंज से प्रथम उपचार के बाद दोनों को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफ्र कर दिया गया।

# ट्रैक्टर की भिड़न्त में डीसीएम चालक की दर्दनाक मौत



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**देर** रात डीसीएम व ट्रैक्टर की भिड़ंत में डीसीएम चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना जब परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुर्कीपुर निवासी रेहान पुत्र अनवर बीती देर रात करीब एक बजे नाला बघार पुलिस चौकी मधुवन रस्टोरेंट के पास डीसीएम को लेकर कमालगंज से फ्तेहगढ़ की ओर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार सामने से आ रहे ट्रेक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम चालक रेहान की मौके पर ही मौत हो गई और डीसीएम बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई। मौका पाकर ट्रेक्टर चालक घटना स्थल से फ्रार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

## जमीनी विवाद में तीन लोग घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव कैरई निवासी हप्पू व उसके भाई किशनपाल पुत्र गण नत्थू लाल तथा उसके चाचा भोजराज पुत्र कुंवर पाल के बीच 20 बीघा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। आज दोनों पक्ष उस खेत पर कब्जा करने पहुंचे । गाली गलौज के साथ ही विवाद की स्थिति गंभीर हो गई । दोनों ओर से चले लाठी.डंडों से चाचा भतीजे सहित दोनों पक्षों के तीनो लोग घायल हो गए। दोनों ओर से क्रॉस एनसीआर दर्ज करा दी गई। इसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को उपचार एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है। दोनों ही पक्ष एकदूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर बनाए गए 964 गोल्डन कार्ड

संवाददाता। कानपुर देहात

**आयुष्मान** भारत योजना, भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 964 गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं। उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी/ प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन रणनीति बनाकर समय से टीम को चिन्हित ग्रामों में भेजे।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आज

**कानपुर देहात।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज वर्मा ने बताया कि अर्हता तिथि 01.01.2021 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फ्टोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा दिनांक 17.11.2020 को सभी मतदेय स्थलों पर किया जा चुका है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दिनॉक 17.11.2020 से 15.12.2020 तक किया जाना है उक्त के साथ.साथ मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रो मतदेय स्थलों पर दिनांक 05.12.2021 (शनिवार) को विशेष अभियान निर्धारित है उक्त अवधि में जिन व्यक्तियों ने दिनॉक 01.01.2021के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है तथा किसी के नाम में आपत्ति या किसी नाम में संशोधनअपेक्षित व एक ही विधान सभा क्षेत्र में स्थान परिवर्तन हेतु क्रमश: निर्धारित प्रारूप 6, 7, 8 व 8क में जो अपेक्षितहो में अपना आवेदन सम्बन्धित मतदेय स्थल पर उपस्थित बीएलओ/ पदाभिहित अधिकारी को दिनॉक 05.12.2021 और प्रात: 10.00 बजे से सॉय 4.00 बजे के मध्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

## शांतिभंग में पुलिस ने तीन महिलाओं को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास चौकी इंचार्ज विशेष कुमार ने न्यू आवास विकास कॉलोनी निवासी मनोज जोशी की पत्नी सीमा, मुरारी लाल जोशी की पत्नी ममता एवं निर्दोष जोशी उर्फ दीपू की पत्नी राजकुमारी को सुबह शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।दोनों पक्षों की महिलाएं बीते कई दिनों से शादी कराने कराने व शादी का विरोध करने को लेकर आपस में झगड़ रही थी दोनों पक्षों ने बीते दिनों एक दूसरे के विरुद्ध मारपीट करने की एनसीआर दर्ज कराई थी।जब चौकी इंचार्ज विशेष कुमार एनसीआर की जांच करने गए तो दोनों पक्षों की महिलाएं आपस में मारपीट कर झगड़ा करने लगी जब पुलिस ने उन्हें समझाया तो और उग्र होकर फ्साद करने पर आमादा हो गयी। शांति भंग होने पर पुलिस ने तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हिरासत में ममता ने बताया कि मैंने बेटे सत्यम की शादी भाभी सीमा की बेटी के साथ तय की है जिसका मेरी बहन राजकुमारी मां संतोषी विरोध कर आए दिन झगड़ा करती करती है।कोतवाली में जब महिलाओं को पता चला कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया है और अदालत भेजा जा रहा है तभी राजकुमारी ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद अकरम से छोड़ देने की फरियाद की और वायदा किया कि अब कभी झगड़ा नहीं करेंगे। महिला पुलिस कर्मियों को आरोपी महिलाओं को ई. रिक्शा से फ्तेहगढ ले जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इंसप्रेक्टर वेदप्रकाश पांडेय ने बताया कि अब झगड़ा करके माहौल खराब करने वाली महिलाओं को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## मालगाड़ी से कटकर फोटोग्राफर की मौत

**फर्रुखाबाद।** बीती रेलवे लाइन पार करते समय मालगाड़ी से कटकर फोटोग्राफर की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर आ गये। उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया।कोतवाली फ्तेहगढ़ के तिर्वाकालोनी निवासी 21 वर्षीय आशुतोष उर्फआशु पुत्र उमेश चन्द्र वाथम मोहल्ला बनखडिया में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहा था। वह जिला जेल चौराहे स्थित एक फोटोग्राफी की दुकान पर फोटो ग्राफी का कार्य करता था। बीती रात लगभग 1रू30 बजे जिला जेल क्रासिंग पार करते समय वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद पड़ोसी राहुल की माँ लक्ष्मी देवी नें परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजन मौके पर आ गये। मृतक के पिता उमेश चन्द्र नें पुलिस को सूचना दी। घटना पर पुलिस नें जाकर पड़ताल की।कोतवाली के दारोगा धनपाल सिंह नें शव का पंचनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक आशु की माँ पूनम वाथम व बहन राही वाथम का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## कोरोना बम फूटा, 16 कोरोना संक्रमित मिले

**कानपुर देहात।** जनपद में शुक्रवार को विभिन्न स्थानों से आयी जॉच रिर्पोट में 16 लोग कोरोना संक्रमित निकले, लगातार दिनों मे कोरोना के बढते मामलों में लापरवाही व उदासीनता से स्थिति बदहाल होती जा रही है। कोरोना संक्रमित लोगों को अस्पताल भेजने के साथ प्रभावित क्षेत्रों में सेनेटाइज की प्रक्रिया की जा रही है।

शुक्रवार को रसूलाबाद के अयोध्यानगर की निवासिनी 30 वर्षीय महिला, मैथा ब्लाक के बिदारा, गहलौ जर्बी, भोवापुरवा में एक महिला व दो पुरूष कोरोना पाजीटिव पाये गये, अक्बरपुर के हिन्दी भवन मैरिज हाल में तीन युवक कोरोना पाजीटिव पाये गये, अकबरपुर में ही कानपुर नगर निवासी एक 42 वर्षीय व्यक्ति भी कोरोना संक्रमित पाया गया, अमरौधा में चार व राजपुर में दो लोग कोरोना संक्रमित पाये गये। सीएमओ राजेश कटियार ने बताया कि सम्बन्धित प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीमों को जॉच के लिये लगाने के साथ सेनेटाइजिंग की प्रक्रिया की जा रही है कोरोना पाजीटिव लोगों को कोविड-19 हास्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

# नगर पालिका प्रशासन बिना सुविधा के वसूल रहा शुल्क

● **भरथना पलिका व विद्युत विभाग के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा, सड़कों पर उतरे पीड़ित लोग**

संवाददाता। इटावा



**भरथना** नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत मोती मन्दिर लंगूर की मठिया के निकट के वाशिन्दे शुक्रवार की सुबह भरथना पालिका प्रशासन व विद्युत विभाग की अनदेखी को लेकर आक्रोशित होकर घरों से निकल सड़क पर उतर आये और हाय तौबा के साथ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मानें तो उनका विरोध सबसे बड़ा भरथना नगर पालिका प्रशासन का हैएपीड़ितों ने बताया कि उनके घरों के सामने हमेशा और प्रतिदिन गन्दे पानी का भराव बना रहता है। पालिका प्रशासन ने अभी तक गली का निर्माण नही कराया है गली कच्ची होने व गली में नालियां नही होने के कारण वे जल भराव की समस्या के चलते डेंगूएमलेरिया आदि संक्रामक बीमारियों की चपेट में बने रहते है। जल निकासी का आज तक पालिका प्रशासन ने कोई इंतजाम नही किया है जबकि बिना सुविधाओं के पालिका प्रशासन उनसे विभिन्न प्रकार के कर आदि बसूलने पर अमादा हैएयहाँ के वाशिंदों ने बताया कि यही हाल विद्युत विभाग का है विद्युत विभाग द्वारा लगातार बिजली बिल जमा कराने आदि चैकिंग के नाम पर यहाँ के वाशिंदों का शोषण किये रहता है। जबकि सभी घरों में विधिवत विद्युत कनेक्शन के साथ मीटर भी लगे हुए है। लेकिन विद्युत विभाग ने आज तक उनकी गली में विद्युत पोल तक स्थापित नही किये है। मजबूर विद्युत उपभोक्ताओं को लम्बी दूरी से केबिल खिंचकर बिजली का उयोग करना पड़ रहा है। यहाँ के आक्रोशित वाशिंदों ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए उन्हें भी पालिका की सुविधाये उपलब्द कराये जाने की मांग की है। मांग करने आक्रोशित लोगों में रामवीर, राजवीर, राजवीर सिंह, अशोक, सहदेव, संजीव, राहुल, दर्शन सिंह, असित, शरद, ओशान सिंह, महिला सुदामा देवी, सीमा आदि शामिल है।

# भदरस टंकी का ट्यूबवेल तीन साल से खराब







संवाददाता। घाटमपुर

**एक** ओर जहाँ केंद्र और प्रदेश की सरकार पाइप लाइन के सहारे गांवों में लोगों के घरों में शुद्ध जल पंहुचाने के लिये दृण संकल्प हैं वहीं खेवनहार सरकार की इस महत्व कंछी योजना को बिफ्ल करने में लगे नजर आ रहे है। बिकास खंण्ड घाटमपुर के गांव भदरस की टंकी का नलकूप बीते तीन साल से खराब पड़ा है और जुम्मेदारों को जनकारी तक नही है। पूर्ब प्रधान जयनरायन सिंह ने बताया कि उनके कार्यकाल में ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत करीब तीन लाख लीटर छमता की टंकी बनी थी तथा एक नलकूप के सहारे भदरस और उसके मजरा राजेपुर को पानी की आपूर्ति होती थी और लोगों ने अपने घरों में बिधिवत कर्नेक्शन भी लिये थे लेकिन बीते तीन सालों से टंकी का नलकूप खराब पड़ा है जिससे लोग मजबूरी में हैंण्ड पम्पों में लाइन लगाने को मजबूर है। गांव के ही बड़कऊ सिंह चंदेल का कहना है कि येसा नही है कि गांव में पानी की किल्लत और टंकी का नलकूप खराब होने की शिकायत ग्राम वासियों द्वारा समय-समय पर जल निगम के अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से न की गयी हो लेकिन पानी की किल्लत ज्योकि त्यों बनी हुई है। इसी तरह का आरोप दलित करन संखवार भी लगाते हुए कहते हैं। शिकायतों पर अधिकारी घ्यान नही देते है उधर गांव में लगे सरकारी हैंण्ड पंम्प आधे से ज्यादा कराब हालत में खड़े हैं जिससे पानी का संकट और दुखदायी साबित हो रहा है।

### जिम्मेदार बोले

**जल** निगम के अधिषाशी अभियंन्ता ने बताया कि टंकी का टियुबवेल खराब हो गया था जिसके चलते नया बोर कराया गया है। बोर की सफ्ई के लिये कानपुर देहात से कंर्म्पेसर मॉगाया गया है शनिवार तक भदरस पंहुच जायेगा।

**देवेन्द्र सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कानपुर नगर**

## नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज पुलिस लाइन सभागार में परेड को सलामी देने के बाद यूपी 112 का वाहनों का निरीक्षण कर संचालित मैस में बने भोजन की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण को निकले नवागंतुक पुलिस अधीक्षक मीणा ने सबसे पहले पुलिस लाइन सभागार में चल रही परेड की सलामी ग्रहण की। जिसके बाद उन्होने पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होने सबसे पहले पुलिस बल की परेडध्ड्रिल व यूपी 112 वाहनों का औचक निरीक्षण किया। जिसके साथ उन्होनें बैरक भी जांची फ्रि उन्होने पुलिस लाइन में बनी कैंटीन में बने भोजन की गुणवत्ता परखी। जहां उन्होने निर्देशित किया कि ढिलाई बर्दास्त नहीं की जायेगी। वहीं कैंटीन में साफसफई एंव भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# डीएम के निर्देश पर हुई धान की खरीद

● **साढ़े बाइस हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीद**

● **साढ़े चार हजार से अधिक किसान हुए लाभान्वित**

संवाददाता। कानपुर देहात

**15 अक्टूबर** से शुरू हुयी धान खरीद 56 क्रय केन्द्रो के माध्यम से की जा रही है। डीएम के निर्देश पर अब तक 22 हजार सात सौ 16 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। इस खरीद से 4 हजार छह सौ 17 किसान लाभान्वित हुये है। धान खरीद केन्द्रों पर अव्यवस्थाओं व 200 रूपये प्रति क्विंटल कमीशनबाजी के आरोपों के बीच डीएम डा0 दिनेशचन्द्र के निर्देश पर धान की खरीद जारी है।15 अक्टूबर से प्रारम्भ हुयी धान खरीद का न्यूनतम सर्मथन मूल्य सरकार ने 1868/- रूपये रक्खा है ए ग्रेड का धान 1888 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। जनपद में सॅचालित विभिन्न संस्थाओं के 56 क्रय केन्द्रों के माध्यम से शुक्रवार तक 22,716,74 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। डीएम ने बताया कि सभी धान खरीद केन्द्रों के प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये गये है कि किसानों को परेशान न किया जाये, अगर किसी भी धान क्रय केन्द्र की शिकायत आती है तो कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगी। शासन के निर्देशानुसार एक किसान से अधिकतम 75 कुन्तल धान खरीदे जाने का प्रावधान है, यदि किसी किसान का धान 75 कुन्तल से अधिक है तो उसे एक सप्ताह के बाद का टोकेन दे खरीद की जायेगी, डीएम ने यह भी बताया कि किसान अपना धान अच्दी तरह से सुखाकर व साफ करके निर्धारित खरीद केन्द्र पर बिक्री हेतु लाये।

## डीएम ने लेखपालों पर लगाया जुर्माना

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में हुई वरासत के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान मैथा तहसील में जिसमें लेखपालों के पास 143 ऑनलाइन प्रकरण समयावधि के उपरान्त लम्बित पाये गये। जिस पर जिलाधिकारी ने जनहित गारण्टी अधिनियत के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रति प्रकरण 100 रूपये का जुर्माना लगाया गया जिसमें कुल 143 प्रकरणों में 14,300 रूपये का जुर्माना लगाया है। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को निर्देशित किया है कि वह लम्बित सभी वरासतों की जांच कर अविलम्ब निस्तारित कराना सुनिश्चित करे तथा अधिरोपित जुर्माना तत्काल जमा करे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने सभी अन्य तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि अपनी तहसीलों में वरासत के प्रकरणों को देख ले तथा जो लेखपाल के द्वारा प्रकरण लंबित हो उस पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया जाये।

# परिवार नियोजन अपनाकर जनसंख्या नियंत्रण में दें योगदान: जिलाधिकारी

● छह पुरुषों ने नसबंदी कराकर पेश की मिसाल


कैम्प में बोलते डीएम।

**चित्रकूट।** परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरूकता लाने को स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर अभियान चला रहा है। पुरुषों की भागीदारी को नवंबर माह में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह पखवाड़ा 21 नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलेगा। पखवाड़े के तहत जिला अस्पताल में आयोजित पुरुष नसबंदी के विशेष शिविर का डीएम शेषमणि पांडे ने फीता काटकर शुभारंभ किया। पुरुषों को इसमें आगे आना चाहिए। विभाग की यह अच्छी पहल है। छह पुरुषों ने नसबंदी कराकर मिसाल पेश की है। सीएमओ वीके यादव ने बताया कि पखवाड़े के दौरान रिवार नियोजन में पुरुषों की साझेदारी जीवन में लाए स्वास्थ्य और खुशहाल स्लोगन पर आधारित गतिविधियां की गईं। पखवाड़े के प्रथम सप्ताह में एएनएम व आशा द्वारा पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता, परिवार नियोजन के उपलब्ध स्थायी और अस्थायी साधनों की जानकारी, सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु (लड़के की 21 और लड़की की 18 वर्ष) विवाह के बाद कम से कम दो साल बाद पहला बच्चा हो, पहले व दूसरे बच्चे में 3 साल का अंतर हो, प्रसवोत्तर व गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाओं की जानकारी दी गई।

जिला अस्पताल सहित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए कहा गया था। पुरुष नसबंदी के बाद लाभार्थी को 3000 रुपये की प्रतिपूर्ति राशि दी जाएगी। महिला नसबंदी के लिए लाभार्थी को 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। नसबंदी कैंप में झांसी से आए विशेष सर्जन डॉ गोकुल प्रसाद ने बताया कि पुरुष नसबंदी बहुत ही आसान है अधिकतम तीन मिनट में यह नसबंदी हो जाती है। इसमें न कोई चीरा लगाया जाता है।

# आचरण को धारण करना ही संस्कृति है: डॉ सुधांशु

● वैश्विक परिदृश्य में भारतीय संस्कृति, साहित्य और समाज पर ग्रामोदय में अंतरराष्ट्रीय वेबीनार संपन्न



**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि के कला संकाय के हिंदी विभाग द्वारा शुक्रवार को वैश्विक परिदृश्य में भारतीय संस्कृति, साहित्य और समाज विषय पर एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि के कुलपति प्रोफेसर नरेश चंद्र गौतम कुलपति ने अध्यक्षता करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के कौशल विकास युक्त पठन पाठन पर बल दिया जाना आवश्यक है। नई शिक्षा नीति में भारतीय संस्कृति, ज्ञान एवं कौशल विकास यह महत्वपूर्ण आयाम निश्चय ही विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण कर, समाज और राष्ट्र के लिए सक्षम नागरिक तैयार करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय वैश्विक संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो डॉ सुधांशु कुमार शुक्ला आई.सी.सी.आर फेलो वर्सा विवि, पोलैण्ड ने वैश्विक परिदृश्य एवं भारतीय संस्कृति पर व्यापक प्रकाश डाला। डॉ शुक्ला ने भारतीय संस्कृति को रेखांकित करते हुए कहा कि मनुष्य बनना, सब को अपना मान कर चलना, मनसा-वाचा-कर्मणा संस्कार संपन्न कराना ही भारतीय संस्कृति की विशेषता है। आचरण की भाषा को मौन बताते हुए प्रो शुक्ला ने कहा कि आचरण को धारण करना ही संस्कृति है। दृष्टांतों एवं काव्य उद्धरणों द्वारा डॉ शुक्ला ने साहित्य एवं समाज की भूमिका का विस्तृत विवेचन किया। विशिष्ट वक्ता बी.एल. गौड़, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार नई दिल्ली ने वैश्विक परिदृश्य में भारतीय साहित्यकारों राहुल सांस्कृतायन, रांगेय राघव आदि की रचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदी साहित्य में विश्व की संस्कृति, समाज एवं जीवन शैली का व्यापक चित्रण है। विशिष्ट वक्ता डॉ नीरज भारद्वाज पत्रकार नई दिल्ली ने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति के मूल्यों और आदर्शों को अपनाकर ही हम वैश्विक परिदृश्य में संघर्षों का सामना कर सकते हैं। डॉ भारद्वाज ने समाज के विकास में साहित्य की भूमिका पर व्यापक प्रकाश डाला। डॉ कुसुम सिंह, विभागाध्यक्ष हिंदी ग्रामोदय विवि ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से जूझ रहे वैश्विक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ने इस महामारी के दौर में भी पूरी मानवता को संरक्षित करने का संदेश दिया है। साहित्य व साहित्यकारों की भूमिका एवं दायित्व गुरुतर है। संयोजन एवं आभार डॉ ललित कुमार सिंह ने कुशलता से किया। डॉ ललित सिंह ने कहा कि आज के वैश्विक परिदृश्य में साहित्यकारों को संवेदनशील होना आवश्यक है।

## क्विक न्यूज

### इंजीनियर की चलती कार बनी आग का गोला

**बांदा।** झांसी जा रहे इंजीनियर की चलती कार में कचहरी ओवरब्रिज के ऊपर अचानक आग लग गई। वाहन में सवार इंजीनियर पिता ने मासूम पुत्र के साथ बाहर कूदकर किसी तरह अपने को बचाया। लपटों से घिरी कार को देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। अफरातफरी के बीच दमकल कर्मियों ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक कार जलकर राख हो गई। झांसी जिले के ढोकन बाग निवासी पंकज यादव बैंकों की टीवीएस मशीनों के इंजीनियर हैं। वह अपने पांच वर्षीय बेटे दर्श यादव के साथ यहां शहर में रिश्तेदारी में आए थे। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वह वापस झांसी लौट रहे थे। शहर कोतवाली क्षेत्र के ओवरब्रिज पर जैसे ही वह पहुंचे उनकी चलती नैनो कार में अचानक पीछे से आग की लपटें उठने लगीं। इससे इंजीनियर ने आनन फानन पहले अपने मासूम बेटे को गेट खोलकर बाहर निकाला। खुद वाहन से बाहर कूद गए। इसी बीच लपटें पूरी कार में फैल गईं। धू.धूकर जल रही कार को देखकर राहगीरों ने दमकल विभाग को सूचना दी। उसके टायर जोरदार आवाज के साथ फटे। दमकल कर्मियों ने करीब 25 मिनट की मशक्कत के बाद आग बुझाई। तब तक कार जलकर कबाड़ में बदल चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शी गैस किट से आग लगना मान रहे हैं दमकल कर्मियों ने जांच कर बताया कि उसमें गैस किट नहीं थी। शार्ट सर्किट से आग लगना लग रहा है। जले हुए वाहन के अंदर रखे कुछ पीतल के बर्तन भी तपिश से काले हो गए थे। सिविल लाइन चौकी इंचार्ज नंदराम प्रजापति ने बताया कि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

### ट्रक चालक ने दंपत्ति को रौंदा

**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को कस्बा कालपी में एक बार फिर से रफ्तार का कहर देखने को मिला जहां एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक से जा रहे पति-पत्नी को रौंद दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि बाइक में टक्कर मारने वाला ट्रक मौके से भाग जाने में सफल रहा। कस्बा कालपी में बाईपास पर इस्लाम बाबू 52 वर्ष पुत्र नबी बख्श अपनी पत्नी फात्मा 48 वर्ष निवासी बिझौना कानपुर देहात से मोटर साइकिल पर अपने साले के यहां इटौरा बाबनी जा रहे थे। अभी वह कालपी बाईपास पर ही जा रहे थे तभी एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी रोड पर गिरे जब तक लोग कुछ समझ पाते दोनों के ऊपर से ट्रक के पहिया निकल गये जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना जैसे ही कालपी कोतवाली पुलिस को पता चली तो तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया जाता है कि दंपत्ति को ट्रक से रौंदते वाले ट्रक को लेकर चालक मौके से भाग जाने में सफल हो गया था। अब पुलिस ट्रक की तलाश में जुट गयी है।

### शीतलहरी मौसम में रैन बसेरों में व्यवस्थायें रखें दुरुस्त

**उरई (जालौन)।** वर्ष 2020-21 में ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था किये जाने हेतु जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर ने समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषदें/नगर पंचायतें/जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन द्वारा शीत ऋतु का आरंभ सन्निकट होने के दृष्टिगत तथा वैश्विक महामारी कोविड-19 से उत्पन्न स्थिति के दृष्टिगत ठण्ड एवं शीतहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के कारण निराश्रित असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने हेतु रैन बसेरों की व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये तथा कृत कार्यवाही से अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। डीएम द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषदें/नगर पंचायत अपने क्षेत्रों में स्थापित रैन बसेरों के संचालन, शीतलहरी एवं ठण्ड से बचाव कार्यक्रमों के संबंध में जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करायेंगे जिससे आम जन को इस संबंध में जानकारी हो सके।

### माता-पिता ने बहू-बेटा से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** माता पिता द्वारा भाई के साथ मिलकर दम्पति के साथ मारपीट कर दी। परिवार के लोगों द्वारा जबरन पत्नी से तलाक कराने की शिकायत युवक ने पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र ओझा रहमत पुत्र मुन्ना ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी रुकसार के साथ रहते हैं। उनके पिता मुन्ना, मां चांदतारा व भाई अजमत उन्हें परेशान करते हैं। इन लोगों ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी तथा जबरन पत्नी के तलाक दिलाना चाहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि उनके परिवार के लोगों ने जबरन उनसे 100 रुपए के स्टाम्प पर तलाक के लिए हस्ताक्षर करवा लिए है। पीड़ित की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### पत्नियों की मारपीट पर दो पतियों पर कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस ने पत्नियों के साथ मारपीट करने के आरोप में अलग अलग स्थानों से दो लोगों को पकड़ लिया है तथा उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। कोतवाली क्षेत्र शाहगंज निवासी तोसील की शिकायत पर पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में पति गुड्डू को पकड़ लिया है वहीं सहावनाका निवासी सुल्ताना ने अपने पति मुहम्मद अनवर पर मारपीट का आरोप लगाया है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पति को पकड़ लिया है। दोनों लोगों को पकड़ लिया है तथा उनके खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

### आधा किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** उप निरीक्षक बलराम शर्मा ने संदिग्ध अवस्था में कृष्णा होटल के सामने घूम रहे संजेश निवासी हरकौती को पकड़ लिया है। जब उसके झोला की तलाशी ली गई तो उसके पास से 550 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**राठ(हमीरपुर)।** बीते 18 दिन पहले गोहांड ब्लाक गेट के पास मार्ग दुर्घटना में घायल हुये वृद्ध की आज मेडिकल कॉलिज झांसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मझगवां थाना क्षेत्र के बरूआ गांव निवासी सुरेंद्र पाल यादव ने बताया कि बीते 18 नवंबर की सुबह करीब 10 बजे उसके पिता शिवचरन यादव 70 गोहांड पावर हाउस में बिजली का बिल जमा करने के लिये जा रहे थे। तभी गोहांड ब्लाक गेट के पास मारूति वैन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। बताया कि इलाज के लिये पिता को झांसी ले गये थे। इलाज के बाद 27 नवंबर को घर आ गये थे। बताया 30 नवंबर को पिता की फिर से हालत बिगड़ गई थी। जिन्हे इलाज के लिये झांसी ले गये थे। शुक्रवार की सुबह करीब 8.30 बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसके पिता के पास करीब 11 बीघा जमीन थी।

### रेलवे कर्मी ने फांसी लगाकर जान दी

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव तिंदुही निवासी राम लखन कुशवाहा (46) रेलवे में पॉइंटमैन के पद पर तैनात था। उसने अज्ञात कारणों से अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके में पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक अपने पीछे चार पुत्रियां एक पुत्र व पत्नी को रोता विलखता छोड़ गया है।

# डीएम ने एआरटीओ सहित नौ कर्मचारियों का वेतन रोका

**बांदा।** डीएम ने गुरुवार को दोपहर पल्हरी स्थित संभागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एआरटीओ सहित 9 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। उनका वेतन रोकते तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा। दफ्तर में गंदगी व पान की पीक जगह.जगह मिलने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। आरटीओ को सचेत करते हुए इसमें सुधार करने को कहा। डीएम आनंद कुमार सिंह गुरुवार को दोपहर अचानक संभागीय परिवहन कार्यालय जा पहुंचे। उनके पहुंचने पर वहां अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। डीएम को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ;प्रशासनद्ध राजेश वर्मा सहित नौ कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इनका मौके पर कोई अवकाश का आवेदन आदि भी नहीं मिला। डीएम ने एआरटीओ सहित सभी गैरहाजिर कर्मचारियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया। तीन दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है। निरीक्षण में आरटीओ दफ्तर में जगह.जगह गंदगी मिली। सीढ़ियों से लेकर नीचे तक पान के पीक मिले। डीएम ने गहरी नाराजगी जाहिर की। संभागीय परिवहन अधिकारी को सचेत करते हुए कहा कि दफ्तर की प्रतिदिन नियमित सफाई कराएं। अभिलेख सही व दुरुस्त न मिलने पर आपत्ति जाहिर की। आरटीओ अधिकारियों व कर्मचारियों की ससमय उपस्थिति को लेकर गंभीरता दिखाएं। आगे ऐसी स्थिति मिली तो सीधे कार्रवाई की जाएगी। उनके साथ अन्य कई अधिकारी मौजूद रहे। 141 अधिकारी व कर्मचारी रू डीएम आनंद सिंह के निर्देश पर सीडीओ हरिश्चंद्र वर्मा एडीएम संतोष बहादुर सिंह नगर मजिस्ट्रेट सुरेंद्र सिंह सहित उप जिलाधिकारियों ने जिला मुख्यालय व तहसील स्तरीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। 141 अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अधिकारियों की निरीक्षण आख्या मिलने के बाद डीएम ने इन सभी अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया।

## ग्रेडर मशीन से कुचलकर हेल्पर की मौत

**बांदा।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस. वे में ग्रेडर मशीन से कुचलकर हेल्पर की मौत हो गई। स्वजन ने चालक पर लापरवाही से मशीन चलाने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपित चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस फरार आरोपित चालक की तलाश कर रही है। ग्राम चकला चंदौर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे का निर्माण चल रहा है। मशीन की चपेट में आकर कुशीनगर जिले के परसौनी तराया सुजान निवासी 26 वर्षीय हेल्पर विशाल गिरी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद अन्य मजदूर उसे बिसंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आरोपित चालक रंजीत सिंह मशीन छोड़कर फरार हो गया। हेल्पर के छोटे भाई ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह सास कांट्रक्शन फर्म की मशीन में काम करता था। चालक ने तेजी व लापरवाही से ग्रेडर मशीन को बैक दिशा में किया और भाई विशाल को कुचल दिया है। चालक की लापरवाही से मशीन चलाने में घटना हुई है।

# जमालपुर से जिला अस्पताल तक गूंजती रही चीत्कार

**बांदा।** रफ्तार का कहर पपरेंदा गांव के छह घरों पर भारी पड़ा। घटनास्थल से लेकर जिला अस्पताल तक स्वजन की चीत्कार गूंजती रही। जिसने भी सुना वह गांव छोड़ अस्पताल से लिए दौड़ पड़ा। कमिश्नर गौरव दयाल आइजी के. सत्यनारायण डीएम आनंद सिंह चिकित्सकों से घायलों के इलाज की जानकारी लेते रहे और खुद जाकर देखा। पिता की मौत के बाद घायल शानवी की देखरेख के लिए कमिश्नर ने एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। हालांकि इस बीच उसके स्वजन की तलाश होती रही बाद में हालत गंभीर देख उसे भी कानपुर रेफर कर दिया गया। देर रात तक घटनास्थल से लेकर जिला अस्पताल तक स्वजन की चीत्कार गूंजती रही।

## लोडर से लाए गए तीन शव देर से पहुंची एंबुलेंस

**बांदा।** हादसा होते ही आसपास के ग्रामीण और दुकानदार पहुंच गए। आनन फानन ऑटो में फंसे नौ लोगों को निकालने का प्रयास किया। जो भी साधन मिला उससे लोगों को जिला अस्पताल रवाना किया गया। डीसीएम लोडर से तीन लोगों को अस्पताल लाया गया जिनको मृत घोषित कर दिया गया। बाद में पहुंची एंबुलेंस से अन्य लोगों को लाया गया जिसमें तीन और मृत घोषित कर दिए गए। आशा बहू और मासूम को कानपुर रेफर किया गया। देर रात तक कमिश्नर गौरव दयाल डीएम आनंद सिंह अस्पताल में ही मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

## विधायक के पहुंचने पर हुई शिनाख्त परेशान था प्रशासन

भीषण हादसे के बाद पहुंचे आलाधिकारियों के सामने सबसे बड़ी समस्या मृतकों की शिनाख्त की रही। करीब एक घंटे तक शिनाख्त उलझन बनी रही। इसी बीच पूर्व विधायक विशंभर सिंह यादव पहुंचे और बताया कि सभी दिवंगत उनके गांव पपरेंदा के थे जो मेहनत मजदूरी करके लौट रहे थे।

सीएमओ एमडी शर्मा डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश देते रहे। डॉ अभिषेक के अलावा डॉ विनीत को भी इलाज में लगाया गया। डॉ अभिषेक ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही छह की मौत हो चुकी थी।

हादसे में राजमिस्त्री का काम करने वाले चचेरे भाई रामादीन व रामगोपाल की भी मौत हो गई। एक ही लोडर से उनके शव अस्पताल लाए गए। जबकि पपरेंदा के सराय निवासी लूशन प्रजापति भी राजमिस्त्री था। सभी काम खत्म करने के बाद बांदा से ऑटो से घर लौट रहे थे। दिवंगतों में शामिल लाल बहादुर मवई के पास एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। सुबह वह अपनी तीन साल की बेटी शानवी को लेकर आया था। यहां सर्वोदय नगर के उसके बड़े भाई पूर्व फौजी रामबहादुर का घर है जहां पर उसने अपनी बेटी शानवी को छोड़ दिया था। शाम को उसे लेकर घर जा रहा था।

# पंचायत चुनाव के लिए छह जनवरी तक पूरा होगा परिसीमन

**बांदा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ग्राम पंचायतों व क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत वार्डों के परिसीमन का कार्य चार दिसंबर से शुरू होगा। 21 को तैयार सूची का प्रकाशन होगा। 22 से 26 दिसंबर तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। जिला स्तरीय समिति निस्तारण करेगी। छह जनवरी तक अंतिम सूची जारी हो जाएगी। शासन के निर्देश पर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जिला प्रशासन को जारी निर्देश में कहा है कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का निर्धारण 4 से 11 दिसंबर के बीच किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि पहली जनवरी 2016 से लेकर अब तक 49 जिलों में नगर पंचायत नगर पालिका परिषद नगर निगम के सृजन या सीमा विस्तार किया जा चुका है। कुछ जिलों में कतिपय विकास खंड या विकास खंड की ग्राम पंचायतें शहरी क्षेत्र में शामिल किए जाने से प्रभावित हुई हैं। इन पंचायतों के वार्डो का फिर से निर्धारण किया जाना है। 12 से 21 दिसंबर के बीच ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के वार्डों की प्रस्तावित सूची तैयारी होगी और उसका प्रकाशन किया जाएगा। 22 से 26 दिसंबर के बीच इन वार्डों के निर्धारण पर आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 27 दिसंबर से दो जनवरी के बीच आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। तीन से छह जनवरी के बीच वार्डो की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

# अन्ना जानवरों को लेकर बीडीओ ने दिखायी सक्रियता

● एक सैकड़ा पशु पालकों के विरुद्ध तहरीर ●बड़ागाँव इकौना जमरेही सहित आधा दर्जन गौशालाओं का निरीक्षण किया


गौशाला का निरीक्षण करते बीडीओ अतिरंजन सिंह।

**कदौरा ( जालौन )।** किसानों को अन्ना मवेशियों से निजात दिलाने के लिए प्रशासन भी सख्त कार्यवाही का मन बना चुका है। शुक्रवार को अतिरंजन सिंह की अगुवाई में सचिवों की टीम ने क्षेत्र के बड़ागांव, जमरेही, इकौना करमचंद्रपुर व बारा स्थित गौशालाओं में पहुच कर निरीक्षण किया उन्होंने गौशालाओं में मवेशियों की संख्या भूसा स्टॉक ठंड से बचाव के लिए लगाए गए टीनशेड व तिरपाल परदों को देखा साथ ही खुली बैठक कर प्रधान व सचिवो से अपने मवेशियों को अन्ना छोड़ने वाले पशुपालकों की सूची बनाई और उन पर कार्यवाही के लिए निर्देश दिए।

गौरतलब है कि अन्ना मवेशियों से किसानों की रातों की नीद हराम हो गई अधिकांस पशुपालक अपने मवेसी को अन्ना छोड़ देते है जिससे मवेसी के झुंड खेतो में खड़ी फसल को कुछ मिनट में रौंद देते है इससे किसानों की एक साल की मेहनत में पानी फिर जाता है बीडीओ के निर्देश पर सचिवों ने बड़ागांव के 24 पशुपालक करचंद्रपुर 22 इकौना के 33 जमरेही के 27 बारा के 11 पशुपालकों के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र दे कर कार्यवाही की मांग की है।

बीडीओ अतिरंजन सिंह ने बताया कि आधा सैकड़ा गांवों में संचालित गौशालाओ में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है। पांच गांव के 117 पशुपालकों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है साथ ही डुगडुगी पिटवा कर अन्य पशुपालकों को अपने मवेसी बांधने के लिए कहा गया है इस मौके पर धीरेन्द्र सिंह, प्रभात कुमार सहित ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# शराब पीने को लेकर हुए विवाद में पति फांसी पर झूला

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुवे में शराब को लेकर घर में विवाद के बाद अधेड़ ने फांसी लगा ली। फांसी लगने से अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक कार्यवाही पूरी की है। अकोढ़ी दुबे निवासी राजेन्द्र वर्मा 45 वर्ष पुत्र बदलू अपनी पत्नी पुष्पा के साथ घर में अकेले रहते हैं। बड़ा लड़का कैलाश वर्मा अपनी पत्नी के बगल में ही रहती हैं। गुरुवार की रात को राजेन्द्र ने घर में शराब पी। शराब पीने को लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया। पति पत्नी में विवाद के बाद पत्नी घर में सो गयी। मध्य रात्रि के बाद पत्नी के सो जाने के बाद अधेड़ ने थ्रेसर के बेल्ट के घागे का फंद्घा बना लिया। घागे की रस्सी से उसने फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। बगल के कमरे में सो रही पत्नी की जब नींद टूटी तथा पति को कमरें नहीं पाया तो बगल के कमरे में गयी। पति को फंद्दे में लटका देखकर फफ्फ्क कर रोने लगी। मां के रोने की आवाज सुनकर बड़ा बेटा कैलाश आ गया है तथा घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने पर उप निरीक्षक बलराम शर्मा मौके पर पहुंचे तथा शव को उतार कर विधिक कार्यवाही पूरी की। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रोगी कल्याण समिति में 13 लाख का बजट आवंटित

**हमीरपुर।** जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इस हेतु संसाधनों की किसी भी प्रकार की कमीसमस्या ना हो इसके लिए जिलाधिकारी ने जिला पुरुष चिकित्सालय के लिए यूजर चार्जेस के अंतर्गत रुपए 13 लाख के कार्यों को, जिसमें से चिकित्सालय में एक्सरे प्लेट, अल्ट्रासाउंड पेपर ,ईसीजी रोल क्रय करने, दंत विभाग हेतु कंज्यूमेंबुल सामग्री क्रय करने , ऑक्सीजन सिलेंडर रिफिलिंग ,फायर सिलेंडर, ओपीडी पर्चा एवं वीएचटी की छपाई एवं चिकित्सालय में प्रयोग होने वाली डिस्पोजेबल सामग्री का क्रय आदि सम्मिलित है, को जिलाधिकारी ने अनुमोदित किया। अनटाइड फंडध् एनएचएम की धनराशि से रुपए 05 लाख के प्रस्तावित कार्यों को भी अनुमोदित प्रदान किया। चिकित्सालय के बिजली उपकरणों की मरम्मत एवं क्रय, वाटर सप्लाई, इंटरलॉकिंग, रंगाई पुताई एवं मरम्मतीकरण के कार्य शामिल हैं।

# पुलिस ने 26 नशेडियों को पकड़ा

**सरीला ( हमीरपुर )।** जलालपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान 26 लोगों को नशे की हालत में घूमने तथा गंदगी फैलाने के आरोप में गिरफ्तार कर निजी मुचलके पर छोड़ा है। पुलिल ने बताया कि क्षेत्र के जलालपुर और ममना गांव में शराब ठेका के पास नशे की हालत में घूमने तथा गंदगी फैलाने के आरोप में रविंद्र निवासी कदौरा, उमाशंकर गोहांड, जितेंद्र, धर्मेंद्र कैमोखर, मोहित पचखुरा, लाल दीवान पुरैनी सहित 26 लोगों को पकड़ा गया था। उनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 290 के तहत कार्रवाई कर उन्हें निजी मुचलके पर चेतावनी देकर छोड़ा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

## दस ने जीती जंग, पांच को निकला कोरोना

**हमीरपुर।** शुक्रवार को जिले में पांच और लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। जिसमें कलौली गांव की 42 वर्षीय महिला, मौदहा बाजार निवासी 29 वर्षीय युवक, हेलापुर निवासी 32 वर्षीय युवक, जमरेही भौली कुरारा निवासी 40 वर्षीय महिला तथा नई बस्ती चरखारी रोड राठ निवासी 27 वर्षीय युवती में कोरोना की पुष्टि हुई है। जबकि दस मरीजों को कोरोना से ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है। इनमें 75 वर्षीय बुजुर्ग मरीज को मेडिकल कॉलेज कानपुर और नौ मरीजों को सीएचसी कुरारा से डिस्चार्ज किया गया है।

## अवैध खनन का वीडियो वायरल

**सरीला ( हमीरपुर )।** जलालपुर थाना क्षेत्र की मौरंग खदान में अवैध खनन का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में खदान संचालक द्वारा बगल के खंड में भारी–भरकम गड्ढे खोदकर पोर्टलैंड मशीनों से खनन होना दिखाया जा रहा है। वीडियो में ग्रामीण रफीक खान द्वारा भी अवैध खनन का आरोप लगाया जा रहा है। कि रोज करोड़ों की मौरंग का अवैध खनन हो रहा है। हालांकि अधिकृत तौर पर इस वायरल खबर की कोई पुष्टि नहीं हो सकी है।

## लड़के वालों ने लौटाया तिलक लड़की पक्ष पहुंचा कोतवाली

**हमीरपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर लड़के पक्ष के लोगों ने तिलक वापस कर दिया। जिस गेस्ट हाउस से कार्यक्रम था। लड़की पक्ष के लोग जब वहां पहुंचे तो उन्हें यह कहकर मना कर दिया गया कि लड़के पक्ष के लोगों ने कार्यक्रम निरस्त कर दिया। जब लड़की पक्ष लड़के के घर पहुंचे तो घरवालों ने तिलक लेने से मना कर दिया। जिसके बाद लड़की के पिता समेत गांव के अन्य लोगों ने कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी। सदर कोतवाली पहुंचे महोबा जिले के एक गांव निवासी पीड़ित लड़की के पिता ने स्थानीय पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री की शादी मुख्यालय के एक परिवार के साथ तय हुई थी। जिसका चार दिसंबर को तिलक कार्यक्रम मुख्यालय के ही एक गेस्ट हाउस से होना था। जब वह लोग तिलक लेकर गेस्ट हाउस पहुंचे तो वह बंद मिला और जानकारी करने पर कार्यक्रम निरस्त होने की जानकारी हुई। जिसके बाद वह लोग लड़के वालों के घर पहुंचे। घरवालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर तिलक कार्यक्रम लेने से मना कर दिया। लड़की के पिता ने बताया कि लड़के वालों ने पहले बुलेट गाड़ी की मांग की थी। लेकिन अब वह लोग पांच लाख रुपए मांग रहे हैं। जो उसकी क्षमता से अधिक है। उसने यह भी बताया कि उसकी पुत्री की शादी आगामी 6 दिसंबर को होनी थी। कोतवाल विक्रमाजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# अपात्रों को आवंटित आवासों की जांच के लिए मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना जिम्मेदारों द्वारा अपात्रों को आवास आवंटित किए जाने की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री से नगर निवासी एक युवा ने की है। शुक्रवार को नगर निवासी अभिमन्यु त्रिपाठी ने नगर में वितरित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास अवैध पारितोषिक के जरिए पात्रों को वितरित करने के संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया था। कि उक्त आवासों की जांच कराते हुए अपात्रों से आवास वापस लेने व पात्रों को वितरित करने तथा दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी के द्वारा परियोजना अधिकारी डूडा को आदेशित किया गया कि स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रेषित की जाए।

परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा स्थलीय निरीक्षण ना करते हुए प्रथम किस्त अवमुक्त कैसे कर दी गई। प्रक्रिया की जानकारी देकर जनसुनवाई पोर्टल पर आख्या प्रेषित कर दी और शिकायत को निस्तारित कर दिया गया। जिस पर प्रार्थी की आपत्ति पर जिलाधिकारी द्वारा परियोजना अधिकारी डोडा को पुन: आदेशित किया गया कि उक्त संबंध में स्थलीय निरीक्षण करते हुए और सावधानीपूर्वक प्रार्थी द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए जांच आख्या प्रेषित की जाए परंतु परियोजना अधिकारी के द्वारा पुन्हउक्त आख्या प्रेषित कर दी गई जिस पर प्रार्थी ने पुन: जिलाधिकारी को एक और प्रार्थना पत्र प्रेषित किया।

जिसमें परियोजना अधिकारी के द्वारा की गई घोर लापरवाही और सावधानी पूर्वक अपने कर्तव्य निर्वहन ना करने के। कारण परियोजना अधिकारी पर आवश्यक कार्यवाही हेतु आग्रह किया था। लेकिन जिलाधिकारी द्वारा कोई भी कार्यवाही परियोजना अधिकारी पर नहीं की गई और न ही प्रार्थी को अवगत कराया गया जिस पर प्रार्थी ने पुन: एक पत्र जिलाधिकारी को प्रेषित किया। लेकिन उस पत्र का भी कोई जवाब नहीं मिला और न ही किसी भी कर तरह की कोई कार्यवाही की गई। आवास जांच के अंतर्गत गठित जांच टीम के द्वारा भी जांच के संबंध में सिर्फ खानापूर्ति कर दी गई। प्रार्थी की शिकायत की सुनवाई न होने पर प्रार्थी ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है। जिसमें नगर में वितरित किए गए आवासों की जांच करा कर अपात्रों से आवास वापस लेने व पात्रों में आवास बांटने तथा संबंधित अधिकारियों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु आग्रह किया गया।

## पालिका ने मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को दी चेतावनी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर में अपनी जड़ें जमा चुके अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध पालिका प्रशासन सख्त रुख अपनाते हुए मुनादी करा कर दुकान के आगे अतिक्रमण करने पर जुर्माना वसूलने कि सख्त चेतावनी दी है। शुक्रवार को पालिका कर्मियों ने अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह के आदेश पर अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने की मुनादी कराई गई। जिस से अतिक्रमण जमाए अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। मुनादी के दौरान पालिका ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि दुकान के बाहर लगे अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटा ले अन्यथा पालिका प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा जिसका जुर्माना दुकानदार को ही देना होगा। वही अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह का कहना है कि नगर में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण नगर में अतिक्रमण को हटाना अत्यधिक जरूरी है। जल्द ही पालिका प्रशासन के द्वारा अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, प्रधान लिपिक अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्ण परियोजनाएं विभागों को हैंडओवर करें कार्यदायी संस्थाएं: रंगाराव

संवाददाता। गोंडा



**आयुक्त** देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव ने आयुक्त सभागार में मण्डल के 50 करोड़ से अधिक लागत एवं 50 लाख से अधिक लागत के सड़क निर्माण कार्य व अन्य निर्माण कार्य विशेषकर 70 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली परियोजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने ऐसी कार्यदायी संस्थाएं जिनको शत-प्रतिशत धनराशि प्राप्त हो चुकी है और उनके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाएं तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करके ऐसी परियोजनाओं का कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यदायी संस्थाएं जिनका नोडल अधिकारी नहीं है, मण्डल मुख्यालय स्थित उस विभाग के कार्यालय से सम्बन्धित अधिकारी ही नोडल अधिकारी का कार्य देखेगा तथा उनकी समीक्षा बैठकों में प्रतिभाग करेगा।

बैठक में में आयुक्त ने कहा कि अब तक पूर्ण हो चुके कार्यों व दिसमबर माह में पूर्ण होने वाली निर्माण परियोजनाओं की सूची अपने-अपने विभाग के प्रमुख सचिव को भेज दें ताकि परियोजनाओं के लोकार्पण कार्य का कार्यक्रम निर्धारित हो सके। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को 90 प्रतिशत से ऊपर पूर्ण हो चुके कार्यों को इसी माह प्रत्येक दशा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि 50 लाख से अधिक लागत के अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति के अनुसार मण्डल में कुल 58 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं जिसमें गोण्डा में 10, बलरामपुर में 06, बहराइच में 30 तथा श्रावस्ती में 12 परियोजनाएं हैं। रूपए 50 लाख से अधिक लागत के अन्य निर्माण कार्यों के अन्तर्गत मण्डल में 04 परियोजनाएं अनराम्भ हैं जिसमें गोण्डा में 02 तथा जनपद बहराइच व बलरामपुर में एक-एक परियोजनाएं सम्मिलित हैं। आयुक्त ने अनाराम्भ परियोजनाओं का कार्य तत्काल प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त ने मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डल से सम्बन्धित विकास परियोजनाओं के लिए दिए गए निर्देशों के क्रम में सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि मण्डल के प्रत्येक जनपद में जिन परियोजनाओं हेतु धनराशि की आवश्यकता है, उसका परियोजनावार विवरण तैयार करते हुए धनराशि के लिए उनकी ओर से शासन को पत्र प्रेषित कराएं ताकि शासन से शीघ्र बजट प्राप्त हो सके और परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो सकें। आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सांसद निधि की परियोजनाओं की समीक्षा परियोजनावार उनके द्वारा स्वयं की जाएगी ताकि विकास कार्य तेजी से पूर्ण हो सकें। बैठक में बताया गया कि 50 लाख से अधिक लागत की सड़कों को छोड़कर अन्य निर्माण कार्यों से सम्बन्धित मण्डल में 416 परियोजनाओं में से 153 परियोजनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक प्रगति है, 58 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा 09 परियोजनाएं सम्बन्धित विभागों को हैण्ड ओवर की जा चुकी है। आयुक्त ने शेष 49 परियोजनाओं को इसी माह सम्बन्धित विभागों को हैण्ड ओवर करने के निर्देश दिए हैं। जनपद श्रावस्ती में विकास भवन से सम्बन्धित निर्माण कार्य जो विगत कई वर्षों से शेष है और वर्तमान में दूसरी कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम कार्य कर रही है तथा पूर्व की संस्था पर 25 लाख की वसूली का पत्र भेजा गया है, से सम्बन्धित पूरा रिकार्ड 05 दिसम्बर 2020 को जनपद श्रावस्ती में जांच के लिए उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त वीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या आरके मिश्रा सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रतिकूल प्रविष्टि के आदेश

**गोंडा।** आयुक्त देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव ने जनपद बहराइच के तहसील कैसरगंज के ग्राम बिराहिमपुर वेल्हैरा परगना हिसामपुर के श्री रशीद आदि के शिकायती पत्र में यह बात संज्ञान में आने पर कि भूमि की नियमानुसार पैमाईश और उसकी पुष्टि उप जिलाधिकारी कैसरगंज के द्वारा गत 27 जून 2019 को करने के बाद भी कानूनगो व लेखपाल द्वारा पत्थर लगवाने में हीला- हवाली करने की स्थिति पर सख्त नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने जिलाधिकारी बहराइच को निर्देशित किया है कि वे शिकायती पत्र में उल्लिखित तथ्यों की तुरन्त जाँच करा लें और यदि शिकायत सत्य पायी जाय , तो संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए कृत कार्यवाही की आख्या 03 दिन में उन्हें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही आयुक्त ने जिलाधिकारी से कहा है कि वे जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित कर दें कि वे अपने तहसीलों में राजस्व निरीक्षकों तथा लेखपालों की बैठकों में स्पष्ट कर दें कि सीमांकन एवं उसकी पुष्टि के पश्चात कोई प्रकरण पत्थर नसब कराने हेतु अनावश्यक रूप से लम्बित न रहे, अन्यथा संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# किसान की लाठी-डंडों से पिटाई उपचार के दौरान मौत

**ऊंचाहार।** बाग मे कटीले तार बांधने को लेकर हुए विवाद मे मामला इतना तूल पकड़ लिया कि 45 वर्षी किसान की पीट पीटकर उसको मरणासन्न कर दिया गया। जिसकी हालत गंभीर होने पर उसको सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। जिसके मौत के बाद परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।

ऊंचाहार कोतवाली के गांव फरीदपुर निवासी रामअभिलाष 45वर्ष पुत्र मैकूलाल अपने बाग मे कटीले तार बांधकर घेराबंदी कर रहा था।जिसमे उसी बात को लेकर वहां के पड़ोसी के द्वारा उसका विरोध किया गया। जिसके बाद मामला इतना तूल पकड़ लिया कि सुरेन्द्र कुमार व रानी लाठी डंडों से किसान पर हमला बोल दिया। जिसको गंभीर चोटे आने पर परिजनो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार लाया गया जहां पर उपचार के बाद हालत मे सुधार न होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां पर गुरूवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि मे जिला अस्पताल मे ही उपचार के दौरान मौत हो गई है। जिसके मौत के बाद परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था। जिसमे घटनास्थल का तत्काल प्रभाव से संज्ञान मे लेते हुए सीओ अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घटना के एक एक बिन्दु पर जांच पड़ताल किया। जिसमे सीओ ने बताया कि कोतवाली मे गुरूवार की सांयकाल ही ममता की तहरीर पर सुरेन्द्र व रानी निवासीगण फरीदपुर के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 308 के तहत दर्ज किया गया था। जिसमे किसान की मौत होने के बाद धारा 304 की बढ़ोत्तरी होगी। जिसमे अरोपितो को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली

**श्रावस्ती।** भिनगा, पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा परेड की सलामी ली तथा परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी.112 गाड़ियों का निरीक्षण किया गया तथा मिली कमियों को दूर कराने हेतु प्रभारी यूपी.112 को निर्देशित किया गया। ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारी बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरान्त क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक करए डीसीआर, बैरिक, शौचालय का निरीक्षण किये तथा साफसफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक किया गया तथा गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमाण्डरो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# एडीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण, 11 अधिकारी-कर्मचारी मिले अनुपस्थित

- तीन अधिकारियों सहित आठ कर्मचारियों का तीन दिवस में मांगा स्पष्टीकरण



**रायबरेली।** शासन के निर्देशानुसार व जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष ने प्रात: 10:15 बजे कलेक्ट्रेट स्थित बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला बचत कार्यालय सहित 4 कार्यालयों को औचक निरीक्षण किया। जिसमें सहायक महानिरीक्षक निबंधन तथा उप निबंधक सदर कार्यालय के सभी अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान कुल 11 में से 3 अधिकारी व 8 कर्मचारी की कार्यालयों में अनुपस्थिति पाये जाने पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने गम्भीरता से लेते हुए बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला बचत अधिकारी को निर्देश दिये है कि अपना स्वयं का तथा अनुपस्थित पाये गये अधीनस्थ कर्मचारियों का 03 कार्य दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, प्रधान सहायक विनोद कुमार, सीसी किरन मौर्य, आरके सारिका वर्मा, सौरभ दीक्षित, चपरासी राकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक अंजली पाण्डेय सहित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता देवी व कनिष्ठ लिपिक मनोज कुमार अनुपस्थित पाये गये। इसी प्रकार जिला बचत कार्यालय में जिला बचत अधिकारी कमला कान्त, सफाईकार/चौकीदार राम नरेश अनुपस्थित पाये गये।

## विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**श्रावस्ती।** शासकीय कार्यालयों में समय से उपस्थित न होने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को बक्शा नहीं जाएगा शासकीय कार्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान किसी भी विभाग के अधिकारी कर्मचारी नदारद मिले तो निश्चित ही उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उक्त बाते विकास भवन में संचालित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने के दौरान जिलाधिकारी टीके शिबु ने व्यक्त किया। उन्होंने कहां कि अब अधिकारियों कर्मचारियों को दिनचर्या में परिवर्तन लाना ही होगा और समय से उन्हें दफ्तर भी पहुंचना होगा अन्यथा औचक निरीक्षण के दौरान गैर हाजिर मिलने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने विकास भवन में संचालित विभिन्न कार्यालयों का शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे औचक निरीक्षण किया जिसमें कई अधिकारी कर्मचारी नदारद मिले। जिसपर उनका वेतन नो वर्क.नो पेय के आधार पर वेतन रोकने का आदेश दिया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत

**शिवगढ़ ( रायबरेली )।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत रानी खेड़ा में बांदा-बहराइच हाईवे पर बने मानक विहीन स्पीड ब्रेकर पर निमंत्रण से लौट रहे दम्पति की बाइक अनियंत्रित हो जाने से बाइक सहित पति - पत्नी हाईवे पर गिर पड़े तभी हाइवे गुजर रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने महिला को रौंद दिया। जिससे महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के क्षति विक्षित शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब हो कि शुक्रवार की प्रातरू करीब 8 बजे थाना क्षेत्र के बलभद्र खेड़ा मजरे देहली का रहने वाला मोहन प्रजापति अपनी 40 वर्षीय पत्नी फूलमती के साथ बछरावां थाना क्षेत्र के खैरहनी गांव से बाइक से वापस अपने घर के लिए लौट रहा था। बताते हैं कि घने कोहरे के चलते रानी खेड़ा में हाइवे पर बने मानक विहीन ब्रेकर को मोहन देख नहीं पाया जिससे ब्रेकर पर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों पति-पत्नी बाइक सहित हाईवे पर गिर गए। उसी दरमियान हैदरगढ़ की ओर से बछरावां की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित ट्रक ने फूलमती रौद दिया, जिससे फूलमती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में फूलमती का शव पूरी तरह से क्षति विक्षित हो गया। जिसे पुलिस ने किसी तरह बटोर कर पीएम के लिए भेजा दिया। जानकारी के मुताबिक मोहन प्रजापति बुधवार को अपनी पत्नी फूलमती के साथ बछरावां थाना क्षेत्र के खैरहनी गांव शादी समारोह में सामिल होने के लिए रिश्तेदारी गया था। शुक्रवार को उसके परिवार में एक कार्यक्रम आयोजित होना था जिसमें सामिल होने के लिए वह सुबह ही रिश्तेदारी से निकल पड़ा। उसे क्या मालूम था कि रास्ते में मौत उसकी पत्नी का इंतजार कर रही है। महिला के पति मोहन और उसके बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पति मोहन ने बताया कि उसके तीन पुत्रियां, एक पुत्र है। बड़ी पुत्री शालिनी 20 वर्ष, शिवानी 18 वर्ष, शुभि 15 वर्ष की, बेटा राजू 12 वर्ष का है। अभी बिटिया के हाथ पीले भी नही हुए थे कि उसके पहले ही मां की मौत हो गया।

# विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की गहन समीक्षा बैठक

**श्रावस्ती।** जनपद के विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जो भी विकास परख निर्माणकार्य कराये जा रहे हैं वह पूरी गुणवत्ता के साथ एवम समय से पूरा किया जाय। यदि औचक निरीक्षण के दौरान किसी भी निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता में कमी मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के साथ.साथ विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदार मानते हुए उनके ऊपर कड़ी कार्यवायी होगी।

उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की गहन समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी टीके शिबु ने कही । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा के दौरान डाटा सुधारने की प्रोसेस में कई किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि उनके खाते में नहीं भेजी जा सकी है इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने किसानों के लंबित डाटा सुधार कर उनके खाते में पैसा भिजवाने का निर्देश दिया है प्रधानमंत्री फसल बीमा की समीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी आर0 पी0 राना ने अवगत कराया कि वर्ष 2019-2020 में क्रॉप कटिंग के आधार पर कुल 5526 किसानों को 171.48 लाख तथा व्यक्तिगत क्लेम में 1057 किसानों को 36.96लाख कुल 6583 किसानों को रुपया 208.40 लाख की क्षति पूर्ति बीमा कम्पनी न्यू इंडिया इन्श्योरेंस कम्पनी द्वारा दी गयी है। इस वर्ष 2020-21 में 13 किसानों ने व्यक्तिगत क्लेम हेतु आवेदन किया है उन्हें भी सत्यापन के बाद क्रॉप कटिंग के आधार पर संबंधित कंपनी द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उनके चारे की व्यवस्था के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के देखभाल के लिए समय-समय पर मेडिकल टीम गौशालाओं में जाकर उनका परीक्षण करें ताकि सभी गोवंश ओं को स्वस्थ रखा जा सके। किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अभी भी चिलवरिया चीनी मिल बहराइच व इटई मैदा चीनी मिल बलरामपुर द्वारा किसानों को उनके गन्ना के मूल्य का भुगतान नहीं किया गया है इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने गन्ना विभाग के निरीक्षक पूरा ब्यौरा तलब किया है। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने यह निर्देश दिया कि प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों के उत्थान हेतु तमाम योजनाएं चलायी जा रही है इस लिए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी आपस में समन्जस बनाकर श्रमिकों का शतप्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराये ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभावित्न किया जा सके। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डी0सी0 एनआरएलएम को निर्देश दिया कि पहले से जो समूह गठन किये गये हैं उन संगठनो से वसूली कर के नये समूह को रोजगार दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एपी भार्गव जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी डीसी मनरेगा परियोजना निदेशक बीजी शुक्ला जिला पंचायतराज अधिकारी जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सहायक अर्थ एवं संख्या अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### विद्यालय प्रबंध समिति का गठन



**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज विकाश खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ज्योना में शासनादेश के अनुक्रम में एवं विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए ग्राम विकाश अधिकारी मनोज कुमार के पर्यवेक्षण में खुली बैठक का आयोजन किया गया बताते चलें महाराजगंज विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ज्योना में नवीन विद्यालय प्रबंध समिति का गठन किया गया ।सर्वसम्मति से दशरथ को अध्यक्ष व तृप्ति तिवारी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया इस मौके पर प्रधानाध्यापक दीपक कुमार सहायक अध्यापक राजेश कुमार दीक्षा शिक्षामित्र शेष बहादुर सिंह कमला रानी पाल सुनील शुक्ला अखिलेश तिवारी राजू यादव मैकू लाल एवं अधिकांश छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थिति रहे।

### उमेश द्विवेदी के जीतने पर विद्यालय में बंटी मिठाइयां

**ऊंचाहार,रायबरेली।** विधान परिषद के शिक्षक कोटे की सीटों के चुनाव में भी भाजपा की रणनीति सफल रही। पार्टी ने शिक्षक कोटे की 6 सीटों के चुनाव में जिन चार पर उम्मीदवार उतारे थे, उनमें तीन पर जीत सुनिश्चित कर ली है। लखनऊ शिक्षक खंड के भाजपा की ओर स प्रत्याशी रहे उमेश द्विवेदी ने अपने प्रतिद्वंदी महेंद्र नाथ राय को हराकर जीत दर्ज की है। इस खुशी में श्याम सुंदर इंटर कॉलेज छतौना मरियानी विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं को जीत की खुशी में मिठाई बांटी गई। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर सर्वेश सिंह चौहान चुनाव संयोजक रोंहनिया ओम प्रकाश साहू शिक्षक विधायक चुनाव विधानसभा प्रभारी एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उमेश द्विवेदी जी को फोन से जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरधारी लाल भार्गव, शिव प्रताप यादव, सुशील कुमार, राजेश कुमार, अजय कुमार, आशीष द्विवेदी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### सड़क के ऊपर खड़े ट्रक बन रहे जानलेवा

**लालगंज रायबरेली।** प्रमुख मार्गों के ऊपर लाइन से खड़े ट्रक हादसों को दावत दे रहे हैं।आए दिन इन्हीं ट्रकों की वजह से दुर्घटनाएं भी हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार आंखे मूंदे बैठे किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। लालगंज-फतेहपुर नेशनल हाईवे किनारे लालगंज से गेंगासो तक स्थित आधा दर्जन ढ़ाबों व तीन पेट्रोल पम्पों के सामने सड़क पर ट्रकों की लम्बी कतार चौबीसों घंटे खड़ी रहती है। आए दिन छोटे बड़े वाहन इन ट्रकों की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार हुआ करते हैं। कई वाहन चालक तो अपनी जान तक गंवा चुके हैं इसके बाद भी जिम्मेदारों की आंखें नही खुल सकी। अभी भी वह सब आंखे मूंदे बैठे दुर्घटनाएं होने की राह तक रहे हैं। यदि सड़क पर खड़े इन ट्रकों को न हटवाया गया तो आने वाले दिनों में कुहरा बढ़ते ही दुर्घटनाओं की संख्या में भी इजाफा हो जाएगा।बताते चलें कि कुछ दिन पहले एक टैम्पो खड़े ट्रक से भिड़ गया था जिसके चलते उसमें सवार गेंगासो की रहने वाली महिला की मौत हो गई थी।इसके बाद भी जिम्मेदारों की नींद नही टूट सकी है। इस बाबत अपराध निरीक्षक मनोज सिंह का कहना है कि ढ़ाबा संचालकों व ट्रक चालकों को चेतावनी दी जाएगी। यदि फिर भी सड़क के ऊपर वाहन खड़े मिले तो कार्रवाही की जाएगी।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**लालगंज रायबरेली।** नाली बंद करने को लेकर हुए विवाद में पांच लोगों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम उदवामऊ निवासिनी अंजू सिंह पत्नी हरेंद्र बहादुर सिंह का आरोप है कि प्रतिपक्षियों ने उसकी नाली बंद कर दी। विरोध करने पर उसकी पिटाई की गई। अंजू की शिकायत पर झब्बू, हरदेव, किरन, रंजीत के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अलाव जलवाए जाने की उठने लगी मांग

**लालगंज रायबरेली।** ठंड बढ़ने के साथ ही नगर में अलाव जलवाए जाने की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि नगर के प्रमुख चौराहों से चौबीस घंटे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन बना रहता है। देर रात तक यात्री चौराहों पर बसों से उतरते हैं।ठंड बढ़ने के चलते बाजार में भी शाम से ही सन्नाटा पसर जाता है। लोगों का कहना है कि करूणा बाजार, गांधी चौराहा व बेहटा चौराहे पर देर रात तक लोगों के रहने से अलाव की जरूरत महसूस होने लगी है। अधिशाषी अधिकारी अनुराग शुक्ल का कहना है कि अलावा जलवाए जाने के लिए राज्यवित्त के तहत धनराशि है।जैसे ही कड़ाके की ठंड पड़ेगी अलाव जलवा दिए जाएंगे। फिलहाल नगर पंचायत कार्यालय परिसर में रैन बसेरा भी बना दिया गया है।

### बीजेपी कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

**सुलतानपुर।** भाजपा का सेमरी मंडल कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यालय का उद्घाटन संदीप सिंह पार्टी जिला मंत्री ने फीता काटकर किया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को मद्देनजर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक बैठक कर चुनावी रणनीति पर बिचार विमर्श किया। इस अवसर पर सुरेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष भाजपा सेमरी, लल्लन सोनकर प्रतिनिधि पूर्व सदस्य जिला पंचायत, विवेक सिंह प्रभारी विधानसभा कादीपुर, संदीप सिंह जिला मंत्री हिंदू वाहिनी,सभाजीत पांडे पूर्व मंडल अध्यक्ष, जगदम्मा पांडे, अनिल निषाद, प्रदीप दूबे आदि मौजूद रहे।

### कुड़वार पुलिस के हाथ चढ़ा गैंगेस्टर का वांछित

**कुड़वार,सुलतानपुर।** पुलिस कप्तान के फरमान पर ऑपरेशन अंकुश के तहत वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान में कुड़वार पुलिस ने गैंगेस्टर के वांछित अभियुक्त को अवैध गांजे के साथ धर दबोचा। युवक पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अरविंद पाण्डेय थाना कुड़वार के नेतृत्व में उप निरीक्षक श्री जितेंद्र सिंह मय हमराही के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस ने मु0अ0स0 616/20 धारा 2/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना कुड़वार में नामजद वांछित अभियुक्त मो0 मन्नौवर पुत्र मो0शब्बीर निवासी फिरोजपुर कला थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम बांसी फिरोजपुर कला मोड़ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि उसके कब्जे से 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। उसके खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### सगे भाइयों की जमकर पिटाई, मुकदमा दर्ज

**लालगंज रायबरेली।** सगे भाईयों की कुछ युवकों ने जमकर पिटाई कर दी। कस्बे के शांती नगर मुहल्ला निवासी राजन सोनी का कहना है कि उसके बड़े भाई पुनीत सोनी का मकान त्रिवेदीपुर मजरे तौधकपुर गांव में स्थित है। 2 दिसंबर को गृह प्रवेश कार्यक्रम था। वह इसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था।रात लगभग 9:30 बजे वह त्रिवेदीपुर स्थित शराब ठेका के निकट अपने दोस्तों से फोन पर बात कर रहा था। तभी वहां पर पांच युवक आ गए और यह कहकर उसकी पिटाई शुरू कर दी कि उनमें से एक युवक को उसने घाटमपुर में गालियां दी थी। इसी बीच कार्यक्रम से वापस अपने घर लखनऊ कार से जा रहे रहे उसके बड़े भाईयों अनिल व सुनील सोनी ने घटना देखी तो उसे बचाने के लिए आ गए। जिस पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। उन्होंने आरोपितों का पीछा किया तो वह सब भागकर पूरे नौरंग मजरे आलमपुर स्थित एक मकान में घुस गए और फोन करके अपने अन्य साथियों को वहां पर बुला लिया। इसके बाद घेर कर उनकी जमकर पिटाई की जिसमें सभी को गंभीर चोटे आई हैं।

# ग्रामीणों को आबादी की भूमि पर बैंक लोन समेत मिलेंगे अन्य लाभ

**सुल्तानपुर।** जिले के 200 गांवों के ग्रामीण जल्द ही अपने आबादी की भूमि के मालिक बन जाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण के कार्य की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने स्वामित्व योजना के तहत दूसरे चरण का कार्य शुरू कर दिया है। दूसरे चरण में जिले की प्रत्येक तहसीलों के 40 गांवों का चयन किया गया है। जल्द ही चयनित गांवों की आबादी का चित्र ड्रोन कैमरे से लिया जाएगा। योजना से ग्रामीणों को आबादी की भूमि पर बैंक लोन समेत कई लाभ मिल सकेंगे।

केंद्र सरकार ने ग्रामीणों को खतौनी की तर्ज पर आबादी की भूमि की घरौनी बनाने के लिए जून माह से स्वामित्व योजना की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की थी। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने दूसरे चरण का कार्य शुरू कर दिया है। दूसरे फेज में जिले के दो सौ गांवों का चयन स्वामित्व योजना के तहत किया गया है। इसमें प्रत्येक तहसील के 40 गांव चयनित किए गए हैं। पांचों तहसील के दौ सौ गांवों का चयन करते हुए इसकी सूचना राजस्व विभाग ने शासन को भेज दी है। अब चयनित गांवों का ड्रोन कैमरे से मानचित्र लिए जाने की तैयारी चल रही है। इन गांवों का सर्वे प्रशासन की ओर से कराया जा चुका है। ड्रोन से फोटो लिए जाने के बाद घरौनी का मानचित्र बनाने व उस पर दावा-आपत्ति लिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। निस्तारण के बाद ग्रामीणों को खतौनी की तरह उनके कब्जे वाली आबादी की भूमि का घरौनी प्रमाण पत्र मिल सकेगा। आबादी की भूमि की घरौनी बनने पर उसे राजस्व विभाग अपने रिकॉर्डों में फीड कराएगा। राजस्व रिकॉर्ड में घरौनी दर्ज होने पर उसकी ग्रामीणों को जरूरत पड़ने पर नकल मिल सकेगी। नकल के आधार पर ग्रामीण आबादी की भूमि पर बैंक लोन ले सकेंगे। इसके साथ ही आबादी की भूमि संबंधी मुकदमों में कमी आएगी।

## एनटीपीसी में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस

**ऊंचाहार,रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में विश्व दिव्याङ्ग दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गये स परियोजना में कार्यरत दिव्याङ्ग कर्मचारियों के साथ शीर्ष प्रबंधन ने बैठक कर उन सभी का हौसलाफ्जाई कर सराहना की इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख भोलानाथ ने सभी दिव्याङ्गजनों को सम्मानित करते हुए कहा - हर साल विश्व में 3 दिसंबर का दिन अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन का मकसद है - दिव्यागों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना। दिव्यांगों के विकास, उनके कल्याण के लिए योजनाओं, समाज में उन्हें बराबरी के अवसर मुहैया कराने के लिए एनटीपीसी ऊंचाहार कटिबद्ध है उन्होने कहा एनटीपीसी विद्युत उत्पादन करके न केवल घरों को रोशन करती है बल्कि घरों में रहने वाले दिव्याङ्गजनों के जीवन में भी कैसे रोशनी बिखेरे , इस दिशा में भी संवेदनशील रहती है एक अन्य कार्यक्रम में परियोजना प्रभावित गाँव के दिव्या्गजनों का उमरन के कस्तूरबा विद्यालय में अभिनंदन किया गया स इस कार्यक्रम में एनटीपीसी ऊंचाहार की सुश्री वंदना चतुर्वेदी अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ने आए सभी दिव्यङ्गजनों का अभिनंदन करते हुए कहा एनटीपीसी ऊंचाहार आपके साथ खड़ी है और आपके विकास , उत्थान, स्वास्थ्य व सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे । इस दौरान दिव्यङ्गजनों को कंबल, मच्छरदानी, मास्क, गमछा आदि दे कर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान अजय सिंह, उप महाप्रबंधक, सुश्री आर्नेलिट, गणेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थित रही।

# 1935 मतों से पराजित कर ध्रुव कुमार फिर बने एमएलसी



- अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र समेत पदाधिकारियों ने दी बधाई
- शिक्षक समाज में खुशी की लहर

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एवं शिक्षक महासंघ के प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अजय कुमार सिंह एडवोकेट को 1935 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। एक दिसंबर 2020 को हुए चुनाव की मतगणना दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के प्रांगण में दिनांक 3 दिसंबर को प्रात: 8:00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 4 दिसंबर को प्रात 8:25 तक चली। मतगणना स्थल पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र जिला मंत्री, अरुण कुमार सिंह तहसील मंत्री, विजय प्रकाश मिश्र संयोजक संघर्ष समिति, राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। सहयोग समर्थन एवं मत प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर इस जीत के लिए जनपद के सभी पदाधिकारियों प्रधानाचार्य शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है एवं जीत की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करता है। शिक्षकों की चट्टानी एकता ने संगठन विरोधी ताकतों बाहुबलियों, धन पशुओं एवं सामंतवादी ताकतों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। महाविद्यालय के शिक्षकों मदरसा के शिक्षक वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षिकाओं को हार्दिक शुभकामनाएं। जीत के बाद संगठन के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दुर्गा शंकर उपाध्याय अनंत नारायण मिश्र मनोज कुमार मिश्र शशि प्रकाश सिंह, दिनेश यादव, कुंवर सिंह मजहर हुसैन, हारून रशीद, अताउल्लाह अंसारी, अशोक पांडे, चंद्र देव दुबे, धर्मेंद्र सरोज, घनश्याम मिश्रा, राकेश चौधरी, रूद्र भान सिंह, राकेश कुमार सिंह, राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य संतराम शुक्ला राकेश कुमार पांडे अमिताभ द्विवेदी रमेश चंद्र मिश्रा अजय तिवारी राकेश चौधरी अमरीश मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी तथा संघ निष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।

# जमीन के अभाव में अधर में लटका शौचालय निर्माण

**सुलतानपुर।** सामुदायिक शौचालय निर्माण को लेकर तहसील स्तर के कर्मचारियों को जमीन मुहैया कराने के लिए लगाया गया था। इसके बाद भी ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में जमीन की अनुपलब्धता के चलते शौचालयों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में शौचालय निर्माण का लक्ष्य पूरा करने में विभाग को परेशानी आ रही है। विकास खंड के 74 ग्राम सभा के लिए शौचालय निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। जिसमे से मीरपुर, प्रतापपुर, घाटमपुर और अनिरुद्धपुर ग्राम सभा स्वचछता अभियान की मंशा पर सवालिया निशान लग रहे हैं। 15 वां वित्त केंद्रीय वित्त का एक भी किस्त का धन नहीं आया है। इससे इन ग्राम सभाओं में सार्वजनिक शौचालय और पंचायत भवन निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामसभा बलुआ और घाटमपुर में लेखपाल द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण पंचायत भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है जबकि पूरे विकास खंड के लिए 21 ग्राम सभाओं की सूची जारी की गई थी। जिसमे तीन ग्राम सभा में पहले से पंचायत भवन होने के कारण 19 ग्राम सभा में पंचायत भवन का निर्माण किया जाना था। शौचालय न बनने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बात खण्ड विकास अधिकारी नफीशा खातून कहती हैं कि उपजिलाधिकारी कादीपुर को पत्र लिख कर अवगत कराया जा चुका है। राजस्व विभाग द्वारा जमीन उपलब्ध कराए जाने के बाद निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जाएगा।

# महिला समूह व कोटेदार करेंगे बिजली बिल जमा करने में सहयोग

## डीएम आशुतोष निरंजन ने इसके लिए सभी एसडीएम को कार्रवाई करने का निर्देश दिया



संवाददाता। बस्ती

**विद्युत** बिल जमा करने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों, कोटेदारों का सहयोग लिया जाएगा। डीएम आशुतोष निरंजन ने इसके लिए सभी एसडीएम को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीएम ने कहा कि सभी एसडीएम संबंधित अधिशासी अभियन्ता के साथ बैठक कर कार्य योजना तैयार कर विद्युत बिल जमा कराएं। डिस्कनेक्टेड केस में भी धन जमा कराएं, प्राइम टाइम में छापेमारी करने में विद्युत विभाग का सहयोग करें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में कहा कि वर्तमान में सहज सेवा केन्द्र द्वारा विद्युत बिल जमा कराया जा रहा है।

इसके लिए उन्हें कुछ धनराशि भी प्राप्त होती है। अधिशासी अभियन्ता हेमन्त सिंह ने बताया कि बनकटी ब्लाक में महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बिल जमा कराया जा रहा है। विभिन्न विभागों के विद्युत बिल बकाया और वसूली की स्थिति की समीक्षा किया। निर्देश दिया कि बकायेदार सभी विभागों को अलग-अलग बिल उपलब्ध करा दें।

इसके साथ ही डीएम ने आबकारी विभाग को कच्ची और अवैध शराब बनाने वालों के विरूद्ध गुण्डा एंव गैंगेस्टर की कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जोनवार रिपोर्ट भी तलब किया है।

## लेहडिया में एडीजी व आईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**मीरजापुर**। लालगंज क्षेत्र के घटना के प्रकरण में घटनास्थल ग्राम कामापुर लेहडिया बंधा का आज वाराणसी जोन के एडीजीपी ब्रज भूषण शर्मा, आईजी वाराणसी पीयूष श्रीवास्तव, जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह ने निरीक्षण कर आसपास के ग्रामीणों से बात कर जानकारी प्राप्त की। एडीजी ने निरीक्षण के बाद बताया गया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी टीम का गठन कर दिया गया है। जल्द की खुलासा कर दोषी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक गत दो दिसम्बर को ग्राम बामी, थाना लालगंज श्याम नरायन तिवारी ने एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपने परिवार के तीन बच्चे क्रमशः सुघांशु उर्फ विनय, शिवम तथा हरिओम तिवारी के गायब होने की सूचना दी थी।

# आयुक्त ने धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

## मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल अनिल कुमार सागर ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

संवाददाता। संतकबीरनगर



**आयुक्त** बस्ती मण्डल अनिल कुमार सागर ने जनपद की मण्डी समिति धान क्रय केन्द्र नवीन मण्डी स्थल खलीलाबाद का निरीक्षण किया। इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यलयों के निरीक्षण क्रम में आपदा कक्ष, आयुद्ध कक्ष, आलग्न लेखागार, राजस्व अभिलेखागार, भू-लेख अनुभाग, संग्रह अनुभाग एवं अपर जिला न्यायालय कोर्ट का निरीक्षण किया गया। सम्बंधित पटल सहायकों द्वारा फाइलों के रख रखाव आदि के सम्बंध में विधिवत जानकारी ली गयी। भू-लेख अनुभाग में फाइलों की जांच में बस्ता सूची नहीं बनाए जाने नाराजगी व्यक्त की। इसके अलावा निष्प्रयोज्य फाइलों को नियमानुसार रखरखाव ठीक ढंग से नहीं होने पर आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय को निर्देश दिया कि समय-समय पर कार्यालयों का निरीक्षण करतें रहें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि पटल सहायकों द्वारा फाइलों का रख रखाव ठीक ढंग से किया जा रहा है कि नहीं। विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान आयुक्त द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फेटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में 1420 मतदेय स्थलों के सापेक्ष्य 1420 बीएलओ एवं 120 सुपरवाइजर नियुक्त किये गये है। मतदाता सूची को परिष्कृत करने हेतु पुनरीक्षण के दौरान चार विशेष अभियान पांच एवं 13 दिसम्बर को स्थानीय स्तर पर निर्धारित स्थलों पर बीएलओ, बीएलए, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेगें। आयुक्त द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रत्येक बीएलओ द्वारा घर-घर जा कर एक विशेष प्रकार की सूची यथा 18-19 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले की सूची, मृतक या स्थानीय स्थान पर निवास न करने वाले, दिव्यांग मतदाता तथा मतदाता सूची में किन्ही कारणों से हुई त्रृटियों को चिन्हांकित कर लिया जाए। तदुपरान्त फार्म-6, 7 आदि भरा जाए। उन्होंने कहा कि जिले स्तर के अधिकारियों द्वारा बूथ लेवल पर निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा भी की जाए।

## डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी ने सुबह 10 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण कर उपस्थिति पंजिका चेक किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पांच लोग मौके पर अनुपस्थित थे। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि अनुपस्थित कर्मचारियां से स्पष्टीकरण मांगते हुए अवगत कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बिना किसी सूचना के कार्यालय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यो में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के भी अनुपस्थित पायें जाने पर जिलाधिकारी को बताया गया कि वह माननीय विधायक जी से मिलने गए हुए हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों द्वारा मास्क न लगाये जाने पर भी जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए ना केवल फ्टकार लगाई गईएबल्कि चेताया गया कि आगे ऐसा पाया गया तो कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# टीपर और बाइक में जोरदार टक्कर, दो युवकों की मौत

## टीपर चालक गाड़ी छोड़कर फरार

संवाददाता। मीरजापुर

**हलिया** थाना क्षेत्र अंतर्गत बैधा मोड़ के पास रात लगभग नौ बजे बाइक सवार दो युवकों को मध्यप्रदेश की ओर से बालू लादकर आ रहे अनियंत्रित तेज गति टीपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिसमे दोनों युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई। टीपर चालक टीपर खड़ाकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना हलिया पुलिस को दिया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर टीपर को कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बैधा गाव निवासी धर्मेंद्र कोल (20 वर्ष) पुत्र नन्हकू व इंद्रजीत कोल (18 वर्ष) पुत्र रघुपति बाइक से बैधा की तरफ से पिपरा बाजार की तरफकिसी कार्य बस जा रहे थे, बाइक सवार जैसे ही बैधा मोड़ के पास पहुचे थे उसी समय मध्यप्रदेश की ओर से बालू लादकर आ रही अनियंत्रित तेजगति टीपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया इससे दोनों की दुर्घटनास्थल पर मौत हो गई। टीपर चालक ने मौके का फायदा उठाकर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया है।

ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही उप निरीक्षक मोती सिंह यादव उप निरीक्षक राम ज्ञान यादव कांस्टेबल विनय यादव कांस्टेबल श्रीनिवास यादव दल बल के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुचकर गाड़ी तथा दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गए। वही मौत की सूचना मिलते ही दोनों युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। टीपर हलिया थाना क्षेत्र के बरी गाव निवासी कीसी युवक की बताई जा रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि बालू लदा टीपर व दोनों शवों को कब्जे मे लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## महिलाओं की सुरक्षा व स्वालंबन के लिए मिला सम्मान

**संतकबीरनगर**। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन के लिए जन जागरूकता में बेहतर सहयोग के लिए खलीलाबाद की आशा, संगिनी, सरोज यादव और देवरिया गंगा की एएनएम स्नेहलता को शुक्रवार को सम्मानित किया गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद के सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र के हस्ताक्षर युक्त प्रशस्तिपत्र खलीलाबाद के ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर अभय त्रिपाठी और ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर महेंद्र त्रिपाठी ने प्रदान किया गया, उन्होंने कहा कि हम जिस भी क्षेत्र में रहे , वहां बेहतर कार्य हो, यह तय करें, ताकि भविष्य में सम्मान की हकदार बने, इस दौरान संगिनी मेंटर बबिता श्रीवास्तव, ब्लाक कोआर्डिनेटर राजेंद्र पाल, मनोरमा देवी, बंदना, पूनम देवी, विजय लक्ष्मी, मंजू देवी, कन्यावती, रुकमिनी देवी, उषा देवी, सोनमती, आदि मौजूद रहे।

# 50 लाख की हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। सोनभद्र



**जनपद** में चल रही मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर सोनभद्र पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लगभग 50 लाख रुपये कीमत के 500 ग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ ही पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। जनपद के पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर राज कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में स्वाट एसओजी सर्विलांस टीम तथा थाना प्रभारी चोपन नवीन तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि शुक्रवार को तीन व्यक्ति भारी मात्रा में मादक पदार्थ हेरोइन लेकर जा रहे हैं। इस सूचना पर स्वाट टीम प्रभारी प्रदीप सिंह सर्विलास सेल प्रभारी सरोजमा सिंह व प्रभारी निरीक्षक चोपन नवीन तिवारी के नेतृत्व में चोपन से रेणुकूट जाने वाले मार्ग पर बग्धा नाला के पास से सुबह लगभग सात बजे तीनों तस्करों नीरज कुमार सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी सरसों ग्राम थाना मड़िहान जनपद मिर्जापुर, महेश बिंद पुत्र राधेश्याम निवासी सरसों ग्राम थाना मड़िहान जनपद मिर्जापुर, रवि सोनकर पुत्र कमला सोनकर निवासी रायपुर कोटवा थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान इनके पास से 500 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई गई तस्करों को पकड़ने वाली टीम में शामिल रहे चोपन थाना प्रभारी नवीन तिवारी, स्वाट टीम प्रभारी प्रदीप सिंह, सर्विलांस सेल प्रभारी सरोजमा सिंह, उपनिरीक्षक अवधेश यादव, हेड कांस्टेबल जगदीश मौर्य, अरविंद सिंह, हरिकेश यादव, जितेंद्र यादव, समेत अन्य पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

## विकास खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 24 तक

संवाददाता। सोनभद्र

**अग्रणी** जिला प्रबन्धक ने बताया कि विकास खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बीएलबीसी त्रैमास दिसम्बर 24 दिसम्बर तक होनी है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड कार्यालय दुद्धी व विकास खण्ड कार्यालय चतरा की बैठक सम्पन्न हो चुकी है। उन्होंने बताया कि ब्लाक राबर्ट्सगंज की बैठक विकास खण्ड कार्यालय राबर्ट्सगंज में सात दिसम्बर 2020 को ब्लाक बभनी की बैठक विकास खण्ड कार्यालय बभनी में 14 को, ब्लाक घोरावल की बैठक विकास खण्ड कार्यालय घोरावल में 18 दिसम्बर को, ब्लाक नगवां की बैठक विकास खण्ड कार्यालय नगवॉ में 21 दिसम्बर को, ब्लाक म्योरपुर की बैठक इण्डियन बैंक रेनुकूट शाखा में 23 दिसम्बर को व ब्लाक चोपन की बैठक विकास खण्ड कार्यालय चोपन में 24 दिसम्बर को सायं चार बजे से किया जायेगा।

# जनता व पुलिस के बीच सामंजस्य बनाने को की जाएगी पहल: एसपी



संवाददाता। संतकबीरनगर

**नवागत** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनपद में अपराध नियंत्रण उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी। साकारात्मक विचारधारा तथा पुलिस का सहयोग करने वाले जनता से विभाग का अच्छा सामाजस्य बनाये जाने के लिए प्रयास किया जायेगा। महिलाओं से जुड़े अपराध को नियंत्रण करने के लिए विशेष प्राथमिकता होगी। डा. कौस्तुभ अपने विषय में बताते हुए कहा कि वह भारतीय पुलिस सेवा में आने से पूर्व एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद नेत्र सर्जन भी रहे है। आईपीएस बनने के बाद नोएडा, वाराणसी व गोरखपुर में सेवा दे चुके है। बगल के जनपद गोरखपुर में एसपी सिटी रहने के कारण संतकबीरनगर के भौगोलिक स्थिति से भलीभॉति अवगत है। डा. कौस्तुभ 2015 बैच के आईपीएस अफ्सर है। प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, सीओ सदर गयादत्त मिश्र, पीआरओ जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## वामदलों और कुर्मी महासभा ने दिया किसान आन्दोलन को समर्थन

**बस्ती**। वाम दलों और भारतीय कुर्मी महासभा ने किसान आन्दोलन का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेशित किया है। माकपा के जिला सचिव का. रामगढी चौधरी, भाकपा जिला सचिव का. अशर्फी लाल, सीपीआईएमएल संयोजक रामलौट के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए बाम दलों ने किसान विरोधी काले कानूनों को तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाने की मांग की। उन्होने कहा कि सरकार किसानों, नौजवानों, बेरोजगारों का दमन बन्द करे और उनकी आवाजों को सुनने के साथ ही समस्याओं का हल ढूढा जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में सीटू नेता का. केके तिवारी, खेमयू के वीरेन्द्र प्रताप मिश्र,किसान नेता गंगाराम सोनकर,राम सुरेमन, शिवचरन निषाद, वंदना चौधरी, कृष्ण मुरारी यादव व अन्य शामिल रहे।

# नजूल की जमीन तलाशने निकला तहसील प्रशासन

## सरकारी जमीन पर हो रहे कब्जे को लेकर प्रशासन हुआ सर्तक

संवाददाता। बस्ती

**करोड़ों** रुपये के शहर की सरकारी जमीनों पर कब्जा है। हैरत करने वाली बात यह है कि सदर तहसील को पता नहीं कि नजूल की कितनी जमीन है, और कितने पर कब्जा है। इसकी तलाश के लिए बकाया, राजस्व, पुलिस और पालिका के 11 लोगों की टीम बनाई गई है। इन सभी को 10 दिसंबर 20 तक नजूल भूमि की पहचान और उसका सीमांकन करने का फरमान एसडीएम सदर आशाराम वर्मा ने सुनाया है। बकायदा इसके लिए प्रोफार्मा दिया गया, जिसमें कब्जेदारों का नाम उनका मोबाइल नंबर, गाटा संख्या व क्षेत्र, भौतिक स्थित और खेवट संख्या का विवरण शामिल है।

सदर तहसील प्रषासन पर आरोप है कि वह षहर की कीमती सरकारी जमीन यानि नजूल की जमीनों को नहीं बचा पा रहा है, अलबत्ता उपर कब्जा करने वालों की मदद कर रहा है। कहा भी जा रहा है कि नजूल और नानजेड की जमीनों के चलते कई राजस्व अधिकारी और कर्मचारी अमीरों की श्रेणी में खंड़े नजर आ रहे है। जब भी सिविल लाइन्स इलाका का आधा क्षेत्र नजूल में आता है, जिस पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। कई तो बैनामा भी कर चुके है। जानकारों का दावा है कि अगर तहसील पशासन गंभीर हो जाए तो सरकार के कब्जे में करोड़ो रुपये की जमीन वापस आ सकती है।

# बदहाल सड़क का खेवनहार बना बेटी का पिता





संवाददाता। बस्ती

## घर तक बारात पहुंचे और बेटी की हो सके विदाई इसलिए पिता ने चार किमी. गड्ढामुक्त किया

**सुनने** में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है कि एक बाप को बेटी की षादी के लिए सड़क को निजी खर्चे से गडढ़ामुक्त कराना पड़ा, ताकि बारात किसी तरह दरवाजे तक पहुंच सके और बेटी की विदाई हो सके। यह हाल उस प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़क का है, जो तीन करोड़ 29 करोड़ में बनाई गई। 5.5 किमी. गनेशपुर चौराहा से रघुनाथपुर वाया कैनपुरा मार्ग में इतने गडढ़े हैं कि चलना मुस्किल है। जब कि इस योजना की सड़कों को सबसे मजबूत, टिकाउ और भरोसेमंद माना जाता है। 30 नवंबर 20 को कैनपुरा के पूर्व प्रधान सुरेष कुमार मिश्र के परिवार में बेटी की षादी थी। परिवार के सामने सबसे बड़ी समस्या घर तक बारात को सुरक्षित लाना और बेटी की विदाई करने का था। क्यों कि सड़कों पर इतने बड़े-बड़े गडढ़े बन गए थे कि आदमी को चलना तो दूर की बात थी, बारात कैसे जाती। दुर्घटना होने की आषंका को देखते हुए परिवार वालों ने निजी खर्च से लगभग चार किमी. सड़क पर मिटटी डलवाकर गडढ़ामुक्त कराया। पूर्व प्रधान सहित विक्रम मिश्र, रमाषंकर मिश्र, राम मनोहर मिश्र, अर्जुन चौहान, संतराम व प्रदीप ने बताया कि गांव वालों ने सड़क की गुणवत्ता को लेकर इसके निर्माण के समय से ही विभाग के अधिकारियों से षिकायतें की मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससड़क की कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग आरआईयू हैं, और ठेकेदार का नाम षक्ति कांटक्षन एंड सप्लायर्स बस्ती हैं।

**कागजों में कर दिया मूड़घाट से गनेशपुर पचपेड़वा मार्ग को गडढ़ामुक्तः** पीडब्लूडी निर्माण खंड एक की पोल पहले विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने खोली और अब सदर विधायक दयाराम चौधरी के मीडिया प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्र के अर्जुन चौधरी और आलोक चौरसिया ने खोली। इन लोगों का कहना है कि जब विधायक ने आवाज उठाई तो विभाग ने आनन-फानन में गुरुवार तीन दिसंबर को सड़क पर गिटटी डालना षुरु किया, जबकि विभाग इस सड़क को गडढ़ामुक्त घोषित कर चुका है। सीडीओ की ओर से मीडिया को जारी गडढ़ामुक्त की सूची में एनएच 28 किमी. 197 से मूड़घाट से गनेषपुर पचपेड़िया मार्ग का नाम षामिल है। कहते हैं कि अगर विधायक ने षिकायत न की होती तो धन का बंदरबांट हो जाता।

## फर्जी गड्ढामुक्त का मुद्दा उठा फिर जनता के हीरो बने विधायक संजय

**बस्ती**। शासन से लेकर प्रशासन तक गलत कामों के विरोध करने के कारण नियमित चर्चा में रहने वाले रुधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल पीडब्लूडी के गडढ़ामुक्त करने के दावे की पोल खोलकर एक बार फिर जनता के हीरो बन गए हैं। जनता ऐसे माननीयों को हमेशा सिर पर बैठाकर रखती है। क्यों कि तकलीफतो उसे ही उठानी पड़ती है। अधिकारी तो मलाई खाने में व्यस्त रहते हैं। जिले की जनता इसी तरह की उम्मीद और अपेक्षा अन्य 'माननीयों' से भी कर रही है। आमजन का मानना है कि गलत चीजों के विरोध करने के कई लाभ होतें हैं, एक तो अधिकारियों में डर बना रहता है, दूसरा कमियों को जानने और सुधार करने का मौका प्रषासन और विभाग को मिलता है। 'माननीयो' के सवाल उठाने के पीछे तर्क यह दिया जा रहा हैं कि षासन और प्रशासन जितना माननीयों के षिकायतों के प्रति गंभीर रहता है, उतना आम आदमी के प्रति नहीं रहता, अगर कोई आम आदमी या मीडिया हिम्मत करके आवाज उठाता भी है, तो उसे अनेकों कठिनाईयों और परेषानियों का सामना करना पड़ता है, हालांकि कभी-कभी 'माननीयो' को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज न उठाने के पीछे कई 'माननीयों' का यह तर्क रहता है कि षिकायत और आवाज उठाकर क्या फायदा जब उनकी सुनी ही नहीं जाती।

## शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक किया युवती का शोषण

**बस्ती**। कोतवाली थाना क्षेत्र के कांशीराम आवास निवासी एक युवती को शादी का झांसा देकर एक युवक ने तीन वर्षो तक शारीरिक सम्बन्ध बनाए, इस दौरान युवती गर्भवती हो गई। उसने शादी की बात की तो यह कहकर निकाह की बात टाल दिया कि पेट में बच्चा है इसलिए निकाह नहीं होगा। बच्चा पैदा होने के बाद निकाह होगा। इस बात पर भरोसा कर युवती इंतजार करती रही। बच्चा पैदा होने के तीन माह बाद भी जब आरोपी ने निकाह नहीं किया और मुकर गया तो पीड़िता उसके घर पहुंच गई। जहां आरोपी की मां, बहन, भाइयों ने उसे मिलकर मारा पीटा और जानमाल की धमकी देते हुए भगा दिया। तीन वर्षो तक यौन शोषण का शिकार रही पीड़िता ने आरोपी कोतवाली क्षेत्र के करमहिया गांव निवासी उस्मान, उसकी मां, बहन और भाई के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रधानाचार्य और प्रवक्ता ने प्रबंधक के एफआईआर पर उठाए सवाल

## प्रधानाचार्य ने कहा, विकास समिति के अनुमोदन के बाद हुआ खर्च

संवाददाता। बस्ती

**सक्सेरिया** इंटर कालेज के प्रबंधक जगदीश्वर प्रसाद सिहं उर्फ ओम जी द्वारा विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य ओमप्रकाश श्रीवास्तव और तत्कालीन प्रवक्ता एवं वर्तमान में हुकुम सिंह इंटरमीडिएट कालेज कैसरगंज बहराइच में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत घनश्याम लाल श्रीवास्तव के खिलाफ 26 लाख से अधिक के गबन के मामले कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमें को लेकर दोनों आरोपियों ने आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि जब गबन ही नहीं हुआ तो एफआईआर किस आधार पर दर्ज कराया गया। कहा कि बचाव के लिए प्रबंधक ने निराधार एफआईआर दर्ज करा दिया गया। प्रवक्ता ने तो प्रबंधक के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। सवाल के लहजे में कहा कि जब उनके पास कोई वित्तीय अधिकार ही नहीं है तो गबन कैसे हो गया?

इन दोनों की माने तो एफआईआर दर्ज कराने के पीछे समिति के सदस्यों के द्वारा प्रबंधक के चुनाव में मनमानी करने की षिकायत करना है। इसकी शिकायत सुरेंद्र मोहन वर्मा और पूर्व मंत्री एवं पूर्व एडीजीसी प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य ने की। चूंकि आरोपी और शिकायतकर्त्ता सभी एक ही वर्ग से संबधित है, इस लिए एफआईआर दर्ज कराया गया, बचाव और भड़ास निकाला जा सके।

# विन्ध्यवासिनी मन्दिर पर दो पक्षों में मारपीट, पुलिस बनी रही मूकदर्शक

संवाददाता। विंध्याचल ( **मीरजापुर** )

**मां** विन्ध्यवासिनी मन्दिर पर दो तीर्थपुरोहित गुटों में मारपीट हुई। वहां दर्जनों की संख्या में तैनात पुलिसकर्मी मूकदर्शक की भूमिका का निर्वहन करते दिखे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे मन्दिर बन्द होने के समय श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी। अपने-अपने दर्शनार्थियों को दर्शन कराने की होड़ में दो तीर्थपुरोहित पक्ष आपस मे भिड़ गए । मामला तू-तू मैं-मैं से गाली गलौज से आगे बढ़कर मारपीट में तब्दील हो गया । मारपीट पहले दौर में मन्दिर परिसर में हुआ । कुछ लोगों ने मामले को शांत कराया। कुछ समय पश्चात दोनों तरफसे समर्थकों की संख्या में वृद्धि हो गई और मात्र कुछ मिनटों के अंतराल में मन्दिर की सीढ़ी के नीचे जमकर मारपीट हुई । जिसमें दोनों पक्ष के लोग लहूलुहान हो गए । मारपीट के पश्चात दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुँचकर अपनी अपनी शिकायत दर्ज कराई । पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों से चार चार लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेज दिया । एक पक्ष से बजरंगी, विवेक, राजेश्वर, प्रवीण तथा दूसरे पक्ष से अमन तिवारी, आकाश तिवारी, अभिषेक तिवारी व अनिकेत तिवारी को नामजद किया गया। मारपीट के समय विन्ध्यवासिनी मन्दिर पर काफी श्रद्धालुओं की भीड़ थी जिसके चलते अफरा तफ्री का माहौल हो गया। वहां पर्याप्त संख्या में मन्दिर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने मारपीट कर रहे लोगों में हस्तक्षेप भी नहीं किया।

## यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**थानागद्दी, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के ग्रामसभा मधुपुर निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता छविनाथ चौबे की छोटी बहू ममता तिवारी ने यूजीसी नेट में 85ण्94 प्रतिशत अंक हासिल करके परिवार एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया। इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरी सफलता के पीछे मेरे ससुर छविनाथ चौबे का योगदान है। उनकी प्रेरणा से मुझे यह सफलता प्राप्त हुई है। वहीं परिवार सहित पूरे क्षेत्र सहित शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

## लाल बिहारी यादव की जीत पर शिक्षकों ने जतायी खुशी

**पराऊगंज, जौनपुर।** वित्तविहीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के समर्थित उम्मीदवार लाल बिहारी यादव के वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत पर शिक्षकों ने बधाई दी। इसी क्रम में सतेंद्र बहादुर इण्टर कालेज खर्गसेनपुर थानागद्दी में वरिष्ठ प्रवक्ता राम प्रवेश यादव ने कालेज के समस्त स्टाफको मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान देखा गया कि वित्तविहीन शिक्षकों में खुशी की लहर रही।

## समाजवादी शिक्षण संस्थान ने प्रतियोगियों को किया सम्मानित

**धर्मापुर, जौनपुर।** धर्मापुर क्षेत्र के एक गांव में स्थित समाजवादी शिक्षण संस्थान पर शुक्रवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कौवापार गोपालपुर गांव में स्थित समाजवादी शिक्षण संस्थान द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें अमन पाल प्रथमए अनिरुद्ध पाल द्वितीय व अनमोल यादव तृतीय स्थान प्राप्त किये। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सपा नेता राहुल त्रिपाठी ने कहा कि कड़े परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होता है। उन्होंने संस्थान के संचालक नितेश यादव के इन गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने जैसे नेक कार्य की खूब सराहना किया। अंत में संस्थान के संचालक नितेश यादव ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, भतीजा बाल बाल

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के अलीगंज के पास गुरुवार दोपहर टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने टैंकर को कब्जे में कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। रामपुर थाना क्षेत्र के दमोदरा गाँव निवासी 43 वर्षीय विनोद सिंह बबलू अपने 15 वर्षीय भतीजे गोपी सिंह के साथ प्रतापगढ़ अपनी बहन के यहां गए थे। वापस घर आते समय जौनपुर से पहले बजाज कावासाकी से अलीगंज स्थित ढाबा के समीप पहुँचे थे तभी बाइक के पीछे से टैंकर ने टक्कर मार दिया।

## आल इण्डिया स्टूडेण्ट व यूथ फेडरेशन ने किया धरना,प्रदर्शन

**मछलीशहर, जौनपुर।** आल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन एवं आल इंडिया यूथ फेडरेशन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की मांगों को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति को संदर्भित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अंजनी सिंह को सौंपा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों का आन्दोलन दिल्ली में गम्भीर रुप धारण कर चुका है। सरकार मण्डी समितियों को सरकारी नियंत्रण में रखे। आवश्यक खाद्य वस्तु अधिनियम को यथावत रखेए स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट को पूर्णत लागू किया जाय।

# मऊ में पहले चरण में 7000 लोगों को टीका

### जिले में कोरोना वैक्सीन के आने की तैयारी कर ली गई है पूरी

### मुख्य चिकित्साधिकारी ने तैयारी को लेकर प्रदान की जानकारी



**संवाददाता।** मऊ

जिले में कोरोना वैक्सीन के आने की तैयारी पूरी की ली गई है। अगले हफ्ते वैक्सीन रखने के लिए अत्याधुनिक मशीनें भी जिले में आ जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप सबसे पहले जनपद के सरकारी और निजी क्षेत्र के लगभग सात हजार स्वास्थ्य कर्मियों को यह टीका लगाया जाएगा। वैक्सीनेशन का पूरा डिटेल को विन पोर्टल पर दर्ज होगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डाण् सतीशचंद्र सिंह ने बताया कि इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ जिले के आला अधिकारियों द्वारा तैयारियों की लगातार समीक्षा बैठक की जा रही है। कोरोना के टीकाकरण के लिए जिले के करीब 749 कर्मचारियों को स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा आनलाइन ट्रेनिंग दी गई है। वैक्सीन की मात्रा के निर्धारण की गाइडलाइन अभी नहीं निर्धारित हैए जो टीका आने के साथ ही पूरी जानकारी प्राप्त होगी। इलेक्ट्रानिक वैक्सीन इंटेलीजेंस नेटवर्क ;ई.विनद्ध की तरह से विन ओवर कोविड श्को.विनश् ;कोरोना पर जीतद्ध पोर्टल कार्य करेगा। बताया कि जैसे ई.विन पोर्टल के माध्यम से रियल टाइम वैक्सीन की वास्तविक स्थिति एवं खपत और तापमान की स्थिति पता चलती हैए ठीक उसी प्रकार से को.विन पोर्टल से वैक्सीन और लाजिस्टिक्स सत्र स्थलए वैक्सीनेटर और लाभार्थी की सूचना मिलेगी। श्को.विनश् पोर्टल के माध्यम से रजिस्टर्ड लाभार्थी को वैक्सीनेशन संबंधी समस्त सूचना उनके मोबाइल पर मैसेज के द्वारा प्राप्त होगी जैसे स्थानए समयए दिनांकए सत्र स्थल और कौन वैक्सीनेटर हैं। बताया कि कोरोना का टीकाकरण चरणबद्ध तरीके से कैसे होगाए इसकी सभी प्रकार की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने तैयार करके सरकार को भेज दिया है।

# ऑनलाइन निकाह, दोनों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया कबूल

**जौनपुर।** कोरोना काल में शादियां भी हाईटेक हो गई हैं। ऐसी ही एक हाईटेक शादी गुरुवार की रात जौनपुर में हुई। पाबंदियों के कारण दूल्हा घर नहीं आ सका तो ऑनलाइन शादी की रस्में पूरी कराई गईं। दूल्हा सऊदी में था और दुल्हन जौनपुर में। दोनों ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निकाह कबूल किया। दर्जनों लोग इस अनूठी शादी के गवाह बने। शहर के सिपाह मोहल्ला निवासी काजी हयात की बेटी तहरीन जैदी का निकाह काफी पहले ही सुल्तानपुर के अकील अब्बास रिजवी से मुकर्रर कर दी गई थी। अकील अब्बास सऊदी की एक कंपनी में जॉब करते हैं। निकाह के लिए परिवार वाले लॉकडाउन खत्म होने का इंतजार कर रहे थे। लॉकडाउन तो खत्म हुआ लेकिन कोरोना के असर से तमाम पाबंदियों के चलते अकील अब्बास को घर आने का मौका नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में परिवार वालों ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन निकाह का फैसला किया। गुरुवार की शाम करीबी रिश्तेदारों सहित 25.30 की संख्या में बरात सुल्तानपुर से जौनपुर पहुंची। जोशोखरोश से बरातियों का स्वागत हुआ। सऊदी में मौजूद दूल्हा सजधजकर अपने दोस्तों के साथ कार्यक्रम में ऑनलाइन शरीक हुआ। बड़े स्क्रीन पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वह सबसे मुखातिब था। रात करीब दस बजे मौलाना शमीमुल हसन ने दूल्हा और दुल्हन से अलग.अलग निकाह कबूल कराया। इसके बाद निकाह की अन्य रस्में पूरी की गईं। सुबह परंपरानुसार दुल्हन विदा होकर ससुराल गई। दुल्हन के भाई शायाद जैदी ने बताया कि कोरोना के कारण दूल्हे का यहां आ पाना संभव नहीं हो सका। ऐसे में ऑनलाइन निकाह की प्रक्रिया अपनाई गई। इससे सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन हुआ है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 57 जोड़ों की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई शादी



**मऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत शहर के नगर पालिका कम्युनिटी हाल में आयोजित कार्यक्रम में जहां 57 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शादी के बंधन में बंध गए वहीं मुस्लिम समुदाय के कौशर अंसारी संग तरन्नुम बानों का निकाह कराया गया। इस दौरान पंजीकृत सात जोड़े शादी समारोह में नहीं आए। इसकी वजह से इनके स्थान खाली रहे। इस दौरान घोसी विधायक विजय राजभर जिलाधिकारी अमित कुमार बंसलए एसपी सुशील घुलेए सीडीओ रामसिंह वर्मा ने वर.वधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद इन्हें शासन की तरफ से निर्धारित की गई सामग्री भी प्रदान की गई। इस दौरान सभी पंडाल में सैनिटाइजर व शारीरिक दूरी का बखूबी पालन कराया गया था। सभी दुल्हा दुल्हन मास्क लगाए बैठे शादी की रस्म अदायगी निभाई। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के तहत कुल 65 जोड़ों की शादी कराई जानी थी। इसके लिए शासन की तरफ से 33ण्16 लाख रुपये की धनराशि भेजी गई थी। गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ घोसी विधायक विजय राजभर व जिलाधिकारी अमित कुमार बंसल ने डाण् भीमराव आंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। बौद्ध धर्म, हिन्दु धर्म एवं मुस्लिम धर्म के धर्म गुरुओं द्वारा अपनेअपने धर्म से जुड़े प्रतिज्ञाएं दिलाकर शादी करायी गई। इसमें विकास खंड परदहां से सातए कोपागंज से सातए घोसी से सातए बड़राव से नौए दोहरीघाट से छहए फतेहपुर मंडाव से चारए मुहम्मदाबाद गोहना से सातए रानीपुर से सात एवं विकास खंड रतनपुरा से तीन जोड़े उपस्थित हुए थे। जिला विकास अधिकारी विजय शंकर द्वारा प्रत्येक जोडों को साड़ीए पंखाए कुकरए थालीए गिलासए प्लेटए बाल्टीए जगए भगौना एवं पायल तथा बिछिया देते हुए उन्हें अच्छे जीवन यापन करने के लिए आशिर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी हंसराज, नगर मजिस्ट्रेट जेएन सचान, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागरए खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार गुप्ता, अनिल सिंह, जगदीश यादव, दुर्गेश सिंह, दिनकर मौया, गिरजा शंकर यादव, सहायक विकास अधिकारी बड़रांव यशवंत कुमार सहित राजेश कुमार आदि उपस्थित थे। जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार यादव ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## कम्पोजिट विद्यालय धर्मसारी ने पुरातन छात्रों को किया सम्मानित

**सिद्दीकपुर,जौनपुर।** कम्पोजिट विद्यालय धर्मसारी में पुरातन छात्र सम्मान समारोह हुआ जहां विद्यालय के ऐसे पुरातन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने प्राथमिक विद्यालय धर्मसारी से शिक्षा प्राप्त करके उच्च पदों पर आसीन हुए और समाज में एक अपना अलग स्थान बनाया। हीरा लाल श्रीवास्तव सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर रोडवेज, प्रभु दयाल श्रीवास्तव वरिष्ठ लिपिक सिंचाई विभाग, ऋषिकेश अध्यापक बेसिक विभाग रमाकांत श्रीवास्तव वरिष्ठ लिपिक जिला विद्यालय निरीक्षक,लालचंद यादव वरिष्ठ पेशकार न्याय विभाग को धर्मसारी विद्यालय परिवार ने सम्मानित कर शासनादेश का पालन करते हुए अपने को गौरवान्वित अनुभव किया।

# सपा कार्यकर्ताओं ने रुद्रपुर विधानसभा में लगाया किसान जन जागरण चौपाल

**संवाददाता।** देवरिया




शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व एवं चंद्रिका निषाद जी की अध्यक्षता में रुद्रपुर विधानसभा के भृगुसरी गाँव मे ष्किसान जन जागरण चौपालष् लगाकर भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से जनता को अवगत कराया। इस दौरान संबोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है। भाजपा सरकार में अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन करने पर किसानों को लाठीचार्जए पानी की बौछार व आसुं गैस के गोले की सौगात मिल रही है। सरकार नए कानून बनाकर किसानों के अधिकारों को सीमित करना चाहती है। जिले में पराली जलाने को लेकर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा हैए किसानों को मुकदमो में फँसाकर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। सपा नेता चंद्रिका निषाद ने कहा कि किसानों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न व मुकदमो को जल्द वापस नही लिया गया तो सपाई आंदोलन को बाध्य होंगेएभाजपा सरकार में जनता का उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा की जनविरोधी सरकार किसानों के सम्मान से खिलवाड़ कर रही हैं। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान है। किसानों को खादए बीजए समय से नही मिल पा रहा है।।

## बरसठी पुलिस के खिलाफ अधिवक्ता उत्पीड़न को लेकर वकीलों का प्रदर्शन

**जौनपुर।** बरसठी पुलिस के खिलाफ यहां मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ ने मोर्चा खोल दिया है। बीते बृहस्पतिवार से शुरू अधिवक्ताओं का आन्दोलन आज भी जारी रहा। न्यायालय में ताला बन्दी करा कर अधिवक्ता संघ ने जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी बरसठी एवं पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया। अधिवक्ता संघ ने चेतावनी दिया है कि जब तक पुलिस जनों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होगी तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। स विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव एवं संचालन महामंत्री आनन्द मिश्रा ने किया।

## साधन सहकारी समिति के नवीन गोदाम भवन का विधायक ने किया शिलान्यास

**सिद्धार्थ नगर ।** जनपद के विकास खण्ड बर्डपुर स्थित साधन सहकारी समिति का गोदाम काफी हद तक जर्जर हो चुका था। जिसके तहत सरकार द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए नए भवन निर्माण के लिए धन अवमुक्त किया है। जिसके तहत शुक्रवार को सदर विधायक श्यामधनी राही ने विधिवत पूजन कर पांच ईंट रख भवन की आधारशिला रखी। स दौरान श्यामधनी राही ने कहा कि देश व प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी हैं लगातार विकास का कार्य कर रही हैं। पुराने जर्जर भवन को नए भवन में बनने का कार्य हो या फिर सड़को का निर्माण का कार्य हो। हर ओर विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। बर्डपुर के सहकारी समिति का भवन जर्जर हो कर खंडहर में तब्दील हो गया था। जिस कारण किसानों को खाद व बीज समय से नही मिल पाता था। जिसके नवनिर्माण को लेकर लगातार मांग की जा रही थी। एडीओ सहकारिता अम्बरीष यादव ने बताया कि नए भवन निर्माण के लिए शासन से 32 लाख रुपए का वजट अवमुक्त हुआ हैं। भूमि पूजन का कार्य होने के बाद निर्माण इकाई जल्द कार्य शुरू कर देगा। नए भवन बनने से किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी। इस दौरान सोसायटी के अध्यक्ष श्याम प्रकाश जयसवालए भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेयए राजेंद्र विश्वकर्माए राम सिंह यादव,विजय गुप्ता, विजय चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## बरसठी में जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने देवरानी, जेठानी को किया घायल

**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के आलमगंज गांव में गुरुवार की सुबह पड़ोसियों ने जमीनी विवाद में देवरानी जेठानी को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान जेठानी और देवरानी का कान में पहने गए आभुषण छीन लिया है। बताया जाता है कि आलमगंज निवासी सुमन विश्कर्माए रिंकी विश्वकर्मा कि पति रोजीरोटी के सिलसिले में शहर मुंबई में रहते हैं। जिनका पड़ोसी राजमन एवं लालमन विश्वकर्मा से काफी दिनों से जमीनी विवाद चला आ रहा है। पड़ोसियों ने आज सुबह जमीन का निर्माण करना चाहा तो दोनों देवरानी जेठानी पहुंचकर जमीन को रोकने के लिए खड़ी हो गई। जिस पर कहासुनी के बाद आरोप है कि राजमन और लालमन पक्ष के लोग दोनों महिलाओं को जमकर पिटाई किया। उसके बाद आरोप है कि दोनों महिलाओं का मारपीट के दौरान कानों में पहनी गई जेवरात गायब हो गई। ।दोनों महिलाएं गुरुवार को थाने पहुंचकर पड़ोसियों के खिलाफ मारपीट करने और जेवरात छीनने का तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग किया। पुलिस ने तसरीर लेकर मामले की जांच में जुट गई है। लेकिन अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज था। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्यामदास वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मारपीट हुआ होगा लेकिन जेवरात छीनने की बात गलत है जांच कराई जा रही है।

## दो तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

**जौनपुर, मुंगराबाद,शाहपुर।** थाना क्षेत्र के सतहरिया इंडस्ट्रीयल के पास शुक्रवार को ढाई बजे दिन में पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना प्रभारी ओम नारायन सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक ट्रक पर लदे 18 गोवंश के साथ दो पशु तश्करो को पकड़ा गया। मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान मै स्वयं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर इंतजार करने लगा। इसी बीच एक ट्रक आती दिखी जो पुलिस जीप को टक्कर मारते हुए आगे भागने लगी शक होने पर पुलिस टीम द्वारा जीप से दौड़ाकर पकड़ा गया तो उसमें 18 गोवंश लदे हुए पाए गए। ट्रक पर मौजूद दो पशु तश्कर को थाने पर लाकर जब कड़ाई से पूछताछ किया गया तो दोनों ने अपना नाम धर्मेंद्र चौहान पूत्र राम निवास ग्राम चौसाए थाना बक्सरए बिहार व मुन्ना नोनिया पुत्र जनार्दन ग्राम चौसाए थाना बक्सर बिहार होना बताया।

# नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग के कार्यों को लेकर बैठक

**संवाददाता।** देवरिया



नगर निकायों एवं नगर पालिका को 15 वे वित्त आयोग द्वारा प्राप्त व अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष प्रस्तावित कार्य योजनाओं को मूर्त रूप दिए जाने तथा जनप्रतिनिधियों का सुझाव लिए जाने के उद्देश्य से आज नगर पालिका सभागार में जिलाधिकारी अमित किशोर की अध्यक्षता एवं सदर सांसद रमापति राम त्रिपाठी सांसद सलेमपुर रविंद्र कुशवाहा सलेमपुर विधायक काली प्रसाद सदर विधायक सत्यप्रकाश मणि की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग के कार्यों के तहत जलजमाव से निजात दिलाने एवं पेयजल की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ कार्य योजना बनाकर कराए जाने की अपेक्षा की गई। नगर निकाय एवं नगर पालिका के प्रस्तावित एक एक कार्य योजनाओं पर बिंदुवार चर्चा हुई । इस दौरान जन सुविधाओं एवं जन आवश्यकताओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से सम्मिलित किए जाने का निर्देश दिया। गया कूड़ा डंपिंग से लेकर आवश्यक नाली खड़ंजा सड़क आदि के निर्माण कार्यो को भी कराए जाने की निर्देश दिया गया। बैठक में मझौली राज के अधिशासी अधिकारी द्वारा 250 केवीए का ट्रांसफॉर्मर दर को अधिक दर्शाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा उनसे जवाब तलब किए जाने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। गौरी बाजार नगर निकाय में कूड़ा डंपिंग स्थल का चयन किए जाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के चारों तरफ बनाए जाने वाले सड़क में भी जल निकासी हेतु नाली की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। बरियारपुर में गौशाला बनाए जाने हेतु स्थल चयन कर कार्य प्रस्ताव सम्मिलित किए जाने का निर्देश दिया गया। रुद्रपुर में बथुआ ना लें की सफाई पर भी जोर दिया गया जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाए जाने एवं इस बैठक में आए सभी सुझाव का पालन कराए जाने की अपेक्षा अधिकारियों से किया। बैठक में यह जानकारी दी गई कि नगर पालिका देवरिया के जलजमाव से निजात दिलाने के लिए विस्तृत कार्य योजना जल निगम द्वारा तैयार की जा रही है। बैठक में रामपुर कारखाना विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर संजीव कुमार शुक्लाए नपा अध्यक्ष अलका सिंहए भाजपा जिला अध्यक्ष अंतर्यामी सिंहए पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल सी आर ओ मृत लाल बिंदए एसडीएम सदर सौरव सिंह, नगर निकायों के अध्यक्ष एंव अधिशासी अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम के निरीक्षण में कही खुला तो कहीं बंद मिला क्रय केन्द्र

**सकलडीहा,चन्दौली।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की निर्देश के बावजूद क्रय केन्द्रों पर खरीदारी के नाम पर कोरमपूर्ति हो रहा है। जिसे लेकर किसान परेशान है। किसानों की शिकायत पर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार कई क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई क्रय केन्द्रों पर खानापूर्ति तो कई केन्द्र पर शुरू होने पर एसडीएम ने नाराजगी जताया। बंद क्रय केन्द्र संचालकों के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजा। एसडीएम के निरीक्षण से क्रय केन्द्र संचालकों में खलबली मचा हुआ है। धान की



खरीदारी को लेकर शासन ने सख्त निर्देश दिया है। इसके बाद भी सकलडीहा तहसील क्षेत्र में विपणन केन्द्र से लेकर प्राइवेट क्रय केन्द्रों पर खरीदारी के नाम पर सिर्फ कोरमपूर्ति हो रहा है। जिसके कारण किसान अपने धान औने पौने दाम में बिचौलिया और राइस मिलरों को देने को मजबूर है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए है। किसानों की शिकायत पर एसडीएम प्रदीप कुमार क्रय केन्द्र बछौलीए प्रभुपुरए बद्रीसाड़ा और विपणन केन्द्र धानापुर का निरीक्षण किया। इस दौरान बछौली केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित रहे। आवंटित 250 बोरे में मात्र 53 बोरी ही मौजूद रहा। 197 बोरी गायब रहा। कोई रजिस्टर भी उपलब्ध नही रहा। न तो संग्रह क्षमता रहा। किसानों ने शिकायत किया कि क्रय केन्द्र द्वारा धान की खरीदारी तक नही किया जाता है।

# जनपद न्यायाधीश ने ली विभागवार समीक्षा बैठक




**संवाददाता।** देवरिया

जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए देवरिया के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय, देवरिया के सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसकी अध्यक्षता दीवानी न्यायालयए देवरिया के माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविनाथ ने की। जनपद न्यायाधीश रविनाथ ने समस्त विभाग जिनमें देवरिया जनपद से सम्बंधित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, प्रभागीय वनाधिकारी, वाटमाप निरीक्षक, उप संभागीय परिवहन अधिकारी, सहायक सूचना निदेशक, अधिशासी अभियंता जल निगम, श्रम सहायक आयुक्त, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, दूर संचार जिला प्रबन्धक ,बीएसएनएल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व जिला आबकारी अधिकारीए बैंकों के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, शाखा प्रबंधक, ऋण प्रबंधक एवं दुर्घटना बीमा से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए समस्त बीमा कंपनी के मण्डलीय प्रबंधक व शाखा प्रबंधक को निर्देशित करते हुये कहा कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील स्तर पर समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार की ये जिम्मेदारी होगी कि वे राजस्व के समस्त मामले एवं अन्य भूमि से संबंधित मामले को चिन्हित कर निस्तारित करेंगे।

## सीडीओ ने किया दुग्ध अवशीतन केन्द्र का औचक निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** दूध के परीक्षण प्रक्रिया एवं अन्य बिन्दुओं के सत्यापन हेतु मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा शुक्रवार को दुग्ध अवशीतन केन्द्र, नौगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विकास खण्ड बढ़नी एवं शोहरतगढ़ के विभिन्न समितिओं से इकत्र किये गये दूध की तौल कराकर उसका सीएलएनआरए एसएनएफ़् तथा फैट की मात्रा को चेक करने की प्रक्रिया का गहनता से परीक्षण किया गया। केन्द्र द्वारा प्राप्त दूध के सापेक्ष भुगतान एवं अवशेष भुगतान का विवरण नही तैयार किया गया था। प्रतिदिन विक्रय किये गये दूध एवं अवशेष दूध के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। दुग्ध निरीक्षक को निर्देश दिये गये कि लैक्टोमीटर का पुन: परीक्षण कराकर प्रस्तुत करें तथा समितियों से प्राप्त दूधए उसके भुगतान एवं अवशेष धनराशि का समितिवार पंजिका तैयार कराना सुनिश्चित करें। विदित हो कि दूध का मूल्यए दुग्ध विभाग द्वारा कम अंकलित करने की शिकायत की जा रही है। उक्त शिकायतों के दृष्टिगत ही सीडीओ द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

# नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों का स्वागत



**संवाददाता।** देवरिया

टाउनहॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जनपद के सभी नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षो की पहली बैठक शुक्रवार को हुई। जिसमें उनका प्रदेश सचिव कौशल त्रिपाठी एवं जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिवध्जनपद प्रभारी कौशल त्रिपाठी ने कहा कि सभी ब्लाक अध्यक्ष एक सप्ताह में अपनी कमेटी गठित कर लें तथा संगठन सृजन अभियान के तहत अपने ब्लाक के न्यायपंचायतो में बैठक का कैलेंडर तैयार कर तत्काल जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें न्याय पंचायत की बैठकों में प्रदेश के नेता भी शामिल होंगें। जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी अपने प्रभार क्षेत्रों में ब्लाक अध्यक्षो को कैलेंडर बनवाने तथा बैठक सुनिश्चित कराने में सहयोग करें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह एवं संचालन भरत मणि त्रिपाठी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंदभाष्कर मणि, अरविन्द शाही, भरत मणि त्रिपाठी, विजयशेखर मल्ल रोशन, नीलेश त्रिपाठी, सुनील तिवारी, तारकेश्वर तिवारीए डॉ धर्मेन्द्र पाण्डेयए महेन्द्र नाथ गुप्ता, आलोक त्रिपाठी प्राजन, सुनील द्विवेदीए मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, प्रेमलाल भारती मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्गए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इन्द्र विजय विश्वकर्मा की उपस्थिति में शुक्रवार को अम्बेडकर सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करे। समस्त एमओआईसी को गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन करानेए उनका समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शतप्रतिशत फीडिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से प्रेषित करे। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया कि जिन गांवों में ज्यादा बच्चे टीकाकरण से छूट गये हैं वहां पर टीकाकरण कराये।

## कप्तान ने किया कोतवाली का निरीक्षण

**मुगलसराय,चन्दौली।** जिले का कार्य भार ग्रहण करने के बाद नए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने शुक्रवार को कोतवाली मुगलसराय का किया। इस दौरान एस पी ने थाना कार्यालयए महिला हेल्प डेस्कए आरक्षी बैरकए भोजनालयए सीसीटीएनएस कार्यालय एवं थाना परिसर आदि का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय सहित सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।मुगलसराय कोतवाली काफी चर्चित रहा है ।यहां पर जो भी कोतवाली का प्रभार ग्रहण करता है ।उसके बाद मोह जाल में फंस जाता है। तीन तिकड़म के सहारे कुर्सी पर जमा रहता है ।मलाईदार कोतवाली होने के कारण इस पर बना रहना चाहता है। इधर बीच कोतवाली काफी चर्चा में रहा ।सोसल मीडिया में वसूली लिस्ट वायरल हुई थी ।को काफी चर्चित हुई थी ।इसके बाद तबादलों का दौर शुरू हो गया था।

## नवागत एसपी अमित कुमार ने चार्ज लिया

पदभार संभालते ही शुक्रवार को मुगलसराय कोतवाली का निरीक्षण किया। संकेत भी दे दिया कि उनको भेजा ही इस वजह से गया है कि भ्रष्टाचार पर प्रहार कर सकें।

नवागत एसपी अमित कुमार ने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालयए महिला हेल्प डेस्कए आरक्षी बैरकए भोजनालयए सीसीटीएनएस कार्यालय और थाना परिसर का जायजा लिया। प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय सहित मातहतों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। आते ही मुगलसराय कोतवाली पहुंचकर एसपी ने संकेत दे दिए हैं कि कानून व्यवस्था को लेकर लापरवाही और भ्रष्टाचार दोनों की बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## 3०5,44 लाख की लागत से 4 सड़कों की स्वीकृति

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु विधानसभा के विधायक श्यामधनी राही के अथक प्रयास एवं लगातार शासन से क्षेत्र की सड़कों के सुदृढ़ीकरण को लेकर किए जा रहे प्रयास के फ्लस्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कपिलवस्तु विधानसभा में 305ण्44 लाख रुपए धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में उल्लास का माहौल है।

## किसान आन्दोलन के समर्थन में अखिल भारतीय नौजवान सभा ने निकाला जूलूस

**बाराबंकी**। दिल्ली में तीन किसान विरोधी कानूनों को रद्द कराने के लिए चल रहे आन्दोलन के समर्थन में ऑल इण्डिया स्टूडेन्टस फेडरेशन व अखिल भारतीय नौजवान सभा ने जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए स्टूडेन्स फेडरेशन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र यादव ने कहा कि किसानों के समर्थन में छात्र नौजवान भी आन्दोलन करेंगे और इस देश विरोधी, जनता विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष आशीष शुक्ला ने सरकार को ललकारते हुए कहा कि यह सरकार किसान मजदूर विरोधी सरकार है, गोदी मीडिया द्वारा हिप्टोनाइज अंध भक्त मतदाताओं द्वारा चुनी गई, अल्पमत की सरकार है, सरकार के मुखिया अडानी, अम्बानी के नौकर की भूमिका में रहते हैं और कार्पोरेट सेक्टर की यह गुलाम सरकार है। अन्त में राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया।

# डीएम ने जिला वैक्सीन कोल्डचैन भण्डार का किया औचक निरीक्षण

### कोविड-19 की रोकथाम व बचाव के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की बैठक



**संवाददाता**। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने जिला अस्पताल के जिला वैक्सीन कोल्डचैन भण्डार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वैक्सीन कोल्डचैन भण्डार में रखे गये वैक्सीन के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वैक्सीन के रख-रखाव एवं साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर ढंग से की जाये और निरन्तर इसकी निगरानी करते रहे। जिलाधिकारी ने फ्रीजर में रखे गये वैक्सीन का अवलोकन भी किया और मुख्य चिकित्साधिकारी से वैक्सीन के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वैक्सीन कोल्डचैन भण्डार से सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में वैक्सीन उपलब्ध करायी जाती है। उन्होने भण्डार में रखे गये वैक्सीन के निष्प्रयोज्य डिब्बों को हटाने का निर्देश भी दिया।

जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने आज एल-2 जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड-19 के बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि होम आइसोलेशन में रखे गये मरीजों को आरआरटी टीम द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी एवं औषधियां प्रदान की जाती है कि नही इसकी जानकारी प्रतिदिन प्राप्त की जाए।

## धरना कर रहे किसानों को समाजसेवी ने वितरित किया भोजन

**बाराबंकी**। विगत कई दिनों से धरना दे रहे किसानो में शुक्रवार को समाजसेवी द्वारा निशुल्क भोजन वितरण का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रतात सिंह बब्बन एवं धर्मेन्द्र यादव द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। मालूम हो कि भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ो कार्यकर्ता बीते तीन दिनो से गन्ना संस्थान मे धान खरीद को लेकर धरना दे रहे है लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक कोई निर्णय नही लिया गया है, जिससे किसानो को तमाम प्रकार की दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। इसी के दृष्टिगत अन्नदाताओं के लिए समाजसेवी उस्मान सिद्दीकी एवं अधिवक्ता अजीत झा के संयुक्त तत्वाधान मे शुक्रवार को गन्ना संस्थान के बाहर निशुल्क भोजन वितरण की व्यवस्था की गयी जिसमे किसानों संग राहगीरो ने भी इसका आनन्द उठाया। इस मौके पर अन्य लोगो ने भी सहयोग किया।

# उमेश द्विवेदी की जीत से आवाम में खुशी की लहर, बंटी मिठाइयां

**संवाददाता**। लालगंज (प्रतापगढ़)



**विधान** परिषद के चुनाव मे उमेश द्विवेदी की जीत को लेकर शुक्रवार को यहां प्रबुद्धजनो व आम आवाम मे खुशी देखी गई। उमेश के गृह नगर मे जीत की खुशी मे लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। वहीं उमेश द्विवेदी की जीत को साथी शिक्षकों ने संघर्ष की बडी जीत करार दिया है। वहीं शिक्षक विधायक के पैतृक वार्ड मे भी जीत की खुशी बढ़ चढकर दिखी। परिवारजनों को भी विधायक की जीत पर लोगों को मिठाईयां खिलाकर खुशी जताते देखा गया। घर पर शिक्षक विधायक के परिजनों में उच्च सदन मे दोबारा प्रतिनिधित्व मिलने पर खुशी कुछ ज्यादा ही झलकती दिख रही है। वहीं नगर पंचायत की चेयरपर्सन एवं विधायक की अनुज वधू अनीता द्विवेदी व प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने एमएलसी के चुनाव मे दोबारा उमेश द्विवेदी की सफलता पर खुशी जाहिर कर इसे लालगंज नगर पंचायत के लिए एक और कीर्तिमान कहा है। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व संतोष ने घर पहुंचे समर्थको को जीत की खुशी मे मुंह मीठा कराकर चुनाव मे सहयोग व समर्थन के लिए आभार भी जताया। इस बार रिकार्ड मतो से हुई उमेश द्विवेदी की जीत से समर्थक शिक्षकों का उत्साह भी चरम पर दिखा। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रामअवधेश मिश्र, लाल कृष्ण प्रताप सिंह, आचार्य उमेश पाल मिश्र, बृजेश द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्र, नंदलाल तिवारी, राजेश तिवारी, नागेन्द्र अनुज, अभिमन्यु सिंह, गंगाप्रसाद पाण्डेय, अरूण द्विवेदी, राजेश मिश्रा, आरडी यादव, विनय शुक्ल, प्रकाशचंद्र मिश्र, प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, डा. शिवमूर्ति शास्त्री, डा. आरपी मिश्र आदि ने शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की लगातार दूसरी बार शानदार जीत को क्षेत्र के लिए बडी उपलब्धि ठहराया।

# वरासत के मामले पर राजस्वकर्मी और अधिवक्ताओं के बीच जमकर मारपीट

### कई थानों की पुलिस ने पहुंचकर मामले को कराया शांत

**संवाददाता**। तिलोई (अमेठी)

**वरासत** के एक मामले को शुक्रवार को तिलोई तहसील में एक राजस्वकर्मी एवं अधिवक्ता के बीच विवाद हो गया। इस विवाद में दोनों पक्षो से उनके साथी और संघटन जुट गए और देखते ही देखते यह विवाद बड़े संघर्ष में तब्दील हो गया। तहसील में मौजूद एसडीएम और तहसीलदार भी विवाद को रोक नही पाये।

सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुच गयी तब जाकर कहीं संघर्ष पर विराम लग पाया। दोनो पक्षो में एक दूसरे के ख़िलाफ मोहनगंज थाने पर पहुच कर अपनी अपनी शिकायत दर्ज करवाई। वरासत को लेकर वकीलों और लेखपालों के बीच विवाद ने विकराल रुप धारण कर लिया। पुलिस प्रशासन के सामने ही वकीलों और लेखपालों में जमकर हंगामा हुआ और ईट पत्थर तक चले।

इस मारपीट में दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग मामूली रुप से घायल हो गए। तीन अधिवक्ताओं ने पुलिस को दी गई तहरीर में तहसीलदार समेत आधा दर्जन लेखपालों को नामजद किया वही लेखपालों ने भी पांच अधिवक्ताओं को नामजद करते हुये पुलिस को अपनी तहरीर दी है। तहसील तिलोई के अधिवक्ता मनोज कुमार तिवारी और लेखपाल वेद प्रकाश यादव के बीच वरासत के एक मामले को लेकर कहासुनी हो गई। यह कहासुनी देखते ही देखते मारपीट और गालीगलौज में तब्दील हो गयी। इस विवाद की सूचना फैलने पर बडी संख्या लेखपाल राजस्वकर्मी और अधिवक्ता एकत्र हो गए। दोनो पक्षो के आमने सामने आने के कारण विवाद ने गंभीर रुख अख्तियार कर लिया। दोनों पक्ष एक दूसरे पर आक्रामक हो गये। इसकी खबर मिलने पर तहसीलदार पवन कुमार शर्मा मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराने की कोशिश की लेकिन वह नाकामयाब रहे।

विवाद बढ़ता देख एसडीएम महात्मा सिंह ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी के बाद मोहनगंज पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुची जरूर लेकिन दोनो पक्षों के उग्र रुप देख कर बैकफुट पर नजर आयी। देखते ही देखते क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस ने तहसील को छावनी में तब्दील कर दिया और दोनो पक्षो को अलग अलग कर संघर्ष का पटाक्षेप किया।

## बोलेरो की टक्कर से प्रधानाध्यापक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़**। सडक दुर्घटना मे प्रधानाध्यापक की शुक्रवार को दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली के चंदापुर लक्ष्मणपुर निवासी जयप्रकाश रजक 45 प्राथमिक विद्यालय रामपुर भेडियानी मे प्रधानाध्यापक थे। दिन मे साढे तीन बजे वह स्कूल से लौटकर बाइक से सगरा सुंदरपुर बाजार जा रहे थे। डेरवा-सगरा सुंदरपुर हाइवे पर पूरे गिरधर सहाय के समीप अचानक एक बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे प्रधानाध्यापक की मौके पर मौत हो गयी। वहीं दुर्घटना करने वाली बोलेरो मौके से भाग निकली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इधर प्रधानाध्यापक की सड़क हादसे मे मौत की जानकारी होते ही परिषदीय विद्यालयो के शिक्षको का भी दुर्घटनास्थल पर जमावडा हो गया। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। वहीं आक्रोशित लोगों ने मार्ग जाम का भी प्रयास किया।

# पत्नी से विवाद में बहनोई ने साले को मारी गोली

### पुलिस ने गोली चलने की घटना से किया इनकार

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

पति-पत्नी के बीच कलह इस कदर बढ़ी कि बहनोई ने साले को गोली मार दी। साले के इस आरोप पर पुलिस ने बहनोई को हिरासत में ले लिया लेकिन पुलिस गोली चलने की घटना से इनकार करते हुए पूरे मामले को पेशबन्दी बता रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फत्तनपुर थानाक्षेत्र के रामापुर निवासी अमरनाथ यादव की बेटी की शादी फरवरी 2019 में मानधाता थाना क्षेत्र के शोभीपुर हैंसी निवासी बृजेश यादव से हुई थी। शादी के बाद दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। बृजेश व उसके परिवार पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगने लगा। विवाद बढ़ते हुए महिला प्रकोष्ठ में पहुंच गया है। 17 दिसंबर को दोनों पक्षों को महिला प्रकोष्ठ में पेश होना है। शुक्रवार सुबह करीब 7.20 बजे अमरनाथ का बेटा अमर यादव (32) वॉक पर गया था। आरोप है कि गाजी की बाग के पास अमर के बहनोई बृजेश यादव ने अपने भाई संतोष व होने वाले बहनोई धीरज यादव निवासी गदियानी सरैया थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज के साथ मिलकर गोली मार दी। बांह में गोली लगने के बाद अमर को जिला अस्पताल फिर प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल भेज दिया गया। उधर रानीगंज एसओ मनोज तिवारी का कहना है कि गोली लगने या फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है। बृजेश सहित कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस मामला संदिग्ध मान रही है इसलिए जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कर रही है।

## ट्रक की टक्कर से छात्र की मौत

तिलोई (**अमेठी**)। शिवरतन गंज थाना क्षेत्र के सेमरौता कठौरा मार्ग पर मनारूल उलूम पब्लिक स्कूल के पास ट्रक की टक्कर से छात्र की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक मोहनगंज थाना क्षेत्र के हरिहरपुर मजरे फूला निवासी मोहम्मद कादिर का 18 वर्षीय पुत्र गुलफान शुक्रवार की सुबह जगदीशपुर से अपने गांव आ रहा था तभी सेमरौता कठौरा मार्ग पर मनारूल उलूम पब्लिक स्कूल के पास सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । छात्र की मौत की सूचना पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची शिवरतनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ज्ञात हो कि मृतक छात्र गुलफान सेमरौता स्थित ज्ञान दायिनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 का छात्र था। मामले पर थानाध्यक्ष शिवरतनगंज इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृत छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है एवं ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलते ही उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## एसडीएम ने किया मिल का निरीक्षण भरा सैंम्पल

त्रिवेदीगंज (**बाराबंकी**)। मिल का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम हैदरगढ़ को गेहूं की गुणवत्ता खराब मिली। धान कूटने का अनुबन्ध कराने के बाद धान की उठान नहीं करने पर शुक्रवार दोपहर बाद दहिला स्थित राईस मिल का एसडीएम जितेन्द्र कटियार बिपणन निरीक्षक के के निरंजन के साथ निरीक्षण किया। यहां गेंहू की गुणवत्ता खराब मिलने पर फूड़ इंस्पेक्टर अमित पाल ने सैम्पल भरा द्यइसके अलावा दहिला स्थित एक किराना स्टोर पर आटा का नमूना भरा।

# पुलिस क्लब की नवनिर्मित तृप्ति कैंटीन का शुभारंभ



**संवाददाता**। बाराबंकी

**शुक्रवार** को पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद चतुर्वेदी ने पुलिस क्लब में स्थापित नवनिर्मित तृप्ति कैंटीन का शुभारंभ किया। इस अवसर में विभाग के सेनि. अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने अपने सेवा काल को याद करते हुए अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक ने पूर्व पुलिस अधिकारियों सहित पूर्व आईजी एनबी सिंह ने अपने जीवन काल के तमाम अनुभवों को साझा करते हुए जानकारी दी। एसपी ने कहा कि थानों मे आने वाले फरियादी को तरजीह दी जाए और उनके कार्य को बेहतर ढंग से किया जाए और मदद कर प्राथमिकता दी जाए। इस मौके पर पूर्व आईजी एनबी सिंह, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक शिवशरण मिश्र, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक पीकेमिश्र, पूर्व आइपीएस बलदेव सिंह, त्रिभुवन प्रसाद बनौधा, उपजिलाधिकारी अभय कुमार पाण्डे, सहित जिले के पुलिस विभाग से थानाध्यक्ष जहांगीराबाद दर्शन यादव ने भी अपनी तमाम बातों को साझा की।

## दृष्टिबाधित बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम

तिलोई (**अमेठी**)। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पाण्डेय ने जीवन पथ विकलांग विद्यालय में दृष्टिबाधित बच्चों के बीच पहुंचकर उनका उत्साह वर्धन किया तथा दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक चन्द्र शेखर शुक्ल ने की। तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी ने इस अवसर पर ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला दिव्यांग अधिकारी श्री पांडेय ने बताया कि लुई ब्रेल जो स्वयं विकलांग थे उन्होंने दृष्टि बाधित बच्चों की पढ़ाई के लिए ब्रेल लिपि की शुरुवात की थी। विद्यालय के प्रबन्धक चन्द्र शेखर शुल की तारीफ करते हुए जिला दिव्यांग अधिकारी ने कहा कि दृष्टि बाधित होते हुए जिस प्रकार श्री शुक्ल दृष्टि बाधित बच्चों का जीवन खुशहाल बनाने के लिए वे इनके जीवन को संवार रहे हैं।

# निषाद पार्टी के आफिस से कार्यालय प्रभारी का शव मिला, हत्या की आशंका



**संवाददाता**। बाराबंकी

**कुरौली** स्थित निषाद समाज पार्टी के जिला कार्यालय में शुक्रवार को 50 साल के मूलचंद्र का शव सन्दिग्ध परिस्थितियों में मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्राप्त विवरण के मुताबिक थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के कुरौली कस्बे में स्थित डाक्टर संजय निषाद की पार्टी निषाद समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बतौर कार्यालय प्रभारी के पद पर तैनात सीतापुर जनपद के थाना सन्दना थाना क्षेत्र के निवासी 50 साल के मूलचन्द्र की बीती रात सन्दिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाई सम्भव हो पाएगी। वहीं जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर संजय निषाद से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका वहीं स्थानीय लोगों की माने तो हो सकता है कि ठंड से मूलचन्द्र की मौत हो गई हो।

# बेटियों को सशक्त बनाना समय की जरुरत है: सालिक राम

### आक्सफाम व तरुण चेतना ने मिलकर की बाल विवाह पर फिल्म स्क्रीनिंग

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान के तहत आज बाल विवाह निषेध व मर्जी बिना शादी नहीं पर आक्सफाम इंडिया, जेंडर एलायंस, मित्रा व तरुण चेतना के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं व किशोरियों के साथ राजकीय इंटर कॉलेज चंदी गोविंदपुर, जामताली में फिल्म स्क्रीनिंग व परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र /छात्राओं ने खुल कर अपनी बात रखी. कार्यक्रम के प्रारम्भ में तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी द्वारा बाल विवाह रोकने व शादी की कानूनी उम्र बढ़ाने सम्बन्धी केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा बच्चियों को सशक्त बनाने से बाल विवाह अपने आप रुक सकता है. श्री अंसारी ने जोर देकर कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए बालिकाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना जरूरत है और इसके लिए सरकार को अलग से कानून बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र/छात्राओं को चाइल्डलाइन की फिल्म कोमल के माध्यम से गुड-टच एवं बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा अन्य फिल्मों के माध्यम से बालिका सुरक्षा और जेंडर समानता पर भी समझ बनायी गयी. जिसके उपरांत कई छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे। इसी क्रम में छात्रा रंजना सरोज ने पितृसत्तात्मक समाज से सवाल किया कि आखिर लड़के और लड़कियों मे भेदभाव क्यों किया जाता है. इस अवसर पर श्वेता पांडे ने कहा कि हमें भी बेटों की तरह शिक्षा और समानता का अधिकार चाहिए जिसमें लड़कियां अपनी हिम्मत के बल पर हिंसा पर विजय पा सकें। शिखा शर्मा ने कहा लड़कों की तरह लड़कियों को भी खूब पढ़ाना चाहिए ताकि वे अपने साथ होने वाले भेदभाव और हिंसा का हिसाब ले सकें। इसी क्रम में रूपा बनवासी ने कहा कि शिक्षा के बल पर ही गरीबों की बेटियां अमीरों की बेटियों की तरह आगे बढ़ सकती हैं। कार्यक्रम में सृष्टि सरोज ने कहा कि आखिर दहेज के कारण क्यों जलाई जाती हैं बेटियां. बेटियों पर यह अत्याचार हम कब तक सहन करेंगें?

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मुन्नी बेगम ने- बिना मर्जी शादी नहीं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब किशोरियों को इतिहास रटने की जरूरत नहीं है बल्कि इतिहास रचने की जरूरत है।

# बच्चों को निशुल्क वितरित किए गए स्वेटर

**संवाददाता**। ललितपुर



**प्राथमिक** विद्यालय देहरे बाबा मसौराकलां ब्लॉक जखौरा में निशुल्क जूते, मोजे, स्वेटर, रेडियो वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कोरोना काल में शिक्षण कार्यक्रम को रेडियो के माध्यम से सुनने के लिए विद्यालय को प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से पांच रेडियो वितरित किये गए हैं। उन्होने बताया गया कि विद्यालय में 172 बच्चे अध्ययनरत हैं, जिन्हें शासन के निर्देशानुसार जूता, मोजा तथा स्वेटर भी वितरित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि इस जिले के अध्यापकों की कार्यप्रणाली सराहना की पात्र है। इस विद्यालय में एक आदर्श विद्यालय की छवि है। अध्यापकों के प्रयासों से जनपद में विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की जा रही है। इसके उपरान्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनन्त तिवारी ने कहा कि वर्ष 2013 से यह विद्यालय संचालित हैण् विद्यालय में शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को कुशलतापूर्वक शिक्षण सेवाएं दी जा रहीं हैं।

**नियुक्ति पत्र का वितरण आज:** ललितपुर । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश ने अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि 36590 स0अ0 भर्ती के अंतर्गत जनपद ललितपुर में चयनित नवनियुक्त अध्यापक/ अध्यापिका दिनांक 05-12-2020 को प्रात: 10:00 बजे राजकीय इण्टर कॉलेजए ललितपुर में अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त करने हेतु अपना फोटोयुक्त पहचान पत्रए मूल अभिलेख की प्राप्ति रसीदए पीने का पानीए सेनेटाईजर व मास्क पहनकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नियुक्ति पत्र का वितरण प्रभारी मंत्री जी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जाएगा।

## कुलभूषण शुक्ल बने सिटीजन फाउण्डेशन के प्रदेश अध्यक्ष

**प्रतापगढ़**। प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता, जाने-माने स्वास्थ्य के सिपाही एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कुल भूषण शुक्ल को उनकी सामाजिक कार्यों में रुचि व सक्रियता तथा अनुभव से प्रभावित होकर देश व समाज के सर्वांगीण बिकास हेतु राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सिटीजन फाउण्डेशन के संस्थापक पूर्व राज्यपाल स्व. रोमेश भंडारी के सिद्धांतों का अनुसरण कर रही संस्था की मुख्य संरक्षक व उनकी सुपुत्री मधुलेखा साहनी से विचार-विमर्श करने के उपरान्त सिटीजन फाउण्डेशन उत्तर-प्रदेश राज्य शाखा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारत के प्रतिष्ठित गैर राजनैतिक संगठन नागरिक प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेंद्र भारद्वाज ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए शीघ्र प्रदेश कार्यकारिणी व जिलाध्यक्षों का चयन करके सूची प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

# मुफ्त चाय नहीं देने पर घरेलू सिलेंडर उठा ले गया दीवान

**संवाददाता**। रामसनेही घाट

**लखनऊ** अयोध्या राजमार्ग दिलोना मोड़ पर ढाबा चलाने वाले एक युवक ने रामसनेही घाट थाने के दीवान पर मुफ्त चाय नहीं दिये जाने पर अभद्रता करने के साथ ही ढाबे के अंदर रखा घरेलू सिलेंडर उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। मालूम हो कि संजय यादव दिलोना मोड़ पर रॉयल्स स्वीट्स भोजनालय चलाता है। संजय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजते हुए आरोप लगाया है कि बुधवार की देर रात करीब 10 बजे दो होमगार्ड उसके ढाबे पर पहुंचकर कहा कि दीवान जी ने 25 चाय मंगाई है। इस पर उसने पैसों की मांग की तो होमगार्ड वहां से चाय लेकर बगैर पैसा दिए चला गया। चाय का पैसा मांगे जाने से नाराज दीवान करीब 15 मिनट बाद दोनों होमगार्डों के साथ सरकारी गाड़ी से पहुंचकर होटलकर्मियों को बुरा भला कहते हुए होटल के अंदर गैस भराने के लिए रखा हुआ घरेलू सिलेंडर उठाकर सरकारी गाड़ी में लादकर चले गए। संजय और होटलकर्मियों के काफी गिड़गिड़ाने पर भी दीवान का गुस्सा नहीं थमा। उन्होंने कहा कि अब अगर सिलेंडर की बात की तो तुम्हारे खिलाफ घरेलू सिलेंडर का कमर्शियल उपयोग करने का मुकदमा लिख कर जेल भेज देंगे।

संजय ने सारे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर दीवान और होमगार्डों के विरुद्ध मुकदमा लेकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सच्चिदानंद राय ने बताया कि ढाबा संचालक द्वारा शिकायत की गई है।

## कोहरे में टकराए तीन ट्रक एक ड्राइवर की मौत

**प्रतापगढ़**। कोहरे के कारण तीन ट्रक आपस मे टकरा गए। एक ड्राइवर की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के बलरामपुर देहात निवासी मंगरे का बेटा परदेसी (49) ट्रक ड्राइवर था। शुक्रवार को उसका ट्रक वाराणसी से लखनऊ की ओर जा रहा था।

सुबह लगभग 6.30 बजे ट्रक भुपियामऊ के पहले छैवा पुल के पास पहुंचा तो घने कोहरे के बीच सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। इसके बाद तीसरा ट्रक आकर पीछे से टकरा गया। हादसे में परदेसी का पैर कट गया और उसकी मौत हो गई। सामने वाले ट्रक का ड्राइवर अंकित कुमार घायल हो गया।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में सभी पटल सहायक व अन्य स्टाफ उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन समय से कार्यालय आएं व वह अपने अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करें, इसके अतिरिक्त यदि किसी को अवकाश की आवश्यकता हो तो वह पूर्व में अपने उच्चाधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र देकर ही अवकाश पर जाएं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाता रहेगा, यदि निरीक्षण के दौरान कोई भी कर्मचारी बिना बताए अनुपस्थित पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।